RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 62
लखनऊ, रविवार, 20 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





जलमग्न शहरों का ऐतिहासिक पहलू
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# शाह की हुंकार, बंगाल में बनाएंगे सरकार

## ● बागी शुभेंदु अधिकारी समेत 10 विधायक भाजपा में शामिल

**सौगर सेनगुप्त ।** मिदनापुर

**विधानसभा** चुनावों से पहले राज्य में बड़ा सियासी धमाका करते हुए भाजपा ने सत्तारूढ़ पार्टी में गहरी सेंध लगा दी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) क्षत्रप और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बेहद भरोसेमंद शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में शनिवार को 56 नेताओं ने टीएमसी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया।

नंदीग्राम आंदोलन का आक्रामक नेतृत्व शुभेंदु ने ही किया था जिसके चलते 2011 में ममता सत्ता में आईं थीं। ऐतिहासिक मिदनापुर कसबे में भाजपा की एक बड़ी रैली को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। यह रैली 10 विधायकों–जिसमें से सात सत्तारूढ़ पार्टी के थे, एक निवर्तमान सांसद, दो पूर्व मंत्रियों, एक पूर्व सांसद, 45 मेयरों और पार्षदों तथा दो जिला बोर्ड के चेयरमैनों के पाला बदल की गवाह बनीं। खुश नजर आ रहे शाह ने 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की शानदार जीत की भविष्यवाणी कर डाली। एकमात्र बागी चेहरा जो शनिवार को भाजपा में शामिल नहीं हो सका वह थे आसनसोल के पूर्व मेयर और विधायक जितेंद्र तिवारी, जो पाला बदलने से कुछ घंटे पहले पीछे हट गए। बताया जाता है कि केंद्रीय मंत्री और आसनसोल से भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो और कुछ अन्य भाजपा नेताओं ने उनके पार्टी में शामिल होने पर ऐतराज जताया था। इसके बाद तिवारी ने फैसला बदल लिया और मुख्यमंत्री से माफी मांगते हुए उनके लिए काम करने का वादा किया।

मिदनापुर में जनता से पांच साल का समय मांगते हुए शाह ने कहा कि आपने 27 साल कांग्रेस को दिया, तीन दशक लेफ्ट को दिया और 10 साल ममता बनर्जी को लेकिन कुछ नहीं हुआ.. अब पांच साल हमें भी देखिए और देखिए कि हम कैसे आपके राज्य को सोनार बांग्ला (सोने के बंगाल) में तब्दील करते हैं।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए कहा ' तृणमूल को छोड़ना जारी रहेगा और चुनाव तक वे अकेली रह जाएंगी। उन्हें आत्मवलोकन की सलाह देते हुए शाह ने कहा कि बड़ी संख्या में टीएमसी को लोग छोड़ रहे हैं। इसका कारण कुशासन, भ्रष्टाचार, रंगदारी की संस्कृति, भाई भतीजावाद और एकमात्र उद्देश्य भतीजे (डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी) को अगला मुख्यमंत्री बनाना है। शाह ने कहा कि पार्टी छोड़ने वालों की लंबी कतार यह कहती है कि भाजपा 200 से ज्यादा विधायकों के साथ सत्ता में आएगी। तृणमूल नेताओं के अलावा दो लेफ्ट के विधायक और एक कांग्रेस विधायक ने भी भाजपा की सदस्यता ली। राज्य सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के बोलबाले पर ममता दीदी को शर्म महसूस करनी चाहिए...यह इतना ज्यादा है कि गरीब लोगों के लिए राहत सामग्रियों को भी नहीं छोड़ा जाता, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय निधि भेजते हैं। यहां तक कि वे महामारी के दौरान भेजी गई राहत सामग्रियों को भी निगल गए।

गृहमंत्री ने बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष, वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ एक किसान के घर पर दोपहर का भोजन किया। तृणमूल में बढ़ते असंतोष को लेकर हमला करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी नेताओं को पत्र लिखकर कहा कि पश्चिम बंगाल एक अहम मोड़ पर खड़ा है क्योंकि राज्य के लोग 2021 के विधानसभा चुनाव में जो विकल्प चुनेंगे, उसका उन पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अधिकारी ने कहा कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी में समस्याओं ने गहरी जड़ें जमा ली हैं। अधिकारी ने कहा कि ना तो पश्चिम बंगाल और ना ही तृणमूल कांग्रेस, किसी की जागीर है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि पार्टी एक दिन में और किसी एक व्यक्ति के योगदान से नहीं बनी है। यह एक निरंतर एवं व्यापक स्तर पर किए गए प्रयासों से बनी है, जिसकी परिणिति 2011 में पश्चिम बंगाल की सत्ता में तृणमूल कांग्रेस के आने के रूप में हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस, जिसे सामान्य लोगों ने नि:स्वार्थ भावना से एक-एक ईट जोड़ कर बनाया है, अब ऐसे लोगों से भर गई है जिन्हें खुद के अलावा किसी और की परवाह नहीं है। इस बीच पार्टी नेताओं के पाला बदल पर पश्चिम बंगाल ( शेष पेज 7 )

## ममता के गढ़ में लगी सेंध


मिदनापुर में शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में टीएमसी के दिग्गज नेता और पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री रहे शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हुए। अधिकारी ने हाल में तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

### इन्होंने थामा कमल का फूल...

**शाह** की रैली में शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा में शामिल हुए अन्य नेताओं में वर्धमान पूर्वी लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस से दो बार सांसद रहे सुनील मंडल, तृणमूल कांग्रेस विधायक बनाश्री मैती, शीलभद्र दत्ता, विश्वजीत कुंडु, शुक्र मुंडा और सैकत पांजा, माकपा के तापसी मंडल, भाकपा के अशोक डिंडा और कांग्रेस विधायक सुदीप मुखर्जी हैं। पूर्व तृणमूल सांसद दशरथ तिर्की, पूर्व मंत्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी भगवा दल में शामिल हुए।

# कृषि सुधारों का किसानों को मिलने लगा है लाभ : मोदी



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

## ● ग्रामीण उत्पादों को विश्व बाजार में पहुंचा कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में मदद करे उद्योग

**नये** कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन 24वें दिन में पहुंच जाने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि छह माह पहले कृषि क्षेत्र में जो सुधार किये गये उनका लाभ किसानों को मिलना शुरू हो गया है।

उन्होंने उद्योग जगत से ग्रामीण भारत के उत्पादों को विश्व बाजार में पहुंचाने का आह्वान करते हुये कहा कि यदि गांवों में पैदा होने वाले जैविक, जड़ी बूटी और कृषि उत्पादों को बेहतर समर्थन मिले तो हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंच सकती है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने आर्थिक क्षेत्र में जितने भी सुधार किये हैं उसके बाद दुनिया के निवेशकों की धारणा बदली है। यही वजह है कि पहले जहां भारत के बारे में कहा जाता था कि व्हाई इंडिया (भारत में निवेश क्यों किया जाए) वहीं अब कहा जाता है कि व्हाई नॉट इंडिया (भारत में क्यों नहीं निवेश किया जाए)।

उद्योग मंडल एसोचैम के स्थापना सप्ताह कार्यक्रम को वीडियो कन्फ्रेंसिग के जरिये संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से आने वाले 27 साल के दौरान राष्ट्र निर्माण और आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिये पूरी क्षमता के साथ जुटने को कहा। उन्होंने कहा कि आने वाले ( शेष पेज 7 )

# राहुल को कांग्रेस की कमान सौंपने पर असंतुष्ट भी राजी

## ● सोनिया गांधी ने लेटर बम के बाद पहली बार की नाराज नेताओं समेत वरिष्ठों से सीधी बात

## ● आगे की रणनीति बनाने के लिए शिमला या पंचमढी में होगा विशेष चिंतन शिविर

## ● राहुल गांधी बोले- पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे उठाऊंगा तो देर तक बजीं तालियां

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**राहुल** गांधी दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष बन सकते हैं। राहुल को दोबारा कांग्रेस की कमान सौंपने के लिए सोनिया गांधी ने शनिवार को असंतुष्टों समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इसमें लगभग सभी नेताओं ने राहुल को दोबारा पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने की अपील की।

राहुल ने बीते साल लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। पार्टी संगठनात्मक चुनावों से पहले अगले दस दिनों में होने वाले मंथन की श्रृंखला में यह पहली बैठक थी। कांग्रेस को मजबूत करने और व्यापक बदलाव लाने तथा सरकार को घेरने की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श के लिए आगामी कुछ माह के अंदर पंचमढ़ी या शिमला में चिन्तन षिविर भी होगा। इससे संभावना जगी है कि राहुल गांधी की अध्यक्ष के तौर पर शीघ्र वापसी हो सकती है। बैठक में मौजूद राहुल ने भी संकेत दिया कि यदि सभी पार्टी नेता राजी हैं तो वह पार्टी में जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं। राहुल की इस टिप्पणी पर कांग्रेस के असंतुष्टों की मौजूदगी में सभी नेताओं ने देर तक तालियां उन्हें बजाकर बधाई दी।

हालांकि राहुल ने यह भी कहा कि वह वरिष्ठों की राय का सम्मान करते हैं लेकिन अध्यक्ष चुनने का मामला चुनाव प्रक्रिया पर छोड़ देना चाहिए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि 30 नेताओं ने रचनात्मक माहौल में पार्टी के भविश्य के लिए विचार-विमर्श किया। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश ( शेष पेज 7 )

# उत्तर प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के स्टोरेज के लिए बनेंगे 35,000 केंद्र

## ● स्टोरेज की फूलप्रूफ व्यवस्था करें: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वैक्सीन की सुरक्षित स्टोरेज तथा कोल्ड चेन के सम्बन्ध में फूलप्रूफ व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की स्टोरेज के लिए 35,000 केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि कोविड 19 वैक्सीन के स्टोरेज सेन्टर में सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने कोरोना वैक्सीनेशन कार्य को ध्यान में रखते हुए बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में कोरोना वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना वैक्सीन सेन्टर में वैक्सीन लगने के बाद सम्बन्धित व्यक्ति के लिए कुछ समय रुकने की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने वैक्सीन सेन्टर पर सुरक्षा के व्यापक इन्तजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड.19 का टीकाकरण कार्य निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार सम्पन्न किया जा सके, इसके लिए आवश्यक है कि पर्याप्त संख्या में वैक्सीनेटर्स की उपलब्धता रहे।

जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ हो गये हैं। उन्होंने वैक्सीन लगाने के लिए वैक्सीनेटर्स को तैयार करने का कार्य पूरी तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि कोरोना वैक्सीन की मानकों के अनुरूप स्टोरेज के लिए आईसलैण्ड रेफ्रिजरेटर तथा डीप फ्रीजर भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रदेश में 2.5 लाख लीटर वैक्सीन की भण्डारण क्षमता सृजित हो गई है। वैक्सीनेशन कार्य के लिए छह करोड़ ( शेष पेज 7 )

### अयोध्या में आज किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लगभग 89.90 करोड़ रुपए लागत की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारम्भ करेंगे। इनमें 30.67 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण, 26.45 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 32.77 करोड़ रुपए की 20 परियोजनाओं का शुभारम्भ शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करेंगे।

# प्रयागराज माघ मेला में कोरोना रिपोर्ट निगेटिव होने पर ही मिलेगा प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**प्रयागराज** माघ मेला और हरिद्वार कुम्भ मेला में उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा, जिनकी कोरोना की आरटीपीसीआर रिपोर्ट निगेटिव होगी। इस संबंध में शासन की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने शनिवार को बताया कि प्रयागराज में माघ मेला और हरिद्वार में कुम्भ मेले का आयोजन होने वाला है। प्रदेश में संक्रमण न बढ़े इसलिए मेलों में आने वाले कल्पवासी तथा प्रतिभागियों को आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट साथ लाना होगा। उन्होंने कहा कि लोग मेला में जिस तिथि को आ रहे हैं, उससे पांच दिन के भीतर की आरटीपीसीआर की कोरोना निगेटिव टेस्ट रिपोर्ट होनी अनिवार्य है। इसके बाद ही उन्हें इन मेलों में प्रवेश मिल सकेगा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने कहा कि इन जगहों पर बहुत ज्यादा लोग एकत्र होंगे। जब हमारे प्रदेश में संक्रमण इतने दिनों तक बेहद निचले स्तर पर रहा है, तो किसी प्रकार ( शेष पेज 7 )

# लक्षित आबादी को कवर करने के लिए त्वरित अभियान जरूरी: डॉ. हर्षवर्धन

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

### कोविड-19 टीकाकरण



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शनिवार को जोर दिया कि संपूर्ण लक्षित आबादी को कवर करने के लिए एक त्वरित कोविड-19 टीकाकरण अभियान की आवश्यकता है। एक अनुमान के अनुसार ऐसे लोगों की संख्या करीब 30 करोड़ है।

हर्षवर्धन शनिवार को कोविड-19 संबंधी उच्च स्तरीय मंत्री समूह (जीओएम) की 22 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित किया। जीओएम की यह बैठक ऐसे दिन हुई जब देश में कोरोना वायरस से संक्रमण की कुल संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी की वृद्धि दर दो प्रतिशत तक गिर गई है और मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम 1.45 प्रतिशत है। हर्षवर्धन ने कहा, भारत में मरीजों के स्वस्थ होने की दर 95.46 प्रतिशत हो गई है जबकि दस लाख नमूनों के परीक्षण की रणनीति से संचई सकारात्मकता दर घटकर 6.25 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में त्योहारों के बावजूद व्यापक परीक्षण, निगरानी और उपचार की नीति के कारण मामलों में कोई नया उछाल नहीं दिखा।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उचित कोविड व्यवहार बनाए रखें। विदेश मंत्री एस जयशंकर, नागरिक विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी बैठक में शामिल हुए। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के पॉल, प्रधान मंत्री के सलाहकार अमरजीत सिन्हा और भास्कर खुल्बे ( शेष पेज 7 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,960 | |
| निफ्टी | 13,760 | |
| सोना | 49,644 | /10g |
| चांदी | 66,784 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आरएसएस विचारक एमजी वैद्य का निधन

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ विचारक और संगठन के पहले प्रवक्ता माधव गोविंद वैद्य का शनिवार दोपहर को नागपुर में निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को होगा। वैद्य के परिवार ने यह जानकारी दी। उनके निधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, एम जी वैद्य जी उत्कृष्ट लेखक और पत्रकार थे। उन्होंने दशकों तक संघ में बहुत योगदान दिया। उन्होंने भाजपा को भी मजबूत करने के लिए काम किया। उनके निधन से दुःखी हूं। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति। (विस्तृत पेज 7)

# क्रिकेट घोटाले में ईडी ने जब्त की फारूक अब्दुल्ला की संपत्ति

**जम्मू।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला की 11.86 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर अब्दुल्ला द्वारा किए गए घोटाले के सिलसिले में की है। डॉ. अब्दुल्ला के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुर्की की कार्रवाई को अदालत में चुनौती देने की बात कही है। ईडी ने गत 19 अक्टूबर को डॉ. अब्दुल्ला से इस बाबत लंबी पूछताछ भी की थी। इसके उपरांत प्रदेश में इसे लेकर काफी राजनीति गर्मा गई थी। नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं सहित पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को बदले की कार्रवाई करार दिया था।

# शर्मनाक: सिर्फ 36 रन पर ढेर हो गई भारतीय टीम

**भाषा ।** एडीलेड

## ● टेस्ट मैचों में बनाया अपना न्यूनतम स्कोर, ऑस्ट्रेलिया से मिली करारी हार

**भारतीय** क्रिकेट के लिए शनिवार का दिन शर्मसार करने वाला रहा जब उसकी टीम ने टेस्ट मैचों में अपना न्यूनतम स्कोर 36 रन बनाया और आस्ट्रेलिया ने दूधिया रोशनी में खेला जा रहा पहला टेस्ट क्रिकेट मैच तीसरे दिन ही आठ विकेट से जीतकर चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की।

पिच में कोई खराबी नहीं थी लेकिन जोश हेजलवुड (पांच ओवर में आठ रन देकर पांच विकेट) और पैट कमिन्स (10.2 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट) ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से भारतीय पारी को तहस नहस कर दिया। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में जब नौ विकेट पर 36 रन बनाए थे तब मोहम्मद शमी को चोटिल होने के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी जिससे पारी वहीं पर समाप्त हो गई। भारत का यह 88 वर्षों के टेस्ट इतिहास में न्यूनतम स्कोर है।

भारत को पहली पारी में 55 रन की बढ़त मिली थी और इस तरह से आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 90 रन का लक्ष्य मिला। शमी चोटिल होने के कारण गेंदबाजी नहीं कर पाए और आस्ट्रेलिया ने आसानी से 21 ओवर में दो विकेट पर 93 रन बनाकर दिन रात्रि टेस्ट मैचों में अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। भारत का इससे पहले न्यूनतम स्कोर 42 रन था जो उसने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स में बनाया था। टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर का रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाम पर है जिसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ आकलैंड में 26 रन बनाए थे। विराट कोहली की टीम का स्कोर टेस्ट क्रिकेट में संयुक्त पांचवां न्यूनतम स्कोर है। भारत की परेशानी यहीं पर समाप्त नहीं हुई है। तेज गेंदबाज शमी की कलाई पर चोट लग गई है और वह श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। पैट कमिन्स की उठती हुई गेंद उनकी कलाई पर लगी जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।


केवल चार रन बनाकर आउट होकर आते भारतीय कप्तान विराट कोहली

⇨ हमारा सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन तिल का ताड़ मत बनाइए: कोहली

⇨ आस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को चारों खाने चित्त कर दिया: सचिन तेंदुलकर

⇨ भूलने का ओटीपी है 49204084041: सहवाग

⇨ आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज शानदार थे: सुनील गावस्कर

# अभी जारी रहेगी शीत लहर, नहीं मिलेगी राहत

**भाषा ।** नई दिल्ली

**पूरे** उत्तर भारत में जारी शीत लहर के चलते शनिवार को भी अधिकतर भागों में ठंड का प्रकोप बरकरार रहा और फिलहाल अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटो में मौसम सामान्यत: खुश्क रहा। वहीं, लखनऊ प्रयागराज और कानपुर जैसे शहरों में सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के मुताबिक, राजधानी लखनऊमें न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज और कानपुर का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर प्रदेश में सबसे कम तापमान फुरसतगंज (रायबरेली) और चुर्क (सोनभद्र) में ( शेष पेज 7 )


## कासे कहूं दुखड़ा

सिंह साहब बहुत परेशान हैं, कहने के लिए तो सिंह साहब के यहां दूध की नदियां बह रही हैं, मक्खन इतना है कि लगा दो तो बड़े-बड़े काम हो जाएं। लेकिन दुर्भाग्य, सिंह साहब अपने से ऊपर बैठे महानुभावों से न मक्खन लगाकर काम करा पा रहे हैं और न दूध दही खिला कर काम ले पा रहे हैं। जिस विभाग की जिम्मेदारी सिंह साहब को सौंपी गई है सही मायने में उसकी हालत बड़ी खराब है। आखिर सिंह साहब अपना दर्द कहें तो किससे कहें। सिंह साहब को ऐसे मंत्री मिले हैं जिन पर लक्ष्मी की भी कृपा है और नारायण की भी कृपा है और वह खुद में चौधरी हैं। इतना ही नहीं यह मंत्री महोदय ऐसे स्थान से संबंध रखते हैं जो वास्तव में दूध, दही, मक्खन के लिए प्रसिद्ध है। ऐसी स्थिति में मंत्री जी को दूध दही मक्खन से रिझा पाना बड़ा ही मुश्किल है। इस ऐसी स्थिति में सिंह साहब समझ नहीं पा रहे हैं कि वह अपना व अपने विभाग का दर्द कैसे और किससे बयां करें क्योंकि लक्ष्मी और नारायण की कृपा पा चुके उनके मंत्री महोदय कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

## मशीन से गुजरती फाइल



कोविड का असर हर तरफ दिख रहा है। आलम यह है कि इस महकमे के प्रमुख अधिकारी जिस भवन में बैठते हैं वहां तो कुछ ज्यादा ही खौफ दिखाई पड़ रहा है। सुबह, दोपहर और शाम तीन बार दवा का छिड़काव हो रहा है। इस छिड़काव से अब तो इस भवन में बैठने वाले अन्य अधिकारी भी परेशान हो गए हैं। दरअसल स्वास्थ्य महकमे के साहब भी इस महामारी से पीड़ित हो चुके हैं। इसलिए अब वह काफी सतर्कतता बरतते हैं। लाल बहादुर शास्त्री भवन में लिफ्ट और जीने में सेनेटाइज करने वाली मशीन तो लगी हुई है साथ ही एक नई मशीन भी आ गई है जिसमें साहब के पास आने वाली सभी फाइलें दस मिनट तक डाल दी जाती हैं। दस मिनट बाद उस मशीन से सभी फाइलें बाहर निकाल ली जाती हैं ताकि उसमें कोई भी वायरस न रहने पाए। यह मशीन अब पूरे सचिवालय में चर्चा का विषय है कि चलो भाई कोविड का असर जाने आगे कौन-कौन से नए आविष्कार दिखाएगा।




## हुए बेअंदाज तो .....

ताज नगरी में तैनात रहे खाकी वाले महकमे के एक छोटे कप्तान साहब की हसरतों को विरोधियों के मंसूबे के चलते तगड़ा झटका लगा है। नौकरी का अधिकतम समय पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों में गुजारने वाले इन साहब को भगवा सरकार के शीर्ष नौकरशाहों से करीबी के चलते नई तैनाती दिल्ली के और करीब होने की उम्मीद थी लेकिन हुआ इसका एकदम उल्टा। पिछले दिनों उनका तबादला ताज नगरी से पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से जिले में कर दिया गया। नौकरी के शुरुआती कुछ सालों को छोड़ दिया जाए तो साहब की पूरी नौकरी बड़े शहरों में ही कटी है। अचानक हुआ यह तबादला उनके गले नहीं उतर रहा। तबादला रुकवाने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगाया मगर सफलता न मिलने पर मजबूरी में नई पोस्टिंग पर जाना ही पड़ा। महकमे के लोगों का कहना है कि पिछले काफी समय से छोटे कप्तान साहब बहुत बेअंदाज हो गए थे और अपनी इसी में बेअंदाजी में कप्तान को भी घास नहीं डाल रहे थे बस इसी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

## लेदर से लक्ष्मी



अभी हाल में लेदर पार्क निर्माण की योजना को केन्द्र सरकार की मंजूरी मिली है। इस योजना के परवान चढने से लेदर का कारोबार करने वालों को बडी राहत होगी और उनका व्यवसाय भी बढेगा। योजना के स्वीकृत होने से लेदर कारोबारियों के साथ साथ योगी सरकार के एक मंत्री बहुत खुश हैं। अगर दोनों की खुशियों की तुलना करे तो मंत्री की खुशी का ग्राफ लेदर कारोबारियों से कहीं ज्यादा है। योजना के मंजूर होने से लेदर कारोबारियों की खुशी की बात तो समझ में आती है लेकिन मंत्री की खुशी किसी को समझ में नहीं आ रही। सरकार के अन्य मंत्रियों के बीच उनकी इस रहस्मय खुशी को लेकर कानाफूसी भी चल रही है। खबर है कि जिस जमीन पर लेदर सिटी विकसित होनी है वह जमीन मंत्री ने अपने परिजनों के नाम कुछ साल पहले खरीदी थी और योजना के विकसित होने से मंत्री को बडा फायदा होने वाला है। यह मंत्री कानपुर से नाता रखते हैं और सीएम की भी दावेदारी में रहे हैं।

## हम नहीं सुधरेंगे

बड़े साहब ने जिला प्रशासन और एलडीए में सुधार के भागीरथ प्रयास किये लेकिन हाथ कुछ न लगा। बेचारे! बड़े साहब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभी कार्यालयों, सेक्शन, अनुभाग, चैंबर्स इत्यादि में अति शीघ्र सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए हैं। प्राधिकरण की कार्यशैली में पारदर्शिता लाने के लिए ये आवश्यक है। साथ ही फाइलों, दस्तावेजों, अभिलेखों इत्यादि के रखरखाव और सुरक्षा की दृष्टि से भी प्राधिकरण के ऐसे सभी स्थल, चैंबर्स, कार्यालय जहां पर निरंतर पत्रावली रहती हैं उसे सुधारा जाना चाहिए। बस एलडीए और दूसरे विभागों के बाबू नहीं सुधरते। आलम यह है कि विभागों में फाइलों की गड़बड़ी रोकने और हरकतों पर निगरानी के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां शासकीय दस्तावेजों का आवागमन रहता है उसे सीसीटीवी से कवर किया गया। अब क्या साहब पूरी जिम्मेदारी निभाने बाबुओं की कुरसी पर बैठ जाएं। यह चपरासी तक कहने लगे हैं।

## मिल ही गया इनाम

शताब्दी जलसे में कार्यक्रम की उद्घोषिका के दिन आजकल बहुर गए हैं। मुखिया जी ने सफल कार्यक्रम पर पारितोषिक के रूप में पद से जो नवाज दिया है। हालांकि कुर्सी का मोह तो बहुत दिन से था। परिसर में मुखिया जी के आगमन के बाद से ही वह प्रयास में थीं लेकिन समय से पहले कुछ नही मिलता है। यही मैडम के भी साथ हुआ। समय आया तो उन्हें आयोजन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में संचालन का कार्य दे दिया गया। मैडम ने अपनी जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। जिसका नतीजा यह रहा कि उन्हें मुखिया जी ने महत्वपूर्ण विभाग में नम्बर दो की कुर्सी दे दी है।

## तीनों नए कृषि कानून वापस ले सरकार: मायावती

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने केंद्र सरकार से तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की है। शनिवार को ट्वीट कर उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार को आंदोलित किसानों के साथ हठधर्मी वाला नहीं बल्कि सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाकर उनकी मांगों को स्वीकार करके उक्त तीनों कानूनों को तत्काल वापस ले लेना चाहिए।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैने पुत्र आशीष बहू सीमा से सारे सम्बन्ध खत्म कर दिये है उनके किसी कार्य के प्रति मेरी या परिवार की जिम्मेदारी न होंगी। रमेश कुमार मिश्र बिधनू कानपुर।

### NOTICE

I, Abhijeet alias Abhijeet Srivastava S/o Shri Shivaji Srivastava, R/o C-1168, Indira Nagar, Indira Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh-226016 have changed my name to Abhijeet Srivastava for all purposes.

### सूचना

मैं SUSMA पत्नी श्री विन्देश्वरी प्रसाद (No. 1293507, Rank-G.N.R.) निवासी–Village Subedar Ka Pura, Post-Yarkee, Tehsil-Akbarpur, PS-Ahirauli Dist.- Akmbedkar Nagar, 224151, UP अपना नाम शपथ पत्र दि0 24.09.2020 Court of Notary Public अकबरपुर, अम्बेडकरनगर द्वारा Susma to Sushma Devi रख लिया है। भविष्य में मुझे Sushma Devi के नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे पति की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी बाण्ड संख्या 217681258 में मेरा नाम विन्देश्वरी अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम विमला अंकित है। विन्देश्वरी व विमला दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो मेरे हैं। विमला पत्नी स्व0 मुनीजर लाल वर्मा निवासी– सिविल लाइन, आगा कालोनी, तहसील व जिला–सीतापुर

### आवश्यकता

**आवश्यकता**

किरनलता सिंह महाविद्यालय कौंडर, असोथर फतेहपुर (कॉलेज कोड 02040) सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय प्रयागराज (उ0प्र0) में प्राचार्य–योग्यता–55%, पीएचडी/डी. फिल, अनुभव–महाविद्यालय में 15 वर्ष का शिक्षण अनुभव सहायक आचार्य – विषय–हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, संस्कृत व ड्राइंग एंड पेंटिंग, योग्यता संबंधित विषय में परास्नातक 55% व Net / SLET / P.HD. वेतनमान–यू0जी0सी0 के मानकानुसार, नोट – इच्छुक अभ्यर्थी अपनी 04 फोटो, समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहिट 15 दिनो के अन्दर महाविद्यालय के हेड आफिस 371 हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) में सीधे जमा करें या पंजीकृत डाक से भेजें। प्रबन्धक – सर्वेश कुमार सिंह, मो0–9515032705, 9838327225

# वरासत अभियान समयबद्ध ढंग से चलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वरासत अभियान को समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराने के लिए प्रदेश के समस्त ग्रामों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग द्वारा लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वरासत के सम्बन्ध में एक हेल्पलाइन बनाई जाए। इसके अलावा एक ई-मेल आईडी भी जारी की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के बाद शासन स्तर से जनपदों में टीम भेजकर यह पुष्टि भी की जाए कि कहीं निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई प्रकरण खतौनियों में दर्ज होने से शेष तो नहीं है। उन्होने कहा कि तहसील दिवस तथा थाना दिवस का आयोजन पूरी संवेदनशीलता से करते हुए जनसमस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञातव्य है कि विशेष वरासत अभियान 15 दिसम्बर से 15 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत 15 से 30 दिसम्बर के दौरान राजस्व-तहसील अधिकारियों द्वारा राजस्व ग्रामों में खतौनियों को पढ़ने की प्रक्रिया तथा लेखपाल द्वारा ग्रामवार कार्यक्रम बनाकर सर्वे कर वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए उन्हें ऑनलाइन भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। 31 दिसम्बर से 15 जनवरी की अवधि में लेखपाल द्वारा आनलाइन जांच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 16 से 31 जनवरी 2021 तक राजस्व निरीक्षक द्वारा जांच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। 1 से 7 फरवरी तक यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नहीं है। 8 से 15 फरवरी तक जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी व अन्य जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकार के समस्त लम्बित प्रकरणों को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी टीम गठित कर धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। धान क्रय केन्द्रों पर किसानों से ही धान क्रय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन आयुक्त तथा खाद्य विभाग को जनपदवार निरीक्षण की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### सभी जरूरतमंदों को मिले रैनबसेरा: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने शीतलहर के मद्देनजर अलाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शहरी व ग्रामीण इलाकों में सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्दी के इस मौसम में कोई व्यक्ति खुले में न सोए। गरीबों और निराश्रितों को शीतलहर में राहत प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने रैन बसेरों की व्यवस्था की है। सभी जरूरतमंदों को रैन बसेरों में आश्रय प्रदान करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में सुरक्षा और स्वच्छता के समुचित प्रबन्ध किए जाएं। रैन बसेरों के संचालन में कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करने के निर्देश भी दिए हैं।

# कोरोना रिकवरी दर को और बेहतर करें: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड 19 की 95.5 प्रतिशत रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सभी प्रयास निरन्तर जारी रखे जाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक कोविड.19 के की कोई कारगर दवा नहीं आ जाती, तब तक पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोविड 19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखा जाए। उन्होंने प्रदेश में 2.23 करोड़ टेस्ट किए जाने पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिए कि टेस्टिंग कार्य में और वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए। उन्होंने जनपद लखनऊ की रिकवरी दर को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि ई संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नोटिस नमूना आम**


न्यायालय श्रीमान् सिविल जज सी0डि0 कोर्ट नं0 10 रायबरेली
प्रकीर्णवाद संख्या 136/2020 सन् ...... ई0 .....
नागेन्द्र बहादुर सिंह वादी/प्रार्थी
**बनाम**
कमला नेहरू एजूकेशन सोसाइटी .... प्रतिवादी/विपक्षी
बनाम श्री कमला नेहरू एजूकेशन सोसाइटी रायबरेली

चूंकि ऊपर नामांकित ........... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .......... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक **2-1-2021** ... माह सन् ई0 को दिन में बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .............. माह ...... ............ सन् ........... ई0 को जारी की गयी।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय**

## उच्च शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाए: सीएस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में निजी विवि की स्थापना के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि निजी क्षेत्र के निवेशकों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थाओं की स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाये। भूमि सम्बन्धी मामलों में आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिए उच्च शिक्षा विभाग व राजस्व विभाग आपस में परस्पर समन्वय स्थापित कर मामलों का निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया को स्पष्ट व पारदर्शी बनाया जाए। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा द्वारा निजी विश्वविद्यालयों की प्रायोजक संस्थाओं के साथ प्रति सप्ताह बैठक की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि जिन संस्थाओं की औपचारिकताएं अपूर्ण हैं उनके साथ बैठक कर उन्हें पूर्ण कराने का प्रयास किया जाये। जिन प्रायोजक संस्थाओं द्वारा ऋण लिया गया है व भूमि बंधक रखी गयी है ऐसे मामलों में वित्त विभाग से समन्वय व परामर्श कर नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग, विशेष सचिव उच्च शिक्षा मनोज कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाएं: सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को कृषि भवन में नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन, कृषि यंत्रीकरण, परंपरागत कृषि विकास योजना, खेत तालाब आदि योजनाओं के आय व्यय की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि का उपभोग सुनिश्चित करते हुए योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं की जो धनराशि 2020-21 में प्राप्त हुई है, का उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से प्रेषित कर दिया जाए ताकि अगले वर्ष भारत सरकार से ज्यादा से ज्यादा धनराशि प्राप्त हो सके। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को लखनऊ में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधान भवन के सामने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। तत्पश्चात कुछ कृषक उत्पादक संगठन और किसान समितियों को कृषि यंत्रीकरण योजनांतर्गत ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाभी भी देंगे। श्री शाही ने बताया कि किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रगतिशील किसानों एवं खाद्य उत्पादनए सब्जी उत्पादन, महिला कृषक, दुग्ध उत्पादन में अग्रणी किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

## डीएसपी सेवा से बर्खास्त

**लखनऊ।** अदालत से आजीवन कारावास की सजा से दंडित पुलिस उपाक्षीक्षक भगवान सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। भगवान सिंह पहले से निलंबित चल रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक भगवान सिंह सब इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नत हुए थे। जालौन के कोंच में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनाती के दौरान दर्ज हुए एक मुकदमे में सक्षम न्यायालय ने गंभीर दुराचार का अपराध दोषसिद्ध होने पर सजा सुनाई है। न्यायालय ने आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। विदित हो कि 15 साल पहले कोंच कोतवाली में हुई सपा नेता समेत तीन लोगों की हत्या के मामले में शुक्रवार को अपर सत्र न्यायायलय ने अपना फैसला सुनाया था। अदालत ने वर्तमान में कानपुर के कर्नलगंज में तैनात सीओ भगवान सिंह समेत आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी आरोपियों पर गुरुवार को दोष सिद्ध किया।

# सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को गुरु तेग बहादुर को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे कभी अपने सिद्धांत से पीछे नहीं हटे। उनके रास्ते पर हमें चलने का संकल्प लेना है।

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ में सिख समाज द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी और सिख प्रतिनिधिमण्डल के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा आज देश में खेती को कारपोरेट घरानों को सौंपने की साजिश के खिलाफ किसान इस कड़ाके की ठण्ड में भी मैदान में जमे है। इसमें सिख समाज मुख्य भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद का पात्र है। श्री यादव ने कहा कि बिहार और प्रदेश के पूर्वांचल के किसान बहुत गरीब है। भाजपा सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसानों को गेहूं, धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला है। किसान के उपयोग की खादए बिजली, डीजल सब मंहगा मिल रहा है। किसान कर्ज और मंहगाई से परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। कारपोरेट की नज़र किसान के खेतों पर है। भाजपा सरकार कृषि विधेयक उन्हीं की मदद के लिए लाई है।

**शुभम्**

**शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज–4, गुड़गांव–122015 (हरियाणा),
फोन : 0124–4212530/31/32, ई–मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

**अचल सम्पत्ति(यों) की नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

नियम 8(6) के परंतुक तथा परिशिष्ट 4–क के अनुसार अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे कम्पनी कही गई है) का एक प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों, जिनके नाम नीचे कालम (ग) में दर्शाए गए हैं, को नीचे कालम (घ) में उनके नाम के सामने दर्शाई गई तिथियों को मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें उनसे कालम (ङ) में दर्शाई गई उनकी तरफ बकाया राशियों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त बकाया राशि की वसूली के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 9 के तहत उसको प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कम्पनी के पास बंधक रखी गई सम्पत्ति, जिसका वर्णन कालम (च) में दिया गया है, का कब्जा नीचे कालम (ज) मे वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को कालम (च) में वर्णित सम्पत्ति के संबंध मे संव्यवहार नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की कालम (छ) में वर्णित बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

अब, कर्जदार तथा जन साधारण को एतद्द्वारा यह सूचना भी दी जाती है कि उक्त सम्पत्तियां प्रत्येक सम्पत्ति के सामने कालम (ट) में विनिर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर नीचे वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत तथा प्रक्रिया के अनुसार मोहरबंद लिफाफों में बोलियां आमंत्रित करने के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएंगी।

| क्र. सं. | आवेदन सं. | कर्जदारों का नाम एवं पता | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | कब्जे में ली गई सम्पत्ति | वर्तमान बकाया राशि | कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य (रू.) | ईएमडी (रू.) (आरपी की 10 प्रतिशत) | नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | च | छ | ज | झ | ञ | ट |
| 1 | 0ALB1706000005006513 | संगम लाल पांडे, दीपक पांडे, गायत्री 125, मुक्ता विहार, ए.डी.ए. नैनी, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश –211008 | 15–06–2018 | रू. 6,40,500/– | अराजी नंबर 44 एमआई, प्लॉट नंबर 125, मौजा – चक नौनिया, परगना – अरेल, तहसील – करछना, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211008 | रू. 9,97,863/– | 30–09–2019 भौतिक कब्जा | रू. 43,67,672/– | रू. 4,36,767/– | 22–01–2021 को पूर्वा. 11 बजे से अप. 2 बजे तक प्लॉट नंबर 18–ए. 29, सिविल लाइन्स स्टेशन, सिविल लाइन, मैक्स शो रूम के पीछे तथा रूद्र एन्क्लेव हाउसिंग के सामने, इलाहाबाद |
| 2 | LKW_1601_049987 | हसन अली, शालीमन मकान नंबर नया राम विहार, पारा, लखनऊ–226008 | 05–11–2018 | रू. 7,44,554/– | प्लॉट नंबर 4, भूमि खसरा नंबर 1687/203 पर निर्माणाधीन मकान, देवपुर वार्ड केसरी, खेड़ा लखनऊ–226008 | रू. 10,90,645/– | 30–04–2019 भौतिक कब्जा | रू. 17,56,400/– | रू. 1,75,640/– | 22–01–2021 को पूर्वा. 11 बजे से अप. 2 बजे तक प्लॉट नंबर 18–ए. 29, सिविल लाइन्स स्टेशन, सिविल लाइन, मैक्स शो रूम के पीछे तथा रूद्र एन्क्लेव हाउसिंग के सामने, इलाहाबाद |
| 3 | LKW_1505_040996 | शकील रहमान, वसीमा बानो 32 बी नेहरू रोड, यूनियन बैंक सदर कैंट दिलकुशा, लखनऊ–226002 | 19–07–2017 | रू. 13,01,098.95 | प्लॉट भूमि खसरा नंबर 191 (मिनजुमला) ग्राम देवरिया गोमती नगर एक्सटेंशन, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ–226001 | रू. 20,18,078/– | 31–09–2019 भौतिक कब्जा | रू. 14,24,000/– | रू. 1,42,400/– | 22–01–2021 को पूर्वा. 11 बजे से अप. 2 बजे तक प्लॉट नंबर 18–ए. 29, सिविल लाइन्स स्टेशन, सिविल लाइन, मैक्स शो रूम के पीछे तथा रूद्र एन्क्लेव हाउसिंग के सामने, इलाहाबाद |

नोट : कम्पनी की जानकारी के अनुसार, उपरोक्त सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। नीलामी बिक्री सूचना के नियम एवं शर्तें।

सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें :– बोलियां आमंत्रित करने द्वारा सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया तथा नियम एवं शर्तें :

1. सम्पत्तियों का निरीक्षण 15–01–2021 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. बिक्री सरफासी ऐक्ट/रूल्स, 2002 में निर्धारित शर्तों तथा यहां नीचे दिए गए नियम एवं शर्तों और प्रत्याशी/प्रतिभागी बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफर/बोली दस्तावेजों में दी गई शर्तों के तहत की जाएगी।
3. बोलियां सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में धरोहर राशि जमा हेतु शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में, स्थानीय देय, डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ जमा की जाएंगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। प्रत्याशी बोलीदाता को अपनी बोली के साथ अपनी पहचान का प्रमाण/केवाईसी प्रतिमान तथा निवास का प्रमाण जैसेकि पासपोर्ट, आधार कार्ड, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स इत्यादि तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
4. धरोहर राशि जमा के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि 21–01–2021को अथवा पूर्व पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक है।
5. सम्पत्ति किसी भी स्थिति में प्रत्येक सम्पत्ति के सामने दर्शित सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
6. बिक्री की तिथि को, उपरोक्तानुसार प्राप्त सभी बोलियां खोली जाएंगी तथा कम्पनी द्वारा उच्चतम बोलीदाता की बोली स्वीकार की जा सकती है, परंतु शर्त यह है कि यह सुरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। तथापि, नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद बोलीदाताओं को अपनी बोली कम से कम रू. 5,000/– (रू. पांच हजार मात्र) और आगे बढ़ाने का अधिकार होगा और कम्पनी को ऑफर की गई उच्चतम बोली स्वीकार करने का अधिकार होगा। तदुपरांत, क्रेता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत (पच्चीस प्रतिशत) राशि, धरोहर राशि जमा समायोजित करते हुए, बोली छूटते ही, उसी समय अधोहस्ताक्षरी के पास जमा करनी होगी। कम्पनी उक्त राशि प्राप्त होने पर बोली स्वीकार किए जाने की पुष्टि करेगी। समय आगे बढ़ाए जाने का अनुरोध प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनके विवेकानुसार उपयुक्त विचारित नियम एवं शर्तों के तहत मंजूर किया जा सकता है। यदि उच्चतम बोलीदाता बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि, बोली छूटते ही तत्काल जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को बेची जाने हेतु प्रस्तावित की जाएगी। क्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान क्रेता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उक्त सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि के पंद्रहवे दिन या पहले अथवा पार्टियों द्वारा लिखित रूप से सहमत आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर किया जाएगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में कम्पनी क्रेता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि तथा/अथवा अन्य किसी राशि को जब्त करने तथा सम्पत्ति की दोबारा नीलामी करने के लिए स्वतंत्र होगी। सम्पत्ति की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि अथवा अंश पर चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा किए जाएंगे।
8. बिक्री मूल्य की पूरी राशि प्राप्त होने पर, कम्पनी द्वारा क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा क्रेता को सम्पत्ति का कब्जा प्रदान किया जाएगा।
9. अनुसूची में वर्णित उक्त अचल सम्पत्ति, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि किए जाने की तिथि से आग या चोरी या अन्य दुर्घटनाओं से होने वाली हानि या क्षति या अन्य जोखिम के संबंध में एकमात्र रूप से क्रेता के जोखिम पर होगी। क्रेता को किसी भी आधार पर बिक्री रद्द करने का अधिकार नहीं होगा।
10. असफल बोलीदाताओं द्वारा धरोहर राशि हेतु जमा किया गया डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर लौटा दिया जाएगा।
11. इन सम्पत्तियों की बिक्री सभी प्रयोजनों हेतु पूर्णतया "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है कोई वापसी नहीं आधार" की जाएगी। कम्पनी को उपरोक्त सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार के किसी ऋणभार की जानकारी नहीं है।
12. ऊपर संदर्भित सम्पत्ति के संबंध में स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क, अंतरण शुल्क तथा अन्य कोई शुल्क संबंधी सभी खर्चे क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
13. प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी ऑफर्स/बोलियों को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं हैं तथा कम्पनी का, बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. स्वयं बोलीदाताओं अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त बिक्री कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
15. यदि सभी बकाया राशियां कम्पनी द्वारा वहन की गई सभी लागत प्रभारों तथा खर्चों सहित उपरोक्त नामक कर्जदार द्वारा, अधिनियम की धारा 13(8) के तहत बिक्री हेतु नियत तिथि से पहले सौंप दी जाती हैं अथवा चुकता कर दी जाती हैं, तब सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जाएगी तथा प्रत्याशी बोलीदाताओं से प्राप्त की गई सभी बोलियां उनको, कम्पनी की किसी जिम्मेदारी/उसके विरूद्ध किसी दावे के बगैर, वापस कर दी जाएंगी।
16. यह सूचना, ग्राहक को कालम "ग" एवं "च" में वर्णित उनके संबंधित पते पर उपरोक्त कर्जदारों को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा परिशिष्ट 4क के तहत नोटिस भी है।
17. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.shubham.co. देखें।
18. अतिरिक्त जानकारी, स्पष्टता या किसी सहायता के लिए पवन शुक्ला (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर 8858108151 पर सम्पर्क करें।

स्थान : गुड़गांव
तिथि : 19–12–2020

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# फैक्ट्री में सीज हजारों लीटर घटिया तेल गायब

## सीईओ सहित तीन डायरेक्टर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/मोहनलालगंज





**मोहनलालगंज** के भौदरी में स्थित यशोधरा इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड आयल मिल में नौ महीने पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर 27537 लीटर मिलावटी रिफाइंड सोयबीन, सरसों सहित पामोलिन तेल को सील किया था। फैक्ट्री में सील 30 लाख रुपए कीमत के जहरीले खाद्य तेल के चोरी होने की भनक गुरुवार को मौके पर जांच करने पहुंचे खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को लगी तो उनके होश उड़ गए। जिसके बाद क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर कम्पनी के सीईओ, तीन डायरेक्टरों, एक नामिनी सहित कई अज्ञात के विरूद्ध आधा दर्जन गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मोहनलालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये रानीखेड़ा गांव में छापेमारी कर शनिवार की सुबह सीईओ सहित तीन डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मोहनलालगंज के भौदरी गांव में स्थित यशोधरा इण्डस्ट्रीज प्रालि आयल मिल में मानक के विपरीत मिलावटी खाद्य तेल बनाए जाने की सूचना पर 2 से 3 मार्च को एफएसडीए के डीओ शैलेंद्र सिंह व सीएफएसओ सुरेश मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीमों ने छापेमारी कर नामी कंपनियों के एक्सपायरी खाद्य तेल से बनाये जा रहे रिफाइंड सोयबीन, पामोलिन सरसों के 27537 लीटर तेल को सील कर सीईओ सहित डायरेक्टरों के सुपुर्द कर 22 नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला मेरठ में जांच के लिए भेजे थे। प्रयोगशाला से आई रिपोर्ट में तेल की गुणवत्ता बहुत खराब आई थी। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया गुरुवार को विभागीय टीम आयल मिल पहुंची तो वहां मौजूद गार्ड ने बताया फैक्ट्री बंद है और यहां रखा सारा खाद्य तेल चोरी हो गया। जिसके बाद जांच को पहुंची टीम के होश उड़ गए और उन्होंने जिलाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर शुक्रवार को क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया यशोधरा इण्डस्ट्रीज प्रालि के सीईओ देवी दयाल अग्रवाल निवासी निवाजखेड़ा ऐशबाग थाना नाका सहित डायरेक्टर तीन सगे भाईयों मधुकर सिंह, पुष्कर सिंह उर्फ राम अचल सिंह, हिंकर सिंह निवासी रानीखेड़ा मजरा भौदरी थाना मोहनलालगंजए नामिनी उमेश यादव सहित कई अज्ञात के विरूद्ध सीज किए माल को षड्यंत्र पूर्वक चोरी कर भोले भाले लोगों को बेच दिया एवं साक्ष्यों को छिपानेए मिटानेए नष्ट करने तथा अपराधिक दायित्वों से बचने के लिए आपराधिक षड्यंत्र कर उक्त माल के चोरी एफआईआर मोहनलालगंज कोतवाली में बिना खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना दिये दर्ज करा दी। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुये इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने सीईओ सहित तीन डायरेक्टरों, एक नामिनी पर आधा दर्जन गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने सील किये गये खाद्य तेल के गायब करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुये एसीपी प्रवीण मलिक के निर्देशन पर इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने पुलिस की कई टीम के साथ रानीखेड़ा गांव में छापेमारी कर आरोपी डायरेक्टर सगे भाईयों मधुकर सिंह, पुष्कर सिंह उर्फराम अचल सिंह, हिंकर सिंह को उनके घर से गिरफ्तार करने के साथ ही कम्पनी के सीईओ देवी दयाल अग्रवाल को उनके ऐशबाग के निवाजखेड़ा स्थित फ्लैट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं नामिनी उमेश यादव हत्या के प्रयास के मामले में पूर्व से ही जेल में निरूद्ध है।

### सात माह पहले गोदाम से गायब हुआ था खाद्य तेल

यशोधरा इण्डस्ट्रीज प्रालि आयल मिल में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा सील किया तीस लाख कीमत का जहरीला खाद्य तेल सील होने के दो माह बाद ही गोदाम से गायब हो गया था। ग्रामीणों की मानें तो इतनी बड़ी मात्र में सील हुये खाद्य तेल को बिना खाद्य विभाग की संलिप्ता के गायब नहीं किया जा सकता। सात महीने तक खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को पूरे मामले की भनक तक नहीं लगी ये कैसे संभव है।

**सीईओ ने दर्ज कराया था आनलाइन चोरी का मुकदमाः** इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने बताया यशोधरा इंडस्ट्रीज प्रालि आयल मिल में सील किये गये खाद्य तेल मामले में सीईओ देवी दयाल अग्रवाल ने 18 मई को मिल से सील किये गये खाद्य तेल के चोरी होने की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करायी थी। पूरे मामले की जांच की जा रही थी। इंस्पेक्टर ने बताया गिरफ्तार कर जेल भेजे गये कम्पनी के डायरेक्टर सगे भाईयों पर हजरतगंज, गोसाईगंज, नगराम, निगोहां में सरकारी जमीन कब्जाने सहित अन्य कई मुकदमें दर्ज होने की जानकारी मिली है।

# एयरपोर्ट पर दो यात्रियों से 31 लाख का सोना व चांदी बरामद

## दुबई से बिना सीमा शुल्क अदा किये लाए थे सोना-चांदी

**संवाददाता।** सरोजनीनगर





**चौधरी** चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने दो यात्रियों के कब्जे से लाखों का सोना व चांदी बरामद करने का दावा किया है। बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे लाए गये इस सोने वा चांदी की कीमत 31 लाख रुपए से अधिक कीमत बताई जा रही है। सोना व चांदी जब्त करने के साथ ही कस्टम अधिकारी दोनों यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर तैनात सीमा शुल्क उपायुक्त निहारिका लाखा के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 12:15 बजे दुबई से अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे इंडिगो एयरलाइंस (6ई-8457) विमान और दुबई से ही देर रात 2:10 बजे पहुंचे फ्लाई दुबई (एफ्जेड-8325) विमान के यात्रियों की जांच की जा रही थी। तभी एक यात्री के पास से 597.780 ग्राम सोना और दूसरे के पास से 590.420 ग्राम चांदी बरामद हुई। इसमें से एक यात्री ने सोने को पेस्ट के रूप में अपने रेक्टम में छुपा कर रखा था। जबकि दूसरे यात्री ने ट्रॉली बैग की बिडिंग में सोने को चांदी के साथ मिक्स करके छिपा रखा था। जांच पड़ताल के दौरान बरामद हुए सोने के बारे में जब दोनों यात्रियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई, तो वह इसके बारे में ना तो कोई सही जवाब दे सके और ना ही इससे सम्बन्धित कोई कागजात उपलब्ध करा सके। कस्टम उपायुक्त निहारिका लाखा ने बताया कि यह सोना और चांदी बिना सीमा शुल्क चुकाए ही दुबई से चोरी छुपे लाया गया था। जिसकी वजह से बरामद सोने और चांदी को सीमा शुल्क प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल कस्टम अधिकारियों के मुताबिक दोनों यात्रियों के पास से बरामद सोने चांदी की कीमत 31 लाख 85 हजार 62 रुपए बताई जा रही है। सीमा शुल्क आयुक्त लखनऊ वेद प्रकाश शुक्ला के सफल दिशा निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान उपायुक्त निहारिका लाखा के साथ उनकी टीम के विमल कुमार श्रीवास्तव, सुमन देवी, जीडी चौरसिया, कुलदीप कुमार शर्मा, राकेश कुमार पांडेय, नीरज कुमार, नीरज वर्मा, गौरव सिंह, कपूर सिंह और मुख्तार आलम आदि अधीक्षक व निरीक्षक मौजूद रहे।



यहियागंज गुरुद्वारा में श्री गुरुतेग बहादुर साहिब का शहीदी पर्व श्रद्धा से मनाया गया

# आम्रपाली ग्रुप्स ऑफकम्पनीज का चीफ फाइनेंस आफीसर ईडी की कस्टडी में भेजा गया

## छह हजार करोड़ की ठगी में मनी लॉड्रिंग का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**मनी** लांड्रिंग के एक मामले में ईडी की विशेष अदालत ने आम्रपाली ग्रुप्स ऑफ कम्पनीज के चीफ फाइनेंस आफीसर चंद्र प्रकाश वाधवा को चार दिन के लिए ईडी की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। ईडी के विशेष जज व जिला जज दिनेश कुमार शर्मा, तृतीय ने यह आदेश ईडी की एक अर्जी पर दिया है। ईडी ने इससे पहले मुल्जिम का न्यायिक रिमांड हासिल किया।

ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक इसने चार फर्जी कम्पनी नीलकंठ बिल्ड क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेडए रुद्राक्ष इन्फ्रा सिटी प्राइवेट लिमिटेड व मन्नत बिल्ड क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के जरिए फ्लैट खरीदारों का पैसा विदेशों में जेपी मार्गन कम्पनी के खाते में भेजा था। ईडी ने इस कम्पनी का भी 140 करोड़ रुपए की सम्पति जब्त की है। मुल्जिम वाधवा का सात दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मांगते हुए उनका कहना था कि इसने फ्लैट खरीदारों का अन्य रकम और किस कम्पनियों में लगाया है, इस सिलसिले में उससे पूछताछ करनी है। साथ ही इसका अन्य मुल्जिमों से भी सामना कराना है। बीते शुक्रवार को ईडी ने इसे दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

बताते चलें कि 23 जुलाई 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को इस मामले को दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया था। साथ ही ईडी को हर तीन माह पर जांच रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले फ्लैट खरीदारों की याचिका पर इस मामले की फोरेसिंक आडिट कराई थी। जिसमें आम्रपाली ग्रुप ऑफ कम्पनीज के निदेशकों को फ्लैट खरीदारों की रकम में हेरफेर का दोषी पाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि आम्रपाली ग्रुप्स की कम्पनियों ने प्रथम दृष्टया फेमा व मनी लांड्रिंग के तहत अपराध कारित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आडिट रिपोर्ट के आधार पर आम्रपाली ग्रुप्स ऑफ कम्पनीज का रेरा में रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया था और इस ग्रुप्स के सभी अधिकार एबीसीसी को सौंप दिए थे।

उधर दूसरी तरफ दिल्ली में आम्रपाली ग्रुप्स ऑफ कम्पनीज के अफसरों के खिलाफ कई फ्लैट खरीदारों ने एफआईआर भी दर्ज कराए थे। विवेचना के दौरान ईडी ने कम्पनीज के निदेशक अनिल कुमार शर्मा, शिव प्रिया व अजय कुमार के साथ ही ऑडीटर अनिल मित्तल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इन अफसरों पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों से सांठगांठ कर फ्लैट खरीदारों का करीब छ:ह हजार करोड़ रुपया हड़पने व उससे अपनी सम्पति बनाने का आरोप है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**लखनऊ।** मड़ियांव के केशवनगर में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने उसके पति पर जहर देकर बेटी को मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मड़ियांव के रहने वाले देवेंद्र नाथ ने अपनी बेटी स्वाति की शादी फरवरी 2020 में केशव नगर के रहने वाले विशाल वर्मा से की थी। विशाल वर्मा बिजली विभाग में इंजीनियर पद पर कार्यरत हैं। मृतका के पति ने बताया कि स्वाति की रात में अचानक तबीयत खराब हुई। सूचना मिलने के बाद पर वह आनन-फानन में घर पहुंचे और पत्नी को इलाज के लिए ले गए जहां डॉक्टर ने स्वाति को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतका के पिता देवेंद्र नाथ ने उसके पति पर जहर देकर बेटी को मारने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि शादी के बाद से वह लगातार दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। डिमांड पूरी ना होने पर जहरीला पदार्थ खिलाकर स्वाति की हत्या कर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आगे की कार्रवाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### जाली नोट के सौदागर को दस साल की सजा

**लखनऊ।** जाली नोट का कारोबार करने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने मुल्जिम निजामुद्दीन अंसारी को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज मयंक त्रिपाठी ने इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 25 मई 2016 को इसे चारबाग के रेलवे आफिसर्स रिटायरिंग रुम से गिरफ्तार किया गया था। इसके पास से एक हजार के पांच व 500 के चार बंडल नकली नोट के बरामद हुए थे। सरकारी वकील सुरेश चंद्र यादव के मुताबिक इसके खिलाफ थाना एटीएस में एफआईआर दर्ज हुई थी।

### आत्मसमर्पण नहीं कर सका दीपक दूबे

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**थाना** कृष्णानगर से संबंधित एक आपराधिक मामले में वांछित दीपक दूबे कोविड 19 की रिपोर्ट नहीं होने के चलते शनिवार को अदालत में आत्मसमर्पण नहीं कर सका। दीपक दूबे बिकरु कांड के आरोपित विकास दूबे का भाई है। इस पर 50 हजार का इनाम घोषित है। बीते शुक्रवार को इसके घर की कुर्की भी की गई थी।

पांच जुलाई 2020 को इसके खिलाफ विनीत पांडेय ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक एक दिसंबर 2009 को उसने एक सरकारी एंबेसडर कार नीलामी में खरीदी थी।

### आशीष राय की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** विशेष जज संदीप गुप्ता ने पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष राय की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है।

सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार



## मोटे मुनाफे का लालच देकर रिटायर इंजीनियर को लगाई थी 58 लाख की चपत

## 10 लाख की नकदी, एक कार, एक लैपटॉप, 7 मोबाइल व 5 एटीएम कार्ड बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कैसरबाग** इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त इंजिनियर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 58 लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर जालसाज आवेश शेखानी को कैसरबाग पुलिस और साइबर क्राइम सेल के प्रयास से महाराष्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मोटे मुनाफे का लालच देकर पीड़ित से 58 लाख रुपए की ठगी की थी। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। ठगी का शिकार हुए पीड़ित ने इस संबंध में कैसरबाग कोतवाली में मार्च महीने में एक युवती सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख की नकदी समेत एक कार व एक लैपटाप तथा सात मोबाइल फोन व पांच एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक कैसरबाग के लालबाग बीसीसी रेजिडेंसी में सेवानिवृत्त इंजिनियर अमन कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह कुछ वर्षो से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक 30 जुलाई 2019 को उनके पास एक अनजान युवती ने फोन किया। युवती ने अपना नाम माही बताया और खुद को मुंबई ट्रेड 24 एक्स कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने अमन कुमार को उसकी कंपनी के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग के लिए कहा और ट्रेडिंग पर मोटा मुनाफे का आश्वासन दिया। झांसे में आकर अमन कुमार इसके लिए राजी हो गए। इसके बाद माही और उसकी कंपनी के लोगों ने अमन कुमार को अपनी कंपनी का ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बावजूद अमन ने उन लोगों के साथ ट्रेडिंग नहीं की। इस पर जालसाजों ने बिना ट्रेडिंग के ही अमन कुमार खाते में बतौर बोनस कुछ डॉलर आने की बात कही। अमन कुमार ने जब खाते को चेक किया तो उसने 100 डॉलर थे। उन्होंने डॉलर को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया। इसके बाद कंपनी की बातों को यकीन करते हुए अमन कुमार ने सितंबर 2019 से कंपनी के साथ शेयर ट्रेडिंग का काम शुरू किया। अमन कुमार का कहना है इस तरह धीरे-धीरे करके उन्होंने कंपनी के साथ 58 लाख रुपये की ट्रेडिंग की। कुछ समय पहले उन्होंने जब अपने मुनाफे की मांग की तो कंपनी वाले बहानेबाजी करने लगे। कभी प्रोसेसिंग की बात बताई तो कभी पीड़ित के मेसेज और कॉल का जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद अचानक जालसाजों ने पीड़ित से संपर्क बंद कर दिया। छानबीन करने पर पीड़ित का अहसास हुआ कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर उनके साथ ठगी की गई है। केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने शुक्रवार को गिरोह के सरगना आवेश शेखानी को ठाणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया।

# राजधानी में 209, सूबे में मिले कोराना के 1226 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। शनिवार को राजधानी में कोरोना के 209 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1226 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 17593 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2874 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8177 मरीजों की और राजधानी में 1078 की मौत हो चुकी है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,54,924 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,23,04,404 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1226 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 17,593 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,652 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1799 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करा रहे है।। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटे में 1544 तथा अब तक कुल 5,47,631 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी प्रतिशत 95.50 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,75,676 क्षेत्रों में 4,90,366 टीम दिवस के माध्यम से 3,05,73,223 घरों के 14,89,65,171 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई-संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है। ई-संजीवनी के माध्यम से कल एक दिन में 5000 से अधिक लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। इस प्रकार अब तक कुल 2,90,309 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया।

# सुअर से टकराकर खाई में गिरा डाला

## चालक की मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव के दाउदनगर के पास सुअर से टकराकर हाफ डाला अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। गम्भीर रूप से घायल ड्राइवर को पुलिस ने राहगीरों की मदद से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। परिवारीजनों का आरोप कि डॉक्टरों की लापरवाही से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

चौकी इंचार्ज राधेश्याम मौर्य ने बताया कि मायावती कॉलोनीए दुबग्गा निवासी 40 वर्षीय गोविंद सिंह डाला चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार शाम करीब चार बजे वह सीतापुर रोड फल मंडी से फल लोड कर दुबग्गा जा रहा था। तभी दाऊद नगर के पास एक सुअर उसके डाले में टकरा गया। एकाएक हुई टक्कर से ड्राइवर गोविंद ने डाले से अपना नियत्रंण खो दिया। इससे डाला रोड किनारे खाई में गिर गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गोविंद को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया।

गोविंद के परिवारीजनों का आरोप है कि ट्रॉमा सेंटर में एडमिट कराने के बाद डॉक्टरों ने कोविड 19 जांच न होने तक इलाज करने से मना कर दिया। इस पर जांच कराने काफी समय निकल गया। जिससे गोविंद की मौत हो गई। परिजनों का कहना था कि अगर समय पर इलाज मिल जाता तो गोविंद को बचाया जा सकता था।

# गोमती से निकाली गई पांच ट्रक जलकुंभी

## सफाई अभियान में महापौर के साथ जुटे 350 सफाई कर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ठाकुरगंज** में महापौर संयुक्ता भाटिया एवं नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कुड़िया घाट और गोमती नदी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कार्यक्रम में अपने जोनल गैंग और 110 वार्ड चैम्पियन के साथ लगभग 350 सफाई कर्मी द्वारा गोमती सफाई का कार्य किया गया। सफाई कार्य में 3 फासी मशीन, रोबोट एवं 5 नाव लगाई गईं और जलकुंभी हटाई गई।

शनिवार को ठाकुरगंज में जोन 6 स्थित कुड़िया घाट ए गोमती नदी में जलकुंभी एवं नदी की सफाई कार्य के लिए विशाल श्रमदान का कार्यक्रम महापौर संयुक्ता भाटिया और नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में चलाया गया। महापौर द्वारा इससे पूर्व में गोमती नदी सफाई के लिए कई अभियान चलाया जा चुके हैं। अभियान में अपर नगर आयुक्त डॉ अर्चना द्विवेदी के साथ समस्त आठ जोन के जोनल अधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता अपने अपने जोनल गैंग और 110 वार्ड चैम्पियन के साथ लगभग 350 सफाई कर्मी, कर्मचारियों द्वारा गोमती सफाई का कार्य किया गया। सफाई कार्य में 3 फासी मशीन, रोबोट एवं 5 नाव के माध्यम से जलकुंभी हटाई गई। इस अभियान में पांच ट्रक जलकुंभी निकाली गई, जिसको मेहंदी घाट के पास गड्ढा बनाकर कंपोस्टिंग के लिए जमीन में गाड़ा गया जिसका उपयोगी खाद तैयार होती है। इसके अतिरिक्त गोमती नदी बंधे के दोनों तरफ पाटा नाला से आगे आधे किलोमीटर तक दोनों तरफ झाड़ियों पॉलिथीन और अन्य गंदगी की सफाई कराई गई यह अभियान कल भी चलाया जाएगा।

# बिना रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए चल रहे वाहनों के खिलाफ चला अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोहरे** में मौत बनकर दौड़ रहे खतरनाक वाहनों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया गया। शनिवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर चलाए गए अभियान में उन वाहनों का चालान काटा गया जिन्होंने रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगवाया था। ऐसे वाहनों के खिलाफ आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन राघवेंद्र सिंह समेत चेकिंग दलों ने कार्रवाई की। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि पहले चरण में माल वाहनों की धरपकड़ की गई है। पहले दिन एक दर्जन से अधिक वाहन बिना रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप के पकड़े गए। जबकि ठंड और कोहरा शुरू होने के पहले हर मोटर मालिकों को चमकीला टेप लगाने की जानकारी दी गई थी। ताकि कोहरे में हर वाहन चालक को सामने के वाहन नजर आ सके। इससे सड़क पर आपस में वाहन टकराने की संभावना 70 फीसदी तक कम हो जाती है।

**दिसंबर में फर्जी टिकट संग पकड़े गए 3000 यात्री**

दिसंबर महीने में अब तक फर्जी टिकट के साथ करीब तीन हजार यात्री पकड़े गए। पूर्वोत्तर रेलवे के चेकिंग दलों ने आधा दर्जन ट्रेनों की चेकिंग करते हुए तत्काल टिकटों, वरिष्ठ नागरिकए टिकटों के ट्रांसफर जैसे फर्जी टिकट पकड़े। इस विशेष अभियान यात्रियों से 25 लाख रुपये यात्री किराए एवं जुर्माना वसूला गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0पी0एच0 कानपुर** **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना ई–निविदा सं0–37/कान्श0/2020–21 विवरण**–नगरीय विद्युत वितरण खण्ड – जाजमऊ, केस्को कानपुर के अन्तर्गत चकेरी एयरपोर्ट कानपुर नगर के नये टर्मिनल भवन तथा एयर क्राफ्ट टैक्सी रूट के बगल से निकल रही चार सर्किट लाइनों को आर.सी.सी. ट्रेच का निर्माण कर भूमिगत किये जाने का कार्य। धरोहर धनराशि–2,35,700/-(NEFT/RTGS/BG/ FDR के रूप में), निविदा धनराशि 5000/- (NEFT/RTGS) के रूप में, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय 02.01.2021 समय 12.00 बजे तक, ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय 02.01.2021 समय 03.00 बजे से, उपरोक्त ई–निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डरिंग वेबसाईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0 628805018245 आई0एफ0एस0सी0-ICIC0006288 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित है। **अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)** पत्रांक–1350, दिनांक 19.12.2020 **'राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं'**

# अटल जयंती पर आयोजित होगा किसान संवाद कार्यक्रम

## दस हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में एलईडी स्क्रीन के जरिए मोदी को सुनेंगे किसान

● कार्यक्रम को लेकर प्रदेश प्रभारी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**पूर्व** प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजेपयी के जन्मदिन को बीजेपी हर साल सुशासन दिवस के रूप में मनाती आ रही है लेकिन इस बार पार्टी इस मौके पर पूरे प्रदेश में किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश की दस हजार से अधिक आबादी वाले गांव में दोपहर में एलईडी स्क्रीन के जरिए पीएम मोदी का भाषण सुनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यूपी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। पार्टी ने तय किया है कि प्रदेश में अपने सभी संगठनात्मक मण्डलों सहित 2500 से अधिक स्थानों पर किसान संवाद कार्यक्रम से आमजन और पार्टी कार्यकर्ता सामुहिक रूप से जुड़े।

राधामोहन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गांव, गरीब, किसान को समर्पित सरकार है। देश में किसानों के हितों में जितना कार्य मोदी सरकार कर रही है। उतना पहले हुआ होता है तो आज किसानों की स्थिति कहीं बेहतर होती। कृषि क्षेत्र में मोदी सरकार ने बजट आंवटन में महत्वपूर्ण ढंग से वृद्धि की है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में 2013–14 के 21933 करोड़ रूपये की तुलना में वर्ष 2020–21 में छह गुना यानि 134399 करोड़ रूपये का बजट दिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के माध्यम से किसानों के खातों में 95979 करोड़ रूपये का हास्तान्तरण हुआ जिसमें 10.59 करोड़ किसान परिवार लाभान्वित हुआ। उन्होंने नए कृषि कानूनों को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रम व झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि काफी विचार विर्मश के बाद भारत की संसद ने कृषि सुधारों को कानूनी रूप दिया। इन सुधारों से न सिर्फ किसानों के अनेक बंधन समाप्त हुए है बल्कि उन्हें नए अधिकार भी मिले है नए अवसर भी मिले है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नये कृषि सुधारों में किसानों को न केवल अनेक सुविधाएं प्राप्त होगी बल्कि उन्हें नये अधिकार व अवसर भी मिलेंगे। विपक्ष केवल भ्रम व साजिश की राजनीति कर रहा है। यह स्पष्ट किया जा चुका है कि एमएसपी की व्यवस्था जारी रहेंगी। नई व्यवस्था से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिक विकल्प व सहूलियते प्राप्त हो सकेगी। किसानों के लिए नये अवसर तो पैदा ही होंगे उनकी कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार की कोई आंच नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसम्बर को पीएम मोदी ने किसान संवाद कार्यक्रम में हमें इस महत्वपूर्ण अभियान समाज के सभी वर्गो–किसानों को जोड़ना है। जिससे विपक्ष के झूठ का सच मजबूती के साथ जनता के सामने रखा जाए।

# छात्रों तक पहुंचना चाहिए साहित्य यह हमारी धरोहरः आनंदीबेन पटेल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● राज्यपाल ने किया योगी आदित्यनाथ के ओजस्वी विचार पुस्तक का विमोचन

**साहित्य** छात्रों तक पहुंचना चाहिए, यह हमारी धरोहर है। इसके अध्ययन से ही स्कूली छात्रों में अपने इतिहास की जानकारी होती है। यह बातें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में राधेकृष्ण द्वारा लिखित पुस्तक योगी आदित्यनाथ के ओजस्वी विचार के विमोचन के अवसर पर कही।

पुस्तक की प्रस्तावना दुर्गेश उपाध्याय यूपीडा के मीडिया सलाहकार द्वारा लिखी गयी है। पुस्तक के विमोचन के उपरांत राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के साहित्य से युवाओं को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। पुस्तक की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल व कालेज के छात्रों तक साहित्य पहुंचना चाहिए। पुस्तक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 35 चुनिंदा भाषणों को संकलित किया गया है। उनके पूर्व में दिए गए भाषणों से समझा जा सकता है कि उनकी किसानों को लेकर सोच बेहद स्पष्टवादी है। उनका कहना है कि किसानों की बदहाली तभी दूर होगी। जब किसान महज उत्पादक नहीं, बल्कि उद्यमी बनेंगे।

# कांग्रेस मुख्यालय में किया गया काकोरी के शहीदों को नमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में काकोरी के शहीदों को नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉन और रोशन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा एक विचार गोष्ठी आयोजित करके शहीदों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में काकोरी घटना का ऐतिहासिक महत्व है जब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने प्रतीक स्वरूप अंग्रेजों की ट्रेन को लूटा और ब्रितानिया सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें भारत छोड़कर जाना होगा। दुर्भाग्यवश सारे स्वतंत्रता सेनानी पकड़ लिये गये जिसमें से राजेन्द्र लाहिड़ी को 18 दिसम्बर को गोण्डा में तथा 19 दिसम्बर को अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉन और रोशन सिंह को क्रमशः गोरखपुर, अयोध्या एवं प्रयागराज में फांसी दी गयी। अमर शहीद सेनानियों के त्याग और बलिदान का ही परिणाम है कि 15 अगस्त 1947 को लम्बे संघर्ष के बाद यह देश स्वतंत्र हो सका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कहा कि महान सेनानियों को कृतज्ञ राष्ट्र बहुत श्रद्धा और आदर के साथ नमन करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओंकारनाथ सिंह, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, दिनेश सिंह, अनूप गुप्ता, प्रमोद सिंह, अमरनाथ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उप्र लघु उद्योग निगम के कर्मियों को छठा वेतनमान देने का निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● स्कूटर इण्डिया व यूपीएसआईसी के बीच 40 वर्ष पुराने भूखण्ड विवाद का निस्तारण

**उप्र** में निजी क्षेत्रों के सहयोग से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी के आधार पर औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। इसके लिए पांच से 50 एकड़ भूमि स्वामित्वों से एक्प्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही उप्र लघु उद्योग निगम के कर्मियों को छठां वेतनमान उपलब्ध कराने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव अधिकृत समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

यह निर्णय एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में यूपीएसआईसी के निदेशक मंडल की बैठक में लिए गए। बैठक में एमएसएमई इकाइयों को कोयले आपूर्ति में आने वाले कठिनाइयों दूर करने के लिए निगम की कोल योजना के अन्तर्गत कोल समन्वयक की नियुक्ति के प्रस्ताव को अनुमोदित किया। स्कूटर इण्डिया एन्सिलरी स्टेट नादरगंज लखनऊ और निगम के बीच चले आ रहे 40 वर्ष पुराने भूखण्ड विवाद का निस्तारण भी निदेशक मण्डल की बैठक में हुआ। इसके अतिरिक्त अमिय कृष्ण त्रिपाठी सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक फैजाबाद को निगम में उप प्रबंधक सामान्य के पद पर प्रतिनियुक्ति पर रखने का फैसला हुआ। साथ ही निगम में रिक्त पदों पर नियमित कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नियुक्ति के लिए शासन को अधियाचन भेजने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसके अलावा निगम में पदोन्नति कोटे के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। सहगल ने कहा कि निगम द्वारा एमएसएमई को कच्चे माल जैसे लौह एवं इस्ताप, अलौह धातु, कोयला आदि उपलब्ध कराया जाता है।

# संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात संदिग्ध हालत में एक 20 वर्षीय मजदूर का शव गांव से बाहर आम के पेड़ में साड़ी के सहारे लटका मिला। जानकारी होने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि किसी बात से नाराज होकर उसने खुद फांसी लगाई है। थाना क्षेत्र के किशुनपुर कौड़िया गांव निवासी स्व. रामचंद्र का बेटा नीरज रावत (20) अपनी पत्नी पूनम और बुजुर्ग मां के साथ रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार देर शाम नीरज अचानक घर से गायब हो गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, तो उसका शव गांव के बाहर एक आम के पेड़ से साड़ी के सहारे लटका मिला। फिलहाल मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब का आदी था और आए दिन घर में शराब पीकर पहुंचता था। शुक्रवार शाम को भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा। जहां परिजन उसकी इस बात से नाराज हो गए। इसके बाद नीरज घर से चला गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गोमतीनगर पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार एक किशोरी के भाई ने तहरीर दी कि उसकी बहन के साथ अभियुक्त ने दुष्कर्म किया और जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शनिवार की सुबह आरोपी विकासखण्ड 4 गोमतीनगर निवासी धीरज यादव को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आरडीएसओ में साइक्लोथॉन का आयोजन

**लखनऊ।** देश भर में फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में फिट इंडिया मूवमेंट को दिसम्बर 2020 के महीने में विभिन्न गतिविधियों और अभियानों की श्रृंखला की योजना बनाई गई है। गतिविधियों की श्रृंखला में कोविड 19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आरडीएसओ में फिट इंडिया मूवमेंट अभियान के तहत शनिवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में लगभग 40 व्यक्तियों ने भाग लिया और आरडीएसओ परिसर में फिटनेस का संदेश फैलाया। गौतम साहू ने प्रथम स्थान, बृजेश ने दूसरा और एसएस चौहान ने इस साइक्लोथॉन के दौरान तीसरा स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर वीके अग्रवाल, अध्यक्ष आरडीएसओ–स्पोर्ट्स एसोसिएशन डॉ आशीष अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक प्रशासन एएन सिद्दीकी, महासचिव एसोसिएशन बीपीएस भदोरिया, सचिव–एथलेटिक्स और लोकेश कुमार प्रबंधक आरडीएसओ स्टेडियम भी मौजूद थे।

# मैथमेटिक्स व मेन्टल एबिलिटी क्विज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड 'क्वान्टा–2020' के दूसरे दिन आज ब्राजील, जर्मनी, जार्डन, बांग्लादेश, रूस एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों के प्रतिभागी छात्रों ने मैथमेटिक्स एवं मेन्टल एबिलिटी क्विज प्रतियोगिता में अपने ज्ञान–विज्ञान का जोरदार प्रदर्शन कर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा की चमक बिखेरी और ये साबित कर दिया कि यही भावी पीढ़ी आगे चलकर समाज के नवनिर्माण की जिम्मेदारी बखूबी संभालेगी। क्वान्टा इण्टरनेशनल के अन्तर्गत जूम एप पर ऑनलाइन सजीव आयोजित मैथमेटिक्स एवं मेन्टल एबिलिटी प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड में आज देश–विदेश के छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। यह प्रतियोगिता दो चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम लिखित राउण्ड के विजेता छात्र टीम को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर फाइनल राउण्ड में अपने ज्ञान–विज्ञान का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। प्रत्येक टीम में दो छात्र शामिल थे जिन्होंने पूछे गये सवालों के जवाब में बिजली की तेजी से उत्तर देकर अपने ज्ञान का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का संचालन शिवानी तिवारी ने किया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत विजुअल राउण्ड, मौखिक सवाल–जवाब एवं बजर राउण्ड में छात्रों की प्रतिभा देखते ही बनती थी इस प्रतियोगिता में तार्कित प्रश्नों के अलावा सीनियर सेकेण्डरी ग्रेड स्तर की गणित की विभिन्न विधाओं से प्रश्न पूछे गये।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**लखनऊ।** गोसाईगंज इलाके में शुक्रवार रात रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। मामले की भनक लगते ही रेलवे कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। हालांकि पुलिस अभी तक युवक की पहचान नहीं कर पाई है। गोसाईगंज के बक्कास रेलवे लाइन के पास शुक्रवार रात ट्रैकमैन रंजीत कुमार रोज की तरह गश्त कर रहा था। उन्होंने बताया कि इसी दौरान ट्रैक पर उन्हें एक युवक का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई ऐसा कगाजात नहीं मिल पाया जिससे उसकी पहचान हो सके।

# विभूतिखंड प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा भेजे गए

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के थानों के ताबड़तोड़ निरीक्षण का असर दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में शनिवार को क्राइम कन्ट्रोल में लापरवाही बरतने के मामले में विभूतिखण्ड प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला को अपराध शाखा का रास्ता दिखाया गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक गौतमपल्ली चन्द्रशेखर सिंह को विभूतिखण्ड थाने की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा वाचक पुलिस कमिश्नर रवीन्द्र नाथ राय को गौतमपल्ली व अति. प्रभारी निरीक्षक बाजारखाला सूर्यबली पाण्डेय को वाचक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है।

# अम्बिकेश्वर ग्रुप में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

**बीकेटी,** लखनऊ। चंद्रिका देवी रोड कठवारा स्थित अम्बिकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटशन में पुराने छात्रों ने नये एडमिशन हुये छात्रों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरपी पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में निदेशक फार्मेसी डॉ. सविता उपाध्यक्ष ने संस्थान द्वारा संचालित पाठ्यक्रमो की गुडवत्ता एव वर्तमान की चुनौतियों के देखते हुये शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तनों के लिये तैयार होना होगा। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। फार्मेसी में मिस्टर फ्रेशर आशुतोष पांडेय तथा मिस फ्रेशर नेहा वर्मा चुनी गयीं पोलिटिक में मिस्टर फ्रेशर अंकुल सिंह तथा मिस फ्रेशर रोशनी निर्णायक मंडल द्वारा चुनी गयीं।

# होटल में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाजीपुर थाना** क्षेत्र स्थित होटल में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। होटल कर्मियों द्वारा मामले की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के मुताबिक जानकीपुरम सेक्टर एच निवासी 25 वर्षीय अलंकृत चौधरी शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी दो महिला मित्रों के साथ सेक्टर 25 स्थित जैती ओवैशिश इन होटल में आया था। वहां उसने कमरा नंबर 202 बुक किया और तीनों अंदर चले गए। बताया जा रहा है कि थोड़ी देर बाद अचानक होटल की सीढ़ियों के पास से युवतियों के चिल्लाने की आवाज आने लगी। शोर सुनकर होटलकर्मी मौके पर पहुंचे, जहां अलंकृत बेसुध हालत में पड़ा था। बाद में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन–फानन में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर गाजीपुर का कहना है कि जांच–पड़ताल में युवतियों ने बताया कि अलंकृत किसी काम से होटल के बाहर जा रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल और वह सीढियों से नीचे गिरकर घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने घटना की जानकरी मृतक के परिजनों को दे दी है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# यूपी को मिलेगा डिजिटल एवाड्र्स 2020

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## योगी सरकार ने फिर गाड़ा झंडा

**खाद्य** एवं रसद विभाग की मेहनत रंग ले आयी। केन्द्र सरकार ने राज्य के खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रजेंटेशन को डिजिटल गवर्नेंस में उत्कृष्ट पाते हुए डिजिटल एवाड्र्स 2020 देने का निर्णय लिया है। यह पुरस्कार देश के राष्ट्रपति द्वारा आगामी 30 दिसंबर को दिया जाएगा। इस सम्मान के चलते पीएम मोदी के डिजिटल इण्डिया पर योगी सरकार फिर खरी साबित हुई है। यहीं नहीं राष्ट्रीय स्तर पर योगी सरकार ने फिर झंडा गाड़ा है।

प्रमुख सचिव एवं आयुक्त खाद्य रसद आयुक्त ने भारतीय खाद्य निगम, एनआईसी तथा खाद्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कमर्चारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। खाद्य एवं रसद आयुक्त मनीष चौहान के अनुसार केन्द्र सरकार के सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया एवार्डस 2020 के लिए सभी राज्यों तथा मंत्रालयों से विभागों में डिजीटाईजेशन के लिए चलाये जा रहे प्रोजेक्ट एवं इन्नोवेटिव तकनीकी के संबंध में प्रजेंटेशन आमंत्रित किये थे। इसी के तहत राज्य में विभाग द्वारा कम्प्यूटराईजेशन तकनीकी का उपयोग करते हुए किसानों से गेहूं और धान खरीद करने संबंधी अपने प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन भारत सरकार के समक्ष किया। जिसके जरिये यह बताया गया कि कैसे यूपी में कम्प्यूटराईजेशन तकनीकी का उपयोग करते हुए किसानों से गेहूं, धान तथा मक्का खरीद की गई, क्रय केन्द्रों से गेहूं तथा धान को आटा एवं राइस मिलों में भेजा गयाए कैसे आनलाइन बिलिंग की गई तथा पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से कैसे सीधे किसानों को भुगतान किया जा रहा।

इसके अलावा प्रजेंटेशन में यह भी बताया गया कि कैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कार्ड धारकों के आधार सीडिंग की गई तथा आधार कार्ड के द्वारा ई.पास मशीनो के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया गया। राशन कार्ड निर्माण से लेकर कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण की समस्त प्रक्रिया आनलाइन की गई है। साथ ही वन नेशन वन कार्ड के धारणा के अनुरूप कार्ड धारकों को पोर्टबिलिटी की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी–221004**

ई–निविदा सूचना दिनांक: 18.12.2020

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण, बरेका, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–टेंडरिंग** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :– **क्र.सं. 1. निविदा संख्या :** वि./915/कार्य–1135 **कार्य का नाम :** इलेक्ट्रिफिकेशन ऑफ 22 यूनिट्स अपग्रेडेड क्वार्टर्स (टाइप-II सिंगल स्टोरी टू टाइप-III सिंगल स्टोरी) इन बी०एल०डब्लू० कॉलोनी **अनुमानित लागत :** रु. 7,01,977.42/– (रुपये सात लाख एक हजार नौ सौ सतहत्तर और बयालीस पैसे मात्र) **कार्य अवधि :** 06 माह **निविदा प्रपत्र मूल्य :** निल **बयाना राशि :** रु. 14000/– (रुपये चौदह हजार मात्र) **निविदा खुलने की अंतिम तिथि व समय :** 20.01.2021, समय 15:30 बजे। कृपया उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण प्राप्त करने हेतु एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

जसअ/बरेका/विद्युत–11 उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण

/banaraslocowork "वेबसाइट: https://blw.indianrailways.gov.in"

**उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या : **05/CE(E and S)/SE-I/UNL/2020-21 (Tender Id: 2020_RVUNL_539184_1 ''उनिलि(मु0) के निरालानगर लखनऊ स्थित आवास संख्याः बी–165, में लान एवं बागवानी सम्बन्धी वार्षिक अनुरक्षण''** के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in & www.uprvunl.org पर दिनांक **18.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू0 63,154.00 (नियमानुसार जी.एस.टी. अतिरिक्त)**, कार्य की अवधि : **12 माह** , धरोहर धनराशि : **रू0 1400.00** (Refundable) है। प्रपत्रों को मूल रूप में इस कार्यालय में दिनांक **15.01.2021** को **16.00 बजे** तक जमा करना होगा। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक **14.01.2021 (16.00 बजे तक)** है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता, (पर्या0 एवं सु0)**

पत्रांक : 1659/मु0अभि0(पर्या0एवंसु0)/उनिलि0/ दिनांक 18 दिसम्बर 2020

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

# शीत लहरी के बीच गरीबों को बांटे कंबल

**लखनऊ।** कड़कड़ाती ठंड, शीतलहर और घने कोहरे के बीच रोज–मर्राह की तरह लखनऊ के विभिन्न मार्गो के फुटपाथ पर सोने वाले गरीबों, मजदूरों और बेसहारा लोगो की सुध लेने के लिए तहरीक फिक्र ए मिल्लत फाउण्डेशन उप्र के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान ने रात में अपने समर्थको के साथ ऐशबाग पुल, नत्था होटल, मवैया, राजाजीपुरम टैक्सी स्टैंड, बुद्धेश्वर चौराहा, रिंग रोड़, दुबग्गा चौराहा, ठाकुरगंज रोड सहित कई स्थानों पर ठिठुरते मिले लोगो को कम्बल उढ़ाकर राहत पहुँचाई। खान ने कहा कि आधा दिसम्बर बीत चुका है किंतु नगर निगम लखनऊ द्वारा इन बेसहारा गरीब लोगों के लिये कही भी न अलाव की व्यवस्था है और न अभी तक रैन–बसेरो का कोई प्रबंध किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किये गये सभी दावे खोखले साबित हुए है। जब तक ठंड के कारण लोगों की जाने नही जायेंगी तब तक नगर निगम नही चेतेगा।

# राशनकार्ड व आवास तो दूर एक अदद कम्बल भी नहीं दिला पाए अफसर

● भूमिहीन परिवार ने लगाई सीएम से मदद की गुहार

संवाददाता। मोहनलालगंज

**आसरे** के इंतजार में बर्फीली हवाओं के थपेड़े खाकर रतजगा कर रहे बेघर परिवार को मोहनलालगंज प्रशासन आवास तो दूर एक अदद कम्बल भी नहीं मुहैया करा पाया। शनिवार को भूमिहीन परिवार की बेबसी की दास्तां पायनियर में उजागर होने के बाद भी ब्लाक और तहसील के अधिकारी बेपरवाह बने रहे। लिहाजा सरकारी योजनाओं का अकाल झेल रहे गरीब परिवार ने सीएम से मदद की गुहार लगाई है।



मोहनलालगंज के दहियर निवासी भूमिहीन कमलेश अपनी पत्नी रीता और बेटे हिमांशु के साथ जर्जर कच्ची दीवार के सहारे एस्बेस्टस की चादर रखकर गुजारा कर रहा है। बारिश भीगकर गुजारनी पड़ी और कड़ाके की सर्दी कांपते हुए रतजगा करके बितानी पड़ रही है। गरीब परिवार के पास तन ढ़कने के लिए जरुरत के मुताबिक गर्म कपड़ों का इंतजाम है न पेट पालने के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था। लिहाजा मेहनत मजदूरी करके दूसरों के रहमोकरम पर किसी तरह परिवार का गुजारा चल रहा है। आश्वासन के बावजूद मोहनलालगंज प्रशासन के अधिकारी इस जरुरतमंद परिवार को राशनकार्ड मुहैया करा सके न आवास की सुविधा। अलबत्ता पात्रता सूची से इस परिवार का नाम भी हटा दिया गया है। शनिवार को पायनियर ने परिवार की बेबसी का खुलासा किया बावजूद इसके भी जिम्मेदार बेपरवाह बने रहे। ब्लाक अधिकारियों ने जहां लाभार्थी सूची में नाम नहीं होने का कहकर आवास दे पाने में हाथ खड़े कर दिए। वहीं तहसील अधिकारियों को गरीब परिवार का पुरसाहाल लेने की फुरसत नहीं मिल सकी। राशनकार्ड का लाभ दिलाना तो दूर जरुरतमंद परिवार को एक अदद कम्बल दिलाने की भी पहल नहीं की जा सकी।

# आधुनिकता के बाद के खेल में विजेता मोदी

## मोदी की पश्च आधुनिक राजनीति ने अपनी जड़ें आधुनिकतावादी विकास के एजेंडे को बदलकर नहीं जमाई हैं बल्कि उसके इर्द-गिर्द काम करते हुए तथा विशिष्टतावादी अस्मिताओं के माध्यम से सार्वभौमिक विकास की मध्यस्थता की है।

**ज्योतिर्मय त्रिपाठी**
(लेखक आईआईटी मद्रास में प्रोफेसर हैं।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्च-आधुनिकतावादी मानना बुद्धिजीवियों को पसंद नहीं आता है, लेकिन उनके प्रशंसकों व विरोधियों को इसके लिए सोचने की आवश्यकता नहीं पड़ती। प्रशंसकों का मानना है कि मोदी लाखों-करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं व उम्मीदों को लेकर चलते हैं और ऐसा कुछ नहीं है जो वो कर नहीं सकते, अत: उनके पश्च-आधुनिकतावादी होने का कोई कारण नहीं है। विरोधियों के विचार से, वो उस हर चीज़ के प्रतीक हैं जो भारत को बीमार बनाती है, अत: उनके साथ पश्च आधुनिक आयाम जोड़ने का औचित्य नहीं है। इसके चलते कि विरोधी खेमे ने पहले से ही विशेषणों के विकल्प मोदी से जोड़ दिए हैं जो उनकी असीमित शक्ति तथा भारतीय राज निकाय पर संपूर्ण नियंत्रण स्थापित करता है, वे उन्हें पश्च-आधुनिकता से अलग नहीं कर सकते।

ऐसा कहकर, मोदी की पश्च आधुनिकता आश्चर्य का विषय बन सकती है तथा उस बुद्धिजीवी वर्ग के लिए हास्यास्पद हो सकती है जो पहली बार स्वयं को शक्तिहीन पाता है और महसूस करता है कि 'सत्ता से सत्य बोलने' की रूढ़ोक्ति एक सम्मानजनक रूपक मात्र है। उनके लिए, मोदी को पश्च-आधुनिकता से जोड़ने का विचार एक प्रकार का हिंसक कृत्य है अथवा एक क्रूर मज़ाक जो पश्च आधुनिकता के मुक्तिदाता वादों को खतरे में डालता है तथा अवधारणा को पूर्णरूप से बुद्धिजीविता से पृथक कर देता है।

असलिसत में, वे इस कथन की कल्पना ज्ञान पर नियंत्रण रखने हेतु एक योजना के तौर पर कर सकते हैं। मोदी को राजनीतिक स्थान देने पर बाध्य होकर, वे विश्वविद्यालयों एवं गैर सरकारी संगठनों के सुविधाभोगी क्षेत्रों तक सीमित होकर रह गए हैं। हो सकता है मोदी की पश्च आधुनिकता की संभाव्यता उन्हें उनके सुरक्षित स्थानों से खदेड़ने एवं उन्हें बौद्धिक वैधानिकता प्रदान करने की एक और रणनीति प्रतीत होती हो।

उन्हें आश्वस्त हो जाना चाहिए कि मेरा ऐसा कोई ध्येय नहीं है और यह कि वर्तमान जुड़ाव उसी विचारशील वर्ग के भीतर से आता है। मैं मोदी की उस राजनीति से प्रस्थान की पहचान करता हूं जो उनकी पश्च आधुनिकता को एक प्रख्यात रूप से विश्वास के योग्य विचार का रूप देती है। मोदी के उस प्रघटना बनने से पूर्व जो वो आज हैं, वो एक आधुनिकारक थे। अचानक मुख्यमंत्री के पद पर पहुंचने के बाद, उन्होंने गुजरातियों के उद्यमशील समुदाय का लाभ उठाया और उनकी सफलता को एक विशुद्ध भारतीय आकांक्षा में समाहित किया, जिसे गुजरात मॉडल की संज्ञा दी जाती है, यद्यपि उनके आलोचकों को उनके दावों में अभी भी बहुत सी खामियां नजर आती हैं। राजनीतिक के उग्र मंडलीकरण एवं हिन्दू समाज के जातियों में विभाजित होने के विरुद्ध हिन्दुत्व को मजबूती से स्थापित करने के परिप्रेक्ष्य में, भाजपा के वयोवृद्ध नेता एलके आडवाणी ने पहले ही राम मंदिर अभियान के माध्यम से हिन्दुओं को एकजुट करने का प्रयास किया था। मोदी ने आडवाणी से इस एकीकरण की रणनीति को ग्रहण किया तथा उसे विकास के मुहावरे के साथ जोड़ दिया। यह अंदाज़ लगाने का विषय है कि इसके पीछे इरादा सांस्कृतिक अथवा राजनीतिक कारणों से हिन्दुओं के छितराव को खत्म करने का था या नहीं, लेकिन जिस पर हम सहमत हो सकते हैं वह है यह तथ्य कि मोदी हिन्दू एकता की अवधारणा से आगे बढ़ गए और एक विकासमूलक एकता का सृजन किया। एक आधुनिकतावादी होने के नाते, वो परम्परागत राजनीतिक से नाता तोड़ने के कारण व्यवधानकारी भी हैं और एक नए किस्म की विकास की राजनीति का आगाज़ करने के कारण रचनात्मक भी। उनकी आधुनिकता व्यावहारिक थी जब उन्होंने अपने राजनीतिक भविष्य को विशिष्टतावादी प्रवृत्तियों को खत्म करने की उम्मीद के साथ विकास के विचार में निवेशित किया।

यदि पंथनिरपेक्षतवाद पूर्व-मोदी युग का मास्टर कोड था, उनका प्रतिकारी विमर्श था विकास। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" का नारा 21वीं सदी के लिए एक नए भारत के संकल्प के रूप में सामने लाया गया था। इसके पीछे उद्देश्य उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद अल्पसंख्यकों पर हुए कथित अत्याचारों की घटनाओं को छिपाना नहीं है, क्योंकि ऐसी घटनाएं केवल उनके ही कार्यकाल में नहीं हुई हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर, मोदी ने अवसरंचना विकास हेतु अपने संकल्प को दर्शाया और इसके लिए गुजरात की राजधानी गांधीनगर में कई हिन्दू मंदिर भी ढहाए गए थे।

मोदी ने एक नई राजनीतिक संस्कृति का सृजन करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली जहां राष्ट्रवाद एक बुरा शब्द नहीं रह गया और विकास की अवधारणा समसामयिक राजनीति की वैधानिकताकारी कुंजी बन गई। उनके द्वारा विकास का तर्कसंगतीकरण एक नए मंत्र के तौर पर पश्च-विश्व युद्ध मानसिकता के परिलक्षण के तौर पर खारिज किया जा सकता है लेकिन तथ्य यह है कि भारत का अल्पविकसित बने रहना एक आधुनिकताकारक के तौर पर मोदी की सफलता के पीछे अहम कारण रहा है।

"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के नारे के साथ, आईआईटी में महिलाओं के लिए और अधिक सीटें तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए उज्जवला योजना उनके द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिए जाने के लिए उठाए गए कदम थे, जिन्होंने विकास को एक नए सार्वभौमिक कारक के तौर पर सृजित किया और विकास को भारतीय राजनीतिक की सभी को दायरे में लेने वाली एक श्रेणी के तौर पर वैधानिकता प्रदान की। इस हद तक कि सभी राजनीतिक दलों ने स्वयं को विकासोन्मुख बनने के लिए पुन: तैयार करना प्रारम्भ कर दिया। विपक्ष ने समझ लिया था कि अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए उन्हें पिछड़े वर्गों को मोदी से छीनना होगा और उन्हें अल्पसंख्यकों के साथ जोड़कर साझा सरोकार बनाना होगा। तथ्य यह है कि गैर-भाजपा दलों को इस कथित पिछड़ा-मुस्लिम-दलित एकता से बहुत फायदा मिला था, लेकिन विकास की धारा ने इस गठजोड़ को तोड़ना प्रारम्भ कर दिया, जिससे विपक्षी परेशान हो गए।

उनकी एक पश्च आधुनिक चुनौती थी जो दलितों, ओबीसी, महिलाओं, मुसलमानों को विकास की आधुनिकतावादी परियोजना से पृथक करके जीवित बनी रही। मोदी को अपने आलोचकों को उनके ही खेल में मात देने के लिए स्वयं को आविष्कृत करने के लिए एक नई रणनीति की आवश्यकता थी और उन्होंने उसे पा लिया। उनके द्वारा आधुनिकतावाद पर जोर दिए जाने से सभी आकर्षित हुए तथा विकास नामक एक सर्वव्यापी श्रेणी सामने आई जिसने राजनीति को स्थानापन्न कर दिया। अब प्रारम्भ होती हे मोदी की पश्चत-आधुनिक राजनीतिक, जिसने अपनी जड़ें आधुनिकतावादी विकास के एजेंडे को बदलकर नहीं जमाई हैं बल्कि उसके इर्द-गिर्द काम करते हुए तथा विशिष्टतावादी अस्मिताओं के माध्यम से सार्वभौमिक विकास की मध्यस्थता की है। हो सकता है कि बुद्धिजीवी सह कल्पना करके गलती कर रह हों कि मोदी और उनकी पार्टी बौद्धिक रूप से व्याधिग्रस्त है। उन्होंने भी, मोदी के प्रलयंकारी बल, जो राष्ट्रवाद तथा विकास जैसी सार्वभौमिक अवधारणओं पर निर्भर है, के खिलाफ सुरक्षा घेरे के तौर पर खंडात्मक विभाजन की रणनीति की कल्पना की थी और खंडात्मक विभाजन, मतभेदों, विशिष्टतावाद को बढ़ावा दिया। यदि मोदी हिन्दुत्व के बारे में बोलते थे, पश्च आधुनिक आवेश का उद्देश्य जातीय विभेदों का उल्लेख करना था, यदि वो राष्ट्रवाद पर बोलें तो पश्च आधुनिक जोर क्षेत्रीय एवं धार्मिक चुनौतियां पेश करना होता था, यदि विकास में समान अवसरों का वादा किया गया, तो पश्च आधुनिक विकल्प का उद्देश्य विकास की धार्मिक एवं जातीय अंधताओं को सामने लाना होता है। मोदी ने उनके खंडात्मक विभाजन के औजारों का इस्तेमाल आगे और छितराव लाने के लिए किया।

अधिकतर नेता व बुद्धिजीवी संतुष्ट हैं थे कि दलित अथवा मुस्लिम अथवा अन्य पिछड़े वर्ग कभी भी दूसरा सार्वभौमिक नहीं बन सकते, लेकिन मोदी बेहतर जानते थे। उन्होंने तीन तलाक को अपराध का स्प दे दिया और मुस्लिम, सार्वभौमिकता व उसमें अंतरनिहत पितृसत्ता को तोड़ दिया, जिससे अधिकतर राजनीतिक दल परहेज करते रहे। राजनीतिक मंडलकरण ने ओबीसी का एक बड़ा तबका खड़ा कर दिया था लेकिन मोदी जानते थे कि ओबीसी एक राजनीतिक रचना है और उसे नवीनीकृत किया जा सकता है। देश की 50 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या को एकाश्म नहीं बनाया जा सकता है और यह समजातीय इकाई नहीं बन सकती। वर्ष 2018 में, रोहिणी आयोग ने 27 प्रतिशत के आबीसी कोटे को विभाजित करने की सिफारिश की क्योंकि 27 प्रतिशत में से लगभग 25 प्रतिशत ओबीसी कोटा आमतौर से 10 प्रभु जातियों से मिलकर बना है और शेष 1,000 जातियां बाहर ही रखी गई हैं। मोदी ने समझ लिया कि इन मौन समूहों को ओबीसी आरक्षण की विडंबना से परिचित कराकर मनाया जा सकता है और इससे ओबीसी-प्रतिकारी समूह कन सकते हैं।

उन्होंने ओबीसी की क्रीमी लेयर पर भी काम किया, जिसमें अधिकतर वेतनभोगी और मध्य वर्ग शामिल हैं, जो आमतौर से अधिकारों को लेकर मुखर रहे हैं। वो जानते थे कि ओबीसी की छतरी से बाहर हो जाने पर ओबीसी पर जोर देने वाला विमर्श कमजोर पड़ जाएगा। जहां तक दलित वोटों का सवाल है, प्रत्येक राज्य में चंद प्रभु जातियां होती हैं, यथा जाटव, महर और मड़िगा, जो कि क्षेत्र पर निर्भर करता है। ये जातियां अत्यधिक राजनीतिक कृत हैं और इस हद तक कि दलित आंदोलन को हाशियाकृत दलित समुदायों से छीन लेती हैं। अब मोदी और भाजपा सक्रिय होकर इन सीमांत समुदायों के साथ काम कर रहे हैं और उनकी परिपाटियों को हिन्दू सांस्कृतिक दायरे में उकीकृत करने में लगे हुए हैं। वे सक्रिय होकर जमीनी स्तर पर एनके परियोजन के द्वारा उनका सशक्तीकरण भी कर रहे हैं।

मंडल की राजनीति ने कुछ प्रभु जातियों का राजनीतिकरण किया है। मोदी उस एकाश्म को तोड़कर उसो तर्कसंगत निष्कर्ष की ओर ले जा रहे हैं। इसी प्रकार, दलितों का एकजुट होकर मतदान करने वाला खंड अब नहीं रह गया है और नेतागण तथा बुद्धिजीवी ऐसी किसी चीज के विरुद्ध प्रचार नहीं कर सकते जिसका उन्होंने स्वयं पैरोकारी की थी। उनके शीर्ष पर, मोदी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिए कोटे का जोड़ा जाना एक मास्टर स्ट्रोक था जिसने जाति के बजाए वर्ग को वितरणकारी राजनीति में ला दिया, जिसकी भारतीय साम्यवादियों ने उपेक्षा करना उचित समझा था। बुद्धिजीवियों व राजनीतिकों के पास उनकी कमजोर स्थिति को देख पाने योग्य दूरदृष्टि नहीं थी। उत्साह में आकर, वे भूल गए थे कि यद्यपि अल्पसंख्यक, दलित, ओबीसी के बीच अंतराल सार्वभौमिक राष्ट्र के लिए खतरा पैदा कर सकता है। मोदी ने पश्च आधुनिकता के उन्हें उनके ही खेल में मात दे दी।

---

# कृषि कानूनों पर आशंका का माहौल

## एमएसपी समाप्त होने के बारे में किसानों का भय निर्मूल है। लेकिन विचार-विमर्श के बजाय आदेशों को स्थान मिलने से आशंका व अतार्किकता का माहौल है।

**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)





जब किसानों को उनके कृषि उत्पादों के लिए लाभदायक मूल्य दिलाने की बात पर बहस चल रही हो तो वर्तमान समय में किसानों को लाभदायक रोजगार देने की बात अतार्किक लग सकती है। विश्वास करें या नहीं, वर्तमान समय में नरेन्द्र मोदी सरकार दो परिपक्व लोगों की तलाश में है जो पेशे से किसान हों और उनको किसान आंदोलन का नेता बनाया जा सके। यह स्तर 14 का पद होगा जिसका वेतन 1,44,200-2,18,200 है। उनकी तैनाती आंदोलनकारी किसानों में सरकार का पक्ष रखने के लिए नहीं होगी। वे न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी निर्धारित करने में योगदान करेंगे जो सरकार वर्तमान समय में 24 कृषि उत्पादों पर देती है जिनमें धान, गेंहू व मोटे अनाज शामिल हैं।

अनेक वर्षों से कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की समिति में दो अनाधिकारिक सदस्यों की जगह खाली है। शायद यह अनेक ऐसे संस्थानों की तरह है जहां सालों से प्रमुख पद खाली हैं या उनको वरिष्ठ नौकरशाहों को अतिरिक्त चार्ज के रूप में दिया गया है। इस लेखक ने हाल ही में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 350बी के अंतर्गत बने आरटीआई कानून, 2005 में एक प्रार्थना से जानकारी प्राप्त की थी कि फरवरी, 2016 से भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त का पद खाली है। इसके परिणामस्वरूप यह आयोग पिछले चार साल में संसद में अपनी गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट नहीं पेश कर सका है। सीएसीपी में दो स्थानों को भरने के लिए विज्ञापन दिए गए हैं। किसानों के लिए ये दो पद फरवरी, 2018 से खाली हैं। लेकिन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने पिछले महीने ही इनकी घोषणा की है।

मोदी सरकार को इस बात का श्रेय अवश्य ही दिया जाना चाहिए कि उसने पद पर आने के बाद से अधिकांश कृषि उत्पादों की कीमतों में यथासंभव काफी वृद्धि की है। लेकिन शायद उसने किसान समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले दो अनाधिकारिक सदस्यों की नियुक्ति ठीक नहीं समझी जो सीएसीपी में अभी भी खाली पड़े हैं। संभवत: यह तीन नए कृषि सुधार कानूनों के पीछे की सोच का कारण है। उनको 5 जून को एक अध्यादेश के माध्यम से लाया गया था। इस बात के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं कि यह निर्णय लेने से पहले केंद्र सरकार द्वारा इनके लिए राज्य सरकारों, किसान संगठनों, कृषि अर्थशास्त्रियों व अन्य संबंधित पक्षों से कोई विचार-विमर्श हुआ था। हालांकि, विचार-विमर्श लंबी प्रक्रिया है, पर स्थाई परिणाम पाने का कोई शार्टकट नहीं होता है। वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी पर वित्त मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों को शामिल करने वाली जीएसटी परिषद के माध्यम से सहमति बनाई गई थी। हालांकि, कृषि सुधारों की बहुत आवश्यकता है, पर सारे काम सर्जिकल स्ट्राइक की तरह नहीं हो सकते हैं। सरकार को 2017 में माडल एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टाक मार्केटिंग-एपीएलएम एक्ट व माडल एग्रीकल्चर प्रोड्यूस एंड लाइवस्टाक कंट्रैक्ट फार्मिंग एक्ट, 2018 पर राज्यों की सहमति बनाने में सफलता नहीं मिली, इसलिए गतिरोध तोड़ने के लिए तीन कृषि कानून लाए गए।

हालांकि, मोदी सरकार ने किसानों के कल्याण हेतु अनेक कदम उठाए हैं, पर वे आंदोलन के शोर-शराबे में दु:खद रूप से दब गए हैं। यदि सरकार ने पहले विचार-विमर्श का रास्ता अपनाया होता तो वह लाभकारी मूल्य के मुद्दे पर कुछ राष्ट्रीय कृषि लक्ष्य प्राप्त कर सकती थी। इन लक्ष्यों की पहचान फसलों की विविधता, खेती में रसायनों का प्रयोग घटाना, जल संरक्षण, खरीद में क्षेत्रीय असंतुलन घटाना, एपीएमसी कानून में सुधार, ईनाम का लाभ उठाने के लिए किसानों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना तथा व्यापार व उद्योग की शर्तों में सुधार शामिल हैं। इससे सरकार वर्तमान समय में व्याप्त आशंकाओं के बजाय मजबूत विश्वास प्राप्त कर सकती थी। वह किसानों को अपने मिशन में सहयोगी बना सकती थी। लेकिन वर्तमान समय में सरकार आयोग की रिपोर्ट पेश करने से हिचक रही है। किसानों की आय दूनी करने पर आईएएस अशोक दलवाई की अध्यक्षता में गठित आयोग की 14 खंडों में जारी रिपोर्ट सरकार के विमर्श में शामिल नहीं है। इसकी व्याख्या होनी चाहिए।

**सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार और किसान संगठनों के प्रतिनिधित्व वाली एक समिति का प्रस्ताव किया है। किसान आंदोलन को समाप्त करने का अच्छा रास्ता कानूनों को वापस लेकर इनको पुन: नए रूप में लागू करना है। केवल तीन कृषि कानूनों की वापसी से किसान खुश हो सकते हैं। इनमें खासकर किसान उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन कानून, 2020 तथा मूल्य आश्वासन व कृषि सेवाओं पर किसान सशक्तीकरण व संरक्षण समझौता कानून, 2020 शामिल हैं।**

किसानों को भय है कि एमएसपी वापस हो सकता है और वे इसकी विधिक गारंटी चाहते हैं। सच्चाई यह है कि एमएसपी की कभी विधिक परिभाषा ही नहीं रही है। हर मार्केटिंग सीजन में एमएसपी की संस्तुति करने वाला सीएसीपी आयोग एक कार्यकारी संस्था है। यह भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई के साथ पैदा एक जुड़वां संस्था है। एफसीआई की स्थापना फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया एक्ट, 1964 के अंतर्गत की गई थी और इसी दिन सीएसीपी का गठन भी हुआ था। खरीफऔर रबी मार्केटिंग सीजनों में अनाज खरीदे बिना सरकार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली-टीपीडीएस को संचालित करने तथा समन्वित बाल विकास सेवाओं-आईसीडीएस योजना व लंबे समय से जारी मिड डे मील योजना के लिए आबंटन में सफल नहीं होगी। इन तीन योजनाओं की गारंटी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए, 2013 में की गई थी। टीडीपीएस योजना 24 लाख राशन कार्ड धारकों के माध्यम से 80 करोड़ लोगों तक पहुंचती है। टीडीपीएस के प्रति सरकार की गंभीरता के बिना 'एक देश एक राशन कार्ड' परियोजना क्रियान्वित करना असंभव था। इस प्रकार एफसीआई एक्ट, 1964 व एनएफएसए 1963 बने रहने तक किसानों को एमएसपी समाप्त होने का कोई भय नहीं होना चाहिए जिसे वास्तव में पिछले 6 साल में काफी बढ़ाया गया है।

लेकिन एमएसपी-उन्मुख चावल-गेंहूं की कृषि संस्कृति ने आर्थिक समृद्धि पैदा करने के साथ ही पंजाब में संकट भी पैदा किया है। पंजाब अपनी कृषि में विविधता से डरता है। पंजाब कृषि विभाग की वेबसाइट के अनुसार राज्य की 75 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है। यह राष्ट्रीय औसत से अधिक है और इससे औद्योगीकरण को धक्का लगा है। 1970 के दशकारंभ से धान की खेती ने भूमिगत जल का भयानक दोहन किया है तथा रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी को जहरीली बना दिया है। पानी पंजाब में बड़ा मुद्दा है और इसी कारण पिछले चालीस साल से सतलज-यमुना लिंक बेकार पड़ा है। पंजाब अपने द्वारा पैदा धान के माध्यम से हर साल भारी मात्रा में पानी का निर्यात करता है। यह भी चिन्ता का विषय है कि पंजाब के धान और गेंहूं में रसायनों की मात्रा सर्वाधिक होती है। सरकार फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे सकती है जिसमें दालें व तिलहन शामिल हैं जो एमएसपी के माध्यम से ज्यादा मुनाफा दे सकते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार और किसान संगठनों के प्रतिनिधित्व वाली एक समिति का प्रस्ताव किया है जो उम्मीदें जगाता है। किसान आंदोलन को समाप्त करने का अच्छा रास्ता कानूनों को वापस लेकर इनको पुन: नए रूप में लागू करना है। केवल तीन कृषि कानूनों की वापसी से किसान खुश हो सकते हैं। इनमें खासकर किसान उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन कानून, 2020 तथा मूल्य आश्वासन व कृषि सेवाओं पर किसान सशक्तीकरण व संरक्षण समझौता कानून, 2020 शामिल हैं। लेकिन कृषि मार्केटिंग में बहु प्रतीक्षित सुधार को बिना भावी रोडमैप के नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

# सुनि अस ब्याह सगुना सब नाचे, अब कीन्हे बिरंचि हम सांचे

**● एहि विधि कीन्ह बरात पयाना, हय गय गाजहिं होने निसाना**

**● अयोध्या में गाजे बाजे हाथी घोड़े के साथ निकली प्रभु श्रीराम की बारात**

**● बारात में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, देर रात संपन्न हुआ प्रभु श्री राम का विवाह**

संवाददाता। अयोध्या

**सुनि अस** ब्याह सगुन सब नाचे। अब कीन्हे बिरंचि हम सांचे।। एहि विधि कीन्ह बरात पराना। हय गय गाजहिं हने निसाना।। प्रभु श्री राम के विवाह को सुनकर पूरे अयोध्यावासी नाचने लगे हाथी घोड़े नगाड़ों की गर्जना के साथ राजा दशरथ ने अयोध्या से मिथिला के लिए बरात का प्रस्थान किया। अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को प्रभु श्री राम का विवाह माता किशोरी से त्रेता युग में हुआ था। उसी तिथि पर त्रेता युग से अयोध्या में भगवान सीताराम के भव्य विवाह का आयोजन किया जाता है। विवाह महोत्सव पर अयोध्या के प्रत्येक मंदिर को सजाया गया है हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ भगवान की भव्य बारात निकाली है बारात वापस आने पर द्वारपूजा हुईए उनके बाद भगवान श्री राम और माता जानकी का भव्य विवाह सम्पन्न हुआ। अयोध्या नगरी की यह अनुपम छटा देखने भारत से ही नहीं विदेश से भी लोग आते है। श्री राम विवाहोत्सव बारात श्रद्धाकर्षण का केन्द्र बनी है, बारात की भव्यता को देखने के लिए देश.विदेश से लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम के भव्य बारात महोत्सव में शामिल होकर पुण्य कमा रहे है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मार्गशीर्ष अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि पर श्रीराम विवाहोत्सव का आयोजन परंपराओं का अनुपालन करते हुए 19 दिसंबर शनिवार को शाम होते ही अयोध्या के मठ.मंदिरों से भगवान श्रीराम की भव्य बारात गाजे.बाजे व हाथी.घोड़ों के साथ निकाली गई। चक्रवर्ती महाराज श्री दशरथ जी का राजमहल बड़ी जगह से बैंड बाजेए हाथी, घोड़े के साथ दिव्य.भव्य, अलौकिक रथ पर निकली रामबारात श्रद्धालुओं, भक्तों की श्रद्धा एवं आकर्षण का केन्द्र बनी रही। दूल्हा स्वरूप में भगवान के विग्रह जहां एक रथ पर विराजमान रहे वहीं दूसरे रथ पर श्रीराम चारों भाईयों के स्वरूप



दूल्हा सरकार के रूप में विराजमान रहे। मंदिर से बारात प्रस्थान होने के पूर्व विग्रह एवं भगवान के स्वरूपों की भव्य आरती, पूजन, प्रसाद वितरण किया गया। बिन्दुगाद्याचार्य पूज्यपाद स्वामी श्री देवेन्द्रप्रसादाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीराम चारों भाईयों के स्वरूपों को पुष्पहार अर्पित एवं आरती कर धूमधाम से बाजे गाजे के साथ श्रीरामबारात ने प्रस्थान किया। श्रीरामबारात में हजारों की संख्या में संत.महांत भक्त झूमतेए नाचतेए जयश्रीराम का उद्घोष करते हुये बारात में शामिल हुये। बैंड बाजेए विद्युत सजावटों के मध्य चल रही रामबारात का मार्ग में जगह जगह, आरती, पूजन, पुष्पवर्षा, प्रसाद वितरण होता रहा और नगर भ्रमण के बारात वापस दशरथ राजमहल मंदिर पहुंची जहां धूमधाम से विधिपूर्वक श्रीराम चारों भाईयों का शुभ विवाह संपादित हुआ। विवाह उत्सव कार्यक्रम के संयोजन के रूप में संत राम भूषण दास कृपालुजी महाराज उपस्थित रहे और विवाह उत्सव में आए सभी संतों का स्वागत किया।

किशोरी जी को पुत्री के रूप में मानने वाले जानकी महल ट्रस्ट से प्रभु श्री राम की हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ भव्य बारात निकाली गई। जानकी महल से निकलकर श्रृंगार हाट हनुमानगढ़ी होते हुए नगर भ्रमण के बाद बारात जानकी पहुंची वहां बारातियों का भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत प्रभु श्री राम का द्वार पूजन हुआए उसके बाद माता जानकी प्रभु श्री राम जी का भव्य विवाह महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि हमारे यहां विवाह उत्सव 16 दिसंबर से प्रारंभ हो गया था जिसमें देश के कोने कोने से प्रभु श्री राम माता जानकी का विवाह देखने के लिए श्रद्धालुओं आए हैं उन्होंने प्रभु श्री रामा माता जानकी के भव्य विवाह उत्सव में शामिल होकर अपने आपको धन्य मान रहे है।अयोध्या में बिहुति भवन में प्रभु श्री राम का विवाह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है वैसे तो अगहन मास के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को प्रभु राम जी का भव्य विवाह उत्सव होता है लेकिन इस मंदिर में साल के कुछ पंचमी को छोड़कर बाकी सभी प्रभु का विवाह मनाया जाता है। कौशल्या जी माता जानकी को कनक भवन मुंह दिखाई में दिया था ऐसी मान्यता है कनक भवन से प्रभु श्री राम की भव्य बारात निकाली गई जिसकी अलौकिक छटा देखते ही बनती थी ढोल नगाड़े हाथी घोड़ों के साथ यह बारात अयोध्या में नगर भ्रमण के बाद वापस कनक भवन पहुंची तदुपरांत प्रभु श्री राम का विवाह संपन्न हुआ।

राम कोट स्थिति रंगमहल मंदिर से मण्ग्रामशरण दास जी महाराज के निर्देशन में निकली दिव्य.भव्य रामबारात श्रद्धाकर्षण का केन्द्र रही। हाथीए घोड़ेए बैंडबाजा के साथ मंदिर परिसर से रामबारात निकली तो भक्तों का उत्साह प्रत्यक्षदर्शित हो उठा। जगह.जगह राम बारात का श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रंगमहल के महंत रामशरण दास ने बताया की अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को प्रभु श्री राम का विवाह त्रेता युग में हुआ था हम अयोध्यावासी उसी तिथि पर भगवान श्री राम का भव्य विवाह का आयोजन करते हैं। हाथी घोड़ा बैंड बाजा से सुसज्जित बारात में प्रभु श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की जोड़ी देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर रंगमहल के पुजारी साकेत दास सहित सैकड़ों संत महंत एवं गढ़ बारात एवं भगवान के विवाह में सम्मिलित हुए। सिद्ध पीठ राम हर्षण कुंज सहित 10 स्थानों से प्रभु श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। वही राम विवाह के अवसर पर लक्ष्मण किला में मैथिली रमण शरण जी महाराज के नेतृत्व में भगवान का भव्य विवाह उत्सव मनाया गया। मणिराम दास छावनी में महंत नृत्य गोपाल दास के संरक्षण में विवाह उत्सव मनाया गया। सिद्ध पीठ राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर के अधिकारी राजकुमार दास के संयोजन में ठाकुरजी का विवाह संपन्न हुआ। विवाह महोत्सव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालुओं का उत्साह काम नहीं था और सभी बारात में कोविड.19 का भी पालन किया जा रहा था।

# अर्चना दुबे विश्व संवाद परिषद की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**विश्व संवाद** परिषद ने योग प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में ढाई दशक से सक्रिय प्रोफेसर डा अर्चना दुबे की सक्रियता और कार्य को देखते हुए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। विश्व संवाद परिषद के अंतराष्ट्रीय शांतिदूत श्याम पचौरी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है की वह योग प्राकृतिक एवं अन्य चिकित्सीय सेवाएं परामर्श प्रशिक्षण के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्य में अपना श्रेष्ठतम योगदान देते रहेंगे। प्रोफेसर अर्चना दुबे ने आश्वस्त किया है कि वह उत्तर प्रदेश में संयोजकों और जिला कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति कर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा व एक्यूप्रेशर को जन जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रोफेसर डा अर्चना दुबे की नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य डा रमेश चन्द्रा राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डा नवीन सिंह प्रोफेसर डा सिया प्रताप सिंह एक्यूप्रेशर संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर डा जेपी अग्रवाल इंजीनियर जयपाल प्रोफेसर ए के शुक्ला डॉक्टर कृतिका अग्रवाल डॉक्टर अनिल वसीरेड्डी डॉक्टर अंतिम जैन डॉक्टर प्रोफ़ेसर सरस्वती काला डॉक्टर पूजा कसेरा डॉ शहरोज रिजवी सिद्धार्थ चौधरी प्रसून पांडेय नमिता प्रजापति उर्वशी उपाध्याय आदि ने प्रसन्नता व्यक्ति की है।

# भारत की संस्कृति सबसे समृद्धः शिव प्रताप

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की ओर से दो दिवसीय मंथन कार्यक्रम का आयोजन नेपाल क्लब में आयोजित किया गया। उद्घघाटन सत्र में आधुनिक विश्व मे सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व वित्त राज्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि भारत की संस्कृति सबसे समृद्ध है। इतिहासकारों ने भारतीय संस्कृति को भुला दिया था। भारतीय संस्कृति विश्वव्यापी है। आज भारतीय संस्कृति का पूरा विश्व लोहा मान रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता से जुड़े कुछ इतिहासकारों ने भारतीय संस्कृति को विदेशियों से ज्यादा नुकसान पहुँचाया,



लेकिन अब समय बदल गया है। परिस्थितियां बदल रही हैं पूरी दुनिया भारत की तरफदेख रही है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का व्यापक असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है।

बतौर मुख्य वक्ता भारतीय इतिहास लेखन के सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ही राम और भरत के उदाहरण मिलते हैं। आज भी श्रीलंका की पहचान रावण से नहीं बल्कि राम से होती है। वहां के लोग राम को मानते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में समय की बहुत महत्ता है। क्योंकि यहां समय की गणना पल से होती है। भारत ने वैदिक काल से विश्व को बहुत कुछ दिया है । उन्होंने कहा कि कोई भी संगोष्ठी आत्मश्लाघा के लिए नहीं होती है बल्कि किसी मामले को निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए होती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 3 दर्जन से अधिक देशों में भारतीय संस्कृति का प्रभाव साफ दिखाई देता है। विशिष्ट अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के डॉ. रत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि समाज में परिणाम पाने के लिए संवाद जरूरी है। हम आधुनिक हो जाएं तो वैदिक हो जाएंगे भारत की संस्कृति हमेशा समृद्ध रही है। आज के समय में हमें अपनी संस्कृति के बारे में जानना जरूरी है हमें किसी भी विदेशी विचारक की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी बात पूजी और पूंजीवाद से शुरू की।

# विधायक ने बांटे स्वेटर, बच्चे हुए खुश

**फ्तेहपुर चौरासी उन्नाव।** विकासखंड फ्तेहपुर 84 के उच्च प्राथमिक विद्यालय बारी थाना में आज विधायक सफीपुर बंबा लाल दिवाकर और बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा छात्रों को स्वेटर वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रो मन लगाकर मेहनत से पढ़ने हेतु प्रेरित किया। विधायक से स्वेटर पाकर बच्चे बहुत खुश हुये। कार्यक्रम में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा कोविड-19 के दौरान ई पाठशाला संचालन संबंधी विभाग के विभिन्न आयामों के संबंध में छात्रों तथा उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर



पर विद्यालय से मार्च 20 में सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक मोहम्मद नसीम खान को सम्मान पूर्वक विदाई भी दी गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत बारी थाना के प्रधान प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, विद्यालय स्टाफ सहित बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## मिशन प्रेरणा पर आधारित समीक्षा बैठक आयोजित

**बांगरमऊ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र नसिरापुर में आज खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कटियार की अध्यक्षता में मिशन प्रेरणा पर आधारित मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमे सभी शिक्षक संकुल, प्रधानाध्यापक एवं एआरपी शामिल हुए। बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षक संकुल एवं संकुल स्तर पर होने वाली बैठको तथा डीसीएफ भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रत्येक एआरपी को प्रतिमाह 30 सुपर विजन एवं पांच संकुल बैठको में प्रतिभाग करना अनिवार्य है। रीड अलांग एप एवं दीक्षा एप अधिक से अधिक अभिभावकों को डाउनलोड करने के लिए शिक्षक संकुल को निर्देशित किया गया। प्रत्येक विद्यालय की सभी कक्षाओं में प्रेरणा लक्ष्य व प्रेरणा सूची एवं प्रेरणा तालिका अनिवार्य रूप से चस्पा करने का निर्देश दिया। बैठक में सेविना दीक्षित, विनीता पाण्डेय व सादाब आलम आदि प्रधान शिक्षक शामिल हुए।

# नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र में दर्जनों ग्राम सभाओं में सांसद ने किया विकास योजनाओं का लोकार्पण

**नवाबगंज उन्नाव।** विकास खंड नवाबगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह की अध्यक्षता में सांसद डॉ हरि साक्षी महाराज व क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत ने नव निर्मित भवन व विभिन्न विकास कार्यो में दर्जनों विकास कार्यो का लोकार्पण कर जनसामान्य को समर्पित किया।

विकास खंड के ग्राम पंचायत भैसौरा में साधन सहकारी समिति के नवनिर्मित भवन व अन्य विकास कार्यो का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह की अध्यक्षता में सांसद साक्षी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत, विधायक ब्रजेश रावत के द्वारा किया गया। इसके पहले सांसद साक्षी महाराज ने आसाखेड़ा ग्राम पंचायत के बाबाखेड़ा में नवनिर्मित आगनवाडी केंद्र व



दर्जनों सी सी सड़क तथा नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण कर ग्राम पंचायत के जनसामान्य को समर्पित किया। ग्रामीणों ने प्रधान तकदीर अली व अभयेन्द्र सिंह की अगुवाई में गर्मजोशी के साथ सांसद साक्षी महाराज, विधायक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह व सम्मानित अतिथियों का पुष्प वर्षा कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने कहा कि विकासखण्ड नवाबगंज पहले भ्रष्ट विकासखण्ड के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज विकासखण्ड में कोई भी अधिकारी व कर्मचारी किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार की धन उगाही नही कर सकता। साथ ही कहा अगर फ्रि भी कोई किसी भी व्यक्ति से किसी सरकारी योजनाओं में धन की मांग करता है तो हमको अवगत कराये हम स्वयं उसको जेल भेजवाने का कार्य करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड के गोरिन्दा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित शुलभ शौचायल व ग्राम पंचायत स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र द्विवेदी, प्रधान राम अवध सिंह, प्रधान उदयभान सिंह, प्रधान सैयद अली, प्रधान गिरजाशंकर यादव, प्रधान राजीव यादव, प्रधान रूपचंद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने अस्थायी रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**कल देर** रात जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर में बनाए गए अस्थाई रैन बसेरा एवं क्षेत्र के समस्त तिराहे, चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर जलवाए जा रहे अलाव का निरीक्षण किया गया।

जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र में रात्रि भ्रमण कर सड़कों पर गुजारा करने वालों के लिए बनवाए गए रैन बसेरा का गहन निरीक्षण किया और रैन बसेरों में रहने वालों से सुविधाओं के बारे में




जानकारी हासिल किए इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पूरे नगर का भ्रमण करके चौराहों , तिराहा व सार्वजनिक स्थलों पर जाकर निरीक्षण किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का मातहतों को निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन

**● मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तीन दिनों से तैयारी में जुटा कृषि विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन**

**● जिलाधिकारी ने सीडीओ एवं कुलपति के साथ मेला स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा**

**● स्वास्थ्य विभाग विश्वविद्यालय परिसर में कैंप लगाकर कर रहा कोरोना जांच**

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय किसान मेले की तैयारियों मैं विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी की तैयारियां युद्ध स्तर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं जिला प्रशासन की देख रेख में हो चुकी हैं। जिले के प्रशासनिक अधिकारी परिसर में सुरक्षा एवं कार्यक्रम स्थल को फाइनल टच देने में जुटे हैं।विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सिंह ने विश्व विद्यालय के समस्त अधिकारियों] कर्मचारियों की कमेटी बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य का बंटवारा भी कर दिया है। विश्विद्यालय के समस्त विभागोंए शोध प्रक्षेत्रो के श्रमिक एवं संसाधनों को मेले की साफ.सफाई आदि कार्यों में लगा दिया गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार के साथ विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। उन्होंने किसान मेला स्थल पर लगने वाली कृषि प्रदर्शनी के स्टालों का निरीक्षण किया तथा किसान गोष्ठी को लेकर तैयार किए जा रहे मंच को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी मातहतों के लिए। कृषि प्रदर्शनी में लगाए जा रहे स्टालों एवं



मुख्यमंत्री के गोष्ठी हेतु तैयार किए गए पांडाल एवं मंच कभी सैनिटाइजेशन प्रशासन द्वारा कराया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन भी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई चूक न हो पूरी तरह से जुटा हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी हर बिंदुओं की गहन समीक्षा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कोविड.19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कुलपति के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय में ही कैंप लगाकर कोरोना की जांच कराई गई है जहां सभी अधिष्ठाता विश्वविद्यालय के कई संकाय के विभागाध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव भी आ चुकी है। किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यवस्था के भी चाक.चौबंद इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। मेला स्थल को जाने वाले सभी मार्गों को पूरी तरह से बैरिकेडिंग करते हुए सशस्त्र सुरक्षा बलों के हवाले के किए जाने की व्यवस्था पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज नीरज सिंह थाने की पुलिस फोर्स के साथ प्रस्तावित कृषि प्रदर्शन एवं किसान मेला स्थल पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था को फाइनल टच देने में जुटे हैं। कार्यक्रम के 1 दिन पूर्व ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों एवं पुलिस के कर्मियों को ड्यूटी पत्र भी वितरित कर दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### एडवोकेट प्रोटेक्शन कानून बनाने की मांग पर जनहित याचिका दायर

**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने की मांग में इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गयी है। जनहित याचिका दायर करने वाली अधिवक्ता सुनीता शर्मा एवं तृप्ति वर्मा के अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव एवं अभिजीत सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में अधिवक्ताओं एवं उनके परिवार के विरूद्ध लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस इस रोकथाम के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पा रही है। जबकि अधिवक्ता संगठनों एवं उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने अनेक बार राज्य सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन कानून बनाने की माग की है। मांग को अनसुना करने पर रोष भी व्यक्त किया है। बताया कि शीतकालीन अवकाश के बाद जनवरी के प्रथम सप्ताह में जनहित याचिका पर सुनवाई की संभावना है। याचिका में विधि एवं न्याय मंत्रालय केंद्र सरकार प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय विभाग उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है।

### सड़क निर्माण के लिए किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** वाराणसी पांडेपुर हुकूलगंज खस्ताहाल सड़क की मरम्मतीकरण की मांग को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय लोगों ने प्रदर्शन किया। तिराहे से दुर्गा मंदिर तक तीन स्थानो पर महीनों से पेयजल पाइप फ्टा है इससे निकलने वाले पानी से सड़क में जगह जगह बड़े गढ़ढे बन गए हैं जिसके चलते यहां से आने जाने वालों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पाइप फ्टा होने के कारण यहां रोज हजारों लीटर पानी बह रहा है। इसके चलते हुकुलगंज में लोग जलापुर्ति के लए परेशान हैं। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक यहां फ्टे पाईप के चलते सड़क पर कई जगह बड़े बड़े गढढे हो गए हैं। जिसके कारण इधर से गुजरने वाले राहगीर घायल हो जाते हैं। क्षेत्रीय पार्षद बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव ने शनिवार को क्षेत्रीय लोगों के साथ प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय पार्षद के मुताबिक नगर आयुक्त गौरांग राठी ने फोन पर सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में पार्षद बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव, शिव शंकर यादव, संतोष सेठ, नीरज सोनकर, सुनील कुमार सौरव ,मनोज यादव, मोहम्मद आसिफ, असलम मौजूद रहे।

### सनबीम कॉलेज भगवानपुर में स्वागत समारोह

**वाराणसी ।** सनबीम कॉलेज भगवानपुर में नवागात छात्रों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात कॉलेज की छात्राओं द्वारा विभिन्न रिकार्डेड नृत्य विडियो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर विभिन्न श्रेणी में अलग अवार्ड प्रदान किया गया। सहायक निदेशिका प्रतिमा गुप्ता ने छात्राओं को आगे जीवन में आने वाली चुनौतियों से संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यकारी निदेशक हर्ष मधोक ने छात्राओं के सफ्ल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष डॉ दीपक मधोक एवं निदेशिका डॉ भारती मधोक ने वर्चुअल तालियों के बीच यस्वी यादव को मिस डैशिंग एवं श्रुति तिवारी को मिस प्रेशर की उपाधि प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को स्वर्णिम एवम उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ विभा श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में सभी नवागंतुक छात्राओं को अकैडमिक शिक्षा के साथ -साथ अन्य सामाजिक कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्रशासिका डा. मधुलिका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### बरेका में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह सम्पन्न

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना विद्युत विभाग के तत्वावधान में आयोजित ऊर्जा संरक्षण सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजनों के साथ सम्पन्न हो गया। ऊर्जा संरक्षण से संबंधित एक लघु नाटक के आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अंजली गोयल ने भारतीय रेल में ऊर्जा संरक्षण के इतिहास एवं औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊर्जा के बिना हमारा सतत् विकास संभव नहीं है। ऊर्जा का दोहन पर्यावरण में असंतुलन पैदा करता है। अतः हमें इनके अनावश्यक दोहन को रोकना होगा। महाप्रबंधक ने बरेका में विद्युत विभाग द्वारा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में ग्रिड ऊर्जा की खपत में 26ः की कमी आई तथा बरेका आज आधुनिक तकनीकी से लैस थ्री फेज विद्युत इंजनों का उत?पादन कर रहा है जो? कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत?वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदया ने ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विद्युत इंजीनियर सर्विस एवं प्रगति एमके गु?ता ने बरेका में ऊर्जा संरक्षण स?ताह के दौरान हुए कार्यक्रमों के विषय में विस?तार से बताते हुए बरेका की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं उन?होंने कहा कि ऊर्जा बचाना ही ऊर्जा पैदा करना है। धन्यवाद ज्ञापन उप मुख?य विद्युत इंजीनियर अनुरक्षण केएम सिंह ने किया।

### पुष्कर तलाब पर सीआरपीएफ व खिलाड़ियों ने किया श्रमदान

**वाराणसी।** जिला ताइक्कांडो संघ वाराणसी द्वारा आज पुष्कर तालाब के सफाई अभियान में सीआरपीएफ टीम का सहयोग किया गया। संघ के सचिव सत्य वर्धन सिंह ने बताया की 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की ओर से किए गए आहवान पर संघ के सदस्यों ने यहां श्रमदान किया। पुष्कर तलाब पर श्रमदान के सातवें दिन बड़ी संख्या में छात्र व स्वयं सेवक इस अभियान में जुटे थे। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के आहवान पर पहुंचे ताईक्कांडो संघ के सदस्यों ने कहा की जब देश के जवान अपनी डुयटी पूरी कर 2 घंटे सफाई अभियान के लिए दे सकते है तो हम खिलाड़ी क्यों नहीं दे सकते? 95 बटालियन के कमांडेंट नरेंद्र पाल से प्रेरीत हो कर खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को जागरूक व प्रेरित कर इस मुहीम मे उनको सहयोग करने के लिए कहा गया और सभी लोग बहुत उत्साह से इसमें शामिल हुए। संघ के इस कार्य को विधयाक सौरभ श्रीवास्तव ने सराहना की। इस अवसर पर कमांडेंट नरेंद्र पाल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्बोधित किया। श्रमदान में आशीष राय, रंजय तिवारी, रजत मिश्र आदि शामिल रहे।

### कड़ाके की ठंड में सड़क पर घूमे एसडीएम

**अम्बेडकरनगर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए उप जिलाधिकारी द्वारा नगर में रैन बसेरा, अलाव व्यवस्था की जांच का सिलसिला लगातार जारी है। इसके साथ ही वह जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम शुक्रवार की रात एक बार फ्रि सड़क पर निकले



। उन्होंने पटेल नगर तिराहा , जिला अस्पताल, बस स्टेशन, पुराना तहसील तिराहा ,पहितीपुर तिराहा, फौव्वारा तिराहा समेत अन्य स्थानों पर पहुंचकव व्यवस्था देखी । सभी स्थानों पर नगर पालिका द्वारा जलाया गया अलाव जलता हुआ पाया गया । जिला अस्पताल में पहुंचे उप जिलाधिकारी ने कई जरूरत मन्दो में कंबल वितरित किया । इसके अलावा बस स्टेशन तथा पुरानी तहसील तिराहे पर भी उन्होंने अलाव सेंक रहे कुछ जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया। उप जिला अधिकारी ने बताया कि ठंड के प्रकोप में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा राजस्व कर्मियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में हर संभव व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं की भागीदारी के बगैर देश का विकास संभव नहीं: श्रीकांत

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मऊ में आज मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बगैर प्रदेश और देश के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जिस देश की महिलाएं सशक्त होंगी, वही देश विश्व में अग्रणी भूमिका निभाएगा। मिशन शक्ति कार्यक्रम में विधायक श्री कटियार ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की भाजपा सरकार के प्रयास से ही आज महिलाएं जहां देश की सीमा की रक्षा कर रही हैं। वही लड़ाकू हवाई जहाज चला रही हैं। आज सैकड़ों महिलाएं आईएएस और आईपीएस बन कर जिलों की कमान संभाले हुए हैं। यही नहीं बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से महिलाएं किसी भी मामले में कम नहीं है। उन्होंने बालिकाओं की ओर इंगित करते हुए



कहा कि बालिकाएं निर्भय बने और अपनी सुरक्षा व सम्मान तथा स्वाभिमान के साथ कतई समझौता न करें। उन्होंने विद्यालय और कक्षों की साज-सज्जा तथा रंग रोगन को देखकर विद्यालय के शिक्षकों की जमकर सराहना की। विधायक श्री कटियार से विद्यालय की बेनजीर, तान्या, अलशिफा व सेजल आदि छात्राओं ने बालिका सुरक्षा पर कई प्रश्न पूछे। इस पर श्री कटियार ने सभी बालिकाओं को सटीक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत करी। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अपर्णा ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेतु डायल 1090 की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान शिक्षिका ने जागरूक अभिभावकों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में मोहम्मद कलीम, रितेश कुमार व सुरेंद्र सिंह आदि शिक्षक शामिल हुए।

# शाह ने बंगाल में एक किसान के घर किया भोजन

**भाषा।** मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल)


मेदिनीपुर के बेलीजुरी गांव में झुनू सिंह और सनातन सिंह के घर में भोजन करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य नेतागण

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले किसानों के साथ संबंध मजबूत करने के प्रयासों के तहत शनिवार को पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक किसान के घर पर दोपहर भोजन किया। शाह का यह कदम तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

शाह राज्य में भाजपा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। शाह शनिवार को यहां पहुंचे और एक स्थानीय मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री सनातन सिंह के बलिझुरी स्थित आवास गए और वहां उनके मकान की फर्श पर बैठकर दोपहर का भोजन किया। शाह के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय और प्रदेश पार्टी प्रमुख दिलीप घोष भी थे। सिंह के परिवार की महिला सदस्यों ने केले के पत्ते पर शाकाहारी बंगाली व्यंजन परोसे। शाह और अन्य मेहमानों ने टिन की छत वाले दो-मंजिला मकान के बरामदे में फर्श पर बैठकर भोजन में साक भाजा, लोऊ दाल, शुक्तो, फूलगोभी तरकारी, पोस्तो और तोक दोई खाया।

इससे पहले, सिंह की पत्नी सहित घर की महिला सदस्यों द्वारा केंद्रीय मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं का स्वागत शंख बजाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और मीडिया सदस्यों और पार्टी के अन्य नेताओं को घर के बाहर रखा गया था। इससे पहले शाह के सुरक्षाकर्मियों ने परिसर की कई बार जांच की। शाह ने नवंबर में राज्य के अपने दौरे के दौरान बांकुड़ा में एक आदिवासी भाजपा कार्यकर्ता और उत्तर 24 परगना में एक माटुआ समुदाय के सदस्य के घर पर दोपहर का भोजन किया था।

# पटरी पर आ रही अर्थव्यवस्था, आने वाले वक्त में बेहतर होगी स्थितिः अनुराग ठाकुर

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)



**केंद्रीय** वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की चोट झेलने के बाद मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) से देश की अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग सूचकांक आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था की बेहतर स्थिति की ओर इशारा करते हैं।

ठाकुर ने यहां कंपनी सचिवों के 48वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा, "कोविड-19 की आपदा के मद्देनजर नरेंद्र मोदी सरकार ने उद्योग-व्यापार जगत को प्रोत्साहन देने के लिए अलग-अलग कदम उठाए हैं। इसके बाद इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर आनी शुरू हुई है। उन्होंने अक्टूबर तथा नवंबर में एक-एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारतीय शेयर बाजार में बम्पर खरीदी और अन्य क्षेत्रों के उत्साहजनक आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा, "यह दिखाता है कि कोविड-19 संकट से उबर रही भारतीय अर्थव्यवस्था में अच्छा सुधार हुआ है और आने वाले वक्त में इसकी स्थिति बेहतर होगी।

बहरहाल, वित्त राज्य मंत्री ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या देश की अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में तकनीकी मंदी से बाहर निकल सकती है? ठाकुर ने इस प्रश्न पर कहा कि दुनिया भर के देशों ने माना है कि महामारी के संकट से निपटने की दिशा में भारत ने अच्छे कदम उठाए हैं।

दुनिया भर की एजेंसियों ने कहा है कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.5 फीसद की दर से बढ़ेगी और यह वृद्धि दर उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा होगी। वित्त राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि राजधानी दिल्ली में नए संसद भवन का निर्माण आजाद भारत के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस इमारत में 21वीं सदी के मुताबिक आधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी जिससे जन प्रतिनिधियों के लिए इस सदन में काम का बेहतर वातावरण तैयार होगा।

# भारत के आत्मसम्मान पर चोट बर्दाश्त नहींः सिंह

## ● चीन से जिस तरह हम निपटे, उससे साबित हुआ है कि देश कमजोर नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद


हैदराबाद में डिंडीगुल वायुसैनिक अड्डे पर संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**भारत** विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में विश्वास रखता है, लेकिन देश के आत्मसम्मान पर किसी भी तरह की चोट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच नौ महीने से चले आ रहे गतिरोध पर रक्षामंत्री ने शनिवार को कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद से केंद्र जिस तरह से निपटा है, उसने यह साबित हो गया है कि भारत कमजोर नहीं है।

वह सीमा पर किसी भी समझौते का उल्लंघन, आक्रामकता या एकतरफा कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। दोनों देशों की सेनाएं नौ महीने से आमने-सामने डटी है। टकराव को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत भी हो चुकी है। हैदराबाद में डिंडीगुल वायुसैनिक अड्डे पर संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चीन के रवैये ने उसके इरादों को जाहिर कर दिया, लेकिन हमने साबित किया है कि भारत कमजोर नहीं है। सिंह ने कहा कि भारत को कई देशों का समर्थन मिला है और उसकी सराहना भी हुई है। गतिरोध का हल निकालने के लिए कूटनीतिक एवं सैन्य स्तर पर हुई कई दौर की वार्ता का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हम संघर्ष नहीं, शांति चाहते हैं, लेकिन देश के आत्मसम्मान पर किसी भी तरह की चोट को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। देश किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। मौजूदा समय में युद्ध की रणनीतियों को बदलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि देश को न केवल सीमाओं और समुद्रों, बल्कि अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

# मोदी ने लोगों से कृषि सुधारों को रेखांकित करती पुस्तिका पढ़ने का किया आग्रह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्र** सरकार और किसानों के दरम्यान जारी गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोगों से कृषि सुधारों को रेखांकित करती अपनी सरकार द्वारा जारी की गई ई-पुस्तिका पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया। सरकार ने अंग्रेजी और हिंदी में, सितंबर में लाए सुधारों से फायदा उठाने वाले किसानों की सफलता को रेखांकित करती एक पुस्तिका जारी की है। प्रधानमंत्री ने पुस्तिका के हिंदी संस्करण के पृष्ठों की तस्वीरें ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, इस पुस्तिका में ग्राफिक्स और बुकलेट समेत ढेर सारी चीजें हैं, जिनके जरिए यह समझाया गया है कि हाल ही में लाए गए कृषि सुधार हमारे किसानों के लिए किस प्रकार लाभकारी हैं। ए नमो ऐप के वॉलंटियर मॉड्यूल के यॉर वॉइस और डाउनलोड सेक्शन में मिल सकते हैं। इसे पढ़ें और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

# हो सकता है भारत में कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर न आए

**भाषा।** नई दिल्ली

विशेषज्ञ



**स्वास्थ्य** विशेषज्ञों ने कहा है कि हो सकता है कि देश में कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर नहीं आए और यदि यह आती भी है तो यह पहली जितनी ताकतवर होने की संभावना नहीं है। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब देश में कोविड-19 के मामलों की संख्या एक करोड़ के पार हो गई है, हालांकि प्रतिदिन सामने आने वाले नए मामले और प्रतिदिन होने वाली मौत के मामलों में लगातार कमी आ रही है।

जानेमाने वायरोलॉजिस्ट डा. शाहिद जमील ने कहा कि भारत में प्रतिदिन सामने आने वाले मामलों में कमी देखी गई है जो बीच सितम्बर में शीर्ष स्तर पर थे। उन्होंने कहा, इस समय प्रतिदिन करीब 25 हजार मामले सामने आ रहे हैं जबकि मध्य सितम्बर में प्रतिदिन 93 हजार से अधिक मामले सामने आ रहे थे। हालांकि नवम्बर के आखिर की तरह थोड़े समय के लिए नए मामलों में वृद्धि देखी जा सकती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे नहीं लगता कि एक दूसरी लहर आएगी क्योंकि त्यौहारी मौसम (दशहरा से दिवाली) और एक राज्य के चुनाव मामलों में बिना किसी अधिक वृद्धि के संपन्न हो गए हैं। इसका कारण क्या है? दूसरे राष्ट्रीय सीरोसर्वे के अनुसार संभावित मामले पुष्ट मामलों का 16 गुणा हैं। इसके अनुसार तो भारत में अब 16 करोड़ मामले होंगे।

जमील ने कहा कि यह संभव है कि अभी तक देश में 30 से 40 करोड़ से अधिक संक्रमण के मामले हुए हों। उन्होंने कहा कि असुरक्षित और अतिसंवेदनशील लोग संक्रमित होते रहेंगे। यदि प्रतिरक्षा एक वर्ष या उससे कम समय तक रहती है, तो हमारे सामने अगले कुछ वर्षों के दौरान नियमित अंतराल पर संक्रमण के मामलों में छोटी वृद्धि देखने को मिल सकती है। अच्छा टीका इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित करेगा। कोविड-19 की संभावित दूसरी लहर के बारे में पूछे जाने पर, जानेमाने क्लीनिकल साइंटिस्ट डॉ. गगनदीप कांग ने कहा कि संक्रमण पहली बार जितना तेज नहीं होगा और संक्रमण के मामलों में वृद्धि उतनी अधिक नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह कहने के लिए एक्सपोज़र पर्याप्त है कि हमारे पास सामूहिक प्रतिरक्षा है और इसके बारे में फिर से चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि यह सुनिश्चित करना पर्याप्त हो कि हमारे पास कुछ स्तर की सुरक्षा रहे ताकि संक्रमण का प्रसार वैसा नहीं हो जैसा कि पहली बार देखा गया था। संक्रमण के मामलों में वृद्धि भी उतनी अधिक नहीं होगी। कांग ने कहा कि समस्या दूर नहीं हुई है, यह सामूहिक प्रतिरक्षा के साथ दूर नहीं होगी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम दूसरी लहर देखेंगे जैसा कि पश्चिम में देखा गया है।

# तमिलनाडुः पोंगल के अवसर पर लोगों को उपहार और 2,500 रुपये नकद

**भाषा।** सलेम (तमिलनाडु)

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने पोंगल के अवसर पर राज्य के 2.6 करोड़ चावल राशन कार्ड धारकों के लिए शनिवार को ढाई हजार रुपए नकद और अन्य उपहार देने की घोषणा की। पोंगल राज्य में जनवरी में मनाया जाता है और इस दौरान पवित्र तमिल माह थाई में वैवाहिक समारोह तथा नए काम शुरू किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने जिले के इरुपली में कहा कि चार जनवरी 2021 से राशन की दुकानों पर नकद एवं पोंगल के उपहार वितरित किए जाएंगे। इस साल सरकार ने लोगों को एक हजार रुपए और अन्य उपहार दिया था। राशन की दुकानों पर उपहार वितरण से पहले सरकार लाभार्थियों के घर पर टोकन वितरित कर सकती है जिस पर उपहार लेने के लिए आने का समय लिखा होगा।

# आरएसएस विचारक एम जी वैद्य का निधन

**भाषा।** नागपुर



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ विचारक और संगठन के पहले प्रवक्ता माधव गोविंद वैद्य का शनिवार दोपहर को नागपुर में निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को होगा। वैद्य के परिवार ने यह जानकारी दी। उनके पौत्र विष्णु वैद्य ने बताया कि अपराह्न 3:35 बजे एक निजी अस्पताल में उनका निधन हुआ।

विष्णु वैद्य ने बताया, वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे लेकिन बाद में ठीक हो गए थे। उनका स्वास्थ्य शुक्रवार को अचानक बिगड़ गया। संगठन की स्थापना होने के करीब दो दशक बाद वैद्य आरएसएस के स्वयंसेवक बने और करीब आठ दशक तक इससे जुड़े रहे। शहर के आरएसएस समर्थित मराठी दैनिक तरुण भारत के पूर्व मुख्य संपादक वैद्य नागपुर में मोरिस कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ही 1943 में संघ के सदस्य बने। तरुण भारत के एक पूर्व संपादक ने कहा कि वैद्य आरएसएस के पहले प्रचार प्रमुख (प्रवक्ता) नियुक्त किए गए थे। उन्होंने बताया कि वैद्य संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख भी रहे। इस वर्ष जनवरी में वैद्य ने महाराष्ट्र को चार हिस्सों में विभाजित करने की मांग उठाकर विवाद खड़ा कर दिया था और इस मांग को लेकर वह विभिन्न वर्गों के निशाने पर आ गए थे। वर्धा जिले की तरोडा तहसील में जन्मे वैद्य एमए में स्वर्ण पदक विजेता थे।

उन्होंने 1949 से 1966 तक नागपुर के हिस्लोप कॉलेज में अध्यापन भी किया और इस दौरान वह आरएसएस से भी जुड़े रहे। वैद्य 1966 में तरुण भारत के संपादकीय विभाग का हिस्सा बने। वह 1978 से 1984 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के नामित सदस्य भी रहे। वैद्य ने कई किताबें लिखीं और वह करीब 25 वर्षों तक तरुण भारत में भी स्तंभ लिखते रहे। वैद्य उन चंद लोगों में शुमार रहे जो आरएसएस के शुरुआती दिनों से लेकर इसके विस्तार के साक्षी बने।

# भारत में कोरोना संक्रमितों की संख्या एक करोड़ पार

## ● देश भर में 347 और रोगियों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में करीब एक महीने के भीतर कोरोना वायरस संक्रमण के 10 लाख मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या शनिवार को एक करोड़ पार कर गई जबकि संक्रमण से उबर चुके लोगों की कुल संख्या भी बढ़कर लगभग 95.50 लाख हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख थी, जो 23 अगस्त को बढ़कर 30 लाख और पांच सितंबर को 40 से अधिक लाख हो गई।

आंकड़ों के अनुसार, 16 सितंबर को संक्रमितों की संख्या 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख से अधिक हो गई। शनिवार की सुबह आठ बजे तक जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, संक्रमितों की कुल संख्या 1,00,04,599 हो गई है। 24 घंटे के दौरान 347 रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 1,45,136 हो गई है। कोविड-19 मृत्युदर में और गिरावट आने के बाद यह 1.45 प्रतिशत रह गई है। भारत में कोविड-19 का पहला मामला 323 दिन पहले 30 जनवरी को केरल में सामने आया था जबकि 10 मार्च को कर्नाटक में संक्रमण से पहली मौत हुई थी।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद में महामारी विज्ञान एवं संचारी रोग विभाग की प्रमुख डॉक्टर समीरन पांडा से जब पूछा गया कि क्या भारत में सबसे बुरा दौर गुजर चुका है तो उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में महामारी से संबंधित आंकड़ों में कमी देखी जा रही है अन्य राज्यों में ए अस्थिर हैं। पांडा ने पीटीआई-भाषा से कहा, अधिकतर राज्यों ने प्रभावी ढंग से इस पर काबू पाया है जबकि कुछ को सतर्कता बरतने की जरूरत है। राज्यों के हालात एक दूसरे से अलग हैं। वहीं क्लीनिकल वैज्ञानिक गगनदीप कांग ने जब पूछा गया कि क्या कोविड-19 का दूसरा दौर बदतर हो सकता है तो उन्होंने कहा कि संक्रमण उस तरह नहीं फैलेगा जैसे पहले दौर में देखने को मिला था। साथ ही इस दौर की चरम अवस्था भी वैसी नहीं होगी।

दुनियाभर के कोविड-19 से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराने वाले जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय (जेएचयू) के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके लोगों की संख्या के मामले में भारत पहले पायदान पर है। दूसरे स्थान पर ब्राजील है। जेएचयू के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के बाद कोविड-19 से बुरी तरह प्रभावित देश भारत है। मृतकों के मामले में भारत, अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरे स्थान पर है। आंकड़ों के अनुसार देश में उपचाराधीन रोगियों की संख्या फिलहाल 3,08,751 है, जो कुल संक्रमितों का 3.08 प्रतिशत है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार, 19 दिसंबर तक कुल 16,00,90,514 नमूनों की जांच की जा चुकी है।


भोपाल में शनिवार को क्रिसमस त्योहार से पहले क्रिसमस ट्री और सांता क्लॉज को सजाते हुए लोग।

# पेज 1 का शेष

## शाह की...

की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि यह अच्छा है कि सड़े हुए तत्व अपने आप निकल रहे हैं। उन्होंने पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं को पार्टी के लिए भार बताया। बनर्जी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए अपने आवास पर चुनिंदा नेताओं के साथ एक आंतरिक बैठक की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बनर्जी ने तृणमूल नेताओं से कहा कि वे इससे चिंतित न हों क्योंकि राज्य के लोग उनके साथ हैं। अंदर की जानकारी रखने वालों के मुताबिक मजबूत संगठनकर्ता अधिकारी के जाने से टीएमसी को करारा झटका लगेगा क्योंकि पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर (जहां के वे रहने वाले हैं), बांकुड़ा, पुरलिया, मुर्शिदाबाद, माल्दा, बर्दवान और उत्तरी दिनाजपुर समेत कई जिलों में बड़ी संख्या में उनके समर्थक हैं।

## कृषि सुधारों...

27 साल के बाद 2047 में भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो जायेंगे। ऐसे में हमें आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जितनी जल्दी हो सके हासिल करके दिखाना है। इसके लिये उद्योग जगत को भी पूरी क्षमता, प्रतिबद्धता और साहस के साथ आगे बढ़ना है। मोदी ने विनिर्माण से लेकर कृषि और श्रम क्षेत्र में सरकार द्वारा किये गये सुधारों का जिक्र करते हुये कहा कि दुनिया में भारत को लेकर जितनी सकारात्मकता आज है इतनी पहले कभी नहीं थी। मोदी ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया की सोच बदली है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में छह माह पहले जो सुधार किये गये थे उनका लाभ किसानों को मिलने लगा है। हालांकि, इस विषय में उन्होंने आगे कुछ नहीं कहा। उल्लेखनीय है कि पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों से सैकड़ों किसान सरकार के तीन कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर डटे हैं। वह इन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि ये कानून किसानों को उद्योगपतियों का मोहताज बना देंगे। सरकार उनसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदारी करना बंद कर देगी। इसके विपरीत सरकार का कहना है कि इन कानूनों से किसानों को अपने उत्पाद कहीं भी बेचने की आजादी दी गई है। खेती के काम में निजी निवेश बढ़ेगा और किसानों की आय बढ़ेगी। मोदी ने उद्योग जगत का हर मोर्चे पर साथ मिलकर काम करने के लिये आह्वान करते हुये कहा कि आप जितनी पारदर्शिता, सहायता और बेहतरी अपने लिये सरकार से चाहते हैं उतनी ही आपको अपने संस्थानों में अपने स्तर पर महिलाओं, युवाओं और छोटे उद्योगों को मदद करनी चाहिये। उन्होंने उद्योगों से कहा कि शोध एवं विकास (आर एण्ड डी) में भी निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। अमेरिका में आर एण्ड डी में 70 प्रतिशत तक निवेश निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता है जबकि हमारे यहां इस क्षेत्र में बड़ा निवेश सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा किया जाता है। उन्होंने निजी क्षेत्र से रक्षा, कृषि, निर्माण और अंतरिक्ष सहित तमाम क्षेत्रों में शोध एवं विकास कार्यों में निवेश बढ़ाने का आह्वान किया।

## राहुल को...

रावत और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पवन बंसल के साथ खड़े चव्हाण ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए इस तरह की और भी बैठकें होंगी। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित निवास के लॉन में सोनिया के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच पांच घंटे तक मंथन हुआ। कांग्रेस की दशा और दिशा पर वरिश्ठ नेताओं के महीनों के झगड़े, विद्रोह और इस्तीफों के बाद सुलह की दिशा में यह पहला कदम रहा। पवन बंसल ने राहुल गांधी के हवाले से कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ की इच्छा के अनुसार वह पार्टी के लिए काम करने को तैयार हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बेहतर संवाद और पार्टी को खासकर बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने की जरूरत थी। बंसल ने कहा कि सोनिया गांधी द्वारा सकारात्मक चर्चा शुरू की गई। सोनिया ने कहा कि हम सभी एक बड़ा परिवार हैं। हम सभी को पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए। कांग्रेस में कोई असंतोष नहीं है। सभी पार्टी को सक्रिय करने के लिए एकजुट होकर काम करने को प्रतिबद्ध हैं। नाराजगी भरा खत लिखने वाले गुलाम नबी आजाद, शशि थरूर और आनंद शर्मा सहित असंतुष्टों ने पहली बार सोनिया और राहुल गांधी से आमने-सामने बैठ कर बात की। मालूम हो कि इस साल की शुरुआत में कांग्रेस के 23 वरिष्ठ नेताओं ने नेतृत्व की आलोचना करते हुए पार्टी में पूरी तरह बदलाव की मांग करने वाला पत्र सोनिया गांधी को भेजा था। बैठक में एके एंटनी, अशोक गहलोत और अंबिका सोनी भी मौजूद थे। बैठक के लिए सोनिया गांधी को सहमत करने में वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उत्तर प्रदेश...

सिरिंज की आवश्यकता होगी। अब तक 4.5 करोड़ सिरिंज का आवंटन कर दिया गया है। एक वैक्सीनेशन टीम द्वारा प्रतिदिन 100 लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। प्रत्येक वैक्सीनेशन टीम के साथ एक पुलिस कॉन्टेबल तथा एक होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिस व्यक्ति को टीका लगाया जाएगा उसके फोन पर टीका लगाने का समय, स्थान व दिनांक सूचित किया जाएगा। टीकाकरण के पश्चात सम्बन्धित व्यक्ति को वैक्सीनेशन सेन्टर पर 30 मिनट रुकना होगा। प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की स्टोरेज के लिए 35,000 केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रयागराज माघ...

की संभावना नहीं होनी चाहिए, जिससे यह बढ़े। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीन के रख रखाव के सम्बंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित की जा रही हैं। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को लगाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वैक्सीन के लिए तकनीकी लोगों को प्रशिक्षण देने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक वैक्सीन नहीं आती तब तक पहले से बीमार बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को संक्रमण से बचाना होगा। सबसे पहले चिकित्सकों, नर्सों, पैरा मेडिकल स्टाफ सहित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों और बुजुर्गों को वैक्सीन लगाई जायेगी। उन्होंने बताया कि वैक्सीन का अप्रूवल रेगुलेटरी अथॉरिटी द्वारा मिलने के उपरान्त प्रदेश को प्राप्त होगी। वैक्सीन के उपलब्धता के बारे में अधिकृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। जब तक वैक्सीन नहीं है तब तक सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें और सभी लोग मास्क पहनें, हाथ साबुन पानी से धोते रहें तथा लोगों से दो गज की दूरी बनाये रखें। कोविड संक्रमण से मुक्त होने के बाद भी यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो वह स्वास्थ्य विभाग की हेल्पलाइन नम्बर 18001805145 पर सम्पर्क कर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

## लक्षित आबादी...

भी इस बैठक में डिजिटल तरीके से शामिल हुए। एनसीडीसी के निदेशक डॉ. सुजीत के सिंह ने एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की कि किस प्रकार डेटा आधारित सरकारी नीतियों से भारत को महामारी पर महत्वपूर्ण नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने देश में कुल कोविड-19 इकाइयों के संबंध में भी आंकड़े पेश किए। इसके अनुसार कुल 15,359 ऐसी इकाइयां हैं जबकि 15 लाख से अधिक पृथकवास बेड, 2.70 लाख ऑक्सीजन की सुविधा वाले बेड, 80,727 आईसीयू बेड और 40,575 वेंटिलेटर मौजूद हैं। पॉल ने एक विस्तृत प्रस्तुति के जरिए जीओएम को टीकाकरण के तीन महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने महामारी पर काबू के लिए एक अहम कारक के रूप में आबादी के बीच स्वास्थ्य संबंधी आचरण के महत्व पर गौर किया।

## अभी जारी...

दर्ज किया गया। दोनों स्थानों पर पारा 2.6 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसी तरह, श्रीनगर में भी इस मौसम का सबसे न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। वहीं, हिमाचल प्रदेश के केलांग में तापमान शून्य से नीचे 12.1 डिग्री सेल्सियस पर चला गया। पंजाब और हरियाणा में भी शीतलहर तेज हुई और आदमपुर में पारा शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे तक लुढ़क गया जोकि दोनों राज्यों में सबसे कम दर्ज किया गया।

### ख्वाजा, वलीपुरम, स्पेट आईसीसी एसोसिएट सदस्य निदेशक चुने गए

**दुबई।** इमरान ख्वाजा, महिंदा वलीपुरम और नील स्पेट शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य निदेशक के रूप में चुने गए। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, एसोसिएट सदस्यों की बैठक की शर्तों के संदर्भ में मतदान को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में गुप्त तरीके से आयोजित किया गया था जिसमे सभी मतदाताओं (प्रत्एक वोटिंग एसोसिएट सदस्य और प्रत्एक क्षेत्रीय प्रतिनिधि) के मतदान थे। मतदान 14 से 18 दिसंबर 2020 तक चला।

### रीयल कश्मीर ने अपना पहला बड़ा खिताब जीता

**कोलकाता।** रीयल कश्मीर एफसी ने यहां आईएफए शील्ड के फाइनल में जॉर्ज टेलीग्राफ को 2-1 से हराकर शनिवार को अपना सबसे बड़ा खिताब जीता। इस 127 साल पुराने टूर्नामेंट के इस सत्र मे हालांकि कई बड़ी टीमों ने हिस्सा नही लिया था।

### भारत का सिरदर्द बढ़ेगा: हेजलवुड

**एडीलेड।** भारतीय टीम को टेस्ट मैच की उसके न्यूनतम स्कोर 36 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने शनिवार को कहा कि भारतीय बल्लेबाजों पर इसका मानसिक असर श्रृंखला के बाकी तीनो मैचो में रहेगा। महज 25 रन देकर पांच विकेट झटकने कर ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में आठ विकेट की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हेजलवुड ने कहा कि कप्तान विराट कोहली के पितृत्व अवकाश पर लौटने से भारत की मुश्किलें और बढ़ेंगी।

### वसीम पाकिस्तान चयनसमिति के प्रमुख नियुक्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद वसीम को 2023 विश्व कप तक अपनी चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। वह मिसबाह उल हक का स्थान लेंगे जिन्होंने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अक्टूबर में चयनसमिति का अध्यक्ष पद छोड़ दिया था। पीसीबी ने बयान में कहा कि वसीम की नियुक्ति को बोर्ड अध्यक्ष एहसान मनि की मंजूरी मिल गई है।

### शमी के कलाई में फ्रैक्चर, टेस्ट श्रृंखला से बाहर होना तय

**एडीलेड,नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का दाएं हाथ की कलाई में फ्रैक्चर के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे तीन मैचों के लिए टीम से बाहर होना तय है, जिससे मोहम्मद सिराज को पदार्पण का मौका मिल सकता है। भारत की दूसरी पारी के दौरान पैट कमिन्स की उठती हुई गेंद इस तेज गेंदबाज की कलाई पर लगी जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनके रिटायर हर्ट होने से भारतीय पारी 21.2 ओवर में महज 36 रन पर समाप्त हो गई। टेस्ट इतिहास में भारत का यह न्यूनतम स्कोर है।

# जोश-पैट ने उड़ाए टीम इंडिया के होश

- आस्ट्रेलिया से मिली करारी शिकस्त
- कंगारूओं ने पहला टेस्ट तीसरे दिन ही आठ विकेट से जीता
- श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की




**भाषा।** एडीलेड

भारतीय क्रिकेट के लिए शनिवार का दिन शर्मसार करने वाला रहा जब उसकी टीम ने टेस्ट मैचों में अपना न्यूनतम स्कोर 36 रन बनाया और आस्ट्रेलिया ने दूधिया रोशनी में खेला जा रहा पहला टेस्ट क्रिकेट मैच तीसरे दिन ही आठ विकेट से जीतकर चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1–0 से बढ़त हासिल की। पिच में कोई खराबी नहीं थी लेकिन जोश हेजलवुड (पांच ओवर में आठ रन देकर पांच विकेट) और पैट कमिन्स (10.2 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट) ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से भारतीय पारी को तहस नहस कर दिया। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में जब नौ विकेट पर 36 रन बनाए थे तब मोहम्मद शमी को चोटिल होने के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी जिससे पारी वहीं पर समाप्त हो गई। भारत का यह 88 वर्षों के टेस्ट इतिहास में न्यूनतम स्कोर है। भारत का इससे पहले न्यूनतम स्कोर 42 रन था जो उसने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स में बनाया था। टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर का रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाम पर है जिसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ आकलैंड में 26 रन बनाए थे। विराट कोहली की टीम का स्कोर टेस्ट क्रिकेट में संयुक्त पांचवां न्यूनतम स्कोर है। भारत को पहली पारी में 55 रन की बढ़त मिली थी और इस तरह से आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 90 रन का लक्ष्य मिला। शमी चोटिल होने के कारण गेंदबाजी नहीं कर पाए और आस्ट्रेलिया ने आसानी से 21 ओवर में दो विकेट पर 93 रन बनाकर दिन रात्रि टेस्ट मैचों में अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। आस्ट्रेलिया को इस जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 30 अंक मिले। उसके कप्तान टिम पेन को नाबाद 73 रन की शानदार पारी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। भारत ने लगातार तीसरा टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर गंवाया। इससे पहले इस साल के शुरू में उसने न्यूजीलैंड में तीन दिन के अंदर दो टेस्ट मैच गंवाए थे। भारत की परेशानी यहीं पर समाप्त नहीं हुई है। तेज गेंदबाज शमी की कलाई पर चोट लग गई है और वह श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। पैट कमिन्स की उठती हुई गेंद उनकी कलाई पर लगी जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इस तरह से भारतीय पारी 21.2 ओवर में समाप्त हो गई। शमी की कमी भारत को गेंदबाजी में खली। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने जहां अपनी तेजी और अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को परेशान किया वहीं भारतीय गेंदबाज पहली पारी की तरह आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर विशेष प्रभाव नहीं छोड़ पाए। आस्ट्रेलिया ने भारत के 244 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 191 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स (नाबाद 51) का फार्म में लौटना एक और अच्छी खबर रही जिन्होंने मैथ्यू वेड (33) के साथ पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े।

### टेस्ट में न्यूनतम पारी स्कोर

26 रन, न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड - आक्लैंड, 25 मार्च, 1955
30 रन, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड - पोर्ट एलिजाबेथ, 13 फरवरी, 1896
30 रन, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड - बर्मिंघम, 14 जून, 1924
35 रन, दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड - केप टाउन, एक अप्रैल, 1899
36 रन, दक्षिण अफ्रीका बनाम आस्ट्रेलिया - मेलबर्न, 12 फरवरी, 1932
36 रन, आस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड - बर्मिंघम, 29 मई, 1902
36 रन, भारत बनाम आस्ट्रेलिया - एडीलेड, 17 दिसंबर, 2020
38 रन, आयरलैंड बनाम इंग्लैंड - लार्ड्स, 24 जुलाई, 2019
42 रन, न्यूजीलैंड बनाम आस्ट्रेलिया - वेलिंगटन, 29 मार्च, 1946
42 रन, आस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड - सिडनी, 10 फरवरी, 1888
42 रन, भारत बनाम इंग्लैंड - लार्ड्स, 20 जून, 1974

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** 244 रन,**आस्ट्रेलिया पहली पारी :** 191 रन ,भारत दूसरी पारी ,सॉव बो कमिन्स 04,मयंक का पेन बो हेजलवुड 09, बुमराह का एवं बो कमिन्स 02,पुजारा का पेन बो कमिन्स 00, कोहली का ग्रीन बो कमिन्स 04,रहाणे का पेन बो हेजलवुड 00, विहारी का पेन बो हेजलवुड 08,साहा का लाबुशेन बो हेजलवुड 04,अश्विन का पेन बो हेजलवुड 00,उमेश नाबाद 04,शमी रिटायर्ड हर्ट 01,**अतिरिक्त** 00, **कुल** (21.2 ओवर मे) 36 रन ,**विकेट पतन** :1-7, 2-15, 3-15, 4-15, 5-15 , 6-19, 7-26, 8-26, 9-31,**गेंदबाजी**:स्टार्क 6-3-7-0,कमिन्स 10.2-4-21-4,हेजलवुड 5-3-8-5

**आस्ट्रेलिया दूसरी पारी :** वेड रन आउट 33,बर्न्स नाबाद 51,लाबुशेन का अग्रवाल बो अश्विन 06,स्मिथ नाबाद 01,**अतिरिक्त** 02,**कुल** (21 ओवर मे, दो विकेट पर) 93,**विकेट पतन** :1-70, 2-82, **गेंदबाजी** :उमेश 8-1-49-0,बुमराह 7-1-27-0,अश्विन 6-1-16-1

## हमारा सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन तिल का ताड़ मत बनाइए: कोहली

**एडीलेड।** भारतीय कप्तान विराट कोहली अपनी टीम द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक के सबसे कम टेस्ट स्कोर 36 रन के खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन को याद नहीं करना चाहते और उन्होंने लोगों से तिल का ताड़ नहीं बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बल्लेबाजों में जज्बे की कमी के बारे में बात की। भारतीय कप्तान ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन दिन की शुरूआत 62 रन की बढ़त के साथ करने के बाद भी मयंक अग्रवाल (40 गेंद में नौ रन) के खेलने के तरीके पर सवाल उठे। मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इससे बदतर बल्लेबाजी प्रदर्शन किया है। इसलिए हम यहां से केवल आगे आगे बढ़ सकते हैं और आप देखेंगे कि खिलाड़ी इस दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। भारतीय कप्तान ने टीम का बचाव करने की पूरी कोशिश की लेकिन विदेश में इस साल लगातार छठी टेस्ट पारी में टीम के 250 से कम स्कोर के बाद बल्लेबाजी का बचाव करना मुश्किल था। ईमानदारी से अपने विचार रखूं तो यह अजीब है। गेंद में ज्यादा हरकत नहीं थी लेकिन हम में मैच को आगे ले जाने का जज्बा नहीं दिखाया।

### आस्ट्रेलियाई गेंदबाज शानदार थे, भारतीय बल्लेबाजों को दोषी ठहराना अनुचित होगा: गावस्कर



**एडीलेड।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने अपना न्यूनतम स्कोर बनाने वाली भारतीय टीम के प्रति सहानुभूति जताते हुए शनिवार को कहा कि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी और इसलिए भारतीय बल्लेबाजों को उनके निराशाजनक प्रदर्शन के लिए दोषी ठहराना अनुचित होगा। गावस्कर ने भारत की आठ विकेट की हार के बाद चैनल सेवन से कहा, जब से कोई भी टीम टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करती है, तब से उस टीम का अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर पर आउट होना, कभी भी यह देखकर अच्छा नही लगता। लेकिन अगर कोई अन्य टीम भी इसी तरह की गेंदबाजी का सामना करती तो वे भी जल्दी आउट हो जाते, शायद वे 36 रन पर आउट नही होते, शायद 72 या 80-90 रन के स्कोर पर आउट होते। जिस तरह से स्टार्क के तीन ओवर के स्पैल के बाद हेजलवुड, कमिंस ने गेंदबाजी की, उसने भारतीयों के सामने कई सवाल खड़े कर दिए थे।

## भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर पर विश्व क्रिकेट की प्रतिक्रिया : भूलने का ओटीपी है 49204084041



**एडीलेड।** क्रिकेट जगत ने सदमे और हैरानी के साथ भारतीय टीम के उस दुस्वप्न पर प्रतिक्रिया व्यक्त की जो उसने यहां शनिवार को दिन के समय 36 रन के अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर पर सिमटकर देखा। भारतीय का मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी जोड़ी के सामने ढह गया जिससे आस्ट्रेलिया ने शुरूआती दिन रात्रि टेस्ट में ढाई दिन के अंदर आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों के स्कोर का जिक्र करते हुए ट्वीट किया, भूलने का ओटीपी है 49204084041। कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नही पहुंच सका। सहवाग के आदर्श सचिन तेंदुलकर ने भी स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को चारों खाने चित्त कर दिया। जिस तरह से भारत ने पहली पारी में बल्लेबाजी और गेंदबाजी की, वे अच्छी स्थिति में थे लेकिन आस्ट्रेलिया ने आज सुबह सचमुच शानदार वापसी की। यही टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती है।

### गोवा को 2–1 से हराकर जीत की राह पर लौटा चेन्नइयिन



**मडगांव (गोवा)।** रफाएल क्रिवेलारो (पांचवें मिनट) और रहीम अली (53वें मिनट) के गोल की मदद से दो बार के चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी ने शनिवार को एफसी गोवा को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें सत्र में जीत की पटरी पर वापसी की। चेन्नई की टीम को चार मैचों के बाद जीत मिली है जबकि गोवा को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है। गोवा की यह तीसरी हार है जबकि उसके दो मैच ड्रा रहे है और दो में जीत मिली है।

### लीवरपूल ने पैलेस को 7–0 से रौंदा

**लंदन।** मोहम्मद सालाह और रोबर्टो फिरमिनो के दो-दो गोल की मदद से लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में क्रिस्टल पैलेस को 7-0 से करारी शिकस्त दी। सालाह को टीम ने शुरूआती 11 में जगह नही दी थी लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी ने महज तीन मिनट के अंदर दो गोल (81वें और 84वें मिनट) कर टीम को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### एटलेटिको ने ला लीगा में बढ़त बरकरार रखी

**बार्सीलोना।** लुईस सुआरेज के दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने शनिवार को यहां एलचे फुटबॉल क्लब को 3-1 से हराकर सुनिश्चित किया कि वह स्पेनिश लीग में शीर्ष पर बरकरार रहे। लीग में शीर्ष पर चल रहे एटलेटिको अब रीयल सोसिदाद और रीयाल मैड्रिड से तीन अंक ऊपर है।

## पंघाल को कोलोन विश्व कप में स्वर्ण

- चोटिल सतीश को रजत पदक


**भाषा।** नई दिल्ली



विश्व रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किग्रा) ने फाइनल के लिए रिंग में उतरे बिना स्वर्ण पदक जीत लिया जबकि अनुभवी मुक्केबाज सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) शनिवार को चोट के कारण जर्मनी में चल रहे कोलोन मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में नहीं उतर सके जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंघाल को जर्मनी के अरगिष्टी टर्टरयान ने वाकओवर दिया। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सतीश कुमार ने सेमीफाइनल में फ्रांस के जामिली डिनी मोइनडेज को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन उन्हें चोट के कारण जर्मनी के नेल्वी टियाफैक के खिलाफ फाइनल मुकाबले से हटना पड़ा। महिला वर्ग में साक्षी और मनीषा 57 किग्रा फाइनल में पहुंच गई हैं। खिताबी मुकाबले में अब ए दोनों मुक्केबाज आमने सामने होंगी। मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप में दो बार की पदक विजेता हमवतन सोनिया लाठेर को 5–0 से जबकि साक्षी ने जर्मनी रमोना ग्राफ को 4–1 से हराया। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता पूजा राय हालांकि नीदरलैंड की नोचका फोंटजिन से हार गई। पुरुषों के 57 किग्रा में मोहम्मद हसमुद्दीन और गौरव सोलंकी को भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हसमुद्दीन को स्थानीय मुक्केबाज हमसत शादालोव ने जबकि सोलंकी को फ्रांस के सैमुअल क्रिस्टोहरी ने हराया।

## कोहली की अगुवाई में एक ही दिन सर्वोच्च स्कोर भी बना और न्यूनतम स्कोर भी

**भाषा।** डीलेड



- ये दोनों रिकार्ड एक ही दिन 19 दिसंबर को बने

विराट कोहली की अगुवाई में भारतीय क्रिकेट टीम ने अगर टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर का नया रिकार्ड अपने नाम लिखवाया था तो उनके नेतृत्व में ही टीम ने ठीक चार साल बाद न्यूनतम स्कोर का रिकार्ड भी बनाया और संयोग से ये दोनों रिकार्ड एक ही दिन 19 दिसंबर को बने। लेकिन इसे ठीक चार साल पहले 19 दिसंबर 2016 की कहानी एकदम भिन्न थी। मैदान था चेन्नई का एम ए चिदंबरम चेपक स्टेडियम जब कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली पारी सात विकेट पर 759 रन पर समाप्त घोषित करके टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर का नया रिकार्ड बनाया था। पिछला रिकार्ड सात विकेट पर 726 रन था जो उसने श्रीलंका के खिलाफ 2009 दिसंबर में ही मुंबई में बनाया था। भारत की जिस टीम ने सर्वोच्च स्कोर का रिकार्ड बनाया था उसमें वर्तमान टीम के चार खिलाड़ी कोहली, चेतेश्वर पुजारा, रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव शामिल थे। लेकिन वह करुण नायर की नाबाद 303 रन और केएल राहुल की 199 रन की पारी थी जिसके दम पर भारतीय टीम ने सर्वोच्च स्कोर का अपना नया रिकार्ड बनाया था। भारत ने वह मैच पारी और 75 रन से जीता था। भारतीय टीम ने चार बार एक टेस्ट पारी में 700 से अधिक का स्कोर बनाया है लेकिन वह केवल दूसरी बार किसी पारी में 50 रन की संख्या नहीं छू पाई। अजित वाडेकर की अगुवाई वाली टीम के बाद अब कोहली के नेतृत्व वाली टीम के नाम पर ऐसा रिकार्ड जुड़ गया है जिसे कि वह कभी याद नहीं रखना चाहेगी। भारत का 36 रन का स्कोर टेस्ट क्रिकेट में ओवरऑल संयुक्त पांचवां न्यूनतम स्कोर है। रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाम पर है जिसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ आकलैंड में 26 रन बनाए थे। वैसे एक समय जब भारत का स्कोर आठ विकेट पर 26 रन था तो वह न्यूजीलैंड का रिकार्ड बराबर करने की स्थिति में दिख रहा था। न्यूजीलैंड के बाद दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है जो दो बार 30 और एक बार 35 रन पर आउट हो गया था। भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया की टीमें भी एक–एक बार 36 रन पर आउट हुई हैं। वाडेकर की अगुवाई वाली 1974 की टीम की बल्लेबाजी की दाद दी जाती थी तो विराट कोहली की वर्तमान टीम की बल्लेबाजी भी मजबूत आंकी जाती है। वाडेकर की टीम में गावस्कर, फारूख,वाडेकर, विश्वनाथ, बृजेश और एकनाथ सोलकर जैसे बल्लेबाज थे।

## चीन में कोरोना योद्धाओं का टीकाकरण जल्द शुरू होगा

**भाषा।** बीजिंग




**चीन सर्दियों** से शुरू करके वसंत के मौसम तक प्राथमिकता के आधार पर कोविड–19 का टीकाकरण शुरू करेगा जिनमें चिकित्सा उपचार एवं रोग नियंत्रण क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को पहले टीका लगाया जाएगा और उसके बाद सामूहिक टीकाकरण आरंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनएचसी के रोग नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी कुई गांग ने संवाददाताओं को बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम में वे लोग भी शामिल होंगे जो उन काउंटी तथा क्षेत्रों में काम या पढ़ाई के लिहाज से जाने की योजना बना रहे हैं जहां पर वायरस के संक्रमण का जोखिम अधिक है।उन्होंने कहा कि इससे कोविड–19 के मामलों पर नियंत्रण करने तथा उन्हें रोकने का दबाव कम होगा और घरेलू स्तर पर महामारी फैलने का जोखिम भी कम होगा। कुई के मुताबिक, दो चरणों में होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक परिवहन, गोश्त बाजार, चिकित्सा उपचार, रोग नियंत्रण, विमानन क्षेत्र आदि में काम करने वालों को पहले टीका लगाया जाएगा। हालांकि सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रम कब से प्रारंभ होगा, इस बारे में कोई घोषणा नहीं की गई है। चीन में निर्मित टीकों का ब्राजील समेत एक दर्जन से अधिक देशों में परीक्षण चल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने चीन की सरकारी कंपनी सिनोफार्म के टीके को मंजूरी दे दी है।चीन के अधिकारियों ने कहा है कि वायरस को फैलने से मोटे तौर पर रोक लिया गया है। और शनिवार को संक्रमण के महज तीन नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि आपात इस्तेमाल प्रावधान के तहत दस लाख से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है और परीक्षण के दौरान कोई विशेष प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिले हैं। चीन में कोरोना वायरस से बचाव के लिए पांच तरह के टीकों पर ध्यान दिया जा रहा है।



लीमा में क्रिसमस आगमन को लेकर बाजारों में खरीदारी को लेकर बढ़ी भीड़

## मेरे अधीन काम करती है सेना : इमरान खान



**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** राजनीति और चुनावों में शक्तिशाली सेना के हस्तक्षेप के विपक्ष के आरोपों के बीच प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि सेना एक सरकारी संस्था है जो उनके अधीन काम करती है।पाकिस्तान में 11 विपक्षी दलों का गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सितंबर में अपने गठन के बाद से खान के खिलाफ बड़ी रैलियां आयोजित कर रहा है और राजनीति में सेना के दखल का भी आरोप लगा रहा है। पीडीएम पाकिस्तान की सेना पर 2018 में चुनाव में धांधली के माध्यम से कठपुतली प्रधानमंत्री बनाने का आरोप लगाता रहा है।पाकिस्तान में लंबे समय तक शासन करने वाली सेना का सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में प्रभाव रहा है। हालांकि सेना ने देश की राजनीति में दखल की बात से इनकार किया है। खान ने भी इस बात से इनकार किया है कि सेना ने 2018 के चुनाव में उन्हें जिताने में मदद की।विपक्षी दलों ने सोमवार को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके अनुसार सैन्य तंत्र ने 2018 के चुनाव में जनादेश को प्रभावित किया और जनता पर एक अक्षम सरकार को लाकर बैठा दिया।खान (68) ने शुक्रवार को एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उनके पास वास्तविक अधिकार नहीं हैं।

**पीडीएम धांधली के माध्यम से कठपुतली प्रधानमंत्री बनाने का आरोप लगाता रहा है**

### पाक में कोरोना वायरस रोधी इकाई प्रमुख के संक्रमित होने की पुष्टि हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के योजना मंत्री और देश में कोरोना वायरस रोधी इकाई के प्रमुख कोविड-19 से संक्रमित हो गए है।

योजना विकास एवं विशेष पहल मंत्री असद उमर ने शुक्रवार की रात ट्वीट किया, अभी-अभी कोविड-19 की मेरी जांच रिपोर्ट आई है और इसमे संक्रमण की पुष्टि की गई है। घर पर ही पृथक रहूंगा। उमर नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर का नेतृत्व कर रहे है, जिसके तहत कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा। पाकिस्तान मे कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले नेताओं की सूची मे अब उनका नाम भी जुड़ गया है। अब तक संक्रमित हुए प्रमुख लोगों में नेशनल असेंबली के स्पीकर असद कैसर, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख शाहबाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी शामिल है। इस बीच, पाकिस्तान मे शनिवार को संक्रमण के 3,179 नए मामले सामने आने के साथ देश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 4,54,673 पहुंच गई। वही, 87 और संक्रमित मरीजों की मौत हो जाने से कुल मृतक संख्या बढ़ कर 9,250 हो गई है।

### पेंटागन ने शीर्ष असैन्य, सैन्य अधिकारियों को टीका लगाए जाने की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** पेंटागन ने करीब 50 शीर्ष असैन्य एवं सैन्य अधिकारियो को आगामी सप्ताहो में कोविड-19 का टीका लगाए जाने के लिए अधिकृत किया है ताकि साबित हो सके कि टीके सुरक्षित और प्रभावी है।उप रक्षा मंत्री डेविड नॉरक्विस्ट ने वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित पत्र में दुनियाभर मे सैन्य सेवाओ और लड़ाकू कमानो के प्रमुखो के लिए विशिष्ट टीका भत्ते का विवरण दिया है।इस पत्र की प्रति एपी समाचार एजेंसी को शुक्रवार को प्राप्त हुई जिसमें नॉरक्विस्ट ने कहा, महत्वपूर्ण है कि अधिकारी कोविड-19 के टीकाकरण की सुरक्षा और प्रभाव को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका अदा करें ताकि टीकाकरण में अधिकतम स्वैच्छिक भागीदारी सुनिश्चित हो। बृहस्पतिवार को इस पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इसमे कहा गया है कि विभाग के अधिकारी अब से 15 जनवरी के बीच टीका लगवा सकते हैं। कार्यवाहक रक्षा मंत्री क्रिस्टोफर मिलर ने सोमवार को टीका लगवाया। इसी दिन टीकाकरण की शुरूआत की गई थी। सैन्य प्रतिष्ठानों में अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए जा रहे है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने कोरोना संक्रमित होने के लिए लापरवाही और बुरी किस्मत के दोषी ठहराया

**एपी।** पेरिस



**फ्रांस के** राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने खुद के कोरोना संक्रमित होने के लिए शुक्रवार को लापरवाही और अपनी खराब किस्मत को दोषी ठहराया। उन्होंने देशवासियों से अपनी सुरक्षा करने का आग्रह किया।

मैक्रों के आलोचकों कहना है कि उन्होंने संक्रमण से बचाव में लापरवाहियां बरतीं, जिसमें लोगों से हाथ मिलाना और बीते सप्ताह कई बार सामूहिक रूप से भोजन किया जाना शामिल हैं।मैक्रों ने शुक्रवार को एक वीडियो साझा की, जिसमें उन्होंने कहा उन्हें सिरदर्द, थकान और सूखी खांसी हो रही है। उन्होंने अपने स्वास्थ्य के बारे में रोजाना जानकारी देने की बात कही। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे। मैक्रों (42) ने कहा, मैं ठीक हो रहा हूं। पिछले सप्ताह यूरोपीय संघ के सम्मेलन के दौरान मैक्रों के साथ समय बिताने वाले स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री इगोर मैटोविक भी शुक्रवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मैक्रों से फोन पर बात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।फ्रांस में मैक्रों के कोरोना वायरस की चपेट में आने की आलोचना हो रही है। कहा जा रहा है कि उन्होंने ऐसे समय में लापरवाहियां बरती हैं, जब देश में कोविड–19 मामलों में फिर से उछाल देखा जा रहा है और डॉक्टर लोगों के ऐहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

मैक्रों ने सोमवार को आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन के प्रमुख एंजेल गुरिया से बैठक के दौरान हाथ मिलाया था और गले भी मिले था। हालांकि दोनों ने मास्क पहन रखे थे, लेकिन मैक्रों के कार्यालय ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि यह एक गलती थी।

मैक्रों ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि उन्हें अधिक ऐहतियात बरतना चाहिए था और वह दुर्भाग्य से महामारी की चपेट में आ गए।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 20 दिसंबर 2020



तत्कालीन अखिलेश राज में मंजूर हुआ था कन्या डिग्री कॉलेज...

# बेटियों की कब पूरी होगी उच्च शिक्षा की चाह!

● पुराना सीतापुर में बरसों चली आ रही कन्या डिग्री कॉलेज मांग

● न्यायालय में पेंच से अटका था निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज भवन

संवाददाता। सीतापुर

**पुराना सीतापुर** में बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने को लंबे अर्से से मांग चली आ रही थी। इसी बीच कई सरकारें आईं और चली गईं, मगर बेटियों की उच्च शिक्षा का सपना पूरा नहीं हो पाया। ऐसा नहीं कि पुराना सीतापुर में कन्या डिग्री कॉलेज स्थापना की कवायद नहीं शुरू हुई, तत्कालीन अखिलेश सरकार में करीब दस करोड़ से ज्यादा बजट के इस प्रोजेक्ट को मंजूरी भी मिल गई थी, साथ ही बजट रिलीज होने के बाद इस पर कार्य भी जोर-शोर से शुरू कर दिया गया था। मगर निर्माणाधीन भवन में न्यायालीय पेंच फंसने से कार्य अवरूद्ध हो गया था। मामला सुलटने के बाद अब दोबारा अवरूद्ध निर्माणाधीन को रफ्तार देने की कवायद शुरू हो गई है, हालांकि भवन निर्माण का कार्य काफी सुस्त है। लेकिन सवाल यह है कि यहां की बेटियों का उच्च शिक्षा पाने का सपना कब पूरा होगा, हालांकि बेटियों को पढ़ाने की आस संजोए अभिभावक काफी टकटकी लगाए बैठे हैं। उनकी चाहत है कि जल्द यह भवन पूरा हो और यहां पर बेटियां उच्च शिक्षा हासिल कर सकें।


सीतापुर-पुराने सीतापुर में निर्माणाधीन विद्यालय

सीतापुर शहर दो हिस्सों में बसा है। बीच में सरायन नदी निकली है। नदी के एक तरफपुराना सीतापुर तो दूसरी ओर नया शहर बसा है। जिला मुख्यालय पर केवल एक ही बालिकाओं के लिए सहायता प्राप्त महाविद्यालय है। दूसरा राजकीय कन्या महाविद्यालय पुराने सीतापुर में बनना था। लेकिन अब तक वो बनकर तैयार नहीं हो पाया है, हालांकि पुराना सीतापुर की बेटियां उच्च शिक्षा पाने को नए शहर में स्थापित हिंदू कन्या महाविद्यालय पढ़ने को आती हैं। लेकिन उन्हें समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। यहां के बाशिंदों की मांग पर तत्कालीन पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल ने अखिलेश सरकार में पुराना सीतापुर में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग की थी। साथ ही शहर के शेखसरांय मोहल्ला में राजकीय कन्या महाविद्यालय निर्माण के लिए जमीन चयनित कराकर करीब दस करोड़ से ज्यादा बजट का प्रस्ताव भी मंजूरी के लिए शासन को भिजवाया था। तत्कालीन अखिलेश सरकार में इस प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल गई थी। बजट मिलने के बाद शुरूआती दौर में निर्माण भी जोर-शोर से शुरू करा दिया गया था। लेकिन मामला न्यायालय में जाने की वजह से भवन निर्माण का कार्य ठहर सा गया था। तब से आधी-अधूरी बिल्डिंग बनकर खड़ी थी। अब एक बार फिर से निर्माणाधीन भवन को रफ्तार दी गई है।

> यह बालिका डिग्री कॉलेज उनकी सरकार की देन है। भाजपा सरकार की उपेक्षा के चलते यह डिग्री कॉलेज चालू नहीं हो सका है। कई बार इसे चालू कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखे गए, मगर उनकी सुनी नहीं गई। अब जब उनकी सरकार बनेगी, तब इसे चालू कराया जाएगा।
> **राधेश्याम जायसवाल, पूर्व विधायक, सपा।**
>
> निर्माणाधीन राजकीय कन्या महाविद्यालय मसले को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र शर्मा से आई इंडिया ने बातचीत की। उनका कहना है कि जल्द ही यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा।
> **नरेंद्र शर्मा, डीआईओएस।**

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म के आरोप में नौ साल का कठोर कारावास व जुर्माना

**संदना सीतापुर।** थाना संदना पुलिस की सतत पैरवी के चलते शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश हितेन्द्र हरि की कोर्ट ने इलाके के गांव काकोरी निवासी महिपाल पुत्र मंगूलाल की सजा मुकर्रर कर दी। थाना प्रभारी आरबी सुमन ने बताया कि अभियुक्त को कोर्ट ने दुष्कर्म की धारा में 9 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना व आईपीसी की धारा 452 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व 2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### गैंगस्टर अपराधी गिरफ्तार

**सकरन सीतापुर।** थाना सकरन पुलिस ने शनिवार को इलाके के गांव शेखनापुर दुगाना के गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्त शातिर गैंगस्टर अपराधी है और काफी दिनों से वांछित चल रहा था। आरोपी को टीम ने उसके गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ हेका. रामधनी वर्मा, कां. लखन कुमार व जितेन्द्र प्रताप आर्या शामिल रहे।

### 80 लीटर पकड़ी गई अवैध शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 80 लीटर कच्ची शराब के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सर्वाधिक 30 लीटर कच्ची शराब के साथ थाना संदना पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़ा है। 20 लीटर शराब के साथ थाना थानगांव पुलिस के हाथ 1 आरोपी लगा है। इसके अलावा 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ रामपुर कला, महमूदाबाद व महोली पुलिस ने 1-1 आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए अवैध नशा कारोबारियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

### नगर पंचायत में हुई बोर्ड बैठक

**तंबौर सीतापुर।** नगरपंचायत कार्यालय में शनिवार को बोर्ड की बैठक आहूत हुई जिसमें विकास कार्यों से जुड़े अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में बिचार किया गया कि कस्बे के गृहकर का पुनर्निर्धारण किया जाय क्योंकि काफी दिनों से पुनर्निर्धारण न होने से नगरपंचायत की आर्थिक स्थित को नुकसान हो रहा है ।कस्बे में कई स्थानों पर प्रकाश ब्यवस्था बढ़ाने पर भी प्रस्ताव पास हुआ। मोहल्ला इंद्रानगर, ठकुरन टोला, काजिटोला, नवाबगंज, शिर्ष टोला, अम्बेडकर नगर, कायस्थ टोला व संगत टोला की खस्ताहाल तथा कुछ नई सड़कों का इस्टीमेट बनवाकर निर्माण करवाया जाए ।इसके अलावा डोर टू डोर कूड़ा उठान वाले ई रिक्शो की मरम्मत करवाई जाय। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव रेउसा तिराहे व बाबा बुढ़ानदीन चौराहा बनवाते हुए फौव्वारे लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाय। बैठक में अध्यक्ष शहनाज बेग, अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के अलावा सभी निर्वाचित व मनोनीत सदस्य मौजूद थे ।

### पिछड़ा वर्ग के लिए पीएम समर्पित

**महमूदाबाद सीतापुर।** राज्य पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष शनिवार को महमूदाबाद पहुँचे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी 2022 के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की और क्षेत्र की समस्याएं भी जानी। पत्रकारों से बात करते हुए हीरा ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग के लिए जो किया वह आजाद भारत में कोई सोच भी नही सकता। पीएम मोदी के प्रति पूरा पिछड़ा वर्ग समर्पित है। इस दौरान रामकुमार वर्मा, राम प्रवेश प्रजापति, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, श्रवण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### गुरु सिंध सभा गुरुद्वारा में आज सजेगा दीवान

**सीतापुर।** सिक्ख धर्म के नवें गुरू गुरू तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर 20 दिसम्बर को शहर के गुरू सिंघ सभा गुरूद्वारा में दीवान सजाकर भजन, कीर्तन किए जायेंगे। श्री गुरू सिंघ सभा सीतापुर के अध्यक्ष चरनजीत सिंघ ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक धर्म प्रचारक उपदेष देंगे, इसके बाद लंगर का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

### जंगली जानवर ने बछड़े को बनाया निवाला

**पिसावां सीतापुर।** पिसावां के कुतुब नगर में परसों अनुज सिंह के 5 दिनी बछड़े को किसी जंगली जानवर ने अपना निवाला बना दिया था। अनुज सिंह, मोनू सिंह,मदन सिंह,रिंकू सिंह का कहना है कि हम लोग रात भर जागते रहे कि कहीं जंगली जानवर फिर से न आ जाये और कोई जानवर व जनहानि न कर दे। ये जंगली जानवर 3 रातों से लगातार आ रहा है। हम लोग बहुत भय भीत हैं। राम चन्द्र सिंह जो कि अपने खेत में ट्यूबवेल पर लेटे थे उन्होंने बताया कि रात कुछ आहट पर टार्च लगाकर देखा कि कोई 3 फुट ऊंचा जानवर था पीछे से देखा लाल रंग का कोई जानवर था जिसका पिछला हिस्सा पतला था।सुबह उसके पड़ चिन्ह देखा तो घर वालों को बताया।बीरा सिंह ने बताया कि रात हम लोग आग जलाकर जग रहे तो मेरे बाड़े में बंधे जानवर एकदम भय भीत होकर इधर उधर भागने लगे टोर्च जलाकर देखा तो वो भाग गया था लेकिन अपने पीछे पल्ली में खून व पद चिन्ह छोड़ गया। सूचना देने पर वन विभाग के दिलीप कुमार वन गार्ड आये और जानबर के पद चिन्हों को देखा तो बताया कि ये पड़ चिन्ह लकड़बग्घे या सियार के हो सकते है। ग्रामीणों ने वन गार्ड से जानवर को पकड़ने की अपिलकी कहा कि ये खतरनाक जानवर अगर पकड़ा नहीं गया तो जानवरों के साथ साथ कोई जान हानि बजी कर सकता है हम लोग बहुत ही डरे हुए हैं क्योंकि ये जंगली जानवर 3 दिनों से लगातार रात को अ रहा है।

### भेड़ियों ने गाय के बछड़े को बनाया शिकार

**सकरन सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरा कला गाँव में छोटकन पुत्र रामअवतार के घर के बाहर छप्पर के नीचे गाय के साथ बंधे आठ माह के बछड़े को आज सुबह करीब पांच बजे भेड़िये खेत में ले जाकर खा गए। सुबह गाय के साथ बछड़ा न मिलने पर जब उसकी तलाश की गई, तो घर से सौ मीटर की दूरी पर खेत में बछड़े का केवल सिर मिला।भेड़ियों के द्वारा बछड़े का शिकार किये जाने की घटना को लेकर ग्रामीण डर गए हैं। वह इस बात को लेकर आशंकित हैं, कि ये खूनी भेड़िये कहीं बच्चों पर हमला न करने लगें। वन क्षेत्राधिकारी बिसवां सी के पांडे ने बताया कि आठ माह के बछड़े को भेड़िये इतनी दूर नहीं ले जा सकते हैं।फिर भी वह मामले की जाँच करा कर जरूरी कार्यवाही करेंगे।

# चोरी व लूट की घटनाओं से सहमा लहरपुर क्षेत्र

● नहीं हुआ आधा दर्जन घटनाओं का खुलासा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर कोतवाली** क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाएं घट रही है जनमानस में दहशत का माहौल है शाम ढलने से पहले लोग अपने घरों पर पहुंचना ही जरूरी समझ रहे हैं लूट चोरी की लगातार घटनाएं हो रही हैं जिस पर लगाम लगाने मैं कोतवाली पुलिस नाकाम साबित हो रही है दिलचस्प पहलू यह है कि कोतवाली पुलिस आपराधिक घटनाओं को छुपा रही है और घटित अपराधिक घटनाओं को दर्ज नहीं कर रही है जिससे अपराधों में लगातार इजाफा होता जा रहा है और जो इक्का-दुक्का मामले कोतवाली पुलिस ने दर्ज किए हैं उसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है और हवा में तीर चला रही है कोतवाल ओपी रॉय की कार्यशैली तैनाती से लेकर अब तक सवालों के घेरे में रही है घटनाओं पर नजर डाले तो 28 सितंबर की रात लहरपुर कस्बे के मोहल्ला शाहकुलीपुर निवासी जावेद पुत्र गुलाम रसूल की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल उनके घर के बाहर खड़ी थी शाम ढलते ही चोरों ने पार कर दिया पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन कोतवाली पुलिस में प्राथमिकी दर्ज नहीं की बीती 6 अक्टूबर को तहसील रोड पर चिरंजीव पत्र गंगू निवासी खैरुल्लापुर थाना तालगांव शाम 6:00 बजे जब लहरपुर तहसील रोड पर सी ओ ऑफिस के निकट पहुंचा तो बाइक सवार बदमाशों ने चिरंजीव से 3200 की नगदी लूटकर फरार हो गए वहीं दूसरी तरफ बीती 22 अक्टूबर को सर्वेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी कोतवाली लहरपुर ग्राम रूढ़ा भवनाथपुर के गोदाम से मुख्य गोदाम के दरवाजे का ताला तोड़कर 25 बोरी चाय 17 गत्ते नमकीन 10 पेटी बिस्कुट बदमाश लेकर फरार हो गए थे पीड़ित द्वारा कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी अभी तक अभियोग पंजीकृत नहीं हुआ है वह पुलिस हवा में तीर चला रही है



वहीं दूसरी तरफ 18 नवंबर की रात लहरपुर कस्बे के मोहल्ला बेहटी निवासी श्याम प्रकाश गुप्ता के मकान में रोहित विद्यार्थी प्राथमिक विद्यालय महादेव अटरा में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात है जो कि अवकाश पर अपने घर गए हुए थे तभी रात को सशस्त्र बदमाशों ने घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर रोहित विद्यार्थी के घर में बक्से के अंदर रखे ₹10000 की नगदी लेकर फरार हो गए थे बदमाशों की नियत बदमाशों का निशाना घर में खड़ी दो बाइक भी थी लेकिन पड़ोस के लोगों के जगने से बाइक ले जाने में सफल नहीं हो पाए पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी लेकिन कोतवाल ओपी राय ने प्राथमिकी दर्ज करना उचित नहीं समझा घटनाओं का सिलसिला यहीं नहीं थमा 1 दिसंबर की रात कस्बे के मोहल्ला अंबर सराय निवासी अधिवक्ता अजय दीक्षित के घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने घर में रखे 20000 की नगदी वह लाखों रुपए जेवरात पर हाथ साफ कर दिया क्योंकि मामला अधिवक्ता से जुड़ा हुआ था इसलिए कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने प्राथमिकी तो दर्ज कर ली लेकिन घटने के खुलासे को लेकर तनिक भी संजीदा नहीं दिखे वही 2 दिसंबर की रात कस्बे के मोहल्ला विकास नगर निवासी नूर बाबू पुत्र लल्लन खान के घर चोरों ने धावा बोलकर हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए इस मामले को भी कोतवाली पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया लेकिन अपराधी अब भी पुलिस से कोसों दूर है वही 11 अक्टूबर को मोहल्ला कटरा निवासी मोहम्मद कलीम पुत्र उस्मान के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है बावजूद इसके प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई कोतवाली क्षेत्र में हो रही लगातार अपराधिक घटनाओं से कानून व्यवस्था जहां एक ओर कटघरे में आकर खड़ी हो गई है वहीं दूसरी तरफ कोतवाल ओपी राय की खाऊ कमाऊ नीति जगजाहिर हो चुकी है अब देखना यह है कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर विषय पर जिले के पुलिस मुखिया कब गंभीर होते हैं।

> **कुछ मामले** तो उनके संज्ञान में है कुछ मामले उनके संज्ञान में नहीं है कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा सारे प्रकरण को वह खुद संज्ञान में लेंगे और अपराधियों पर कड़ी नकेल कसी जाएगी और कड़ी कार्यवाही होगी।
> **यादवेंद्र यादव, क्षेत्राधिकारी लहरपुर।**

# आईसीटी शिक्षा जीवन का महत्वपूर्ण अंगः प्राचार्य

● प्राथमिक विद्यालय उमरी में हुआ 'स्मार्ट क्लास' का उद्घाटन

संवाददाता। सीतापुर

**आईसीटी शिक्षा** जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। कोरोना काल मे विद्यालयों में शिक्षण बाधित होने के चलते इस व्यवस्था से शिक्षण कार्य को सुचारू करने का सफल प्रयास बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह बात प्राथमिक विद्यालय उमरी में स्मार्ट कक्षा के उद्घाटन अवसर पर उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट सीतापुर ने कही। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को टीवी और मोबाइल के माध्यम रुचिपूर्ण बेहतर शिक्षा दी जा सकती है। जिसको प्राथमिक विद्यालय उमरी ने साबित भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चो को छोटे-छोटे समूहों में बुलाकर कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जाए। उस अवसर पर विद्यालय की वेबसाइट, स्वक्षता अभियान गीत और विद्यालय गीत का उद्घाटन कार्यक्रय भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन जिला स्काउट मास्टर नजीर मुकबिल ने किया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष


सीतापुर-मॉडल कक्षा का लोकार्पण करते डायट प्राचार्य

रामसुमिरन ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने कार्यक्रम आयोजको का उत्साहवर्धन करते हुए स्मार्ट क्लास को मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमो में आस-पास के विद्यालयों से शिक्षकों की भागीदारी भी होनी चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा नींव की भांति है। इसलिए बुनियादी शिक्षा का मजबूत होना आवश्यक है। ताकि शिक्षा रूपी मंजिल को भव्यता देने में आसानी हो सके। कार्यक्रम के वक्ता जिला समन्वयक प्रशिक्षण आर्यकुमार दीक्षित ने आईसीटी के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास की अवधारणा और स्थापना निःसंदेह शिक्षा व्यवस्था को सुद्रहन करने में मदद मिलेगी और बच्चे सफलतापूर्वक लर्निंग आउटकम प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में एआरपी राजेश गुप्ता, अभिषेक मिश्र, शिक्षक खुशतर रहमान, नईम शेख ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ग्रामवासी, गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य के प्रयासों से विद्यालय में उगाई जा रही हैं सब्जियां


मिश्रिख-विद्यालय परिसर में बोई गई फसल

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**क्षेत्र के** ठाकुरनगर ग्रामसभा में स्थित यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार के निर्देशन में जैविक खाद के द्वारा हरी सब्जियां उगाई जा रही हैं। विद्यालय की चारदीवारी के अंदर ही लगभग दो बीघे के क्षेत्रफल में आलू, गोभी, पत्तागोभी, मटर, बैंगन, हरी धनिया, मेथी, हरी मिर्च जैसी पौष्टिक सब्जियों को उगाया जा रहा है । जहाँ एक ओर रासायनिक उर्वरकों से उगाए जा रहे अनाज और सब्जियों से लोग बीमार हो रहे हैं वहीं जैविक खेती के माध्यम से उगाई गयी सब्जियों को खाकर छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर अनूकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि सरकार विद्यालय में ही किचन गार्डन के माध्यम से सब्जियां उगाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं जिसके फलस्वरूप यहाँ यह कार्य सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस कार्य में ग्राम प्रधान आरती गुप्ता बीडीसी दिलीप गुप्ता का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है । इस मौके पर शिक्षक अजय त्रिपाठी, श्याम मोहन समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

डीएम ने किया कुंवरगड्डी राजबहा एवं भण्डिया सिल्ट सफाई का निरीक्षण...

# रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति किये जाने के दिये निर्देश


सीतापुर-निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने शनिवार को सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर सीतापुर के अन्तर्गत कुँवरगड्डी राजबहा एवं भण्डिया राजबहा की सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नियमानुसार समय से पर्याप्त जलापूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुसार किये जाने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी समय उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने नियमित पर्यवेक्षण किये जाने के भी निर्देश भी सम्बंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई बी.के. सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**ग्रामीणों ने गिनाई समस्याएं, डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**सिधौली सीतापुर।** शनिवार को सीतापुर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने विकास खण्ड सिधौली के ग्राम ससेना में खुली बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर मौजूद अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने बैठक में ग्रामीणों से मनरेगा की पूरी मजदूरी समय पर मिलने के बारे में पूछा, जिस पर सभी ने कहा कि खाते में पूरा पैसा आ जाता है। प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को स्वेटर वितरण के बारे में मौजूद अध्यापक चन्द्र प्रकाश मौर्य से जानकारी ली। इस पर बताया गया कि स्वेटर वितरण हो गया है। गांव में पेंशन, राशन कार्ड व शौचालय के बारे में भी गांव वालों से पूछा। जिस पर गांव की महिला अनवरी ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने वृद्धा गुलाबा को मशीन में अंगूठा न लगने से राशन नही मिलने की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक भवेसुर आंनद को तत्काल राशन देने व राशन कार्ड ठीक कराने का आदेश दिया। उन्होंने राजस्व निरीक्षक अरुण श्रीवास्तव व लेखपाल सुनील पाण्डेय से वरासत की जानकारी ली, जिस पर लेखपाल ने बताया कि दो लोगो राम कली व श्रीराम की वरासत हो गई है। दो शेष है वह भी हो जाएंगी जिलाधिकारी ने कहा कि वरासत में कोई लापरवाही न की जाए इस कार्य को अभियान चलाकर अपनी प्राथमिकता पर पूरा करे। और किसी कार्य में अनियमितता न बरतें दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सन्तोष रॉय अटरिया थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय,तहसीलदार मिथिलेश त्रिपाठी, बीडीओ जितेन्द्र बहादुर सिंह , नायब तहसीलदार शुरभि गौतम, प्रधान सुधाकर द्विवेदी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

> **जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज शनिवार को क्षेत्र के ससेना गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया वही नन्हका, सुमन, खैरुननिशा, अमिसुन, प्रेमलता, अजीज, रामासरे, आबिद अली सहित अन्य गरीबों को इस कड़ाके की ठंड में कम्बल वितरण किया और सभी से ठंड से बचने की अपील की और सर्वाजनिक स्थलों पर आलाव जलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

रेल विद्युतीकरण कार्य...

# परखा गया सीतापुर-लखीमपुर ट्रैक

संवाददाता। सीतापुर

**लखमीपुर** रेल विद्युतीकरण कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिक्षेत्र निरीक्षण किया गया। सीतापुर - लखीमपुर रेल विद्युतीकरण खंड का लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे के शाखा अधिकारियों द्वारा टावर वैगन कार से निरीक्षण किया गया। टावर वैगन से 11.30 बजे निरीक्षण सीतापुर रेलवे स्टेशन से प्रारंभ किया गया, जिसके पश्चात झरेकापुर स्विचिंग पोस्ट - उससे सटे हुवे गेट नम्बर -86 का का गहनता से निरीक्षण किया ,साथ ही वहां उपस्थित कर्मचारियों से सुरक्षा - संरक्षा सम्बन्धी जानकारी का जायजा लिया गया । इसके पश्चात दोपहर 13.00 बजे हरगांव स्टेशन पहुँच कर स्टेशन स्तिथ पैदल पथ पुल एवं स्टेशन बिल्डिंग , प्रवेश द्वार का निरीक्षण कर स्टेशन मास्टर से 25000 वोल्ट विद्युतीकृत सेक्शन में कार्य करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों के सम्बंध में पूछ ताछ की व सभी रिकार्ड चेक किये ।


सीतापुर-रेल पटरी का निरीक्षण करते रेल अधिकारी

इसके 14.10 पश्चात ओयल हॉल्ट स्तिथ गेट व स्विचिंग पोस्ट का निरीक्षण किया गया व व्याप्त कमियों के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात 15.00बजे लखमीपुर पहुँच कर रोड ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया व नपाई - जपाई कर लखमीपुर स्टेशन का सघनता से निरीक्षण किया गया , जिसमे स्टेशन मास्टर कक्ष में लगे सभी उपकरणों , सुरक्षा मानकों के बारे में ड्यूटी पर उपस्थित स्टेशन मास्टर से पूछताछ की गई व सभी रजिस्टर्स - रिकार्ड चेक किये गए व आगामी रेल संरक्षा आयुतक निरीक्षण की समस्त तैयारियों का जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान लखनऊ मंडल से आये शाखाधिकारियो में धर्मेंद्र यादव ध्वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ( टीआरडी ) धनंजय मिश्रा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ( सामान्य ) , मानसी मित्तल वरिष्ठ मंडल इंजीनियर -2 , ए पी सिंह वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी , जगन्नाथ मिश्रा, सुभाष त्रिपाठी, अभयकांत झा, आशीष सिंह उपस्थित रहे।

# नहरों के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

## ● सिल्ट सफाई की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सिल्ट सफाई** की जमीनी हकीकत जानने के लिए शनिवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिलेभर में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा सिल्ट सफाई के विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड (प्रथम) राजीव कुमार के साथ छछड माइनर, तेंदुआ, मोतीपुर, बाजपेई, खीरी रजबहा, अलीगंज ब्रांच व बस्तीली रजबहा नहरों का गहनता से निरीक्षण कर सिल्ट सफाई की गुणवत्ता चेक की। उन्होंने कहा शासन की मंशानुरूप खेतों तक नहरों के माध्यम से जल पहुंचाया जाए। यदि किसी किसान को नहर से पानी मिलने में असुविधा होती है तो तत्काल उसका निदान कराया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी सिल्ट सफाई का फीडबैक लिया। इस दौरान एक्सईएन सिंचाई खंड प्रथम राजीव कुमार ने सिल्ट सफाई के कार्य प्रारंभ होने से पूर्व एवं कार्य के समाप्त की स्थिति की तुलनात्मक जानकारी हेतु फोटो बुकलेट के माध्यम से बिंदुवार जानकारी दी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने जिलेभर में कुल 458 किमी सिल्ट सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके सापेक्ष चरणबद्ध तरीके से निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया। सिंचाई खंड प्रथम द्वारा 381 किमी, सिंचाई खंड शारदा नगर द्वारा 46 किमी, सिंचाई खंड सीतापुर प्रखंड द्वारा 10 किमी व सिंचाई खंड हरदोई प्रखंड द्वारा 20 किमी तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ सिल्ट सफाई के लक्ष्य को न केवल पूरा किया बल्कि 17 दिसंबर से नहरों का संचालन शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त नहरों की पुनर्स्थापना हेतु मनरेगा योजना के तहत 31 किमी कार्य कराया गया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमारए विशाल सोनकर एवं सतीश कुमार मौजूद रहे।

# दिनभर चली आबकारी महकमे की छापेमारी



**लखीमपुर-खीरी।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय ढुल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में आबकारी निरीक्षक सदर पंकज विवेक मय स्टाफ, आबकारी निरीक्षक मोहम्मदी रुद्रकांत मिश्र मय स्टाफ व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोहम्मदी मय स्टाफद्वारा बौधनिया में संयुक्त दबिश दी गई। दबिश के दौरान सभी संदिग्ध स्थलों व घरों की नियमानुसार सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 25 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 4000 किग्रा लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। तीन व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पूरे जिले में आबकारी महकमे की विभिन्न टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना एवं उपलब्ध फीडबैक के आधार पर पूरे जिले में बड़े पैमाने पर छापेमारी कर बरामद लहन मौके पर ही नष्ट कर के साथ ही अवैध कच्ची शराब बड़े पैमाने पर बरामद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में गठित विभिन्न टीमें शराब के काले कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए कड़ी कार्रवाई कर रही हैं।

# किसके संरक्षण में चल रहे हैं मौत को दावत देते ओवरहाइट और ओवरलोड वाहन

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**पूरी तहसील** में चाहे गोला-शाहजहांपुर, पुवायां-मोहम्मदी, मोहम्मदी-पसगवां या मोहम्मदी-बरवर मार्ग पर डग्गामार वाहन हो, ओवर लोड या ओवर हाइट वाहन, गन्ने से भरे हो या दस टायरा ट्रक गन्ने की खोई ओवर हाइट बन कर बेखोफ होकर सड़कों पर चल रहे हैं। जबकि समतल मार्ग पर इन वाहनों के निकलने से आम आदमी के दिलों की धड़कनें बढ़ ही जाती हैं। वहीं गोला-शाहजहांपुर मार्ग पूरी तरह उबड़-खाबड़ है तो यह सब परिवहन विभाग के आरटीओ और चीनी मिल के अधिकारी को दिखाई नहीं देता। वही चीनी मिल के जीएम महोदय कहते हैं हमने गन्ना ढोने के लिए ठेका दे दिया है। ठेकेदार क्या कर रहा है ये वही जाने। यानी ठेका देते समय जीएम साहब नियम-शर्तों को दरकिनार कर देते हैं। आरटीओ के आंखों पर पट्टी बांध दी गयी है इसलिए वह भी कुछ देखना नहीं चाहते। सड़कों पर ऐसी बसें और मैजिक सवारियां ढो रही हैं जो पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। वहीं ओवर हाइट और ओवर लोड वाहन बगैर किसी रोक-टोक के चल रहे हैं। शायद पैसों से आगे जिम्मेदारों का दिल पत्थर सा हो गया है। सारी इंसानियत, मानवता और संवेदनहीन हो गये हैं।

# सपा नेता ने गरीबों व असहाय लोगों को खिलाया खाना



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कड़क सर्दी में जहां लोग घर से निकलना नहीं चाहते हैं। वहीं गोला गोकर्णनाथ में गरीब, मजदूर असहाय लोगों के बीच जाकर खाना पहुंचाते हुए समाजसेवी, ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व सपा नेता वारिस अली अंसारी ने गरीबों को खाना खिलाया। गोला गोकर्णनाथ में बने रैन बसेरों जैसे नीलकंठ मैदान रैन बसेरा, बस स्टेशन रैन बसेरा, त्रिलोक गिरि मंदिर, रैन बसेरा सदर चौराहे पर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भूखे पेट वालों को खाना खिलाया। उनके सहयोगी लियाकत हुसैन, सुरेंद्र यादव, प्रवीण कश्यप, जमील मंसूरी, नईम खान व मुन्ना अंसारी आदि मौजूद रहे।

# अवैध गांजा के साथ ललौली पुलिस ने एक को पकड़ा

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में मादक पदार्थ गांजा की बिक्री के संज्ञान में आने पर सतर्क व तत्परता दिखाते हुए थानाध्यक्ष संदीप तिवारी के की अगुवाई में गस्त के दौरान मय हमराही, बहुआ चौकी इंचार्ज प्रवीण दुबे नें मौके से बिक्री के दौरान आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र दयाराम सिंह निवासी जलालपुर थाना बबेरू के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा मौके से बरामद किया। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने बैठाई जांच: जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बिक्री वाले वीडियो को देखने के बाद पूरे मामले पर जिम्मेदार अधीनस्थों पर जांच बैठाते हुए जांच क्षेत्राधिकारी नगर बिन्दकी को सौंपी।

# चेकिंग लगाकर दी वाहन चालकों को सख्त हिदायत

**जोनिहा ( फतेहपुर )।** कस्बा चौराहे पर चौकी प्रभारी ऋषभ कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ हेलमेट ना लगा कर चलने वाले चालकों को कड़ी हिदायत दी। वहीं विक्रम चालकों को भी अगल बगल जाली लगवाने के दिये निर्देश कहा अगर आदेश का पालन नहीं किया तो सीधा चालान करूगा। वहीं चौराहे पर भारी पुलिस बल देख गाड़ी चालकों में हड़कंप मचा रहा। ओवरलोडिंग पर भी शिकंजा कसा। पीछे सवारियां लटकाया तो भी चालान होगा। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत हेलमेट लगा कर चलना अब अनिवार्य होगा। सड़कों पर तीन सवारी गाड़ी चालक नहीं बैठा सकते। बिना लाइसेंस, बिना बीमा के गाड़ी चालक पर कार्रवाई तय है। गाइडलाइन का पालन करते हुए जोनिहा चौकी प्रभारी ने सिपाहियों के साथ चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। जिससे दो पहिया वाहन चालकों मे हड़कंप पर मच गया। वहीं चालक अगल बगल के रास्ते से निकल कर नौ दो ग्यारह होते दिखाई दिये। चौकी प्रभारी ने चौराहे पर खड़े विक्रम चालकों को भी सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अपनी अपनी गाड़ियों में तत्काल जाली लगवा ले अगर अगल-बगल जालिया ना लगी तो सीधा चालान कर दूंगा। जिससे विक्रम चालकों पर भी हड़कंप मच गया। जिन दोपहिया चालकों के पास सारे कागज व हेलमेट थे। उनकी डिग्गी चेक करके उन्हें जाने दिया। मास्क लगाने के लिए भी गाड़ी चालकों को निर्देशित करते दिखाई दिए दो गज की दूरी अभी भी बहुत जरूरी है सड़कों पर मास्क लगाकर चलना जरूरी होगा। चौकी प्रभारी ने कहा कि हेलमेट लगाकर ना चलने वाले ऐसे गाड़ी चालकों को तत्काल चालान करने का काम करूंगा। मास्क लगाना भी जरूरी है। अधिकांश गाड़ी चालक हेलमेट पीछे बैठी सवारी को हाथ में देकर चल रहे थे। ऐसे गाड़ी चालकों को रोककर कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि दोबारा ऐसी गलती की तो सीधा चालान कर दूंगा। जिस पर गाड़ी चालक माफी मांगते हुए भी नजर आए। इस कार्रवाई को देखकर चौराहे पर हड़कंप मचा रहा। चौकी प्रभारी चौराहे पर ही कुर्सी डाल कर बैठ गए और चौकी में तैनात सभी जवान गाड़ी चालकों को रोककर अपने कागजात चेक कराने के लिए भेजने लगे।

# कृषि विरोधी काले कानून से किसान परेशान: जिलाध्यक्ष

## ● बाइक रैली का दावा, सभा में बिल को बताया किसान विरोधी

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)



**किसानों के** समर्थन में सपाईयों द्वारा की जा रही किसान यात्रा के तहत जिलाध्यक्ष विपिन यादव के अगुवाई में बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली ग्रामसभा उमरा से शुरू होकर बाला का पुरवा, सुजानीपुर, तिलकापुर, कुकरा, लौकियापुर, लच्छीपुर, भखरना, संग्रामपुर, पेरी टेनी होते हुए ब्राह्मणपुर से तेजू पहुंची। बाइक रैली का समापन खासमऊ में हुआ।

बाइक रैली के साथ-साथ जगह-जगह किसानो के बीच गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार देश की सारी संपत्ति को अडानी, अंबानी के नाम करने का काम कर रही है। उनके द्वारा लाए गए कृषि विरोधी काले कानून से किसान परेशान है। आज पूरे देश का किसान आंदोलित है। लगातार लगभग 26 दिन से पूरे देश का किसान दिल्ली बार्डर पर आंदोलन कर रहा है। इतनी ठंड में खुले सड़क के नीचे किसान धरना दे रहे हैं लेकिन पीएम मोदी को किसानों को की कोई फिक्र नहीं है। सरकार ने जिस तरह से देश के सभी बड़े विभागों को पूंजी पतियों के हाथ बेचने काम किया है। उसी तरह किसानों की फसल, खेतों को भी पूंजीपतियों के हाथ देने का काम करने जा रही है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मतीन अहमद, नगर अध्यक्ष खागा कलीम शेख, परवेज आलम निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छात्र सभा, रामराज पासी पूर्व प्रधान टेनी, कादिर खान पूर्व प्रधान खासमऊ, सत्यवीर यादव, राजन यादव, अंकित यादव छात्र सभा, अंशु यादव यूथ ब्रिगेड, राघवेंद्र यादव लोहिया वाहिनी, मनीष यादव नौजवान सभा, मान सिंह यादव, सोमनाथ यादव, वीरेंद्र सिंह, अकरम हाशमी, अशरफ फारुकी आदि उपस्थित रहे।

# गरीबों एवं असहायों को कंबल वितरित



कंबल वितरित करते सांसद

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**क्षेत्रीय जन** प्रतिनिधियों द्वारा तहसील में गरीब एवं निराशरित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए।

तहसील सभागार में इस कंबल वितरण कार्यक्रम में सांसद अशोक रावत, विधायक राजकुमार अग्रवाल ने ग्राम जराहा, पत्सेनी, रईसों, बेगमगंज, छनुइया, मांडर, बाघा डांडा, खेरवा, इनायतपुर, परा घुमन तथा सुननी आदि ग्रामों के 400 पात्र लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकारें गरीबों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत हैं और उन्हें लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने गठित की कॉलेज इकाई



**बिंदकी ( फतेहपुर )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज में इकाई का गठन किया गया। जिसमे की विद्यालय प्रमुख अभिषेक कुमार, सहविद्यालय प्रमुख साहिल, छात्र प्रमुख ज्ञानेंद्र मिश्रा, सहछात्र प्रमुख कपिल, छात्रा प्रमुख आरती तिवारी, सहछात्रा प्रमुख मानसी, विद्यालय एसएफडी प्रमुख दिव्यांग, विद्यालय एसएफडी प्रमुख अमन गुप्ता, विद्यालय कार्यकारिणी गौसिया, हिमांशु, आकुल साहू को बनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल करने में प्रदेश मंत्री तरुण बाजपेयी, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, नगर तहसील सयोजक प्रशान्त सैनी, तहसील सहसयोजक हर्ष सिंह, नगर मंत्री अनुपम ओमर, नगर सहमंत्री रितिक ओमर, नगर छात्रा प्रमुख वैष्णवी सोनकर, नगर एसएफडी प्रमुख सुमित मोदनवाल, सहमंत्री उदयराज सैनी, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनुज पटेल, अभिलाष कुमार और आरएसजी इण्टर कॉलेज विद्यालय छात्रा प्रमुख सपना वर्मा, विद्यालय कार्यकारिणी सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# चचींड़ा में दबंग कर रहे कब्जा शिकायत जिलाधिकारी से

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)



**तहसील के** ग्राम चचीड़ा निवासी अनिल कुमार पुत्र गया प्रसाद ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह सेना में एसीपी हवलदार के पद पर सेवारत था। एलओसी में कुपवाड़ा जम्मू कश्मीर में तैनाती के दौरान अक्टूबर सन 2019 में अनिल की संक्रमणीय भूमिधरी गाटा संख्या 399 रकबा 1670 हेक्टेयर के पूर्वी भाग पर उसकी भूमि के पूर्व के काश्तकार इंद्रदेव यादव पुत्र सरदार सिंह यादव व उसके लड़के अगम सिंह निवासी ग्राम ने जबरन एक कोठरी का निर्माण कर लिया है। जिसमें उसकी बूढ़ी मां व दादा घर पर रहते थे। जिससे उनके द्वारा अवैध निर्माण को रोका जा सका था। अवकाश पर आने के बाद उसने थाना खखरेरू को प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया परंतु कोई सुनवाई नहीं होने पर 10 अगस्त को एसडीएम खागा को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पारित आदेश के अनुपालन में तहसीलदार खागा द्वारा पुलिस बल मौके पर ले जाकर पैमाइश कर अवैध पाते हुए थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत करने हेतु आदेश दिया। थाने में कोई सुनवाई ना होने पर संपूर्ण थाना दिवस में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें 6 अगस्त में एसडीएम ने आदेश दिया कि भूमि से अवैध कब्जा ना हटाए तो विरूद्धी के प्रति भूमाफिया के एफआईआर दर्ज करें। उसके बाद जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि प्रार्थना पत्र पर उचित कार्रवाई कराएं और एसएसआई नाहर सिंह को आदेश दिया कि कोठरी खाली कराएं। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करें और कब्जा दिलवाए। तब उसकी एफआईआर दर्ज कर ली गई, कब्जा नहीं हटाया गया। 18 अगस्त को प्रार्थी की भूमि को उक्त द्वारा टीन शेड डालकर जबरन कब्जा कर लिया है। प्रार्थना पत्र देने पर थाना से उचित कार्यवाही नहीं हुई तथा मना करने पर गाली-गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी जा रही है। जिलाधिकारी से मांग किया कि उसकी जमीन से कब्जा हटवाए जाए व दोषी जनों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### हाईवे पर अवैध कट बन रहे हादसे का कारण

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के सीतापुर रोड के नेशनल हाईवे पर जगह,जगह अवैध कट बनाए गए हैं। इनके कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और लोग मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं। लेकिन इन अवैध कटों को भरने के लिए न तो लोक निर्माण विभाग संज्ञान ले रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान ले रहे हैं। जिसके कारण आए दिन बड़ी घटनाएं होती जा रही है अवैध कटों के चलते लोग अचानक सामने आ जाते हैं और वाहन चालक उनको बचाने के लिए अचानक ब्रेक लेते हैं और पलट जाते हैं या फिर घटना हो जाती है। इससे लोग काल के गाल में समाते जा रहे हैं फिर भी विभागीय जिम्मेदार गहरी नींद में सो रहे हैं।

### तेज रफ्तार मारुति कार ने साइकिल सवार को रौंदा

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी ओयल के महम्मदाबाद गांव के पास एक कार संख्या यूपी 31 एफ7677 ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना पाकर ओयल चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से गम्भीर रूप से घायल युवक को अपनी गाड़ी में डालकर जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी चौकी प्रभारी दिलीप प्रजापति ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है कार सवार चालक मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। गंभीर घायल युवक का खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया था।

### खान व सिंह का मनाया गया बलिदान दिवस

**लखीमपुर-खीरी।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस भवन पर शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा देश की आजादी के संघर्ष में स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस का प्रतीक रहा काकोरी कांड जान की बाजी लगाकर इसे अंजाम देने वाले अमर शहीद बलिदानी राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रवि तिवारी, कोमल सिंह, इरफान बेग, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग, जिला सचिव राजेंद्र गुप्ता, कार्यालय प्रभारी रवि गोस्वामी, केके दीक्षित व संजीव मिश्रा आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### पंचायत अध्यक्षा ने किया नगर भ्रमण

**मैलानी-खीरी।** नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष सत्यवती एवं सभासदों द्वारा नगर में भ्रमण कर अलाव, साफ-सफाई व्यवस्था व पलिया रोड रेलवे क्रोसिंग के पास निर्मित हो रहे आडिटोरियम, गेस्ट हाउस का औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों को मानक के अनुसार सामाग्री लगाने तथा समय पर कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। सर्दी के चलते चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की। नगर में 45 अलाव जल रहे हैं।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**ढखेरवा-खीरी।** नारायण हास्पिटल की तरफ से ढखेरवा नानकार में 21 दिसम्बर दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डा. अरविंद वर्मा, शामली सिंह, विपुल प्रकाश गुप्ता व अमित शुक्ला के द्वारा शरीर में होने वाली समस्त बीमारियों जैसे थायराइड, साइनस, ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा, जोड़ो के दर्द व सवाईकल जैसी समस्त बीमारियों का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही कुछ बीमारियों की जांच की भी व्यवस्था रखी गयी हैं।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला (हरदोई)।** नन्हिाल में रह रही किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 16 दिसंबर को उसकी पुत्री जो कि अपने ननिहाल में रह रही थी उसको संजीत पुत्र प्रसाद निवासी ग्राम तरा मजरा सांक कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

### दबंगों ने मां-बेटे की निर्ममता से की पिटाई

**संडीला(हरदोई)।** बेलगाम दबंगों ने दलित व्यक्ति को जमकर पीटा और उसको बचाने आई उसकी मां को भी अपनी निर्ममता का शिकार बनाया। ग्राम पिरकापुर निवासी जीतेन्द्र कुमार पुत्र देशराज पासी अपने गांव की बाजार से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम निवासी अमर सिंह पुत्र राजपाल सिंह, राजपाल सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह उसके देखते ही जातिसूचन शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। जब उसने उनको मना किया तो इन लोगों ने लाठी डण्डों और लात घूंसों से उसे बुरी तरह मारना शुरू कर दिया। इसी बीच जीतेन्द्र की माता रामा देवी उसको बचाने के लिए दौड़ी तो इन लोगों ने उसको भी बुरी तरह मारा पीटा। पुलिस ने दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत

**फतेहपुर।** जिला कारागार में आजीवन कावारास की सजा काट रहे 77 वर्षीय कैदी की शुक्रवार की रात अचानक तबियत बिगड़ जाने पर जेल प्रशासन ने उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी स्व0 मन्नू का पुत्र चन्द्रिका को 2018 में हाईकोर्ट से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। तब से वह जिला कारागार में बंद था। बीती रात उसकी अचानक तबियत बिगड़ गयी। जैसे ही उसकी खबर जेल प्रशासन को हुयी तो आनन-फानन में उसे बंदी रक्षक के साथ सदर अस्पताल भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक हत्या के मामले में सजा काट रहा था।

### वाहन की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शान्तीनगर जीटी रोड पर शुक्रवार की देर रात साइकिल से घर आ रहे 47 वर्षीय सुरक्षा गार्ड को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर के वर्मा चौराहा मुहल्ला निवासी सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव का पुत्र प्रदीप श्रीवास्तव ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात था। बताते हैं कि वह रात्रि ड्यूटी कर रात बारह बजे साइकिल से घर आ रहा था जैसे ही वह विद्य़ालय से कुछ दूर पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### उपचार दौरान बेटे की भी मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीवा के समीप शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे में जहां मां की मौके पर मौत हो गयी थी वहीं पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया था। देर रात पुत्र ने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि थाने के गौरा चुरियारा गांव निवासी रामकेश का 25 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र पटेल अपनी मां सुदामा पटेल को बाइक से शहर दवा दिलाने आया था। वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग बेरागढ़ीवा के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे सुदामा की घटनास्थल पर मौत हो गयी थी। वहीं उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजन शव को वापस सदर अस्पताल लाकर मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### 14 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी पांच, मलवां एक, खागा कोतवाली प्रभारी एक, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी एक, बकेवर तीन, चांदपुर एक, गाजीपुर एक तथा किशनपुर थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत गश्त के दौरान पुलिस ने दो लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र श्रीवास्तव आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर शाहिद पुत्र अब्दुल सलाम निवासी बारा थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार ललौली थाने के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार दुबे ने गश्त के दौरान ज्ञान सिंह पुत्र राजू निवासी जलालपुर जनपद बांदा के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

# पांच माह पूर्व जंगल में वैद्य की हुई हत्या में तीन गिरफ्तार

● पत्नी के साथ गलत काम करने से नाराज पति ने की हत्या

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**पत्नी को** संतान न होने से परेशान पति जब इलाज के लिए बैध के पास ले गया तो पति का आरोप है कि इलाज के बहाने वैद्य ने उसकी पत्नी के साथ गलत काम कर दिया। जब घटना की जानकारी पत्नी ने पति को बताई तो बह आग बबूला हो गया और वैद्य को ठिकाने लगाने के लिए षड्यंत्र रचकर अन्य दो साथियों के साथ जंगल में ले जाकर उसकी रस्सी से गला दबाकर एवं सर पर प्रहार करके हत्या कर दी और घटना को अंजाम देने के उपरांत भाग गए। जब घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र ने कदौरा थाना में अज्ञात लोगो के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया तो पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा गठित टीम ने घटना के पांच माह बाद घटना में शामिल तीन आरोपितो को पकड़ लिया। जिन्हें वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

उक्त घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि जयराम सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निबासी शेखपुर थाना पिलानी जनपद बाँदा को कोई संतान नहीं थी। जिस पर जयराम ने अपनी पत्नी का इलाज कालीचरण वैद्य जो कि हमीरपुर जनपद के रहने बाले बताये गए है से मई माह में कराना शुरू कर दिया। महिला के पति जयराम का आरोप है कि इलाज के दौरान वैद्य ने उसकी पत्नी के साथ गलत काम किया। जिसकी जानकारी जयराम को हुयी तो उसने वैद्य को ठिकाने लगाने की योजना बना डाली और 20 जुलाई को जयराम सिंह अपने मित्र हमीरपुर जनपद के ग्राम भुलसी निबासी रामबाबू खंगार पुत्र शिवबरन सिंह के साथ आगरा से अपने साढू हरिश्चंद्र उर्फबड़े लल्लू पुत्र स्व जीतेन्द्र सिंह निबासी बागी थाना कदौरा को साथ लेकर एक कार से आ गया। दिनांक 21 जुलाई को जयराम अपने साढू और दोस्त के साथ इलाज कराने का बहाना बनाकर वैद्य जी के घर हमीरपुर पहुच गया और त्रिपाठी आयुर्वेदिक स्टोर निकट अमन शहीद चौराहा से उसने मृतक कालीचरण वैद्य को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर इलाज कराने के बहाने कुरारा आ गया। जहाँ उसने पहले वैद्य को शराब पिलाई और नशे में कर दिया। फिर पास में ही कदौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इकौना के जंगल में ले जाकर उसकी रस्सी से गला दवाकर एवं लोहे की राड से सर पर प्रहार करके हत्या कर दी और फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना को लेकर मृतक के पुत्र हरिश्चंद्र निबासी मुहल्ला मेरापुर कस्वा व थाना हमीरपुर की तहरीर पर कदौरा थाना में मुकद्दमा पंजीकृत किया गया। तभी से पुलिस लगातार प्रयास में थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर ने घटना के अनावरण के लिए कदौरा, एट, एसओजी एवं सर्विलांस टीम को लगाया गया जिस पर गठित टीम ने घटना में शामिल तीनो आरोपितो को पकड़ लिया। जिनकी निशानदेहि पर पुलिस ने आलाकत्ल एवं घटना में प्रयुक्त कार को बरामद करते हुए बैधानिक कार्यवाही कर दी। वही अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्यारोपी द्वारा पत्नी के साथ गलत काम करने के जो आरोप लगाये गए है उसकी भी जाँच की जाएगी। गिरफ्तार करने बाली टीम को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरुस्कार दिया गया है। गिरफ्तार करने बालो में एट थानाध्यक्ष विनय दिवाकर, एसओजी प्रभारी प्रवीण कुमार, सर्विलांस प्रभारी अजय कुमार सिंह, एस आई गणेश प्रसाद, कुल भूषण, चन्दन पाण्डेय, धीरेन्द्र पटेरिया, कांस्टेबिल जगदीश, गौरव बाजपेयी, मनोज सोनकर, निरंजन सिंह, श्रीराम प्रजापति, शैलेन्द्र चौहान, पुनीत कुमार, अरविन्द, सूबेदार, भानु प्रताप, अनुज कुमार सहित चालक उपस्थित रहे।

# घाटमपुर बार एसोसियेशन के चुनाव की सरगर्मी शुरु



**घाटमपुर।** नये वर्ष के लिये घाटमपुर बार एसोसियेशन के चुनाव की सरगर्मियाँ शुरु हो गयी है पूर्व निधार्रित कार्यक्रम के अनुसार आज अधिवक्ता हाल में नामांकन की अध्यक्ष सहित सभी पदो के लिये नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पर के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम बाबू सचान ने नामांकन कराया जबकि महा मंत्री पद के लिये शिव सिंह परमार ने नामांकन कराया है। जारी प्रेस बिज्ञप्ति के मुताविक बार एसोसियेशन के चेयर मौन सीताराम सचान एडवोकेट के निर्देशन में मुख्य चुनाव अधिकारी उजियारी लाल यादव ने सहयेगी गणों के साथ नामाकंन प्रक्रिया शुरु की जिसमें अध्यक्ष व महामंत्री पद के अलावा बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये प्रकाशनरायन द्विवेदी, मंत्री पद लिये संतोष कुमार पाल, कोषध्यक्ष पद के लिये आशुतोष सचान, व संयुक्त मंत्री पद के लिये देवेन्द्र सिंह ने नामांकन कराया निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार 21 दिसम्बर प्रात: 10 से 4 बजे तक भी नामांकन होंगे। इसके बाद वापसी, जाँच होगी तथा 24 दिसम्बर दिन गुरुवार को 10 से 3 बजे तक मतदान होगा और इसके बाद गिनती हो के बाद परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

# शिवपाल सिंह की दो टूक, अब नहीं झुकेंगे बहुत इन्तजार किया, 2022 में हैसियत पता चल जाएगी



**इटावा।** कोऑपरेटिव बैंक के 71 वें वार्षिक अधिवेशन में शिवपाल सिंह यादव ने शिरकत करते हुए मंच से राजनीतिक बातें कहीं जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए सरकार की नीतियां और किसानों पर हो रहे शोषण और किसान बिल का विरोध करते हुए उन्होंने भाजपा पर हमला किया। मंच से सीधे सीधे सपा का बिना नाम लिए कहा कि 2022 में हमने अभी से तैयारी कर ली है। हम झुक के एलाइंस नहीं करेंगे। सपा का बिना नाम लिए कहा कि इंतजार बहुत हो गया। हमने बहुत इंतजार कर लिया। अब हम छोटी छोटी पार्टियों से एलायंस करेंगे। तब पता चल जाएगा 2022 में अपनी हैसियत के बारे में सब को पता चल जाएगा।2022 में प्रसपा पार्टी सरकार में रहेगी।

छोटी.छोटी पार्टियों से गठबंधन करेंगे। एक बड़े दल से गठबंधन होगा। बड़े दल का नाम नहीं बताया लेकिन उन्होंने कई बार बड़े दल से गठबंधन का जिक्र किया। लोहिया जी का जिक्र करते हुए कहा कि लोहिया जी ने 1963 में गैर कांग्रेसी अभियान चलाया था। उसी तरह हम भी गैर भाजपावाद अभियान चलाएंगे। सपा के ऑफर को कहा कि वह तो हमारे साथ मजाक किया था जो कि क्रूर मजाक था। अब हमने अपना पैर बढ़ा दिया है अब रुकेंगे नहीं। सेक्युलर पार्टीयों से गठबंधन करेंगे। अभी चुनाव का लंबा समय है।

## कम शुल्क लिया तो नोटरी अधिवक्ताओं को देना होगा जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** जिला बार एसोसिएशन सभागार में शनिवार को नोटरी अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान शपथ आयुक्तों ने समस्या बताई कि कुछ नोटरी अधिवक्ता कम शुल्क लेकर शपथ पत्रों का सत्यापन करते हैं। इससे उन्हीं अधिवक्ताओं के पास कचेहरी का अधिकतर काम जाता है। कम शुल्क लेने पर प्रतिबंध लगाया जाए। इस पर कम शुल्क लेने वाले नोटरी अधिवक्ताओं पर दो हजार रुपये जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। जिला बार एसोसिएशन महासचिव संजीव पारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में शपथ आयुक्त अधिवक्ताओं ने कहा कि कचेहरी परिसर में कुछ साथी कम शुल्क लेकर शपथ पत्रों का सत्यापन करते हैं। आरोप लगाया गया कि कई अधिवक्ता शपथकर्ता के हस्ताक्षर किए बिना ही प्रमाणित करते हैं। इससे शपथपत्र सत्यापन की शर्तों का उल्लंघन होता है। इन्हीं कारणों की वजह से कचेहरी में अधिकांश शपथपत्रों का सत्यापन कुछ साथियों के पास ही कराया जाता है। इससे अन्य साथियों को समस्या होती है। इस पर महासचिव ने सभी अधिवक्ताओं की सहमति से प्रस्ताव पास किया, जिसमें सभी नोटरी अधिवक्ता नोटेरी एक्ट के अंतर्गत ही काम करेंगे। नियमों का उल्लंघन कर शपथपत्रों का सत्यापन कदापि न किया जाए।

# अधिकारियों को भाजपा कार्यकर्ताओं की सुननी पड़ेगी: बनवारी लाल दोहरे



**जसवंतनगर।** अधिकारियों कर्मचारियों को भाजपा कार्यकर्ताओं की बात सुननी पड़ेगी और उनके जायज व जनहित के काम करने पड़ेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा जसवंतनगर प्रभारी बनकर आए पूर्व विधायक बनवारीलाल दोहरे ने मंडी समिति के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। दोहरे ने आगे पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार हर क्षेत्र में और हर वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है तथा प्रदेश में विकास के कार्य हो रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में जिन 82 सीटों पर भाजपा चुनाव नहीं जीत सकी थी उन पर विशेष रुप से प्रभारी बनाकर विभिन्न पार्टी नेताओं को भेजा जा रहा है। इस सीट पर भी भाजपा नहीं जीती थी इस कारण उन्हें यहां का प्रभारी बनाकर भेजा गया है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि यहां का भाजपा कार्यकर्ता अब कमजोर नहीं रहेगा तथा जो अधिकारी अभी तक भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं सुन रहे थे उनको अब जनहित की बातों को सुनना पड़ेगा और जो अधिकारी विपक्षी पार्टियों के प्रभाव में आकर भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं सुनेंगे या भ्रष्टाचार में लिप्त रहेंगे तो उनको बख्शा नहीं जायेगा। दोहरे ने कहा कि अब उन्हें इसी क्षेत्र में रहकर पार्टी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है और वे यह काम पूरी इमानदारी से करेंगे। उनके साथ जसवंतनगर विकासखंड के पंचायत चुनाव प्रभारी मुकेश यादव मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता, लज्जा राम प्रजापति, अजय बिंदु यादव, सुरेश गुप्ता, विवेक शाक्य, अनिल राजपूत, सौरव शाक्य, बलवंत तोमर, उमेश शाक्य, पंकज शाक्य, शशिकांत चौधरी, श्रेयस मिश्रा, सुरेंद्र संखवार आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**शिवली कानपुर देहात।** एमिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज मवैया के श्री जोगीबाबा इंटर कालेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा के बारे में में जानकारी दी गई हमारा देश हमेशा से पुरुष प्रधान देश कहा जाता है और ऐसे समाज मे कभी कभी पुरुषों के द्वारा घर की छोटी छोटी बातों में अपने घर की अपनी की पत्नी को घर के अंदर की प्रताड़ना दी जाती हैएजैसे कि सब्जी में नमक कम होनाएसमय पर बात का जवाब न दे पाना सहित पति के सारे वो काम जो पत्नी को करने होते है ऐसे में अगर थोड़ी सी भी अगर देरी हुई कारण कोई भी हो पत्नी को शारीरिक एमानसिक और आर्थिक हिंसा के शिकार होना पड़ता है वो भी घर के अंदर और इसी को घरेलू हिंसा का अपराध माना जाता है नुक्कड़ नाटक में घरेलू ही हिंसा अधिनियम 2005 के बारे में बताया घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिला को जख्मी करनाएमानसिक प्रताड़ना देनाएशारीरिक तौर से खतरे में डालनाएमौखिक और भावात्मक हिंसा शामिल है। घरेलू हिंसा अर्थात् कोई भी ऐसा कार्य जो किसी महिला एवं बच्चे ;18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाद्ध के स्वास्थ्यए सुरक्षाए जीवन के संकटए आर्थिक क्षति और ऐसी क्षति जो असहनीय हो तथा जिससे महिला व बच्चे को दु:ख एवं अपमान सहना पड़ेए इन सभी को घरेलू हिंसा के दायरे में शामिल किया जाता है घरेलू हिंसा अधिनियम घरेलू हिंसा अधिनियम का निर्माण 2005 में किया गया और 26 अक्टूबर 2006 से इसे देश में लागू किया गया। इसका मकसद घरेलू रिश्तों में हिंसा झेल रहीं महिलाओं को तत्काल और आपातकालीन राहत पहुंचाना हैण् यह कानून महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाता हैण् केवल भारत में ही लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में इसकी शिकार हैंण् यह भारत में पहला ऐसा कानून है जो महिलाओं को अपने घर में रहने का अधिकार देता हैण् घरेलू हिंसा विरोधी कानून के तहत पत्नी या फिर बिना विवाह किसी पुरुष के साथ रह रही महिला मारपीटए यौन शोषणए आर्थिक शोषण या फिर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल की परिस्थिति में कार्रवाई कर सकती हैण् के अंतर्गत जब महिला शिकायत पुलिस से करती है तो संबंधित अधिकारी जैसे संरक्षण अधिकारीएसेवा प्रदाताएया मजिस्ट्रेट को घरेलू हिंसा के बारे में पता चलता है इसके उपरांत संरक्षण अधिकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही शुरू करने और एक सुरक्षित आश्रय या चिकित्सासहायता उपलब्ध कराई जाती है और अपराध करने वाले पुरूष पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है इसे के साथ पीड़ित महिला को उसके अधिकारों की जानकारी देना जैसे निवास स्थान का अधिकारए गुजारे भत्ते का अधिकारए क्षतिपूर्ति का अधिकारए संरक्षण का अधिकार और बच्चों की कस्टडी का अधिकारएपीड़ित महिला को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान करने का अधिकारएधारा 498। के तहत मुकदमा पंजीकृत करने का अधिकार की जानकारी उपलब्ध कराना भी शामिल है।

# खेतों में स्थित फॉर्म हाउस में लगी आग

● एक दर्जन से अधिक बकरियां जिंदा जली

चार लाख रुपये की संपत्ति जल कर हुई खाक



**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के भौंरा गांव में शुक्रवार की रात खेतों में स्थित फार्म हाउस में आग लग गई जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया सूचना पर पहुंची रूरा पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मामले की जांच पड़ताल की। प्राप्त जानकारी के अनुसार भौंरा गांव निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र जय नारायण सिंह का गांव से करीब 300 मीटर दूरी पर खेत है खेतों पर ही जितेंद्र ने बड़ी झोपड़ी को लकड़ी फूश और लोहे की जलियों से सुसज्जित किया था इस फॉर्म हाउस में 1 दर्जन से अधिक पालतू जानवर सहित खेती संबंधी अन्य उपकरण व सामान रखे थेए रात्रि मे करीब 8 बजे जितेंद्र अपने इसी फॉर्म हाउस में सोने के लिए आया थाए खेतों मे आग लगी देखकर वह अपने फॉर्म हाउस भागे तभी उन्होंने एक आदमी को भागते देखाए जितेंद्र ने ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया आग बुझाने के दौरान जितेंद्र का पुत्र रोहित झुलस गया। मामले की सूचना 112 डायल पुलिस, फायर ब्रिग्रेड और रूरा पुलिस को दी गईए जितेंद्र के भतीजे राहुल सिंह ने बताया कि फॉर्म हाउस मे 14 बकरी, मुर्गा पालन केंद्र का सामान, जीन सहित अन्य खेती के काम मे प्रयुक्त होने वाले सामान जल कर खाक हो गएए करीब 4 लाख रुपये के नुकसान की संभावना व्यक्त की जा रही है सूचना पर रूरा कोतवाल विद्यासागर सिंह और 112 डायल ने जांच पड़ताल कीए फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी गाँव पहुँची लेकिन तब तक गाँव के लोग आग पर काबू पा चुके थे। एस ओ विद्यासागर सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# देश के लिए बलिदान होने वालों को किया सलाम

● 1971 के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए, क्रांतिवीर गेंदालाल दीक्षित को किया याद

● देर रात तक बही काव्य की रसधार



**औरैया।** सैनिकों और शहीदों के लिए काम करने वाली संस्था भारत प्रेरणा मंच ने कार्यक्रम आयोजित कर 1971 में देश को जीत का तोहफा देने वाले सैनिकों को सलामी दी। क्रांतिकारियों के द्रोण के नाम से विख्यात पं गेंदालाल दीक्षित को भी बलिदान शताब्दी वर्ष के मौके पर याद किया गया।

शुरुआत क्रांतिकारी पं गेंदालाल की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। मुख्यअतिथि समाजसेवी लालजी शुक्ला ने कहा कि औरैया पं गेंदालाल के बलिदान को समझता है। हमारे शहर को अपनी कर्मभूमि बना कर उन्होंने जो सम्मान दिया उसे हम सब सलाम करते हैं। इसीलिए भारत प्रेरणा मंच के आवाहन पर नगरपालिका की ओर से उनकी प्रतिमा प्रमुख चौराहे पर स्थापित की गई है। मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने भारतीय सेना को 1971 में हासिल हुये गौरव को विस्तार से बताया। उन्होंने पं गेंदालाल दीक्षित द्वारा बनाई गई मातृवेदी संस्था के कार्यों को भी बताया। काव्यगोष्ठी की शुरुआत गीता चतुर्वेदी ने सरस्वती वंदना से की। गोपाल पांडेय ने देश के लिए जिन्होंने दांव पर लगाई जान कविता सुनाकर देशभक्ति का जज्बा जाग्रत किया। इति शिवहरे ने हमारा देश हमसे हैएहमारे देश से हैं हमए विवेक राज बेदर्द ने कभी चुनौती दे मत देना वर्दी हिंदुस्तानी कोएशशांक मिश्रा ने हमे हर हाल में अपना हुनर आबाद करना हैएप्रशांत अवस्थी ने मेरा दिल गुनगुनाता है कविता पढ़ी। वरिष्ठ कवि पँथनारायन पांडेय ने देखि के देश की दीन दशा उर द्रोही स्वरूप धरे न धरेएव शायर अयाज अहमद ने लड़ाकर हमको आपस मे सियासत मार डालेगी गजल पर तालियां बटोरी। हरिशंकर मिश्र व डॉ गोविंद द्विवेदी के साहित्यिक गीतों को सराहा गया। संचालन अजय अंजाम ने किया। अध्यक्षता रामस्वरूप दीक्षित ने की। पूर्वसैनिक गिरेंद्र सिंहएज्ञान सक्सेनाए डॉ सक्षम सेंगरए डॉ गौरव वर्माएआनंद नाथ गुप्तएमयंक पोरवाल मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कृष्ण बलदेव बर्मा की पुत्रवधू को सम्मानित किया गया। आभार ज्ञापन क्रोनिक कम्प्यूटर्स के कपिल गुप्ता ने किया।

# किसान आंदोलन के समर्थन में सपा ने निकाली किसान यात्रा



**कोंच ( जालौन )।** केन्द्र सरकार द्वारा गत माह कृषि क्षेत्र से जुड़े एमएसपी समेत कुल 3 बिलों को पारित किये जाने के विरोध में किसानों द्वारा किये जा रहे राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का समाजवादी पार्टी द्वारा खुलकर समर्थन किया जा रहा है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षध्पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सूबे भर में कार्यकर्ताओं द्वारा किसान यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में शनिवार को मथुरा प्रसाद महाविद्यालय से प्रारंभ किसान यात्रा को सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव व नगर अध्यक्ष उरई वेद प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किसान यात्रा में शामिल सपा कार्यकर्ता हांथों में पार्टी का झंडा लेकर व सिर पर लाल टोपी लगाकर किसान विरोधी केन्द्र सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए दुपहिया वाहनों पर सवार थे सपा माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व व सपा नगर अध्यक्ष छोटू टाईगर की देखरेख में निकाली गयी किसान यात्रा मारकंडेयश्वर तिराहा, सागर चौकी, रामगंज बाजार, नई बस्ती तिराहा, सेठ व्रन्दावन कॉलिज, लवली चौराहा, स्टेट बैंक, छावला की पुलिया, खेरा चौराहा, आराजी लेन, कैलिया बाईपास, ईदगाह, आजाद नगर, बजरिया पावर हाउस, कांशीराम कॉलोनी, धनुताल के रास्ते से होकर रामलला मंदिर के समीप स्थित सपा यूथ बिग्रेड के नगर अध्यक्ष रवि यादव के आवास पर पहुंची जहां किसान यात्रा का समापन किया गया और पार्टी नेताओं ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार पर करारे प्रहार किये किसान यात्रा में जिला पंचायत सदस्य महन्त कृष्णपाल सिंह गुर्जर, राघवेंद्र सिंह अमखेड़ा, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा मनोज इकड़्या, इस्तिकार अहमद गुड्डू,पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी रहमईलाही कुरैशी, महेन्द्र पटेल सिमरिया,राजू महाराज चाँदनी, शबीउद्दीन, सतीश परिहार सामी, शीलू गुर्जर, प्रशान्त गुर्जर, प्रशान्त चौधरी, मन्त्री पटेल धनोरा, सौरभ खरे, कपिल राय, नगर महासचिव डॉ. शिवम यादव, सभासद नसीम निहारिया, इस्लाम बाबा,विशाल गुप्ता, रंजीत कुशवाहा,सचिन यादव,कलीम अन्सारी, रवि यादव, शिवम गुर्जर, बॉवी वर्मा, अनिरुद्ध द्विवेदी, अभय पटेल, मोनू झा, शिवम याज्ञिक, विकास पटेल, सचिन वर्मा, शिवम पटेल, रामानन्द कुशवाहा, मोहित जाटव, संजय वर्मा,आफ्ताब मकरानी, सोबी मंसूरी,विकास वर्मा,इमरान खलीफा, धर्मवीर, राज यादव, कृष्ण बिहारी कुशवाहा,रजा कुरैशी,नन्नू कुरैशी, उस्मान कुरैशी, शिवा यादव आदि सपा कार्यकर्ता शामिल रहे वहीं शांति सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक इमरान खान, क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम, थानाध्यक्ष नदीगांव रूपकृष्ण त्रिपाठी, थानाध्यक्ष कैलिया महेश कुमार, सागर चौकी प्रभारी संजीव कटियार, सुरई चौकी प्रभारी मदन पाल, मंडी चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ किसान यात्रा के आगे आगे चलते रहे।

## क्विक न्यूज

### व्यापार मंच जिलाध्यक्ष व पुत्र के खिलाफ किरायेदार ने दर्ज कराया मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** किरायेदार की दुकान के ताले तोड़कर सामान गायब करने के मामले में व्यापारी नेता और उनके पुत्र के खिलाफपुलिस नें मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला ग्राटगंज निवासी शाहिद पुत्र महमूद हुसैन नें कोतवाली क्षेत्र के ही मोहल्ला चिंतामणि स्टेट बैंक वाली गली निवासी व्यापारी नेता व उ‍ोग व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता उनके पुत्र यश गुप्ता के खिलाफतहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि बीते 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे उन्हें पता चला कि राजीव गुप्ता नें उसकी दुकान का ताला तोड़ दिया और उसमे रखा सामान गायब कर दिया। शिकायत कर्ता शाजिद नें मुकदमें में कहा कि उसकी दुकान के ऊपर ही राजीव गुप्ता अपने परिवार के साथ रह रहे है। उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। पुलिस नें आरोपी राजीव गुप्ता और उनके पुत्र यश गुप्ता के खिलाफधारा धारा 380 व 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस मामले की जाँच में जुट गयी है। राजीव गुप्ता नें बताया कि जिस समय उनके खिलाफआरोप लगाया गया उस समय वह दिल्ली में थे। आरोप गलत है। जाँच में साफहो जायेगा।

### कपड़े की दुकान से हजारों की चोरी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा नवाबगंज में बबना रोड पर बाबू सिंह डिग्री कॉलेज के पास कपड़े की दुकान से अज्ञात चोरों ने पिछले दरवाजे से नकाब लगाकर के रेडीमेड कपड़े की दुकान को बनाया निशाना। चोरों द्वारा लगभग 25000 का सामान चुरा ले गए । वही जानकारी के अनुसार पड़ोसी रामपाल ने इसकी सूचना दुकान मालिक शिव कुमार मिश्रा पुत्र विद्यासागर मिश्रा निवासी फ‍नपुर को दी। शिव कुमार मिश्रा ने बताया कि मेरी दुकान लगभग 2 महीने से बंद थी । जिसमें रेडिमेंट का कपड़ा रखा हुआ था । चोर चुरा ले गए समाचार लिखे जाने तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### कोविड के सात मरीज मिले, संख्या 4534 पहुंची

**फर्रुखाबाद।** जिले में कोविड19 के फलस्वरुप देर रात्रि आई रिपोर्ट के मुताबित 7 मरीज मिले है जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है इससे जिले में कोरोना से होने वाले संक्रमित मरीजों की कुल 4534 पर पहुंच गई है। जिसकी रोकथाम के लिए जनपद के आलाधिकारी सख्ते में बने हुए है जिससे कोविड महामारी की चपेट में आने से आम मजनमानस को बचा सके। जिला मुख्यालय से आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में आज कोविड 19 के 7 मरीज मरीज मिले है जिससे जिले में कोरोना संक्रमितो की संख्या 4534 पर पंहुच गई है इसमें 109 मरीज एक्टिव है जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एवं होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4345 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया हैए वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 80 पर पहुंच गई है। जिले के सभी आलाधिकारी सरकार के निर्देशानुसार कोविड रोकथाम के लिए जगह .जगह जागरुक्ता अभियान चला रहा। जिससे सर्दी के मौसम में कोरोना महामारी आमजनमानस में प्रवेश न कर सके।

### दामाद को पीटकर महिला को ले गए ससुरालीजन

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** घर में पड़ोसी गांव के युवक को देख पति ने पत्नी के मायके फोन कर अवगत कराया। गांव पहुंचे ससुरालीजन दामाद को मारपीट कर महिला को साथ ले गए। पति ने ससुरालीजन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दिल्ली में रहकर कार्य करता है। घर पर पत्नी दो बच्चों के साथ रह रही है। पति के अक्सर बाहर रहने पर महिला का पड़ोसी गांव के एक युवक से मेलजोल हो गया। जिस पर युवक महिला के घर आने जाने लगा। शुक्रवार रात लगभग नौ बजे महिला का पति दिल्ली से लौटकर घर आया। पत्नी के साथ एक युवक को अपने घर में देखकर पति ने युवक को दबोच लिया। युवक के आरजू मिन्नत करने पर उसे छोड़ दिया। घटना की जानकारी पति ने अपनी पत्नी के मायके जनपद एटा में फोन कर दी। शनिवार सुबह युवक के घर आए ससुर व स्वजन ने बातचीत के दौरान महिला पर झूठा आरोप लगाने की बात कहकर गाली गलौज किया। विवाद बढ़ने पर ससुरालीजन ने युवक से मारपीट की। विवाद के बाद ससुरालीजन महिला को अपने साथ ले गए। थाने पहुंचे युवक ने पुलिस को ससुरालीजन के खिलाफतहरीर दी।

### किशोरी ने फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त की

**लबेदी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम असदपुर में घरेलू विवाद होने के चलते एक 16 वर्षीय किशोरी ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। घटना की सूचना पर थाना लबेदी पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना के बाबत थानाध्यक्ष लबेदी सुरेश चन्द्र ने बताया कि ग्राम असदपुर निबासी रामकुमार दोहरे की 16 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने खाना बनाने के बिबाद को लेकर माता से कहासुनी हुई जिससे आहत होकर उसने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जब मां ने आबाज लगाई तो आबाज का जबाब नहीं मिला तो तो मां ने आकर देखा कि बेटी फांसी पर झूलती मिली। जिस पर घर में कोहराम मच गया। वहीं आसपास के लोग व महिलाएं इकट्ठी हो गयी। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बेटा घायल

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर तेज आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मां बेटे को कुचल दिया जिसमें मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा घायल पुत्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया घटना के संबंध में जिला अस्पताल के डॉ भरत चौधरी ने बताया कि घटना फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र की है जहां अज्ञात वाहन की टक्कर में मीरा देवी पत्नी अशोक कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा उनका पुत्र राजीव निवासी आछल्दा जिला औरैया को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया।

### अज्ञात कारणों से मौत

**इटावा।** चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पतासी वर्षी रघुवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय शुगर सिंह निवासी नगला कटोरी थाना जसवंतनगर ने आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में मौत

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में कपिल कुमार पुत्र मुकुट सिंह निवासी सैदपुर नगला पीर थाना सिविल लाइन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिक्षक के निधन से कस्बे में शोक की लहर

**लखना।** कस्बा लखना के मुहाल दीक्षितान रिटायर्ड शिक्षक जगदीश शास्त्री का बीमारी के चलते निधन हो गया। इनके निधन पर कस्बा लखना व क्षेत्र के लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया। शोक प्रकट करने बालों में चेयरमैन डा. समीर प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन अशोक सिंह एडवोकेट, सतीश चन्द्र वर्मा, विवेक यादव सन्नी, अशोक तिवारी एडवोकेट, जय सिंह राठौर, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुं संतोष सिंह चौहान, शिवकुमार चौहान सभासद दिनेश यादव, सिदार्थ शंकर दीक्षित एडवोकेट, मिन्टू दीक्षित, बालकराम दुबे, हरी दीक्षित सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जालौन (उरई)।** बंगरा मार्ग पर छिरिया सलेमपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार की युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। थाना रेढ़र के खेरसेरा निवासी 33 वर्षीय युवक चन्द्रशेखर पुत्र भंवरसिहं जालौन की कहकर घर से निकला था। जब वह छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन टक्कर मार कर भाग गया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गम्भीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

### अस्थायी गौशाला में बंद 52 गायों की टैगिंग करायी गयी

**जालौन (उरई)।** विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुवे में संचालित अस्थायी गौशाला बंद गायों की टेगिंग की गई जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। अकोढ़ी दुबे संचालित गौशाला में बंद 52 गायों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रधान के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम ने टेगिंग की। गौशाला में शनिवार को मिली सभी गायों की टेगिंग की गई जिससे उन्हें गांव की गायों से अलग किया जा सके। टेगिंग के साथ ही जानवरों का डाटा का गौशाला में रजिस्टर बनवा दिया गया है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार साहू, राजू, अजय, सफाई कर्मी दयाराम चौधरी, जगराम वर्मा आदि लोगों ने सहयोग किया।

### कल से चलेगा फाइलेरिया मुक्ति अभियान: सीएमओ

**फर्रुखाबाद।** आगामी 21 दिसंबर से 8 जनवरी तक फर्रुखाबाद में फाइलेरिया मुक्त अभियान चलने जा रहा है। जिसमे शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ के सभागार में सीएमओ डा0 वंदना सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जोनल कोआर्डिनेटर डॉ0 नित्यानंद ठाकुर ने मीडिया कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी। सीएमओ ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत आशा, आगनबाड़ी व अन्य वालंटियर द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। एक टीम एक दिन में 20 से 25 घरों का दौरा कर लक्षित समूह को दवा अपने सामने खिलाएंगे। यह दवा सभी लोगों को भोजन करने के बाद दिन में 11बजे से 5 बजे तक खिलाया जाएगा। इसमें डीईसी एवं एलबेंडाजोल की गोलिया लोगों की दी जाएगी। 2 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को डीईसी की एक गोली व एलबेंडाजोल की एक गोली, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो गोली एवं एलबेंडाजोल की एक गोली व 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली एवं एलबेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी।

# पिता ने मासूम बेटे को गला घोंटकर मार डाला

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

● पुलिस ने पिता को लिया हिरासत में

**राठ क्षेत्र** के गल्हिया गांव में कलियुगी पिता ने अपने ही सात साल के इकलौते बच्चे की हत्या गला घोटकर हत्या कर दी। शनिवार को शव पशउ बाड़े में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पशुवाड़े से बरामद कर कब्जे में ले लिया है। आरोपित पिता को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

राठ क्षेत्र के गल्हिया गांव निवासी तेज सिंह ने अपनी पुत्री सर्वेश की शादी मवई गांव में सुरेश राजपूत के साथ की थी। इसकी इकलौती संतान हिमांशु (7) थी। सुरेश शराब का लती था। पिछले एक साल पहले सुरेश ने अपनी पत्नी सर्वेश कुमारी को मारपीट कर घर से भगा दिया था। तभी से ये अपने मायके गल्हिया में रह रही है। वहीं इसका इकलौता पुत्र हिमांशु अपने बाबा टेकचन्द्र के साथ मवई गांव में ही रहता था। शुक्रवार की रात गल्हिया गांव में सर्वेश कुमारी के चचेरे मामा सतीश पुत्र रामपाल लोधी के यहां कुआं पूजन का कार्यक्रम था। जिसमें सुरेश अपने पुत्र हिमांशु को गल्हिया गांव में छोड़कर चला गया था। देर रात नाच गाना के दौरान अचानक हिमांशु लापता हो गया।परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। शनिवार को सुबह तेज सिंह बच्चे को खोजते पशु बाड़ा पहुंचे तो घासफूस में हिमांशु का शव छिपा देख वह चिल्ला पड़ा। बच्चे का गला दबाये जाने के निशान देख सुरेश राजपूत पर अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुये घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। ये बच्चा गांव के ही विद्यालय में कक्षा दूसरी में पढ़ता था। मासूम बच्चे की हत्या की खबर पाते ही अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व सीओ राठ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।अपर पुलिस अधीक्षक ने आज दोपहर बताया कि मृतक बच्चे की मां और मामा के अलावा कुछ और लोगों ने पिता सुरेश पर गला घोटकर हत्या करने की बात बतायी है। इस घटना में कुछ चश्मदीद भी है जिन्होंने आरोपित को घटनास्थल से आते जाते देखा है। फिलहाल हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित पिता से पूछताछ जारी है।

## काम हुआ जेसीबी से, भुगतान किया श्रमिकों के नाम

**चित्रकूट।** मानिकपुर वन परिक्षेत्र के तहत झरी सर्किल बीट वन भूमि पर वन विभाग ने वृक्षारोपण कार्य में भारी भ्रष्टाचार कर नियमों की अनदेखी कर कार्य कराये हैं। सभी निर्माण कार्य सर्वे सीमांकन, वन भूमि सफाई कार्य, गड्ढ़ा खुदाई कार्य जो मजदूरों से कराने थे। रेंजर व वन दरोगाओं तथा ठेकेदारों ने शासकीय धन का बंदरबांट करने के चक्कर में जेसीबी मशीन से कार्य कराया है।

वन विभाग झरी सर्किल बीट के सभी कार्य शासकीय धन का बंदरबांट करने के चक्कर में जेसीबी लगाकर कार्य कराये गये। वन विभाग के जिम्मेदारों ने कागजों में मजदूरों से कार्य करना बताकर मजदूरी भुगतान कागजों में किया। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। नियम मापदण्डों के तहत न गड्ढ़ों की खुदाई हुई और न साफ-सफाई हुई। रेंजर, वन दरोगाओं व ठेकेदारों ने शासकीय धन को पंजीरी की तरह बांटा। वन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी मशीन लगाकर भुगतान किया।

## ठंड से न हो किसी की मौतः डीएम



● ठंड से बचाव की बैठक में निर्देश देते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में ठंड व शीतलहर के मद्देनजर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे सोता मिले तो उसे कम्बल सुलभ करायें।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि रात्रि भ्रमण दौरान अपने वाहनों में पर्याप्त कम्बल रखकर क्षेत्र भ्रमण करें, ताकि जरूरतमन्दों को ठंड से बचाव को कम्बल मिल सकें। सर्दी से किसी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। सर्दी से बचाव को शासन से मिले निर्देशों का पालन करें। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाकर रैनबसेरा में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व शौचालय की व्यवस्था करें। गौशाला में पशुओं का रखरखाव सही ढंग से करें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध रहें। रैनबसेरा में बेडसीट, कम्बल, गर्म पानी तथा सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ अमित आसेरी, सीएमओ डॉ विनोद कुमार व सभी एसडीएम तथा सभी अधिशाषी अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हर हाल में कायम होगा कानून का राजः कोतवाल



**मऊ/चित्रकूट।** मऊ कोतवाली के नवागन्तुक कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने पत्रकारों से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेकर कहा कि किसी भी तरह की समस्या के लिए उनसे सम्पर्क करें। शनिवार को नवागन्तुक कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने कहा कि हर हाल में कोतवाली क्षेत्र में कानून का राज कायम होगा। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध एवं गैरकानूनी कार्यों के प्रति कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वाले एवं अपराध करने वाले हर हाल में अपराध बन्द कर दें। चेताया कि ऐसे लोगों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन व गांजा तस्करी तथा मादक पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से लगाम लगाई जायेगी। किसी भी तरह की समस्या लेकर कोतवाली आने वालों को हर हाल में न्याय मिलेगा। दोषियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### लव जिहाद के तहत लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी पुत्री एक विद्यालय में बतौर शिक्षिका कार्यरत थी इसी बीच उसका राहुल नाम के लड़के से बातचीत होने लगी और बात शादी तक जा पहुंची। युवक ने अपने परिजनों के नाराज होने की बात कहकर वैवाहिक कार्यक्रम खुद संपन्न कराने की बात कहकर युवती से शादी कर ली शादी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया जिसकी जानकारी पीड़ित पिता को होने पर उसने समुदाय विशेष के युवक पर अपनी धार्मिक पहचान छुपाकर धोखाधड़ी कर शादी करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध उ0 प्र0 धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 3/5 सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की खोज में कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### चोरों ने ताला तोड़कर पार की नकदी व जेवरात

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सर्राफकी दुकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर लाखों रुपए की नगदी सहित जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हरदेवगंज कन्नौज निवासी मनीष कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार यादव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती देर रात अज्ञात चोरों ने जसोदा स्थित उसकी दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित दुकान स्वामी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई।

### तलाशी अभियान में युवक धरा गया, असलहा बनाने का मिला सामान

**बांदा।** कोतवाली निरीक्षक ने अहार गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास असलहा बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने आसपास भी तलाशी अभियान चलाया। सीओ आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा व टीम ने मुखबिर की सूचना पर अहार मोड़ पर तलाशी अभियान चलाया। नाले के पास मुन्नीलाल पुत्र बुटू विश्वकर्मा निवासी थनैल थाना बिसंडा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस 315 बोर को नाजायज व अधबने तमंचों के पुर्जो तमंचा व तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किया। उसे हिरासत में लिया और मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

### सेल्समैन के घर से लाखों की चोरी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बांकी में शराब सेल्स मैन के घर में घुस कर अज्ञात चोर 10 हजार की नगदी सहित डेढ़ लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। बांकी निवासी नरेन्द्र श्रीवास ने पुलिस को बताया कि वह रात में शराब ठेका बंद करके घर गया था खाना पीना खाने के बाद बच्चों के साथ एक कमरे में सो गया था तभी रात में अज्ञात चोर घर में घुस आए और उसके कमरे की कुंडी लगाकर तथा दूसरे कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी 10 हजार की नकदी और डेढ़ लाख के जेवरात उठाकर ले गए सुबह नींद खुली तो कमरे के दरवाजे बंद थे तब भाई को बुला कर कुंडी खुलवाई बाहर निकल कर देखा तो चोरी हो गई थी द्य थानाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि चोरी की जानकारी हुई है। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### आमरण अनशन कर रहे पत्रकारों की हालत बिगड़ी

**मौदहा।** तहसील परिसर में चार दिन से आमरण अनशन में बैठे पत्रकारों की जहाँ हालत बिगड़ रही है। वहीं प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही होते नजर नहीं आ रही है। बीते दिन उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने अनशन स्थल पर जाकर अनशनकारियों का हालचाल जरूर लिया था।मौदहा तहसील में पत्रकारों का आठ दिनों से अनशन चल रहा है जिसमें आमरण अनशन में तब्दील हुए आज चौथा दिन है, परन्तु अभी तक कोई सक्षम अधिकारी इस मामले में जानकारी लेने नही आया है।वहीं अनशन में बैठे पत्रकारों का कहना है कि जब तक मौदहा कोतवाल मनोज शुक्ला का निलंबन नहीं होता तब तक वे आमरण अनशन को जारी रखेंगे।

### सड़क दुर्घटनाओं में युवती समेत चार घायल,अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवती सहित 4 लोग हुए घायल जिन्हें मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया गया भर्ती दो की हालत नाजुक होने पर हमीरपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मौदहा कस्बा निवासी रवि बाइक से बाजार जा रहा था तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे लोगों द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां पर इलाज जारी जारी है वही प्रियंका राम सिंह निवासी ग्राम नारायच रोड पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे रोड पर गिर घायल हो गई जिसे ग्रामीणों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह शिवांश गुप्ता नगर निवासी अपने घर के पास खेल रहा था अज्ञात वाहन की टक्कर से गिरकर घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर कराया जहां हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने सदर अस्पताल हमीरपुर किया रिफर कर दिया वही चंद्रपाल निवासी ग्राम पाटनपुर बाइक द्वारा गांव से मौदहा आ रहा था तभी रास्ते मे सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गया राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया गया भर्ती जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डाक्टरों ने सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए किया रिफर कर दिया

### बिना पंजीयन के नहीं होगा किसी का कोविड टीकाकरण

**चित्रकूट।** कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण हुआ। बताया गया कि जिन लोगों का पहले से पंजीयन है उनका ही टीकाकरण किया जायेगा। बिना पंजीयन के किसी भी व्यक्ति का टीकाकरण नहीं होगा। शनिवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि पहले चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में ही टीकाकारण होगा। कम से कम तीन कमरे हो पहला वेटिंग रूम, दूसरा जहां टीकाकरण होगा और तीसरा ऑब्जर्वेशन रूम होगा। जहां टीकाकारण हुए लोगों को 30 मिनट तक रखा जाएगा। देखा जाएगा कि किसी को कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। 30 मिनट ऑब्जर्वेशन के बाद उनको वहां से जाने के लिए कहा जाएगा। टीकाकरण दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल दो गज की दूरी हैंड वाशिंग और सेनेटाइजेशन का पूरा पालन किया जाएगा। प्रथम चरण में हेल्थ केयर वर्कर्स का ही टीकाकरण किया जाएगा। पहले प्रथम चरण के लिए 4094 लोगों का डाटा कलेक्ट किया गया है। प्रशिक्षण डब्ल्यूएचओ की डॉ मीनाक्षी, यूनीसेफके राहुल कुलश्रेष्ठ, यूएनडीपी की मैनेजर कुसुम श्रीवास्तव ने दिया। इस मौके पर एसीएमओ इम्तियाज अहमद, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एनके कुरैचिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया आदि मौजूद रहे।

### सपाइयों ने साइकिल यात्रा निकाल किया किसान बिल का विरोध



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सपा नेताओं ने साइकिल यात्रा निकालकर किसान बिल का विरोध करते हुये किसानों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने की बात कही। इस दौरान सपाईयों ने किसानों से मुलाकात कर समस्यायें भी सुनी। इस दौरान उन्होनें कहा कि अन्नदाताओं की समस्या के प्रति केन्द्र सरकार गंभीर नही है। शनिवार का पूर्व प्रदेश सचिव हसीब हसन, युवा सपा नेता अजीम सिददीकी, युवा सपा नेता मुकीम खान सहित दर्जनों सपाईयों नें क्षेत्र के ग्राम ऊंचा, पलटेपुरवा में किसानों के समर्थन में किसान यात्रा के माध्यम से किसान बिल का विरोध कर कृषि बिल को वापस करने की मांग की गई। दौरान युवा सपा नेता अजीम सिददीकी नें कहा कि अन्नदाताओं के हितों के लिये नये किसान बिरोधी कानून को वापस लिया जाये। इस अवसर पर सलीम खान, शान अख्तर, कार्यक्रम आयोजक दीपू यादव, सनोज यादव, रवि यादव टिंकू तिवारी, नरेश सक्सेना, सुदामा बाथम, मास्टर राम सेवक, गगन यादव बीपी यादव, तारिक आदि मौजूद रहे।

# रेलवे के इलेक्ट्रिक कंट्रोल रूम में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



**बांदा।** रेलवे के इलेक्ट्रिक कंट्रोल रूम में चोरी करने वाले दो आरोपितों को आरपीएफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया। रेलवे स्टेशन के लोहिया पुल के पास स्थित इलेक्ट्रिक लाइन कंट्रोल रूम में 15 दिसंबर की रात चोरों ने कक्ष का ताला तोड़कर 34 बैटरियां चोरी कर ली थीं। चोरी की घटना से रेलवे के अधिकारियों व आरपीएफ में हड़कंप मच गया था। झांसी व बांदा की डॉग स्क्वायड टीमों ने घटनास्थल की जांच की थी। आरपीएफ ने अपनी ओर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफथाने के निरीक्षक अनिरुद्ध जांगिड़ के नेतृत्व में चार टीमें गठित की गई थीं। जिसमें एसआइ केके पांडे एसके पांडेय कांस्टेबल बलिराम रमेश मदनपाल सरफराज आदि को पर्दाफाश के लिए लगाया था। आरपीएफ की गठित टीमों ने सुरागरसी कर चोरी के आरोपित सोनू निवासी मोहल्ला अलीगंज व फिरोज खान मोहल्ला बाकर गंज को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथी नियाज व अजय अभी फरार हैं। पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर आरपीएफ ने कच्चे तालाब के पास झाड़ियों से चोरी की गईं 34 बैटरियां बरामद की हैं। निरीक्षक ने बताया कि चोरों ने बैटरियों को तोड़कर बोरों में भरकर छिपाया था। जिनकी कीमत करीब 20 हजार रुपये थी।

## बुन्देलखंड का प्रसिद्ध कम्हरिया मेला 22 से

**मौदहा ( हमीरपुर )।** प्रसिद्ध सूफी सन्त हजरत बाबा निजामी कम्हरिया का 58वां तीन दिवसीय सालाना उर्स का कार्यक्रम व कम्हरिया मेला आगामी 22 दिसंबर से शुरु हो रहा है। जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं, इस उर्स में न सिर्फ स्थानीय बल्कि बुन्देलखण्ड के जनपदों के अलावा प्रदेश व अन्य प्रदेशों के हजारों की तादाद में बाबा के चाहने वाले शिरकत करते हैं। उर्स का समापन पच्चीस दिसंबर को होगा। जबकि कम्हरिया मेला 26 दिसम्बर तक चलेगा।बुन्देलखण्ड स्तर के बड़े उर्स में तीन दिनों के अन्दर लाखों लोग आते जाते हैं। कई स्थानों पर लंगर होते हैं, मौदहा स्थित रागौल रेलवे स्टेशन से बड़ा चौराहा व कम्हरिया के बीच बाबा के उर्स में आने वाले मेहमानों के लिए बाबा के चाहने वालो की तरफसे विभिन्न प्रकार की व्यवस्थायें की जाती हैं। इस मेले में छोटी से लेकर सैंकड़ों की सख्या में बड़ी बड़ी दुकाने व स्टाल लगते हैं। इस वर्ष भीषण शीत लहर के बीच उर्स का आगाज हो रहा है।

# सामूहिक विवाह में दांपत्य सूत्र में बंधे 65 जोड़े



**बांदा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को 65 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच शादी की सभी रस्में पूरी कराईं। इस दौरान बीडीओ व अन्य कर्मचारियों ने बरातियों की अगुवानी की। सांसद और विधायकों ने विवाह के बाद कन्याओं को उपहार व आशीर्वाद देकर विदाई दी। कन्याओं के खातों में 30 हजार रुपये भेजे गए। दस हजार का सामान दिया गया।

अतर्रा प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील क्षेत्र के विकास खंड महुआ कार्यालय परिसर में में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह हुआ। अलग.अलग पंडालों में पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच शादी की रस्में पूरी कराईं। इस दौरान 20 जोड़ों एक-दूजे का दामन थामा। इनमें महुआ ब्लाक से रश्मि (पैगंबरपुर) राम सिंह (पन्ना) निर्मला देवी (देवरार) बबलू (पन्ना) विनीता (पनगरा) भरतलाल (जालौन) अनीता (देवरार) परमा (दतिया) मंजू देवी (देवरार) राहुल (हमीरपुर) रामलली (प्रेमपुर) सुरेंद्र (नरैनी) सरिता (देवरार) प्रमोद कुमार (हमीरपुर) गीता देवी (देवरार) मंगल सिंह (पन्ना) मंजू देवी (गिरवा) बाल चंद्र (मलेहरा निवादा) राधा (महुआ) वीरेंद्र तथा ब्लाक बड़ोखर से सुनैना (तिदवारा) राकेश (तिदवारी) फूला (भुरेड़ी) सूरजदीन (हटेटीपुरवा) आरती (भुरेड़ी) गब्बर (गौरिहार) सरोजा (दुरेड़ी) बबलू (अजयगढ़) प्रियंका (लोहरा) गौतम धुरिया (बांदा) सहित नगर पालिका बांदा से शोभा गुड़िया मनीषा लक्ष्मी देवी व नंदनी शामिल रहीं। समारोह का संचालन सचिव धीरेंद्र द्विवेदी व प्रमोद द्विवेदी ने किया। इस दौरान बीडीओ संजीव बघेल व अनुभा श्रीवास्तव मौजूद रहीं। नरैनी के स्थानीय राजकुमार इंटर कॉलेज में 14 जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लिए। इनमें दो जोड़े बिसंडा ब्लॉक के रहे। पूजा देवी.लालभैया सीमा देवी.अवधेश कुमार पूजा.सुनील रामलली संग रामलाल जलसा देवी संग संजय पाल आरती संग पुनीत कुमार रिकी संग मिथुन सुमित्रा संग अवधेश सुमन संग शिवचरण हीरामणि संग गोविद रंजना संग सोनू प्रियंका संग जितेंद्र कुमार तथा बिसंडा ब्लॉक से कल्पना संग मनोज कुमार व साधना संग राजवीर एक दूजे के हुए।विधायक राजकरण कबीर ने आशीर्वाद दिया। बीडीओ मनोज कुमार व एडीओ रमेश कुशवाहा ने निर्धारित सामग्री देकर विदाई की।

## कांग्रेस का हाथ गरीब व मजदूर के साथ हैः रंजना

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के परसौंजा न्याय पंचायत की बैठक चिल्लामाफी गांव में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की मौजूदगी व ब्लाक अध्यक्ष रामबाबू राजपूत की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का हाथ गरीब मजदूर किसान के साथ है। भाजपा की सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। शनिवार को हुई बैठक में कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी सभी त्रस्त हैं। सरकार जुमले में मस्त है। कांग्रेस का अभियान गांव-गांव में संगठन को मजबूत करना है। सुरवल गांव में लगी आग में कांग्रेस के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह ने जिला कमेटी के जरिये सभी पीड़ितों की मदद की थी। कांग्रेस हमेशा जिले की जनता के दुख-दर्द में खड़ी रहती है। संकल्प के समय कांग्रेस सिपाहीलाल के साथ खडी है। सिपाहीलाल के बेटे की ठंड लगने से मृत्यु हो गई है। सिपाहीलाल का दर्द सुनकर सभी कांग्रेसियों ने दुख जताया।

# जिला जज, सीजेएम व डीएम ने कारागार का किया निरीक्षण, बंदियों से की पूछताछ

संवाददाता। हमीरपुर

**जिला जज** मो0 असलम , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक एनके सिंह द्वारा जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला जज, सीजेएम, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने महिला बैरिक व अन्य बैरिकों का निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न बैरिकों में रखे सामानों की सघन जांच की गई कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाई गई। जिला जज ने कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों कैदियों से जेल में मिल रहे भोजन व अन्य सुविधाओं के बारे में जरूरी पूछताछ की , जिस पर कैदियों बंदियों द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या ना होने तथा समय-समय पर अच्छा भोजन मिलने की बात बताई गई। उन्होंने पाकशाला किचन में पहुंचकर वहां बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई आदि की व्यवस्था का अवलोकन किया। बैरिकों के निरीक्षण के दौरान जिला जज ने कैदियों/बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की तथा बुखार जुकाम तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या बताने वाले बंदियों ध् कैदियों की तत्काल स्वास्थ्य जांच कराकर समुचित इलाज करने के उन्होंने निर्देश दिए। जेल में निरूद्ध 50 कैदियों को 12-12 के शिफ्ट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत वायरिंग आदि का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था जिलाधिकारी ने कहा कि बंदियों को अच्छे ढंग से प्रशिक्षण दिया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत समुचित प्रबंध किए जाएं इस मौके पर जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## धार्मिक कार्यक्रमों से मिलती है सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणाः अशोक गुप्ता

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** धार्मिक कार्यक्रमों से जहां एक दूसरे के प्रति आपसी प्रेम भाव बढ़ता है। तो वही धार्मिक आयोजन लोगों को सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। कहा कि माता की भक्ति करने से सारे कष्ट दूर होते हैं तथा सुख समृद्धि की अनुभूति होती है। यह बात नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित नट बस्ती में आयोजित दुर्गा जागरण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने कही। कहा कि धार्मिक आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजकों का उत्साहवर्धन करना चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने दुर्गा माता की आरती कर दुर्गा जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। जिसमें दूर दराज से आए कलाकारों ने देवी गीतों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजकों ने वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान निलेश गुप्ता, रानू गुप्ता, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, हिमांशु गुप्ता, नवल गुप्ता, पुतई तिवारी, मिस्टर गुप्ता, अजय दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की कोरोना वैक्सीन प्रबंधन की तैयारी




**बांदा।** वैश्विक महामारी कोरोना के तेजी से फैल रहे संक्रमण को काफी हद तक नियंत्रित करने के बाद अब सरकार व स्वास्थ्य विभाग कोरोना टीकाकरण व वैक्सीन के रखरखाव को लेकर तैयारियों में जुटा है। शुक्रवार को सीएमओ सभागार में कोल्ड चेन हैंडलर्स की कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉण्एनडी शर्मा ने कहा कि कोरोना वैक्सीन आने से पहले कोल्ड चेन को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। किसी कोल्ड चेन में कोई समस्या है तो तुरंत जानकारी दें।

सीएमओ ने कहा कि कोविड.19 वैक्सीन टीकाकरण के दौरान आने वाली वैक्सीन को कोल्ड चेन में रखा जाएगा। इसलिए उसके रखरखाव का प्रशिक्षण होना अनिवार्य है। सभी हैंडलर्स प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को लिखकर नोट कर लें। प्रशिक्षक यूनिसेफ जिला समन्वयक फुजैल ए सिद्दीकी ने कोरोना वैक्सीन व नियमित टीकाकरण के दौरान प्रयोग होने वाली वैक्सीनों के रखरखाव संबंधी जानकारी दी। उन्होंने वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया व कोल्ड चेन के महत्व के बारे में बताया। कोविड प्रशिक्षक व पूर्व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉण् बीवी वर्मा ने कोल्ड चेन हैंडलर्स को वैक्सीन की संचरण प्रक्रिया व इस दौरान निर्धारित तापमान सुनिश्चित कर वैक्सीन को सुरक्षित रखने की जानकारी दी। कोल्ड चेन में प्रयोग होने वाले संसाधन और आइएलआर में वैक्सीन को रखने के ढंग व समय सीमा के बारे में बताया। वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अंजना पटेल ने बताया कि हीट सेंसिटिव वैक्सीन को आइएलआर में सबसे नीचे रखा जाता है।

# विद्युत कटौती को लेकर भाकियू लोक शक्ति ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विद्युत कटौती से आजिज आकर किसानों ने भाकियू लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग की है। तालग्राम के ग्राम तहापुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर आधा दर्जन से अधिक किसानों के साथ पहुंचे भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष हासिम अली के नेतृत्व में विद्युत कटौती रोके जाने से संबंधित ज्ञापन विद्युत उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह राजपूत को सौंपने के उपरांत कहा कि ग्राम तहापुर में किसानों को आठ घंटे की बजाय तीन घंटे विद्युत सप्लाई दी जाती है उसमें भी कई बार ट्रिपिंग की जाती है जिससे किसान अपने खेतों में ठीक से पानी नहीं लगा पा रहा है। मुख्य जिला सचिव मकबूल अहमद ने कहा कि विद्युत कटौती की समस्या से जहां एक ओर किसान परेशान है तो वहीं दूसरी ओर किसान के नौनिहाल दीपक की रोशनी तले पढ़ने व निजी कार्य करने को मजबूर हैं। उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह राजपूत ने भाकियू नेताओं को जल्द ही समस्या का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर छात्रसभा जिलाध्यक्ष सनी यादव, रवि यादव, शिवनंदन सिंह, सुमित, विवेक कुमार, विजय, ईश्वर दयाल, देवी शरण सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चाचा घायल

**बांदा।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपित चालक व ट्रक को पुलिस ने पकड़ा है। तिदवारी थाना क्षेत्र के ग्राम सैमरी निवासी रविकरन रैदास का 18 वर्षीय पुत्र विनय शुक्रवार दोपहर घर से बाइक पर अपने 22 वर्षीय पारिवारिक चाचा सुनील के साथ सिमौनी धाम जा रहे थे। रास्ते में संहिगा गांव के पास बबेरू की ओर से जा रहे परचून का सामान भरे ट्रक की टक्कर लग गई। हादसे के बाद आरोपित चालक ने भागने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। तिदवारी पुलिस ने आरोपित चालक व ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजकर भर्ती कराया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर विनय को कानपुर रेफर कर दिया। स्वजन के कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। चाचा अनिल ने बताया कि वह तीन भाइयों में बड़ा था।

# सर्दियों में चोरी रोकने को होंगे कड़े इंतजामः एएसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय की अध्यक्षता में राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में व्यापारियों के साथ हुई गोष्ठी में व्यापारियों के साथ होने वाली घटनाओं को त्वरित संज्ञान लेकर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

शनिवार को व्यापारियों के साथ हुई बैठक में एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी बंधुओं के साथ थाना स्तर पर मासिक, सर्किल स्तर पर त्रयमासिक व जिला स्तर पर छमाही गोष्ठी होगी। सभी दुकानदारों से कहा कि दुकान के बाहर बोर्ड लगाकर दुकानदार का नाम व मोबाइल नम्बर लिखें। रोशनी की व्यवस्था को दुकान के बाहर एक बल्ब अवश्य लगायें। दुकान में लगाये जाने वाले रोशनदान पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अपनी दुकान में सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगायें। किसी भी प्रकार की घटना होने पर कैमरे से अनावरण में सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी के साथ कोई घटना हो तो संबंधित थाना प्रभारी या यूपी 112 में तत्काल सूचना दें। सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकथाम को शहर व कस्बे के मुख्य चौराहों व सर्राफा बाजार में पुलिस की पिकेट ड्यूटी व रात्रि गश्त लगाई जायेगी। पहले चोरी हुई घटनाओं का खुलासा किया जायेगा। शहर में लगने वाले जाम से निजात पाने को नोइंट्री का सख्ती से पालन किया जायेगा। कस्बा मऊ में पुराने थाने के पास स्थाई पुलिस चौकी बनाकर भरतकूप तिराहा से भरतकूप मन्दिर रोड़ पर ब्रेकर बनना जरूरी है। ट्राफिक चौराहा पर प्राइवेट वाहन व डग्गामार वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। इससे जाम की समस्या बनी रहती है। कस्बा राजापुर में बाजार के अन्दर दिन में बड़े वाहन प्रवेश करने से आवागमन बाधित होता है। गोष्ठी में सीओ सिटी रजनीश यादव, सीओ राजापुर रामप्रकाश, कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, वाचक एसपी शिवबदन सिंह, चौकी प्रभारी शिवरामपुर अजीत प्रताप सिंह व व्यापार मंडल के पदाधिकारी तथा शहर एवं कस्बों के व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

## हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**बांदा।** दो बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मां भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस को सूचना दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला परशुराम तालाब निवासी सुलेमान का पुत्र 24 वर्षीय रुकमान पिछले शनिवार को मां रब्बो खातून के साथ बाइक पर बहन साजिया की ससुराल शादी में जा रहा था। रास्ते में नरैनी कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई थी। इससे मां.बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। युवक को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया था। वहां से चिकित्सकों ने बुधवार को जवाब दे दिया था। इससे स्वजन गंभीर रूप से घायल युवक को वापस जिला अस्पताल ले आए थे। गुरुवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजन ने बताया कि वह चमरौडी मोहल्ले की एक दुकान में काम करता था। तीन भाइयों में बड़ा होने के साथ घर का कमाऊ पूत था। उसकी कमाई से घर का खर्च चलता था। पिता वृद्ध होने से अपने खर्च के लिए पल्लेदारी करते हैं।

# हिमांशु सिंह हत्याकांड के दो और आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गये

**● मुख्य आरोपी समेत कई साजिशकर्ता पुलिस की रडार पर**

संवाददाता। सुलतानपुर



**शहर** के विनोबा पुरी निवासी हिमांशु सिंह की हत्या के सनसनीखेज मामले में शनिवार को हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की। उक्त कांड में एक अभियुक्त पहले ही जेल जा चुके हैं। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमों के प्रयास जारी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्षेत्राधिकारी नगर सतीश चंद्र शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में घटना का खुलासा किया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 3 दिसंबर को शहर के विनोवा पुरी निवासी हिमांशु सिंह के लापता होने के बाद परिजनों ने नगर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस की शुरुआती छानबीन में युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या का मामला सामने आया था जिसके बाद पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा के निर्देश पर कई टीमों के साथ पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई थी। 4 दिसंबर को बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र में एक निर्वस्त्र युवक की लाश मिलने हिमांशु के परिजनों द्वारा पुलिस फाइल से युवक की शिनाख्त हिमांशु के रूप में करने के बाद पुलिस ने घटना के संबंध में मृतक की प्रेमिका उसकी मां उसके पूर्व पति व उसके यार दोस्तों की संलिप्तता पाई। मामले को खुलता देख मुख्य आरोपी समेत घटना के साजिशकर्ता व शामिल आरोपी फरार हो गए। चांदा थाना क्षेत्र का आरोपी मोहम्मद वहीद थाना चांदा के विभागीय कर्मियों से मिलकर अपने को अवैध असलहे मामले में गिरफ्तारी दिखा कर जेल चला गया जिससे पुलिस के रडार से बच सकें। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी डॉक्टर प्रदीप मिश्रा को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। गुरुवार की देर शाम जमानत पर रिहा हुए वहीद को पुलिस ने पुन: गिरफ्तार करते हुए पूछताछ की तो घटना का मास्टरमाइंड मोहम्मद गुफरान भी प्रकाश में आ गया जिसे पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल प्रेमिका सजल मिश्रा उनकी मां प्रतिभा उपाध्याय समेत अन्य आरोपियों की पुलिस को सरगर्मी से तलाश कर रही है। नगर कोतवाली पुलिस ने वाहिद खान पुत्र सिद्दीक खान निवासी कोथरा कला थाना चांदा व गुफरान अख्तर पुत्र मकसूद अहमद निवासी शाहगंज थाना कोतवाली नगर को जेल भेज दिया।

## राम विवाह मेले का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** जमुनहा लक्ष्मन नगर में राम विवाह के अवसर पर राम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकालकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी इसमें भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी सहित कई लोगों के जीवन की झांकी भी प्रस्तुत की गई। झांकी के बाद मंदिर पर विधिवत पूजा अर्चना की गयी। रामविवाह महोत्सव के अवसर पर लक्षणनगर में कई दिनों तक चलने वाले रामलीला के मंचन में कलाकारों ने लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के द्वारा बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का आवाहन किया । वही भव्य मेले का आयोजन किया गया इस मेले मे भारी भीड़ इकट्ठा हुई। वंही लक्षननगर में राम विवाह का मंचन किया गया जिसमें भगवान राम ने धनुष को तोड़ कर माँ सीता को वरमाला पहनाई वंही कलाकारों द्वारा इस किरदार को बखूबी निभाया गया वंही जिसको देख कर दर्शकों में उत्साह भर गया।

## पीआरडी जवान की मौत, सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**शुक्रवार** को कोतवाली प्रभारी लाल चन्द्र सरोज की उपस्थिति मे पीआरडी जवान की मौत पर पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम संस्कार कराया जिससे एक प्रभारी की अपने अधीनस्थों के प्रति चिंतनशीलता देखने को मिली शुक्रवार को घर से ड्यूटी पर निकले पीआरडी जवान की हालत अचानक बिगड़ गई। मिली सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनो द्वारा कुछ समझने से पहले ही चिकित्सकों द्वारा मौत की पुष्टि कर दी जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामला जगतपुर कोटहा मजरे उमरामऊ गाँव के पीआरडी में तैनात जवान 50 वर्षीय शिवपलटन पुत्र रामऔतार की शुक्रवार मौत हो गई. सुबह अपने घर से ड्यूटी पर डलमऊ कोतवाली निकले शिवपलटन की तबीयत रास्ते मे बिगड़ने लगी जिसके बाद तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पीआरडी जवान को म्रत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर पति का शव देखकर घर मे कोहराम मच गया शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को डलमऊ पतित पावनी माँ गंगा के तट पर प्रभारी कोतवाली लाल चन्द्र सरोज,उपनिरीक्षक संजय सिंह, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र जयसवाल, मुख्य आरक्षी वेद कुमार त्रिपाठी, आरक्षी मनोज कुमार, प्रदीप कुमार,शिवकुमार महिला आरक्षी निधि, ब्लॉक कमांडर दीगपाल, लाल बहादुर सहित उपस्थिति पुलिस कर्मियों द्वारा पीआरडी जवान को श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम संस्कार किया गया।

## तीन किलो गांजा व 755 गांजे से भरी सिगरेट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। श्रावस्ती इकौना



**मुखबिर की** सूचना पर इकौना पुलिस की टीम ने जगत जीत इंटर कॉलेज के पास से दो ब्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनकी जामा तलाशी के दौरान लगभग 3 किलो गांजा व भारी मात्रा में गाँजे से भरी सिगरेट बरामद किया है इस बरामद सामग्री की कीमत लगभग पांच लाख रुपए आंकी जा रही है पकड़े गये दोनो अभियुक्तों को एनडीपीएस के तहत जेल रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र पांडे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इकौना देहात के प्यारे पुरवा मोड़ पर पुलिया के निकट मोहनीपुर निवासी सोनू गोस्वामी उर्फसत्यम पुत्र जीवन लाल गोस्वामी के पास 2 किलो 670 ग्राम गांजा व चिप्पड गांजा 440 ग्राम मय पन्नी व सिगरेट गांजा भरा पन्नी में कुल 585 ग्राम 755 अदद वही दूसरी बरामदगी ग्राम मोहनीपुर निवासी जनक राम चौहान पुत्र देवेंद्र कुमार चौहान के पास से चार टीन के डिब्बों में रखा गांजा भरा सिगरेट कुल 170 अदद टीन सहित वजन 222 ग्राम व विक्रय का रुपया 5940 व दो अदद मोबाइल स्क्रीन टचए एक अदद मोबाइल सैमसंग बरामद किया है पकड़े गये दोनों युवकों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

## प्रशासन ने रात के अंधेरे में गुंडों की तरह जमीन को खाली कराया: सदर विधायक

संवाददाता। रायबरेली



**सदर विधायक** अदिति सिंह ने सारस होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रशासन के द्वारा की गई कायरता पूर्व घटना की कड़ी निंदा करते हुए फर्जी कमला नेहरू ट्रस्ट की जमीन को खाली करवाने के तरीके पर अदिति सिंह ने उठाये सवाल। प्रशासन ने मनमाने और तानाशाह तरीके से खाली करवाई जमीन। रात के अंधेरे में चोर उचक्के के तरीके खाली करवाई जमीन। दीवानी कोर्ट में ट्रस्ट मामले की सुनवाई के लिए जिला प्रशासन नही जमा कर रहा कोर्ट फीस। मैं कोर्ट फीस देने को तैयार। हटाये गए लोगो का करवाया जाए पुनर्वास। सदर विधायक ने कहा कि प्रशासन ने चोरों की तरह गरीब दुकानदारों को रातो रात हटाया प्रशासन अगर यही दिन के उजाले में कार्रवाई करता तो उसकी नियत पर किसी प्रकार का शक न किया जाता लेकिन प्रशासन गुंडों की तरह प्रशासन ने सिविल लाइंस की जमीन को खाली कराया है सदर विधायक ने कहा कि मैं न्यायालय का सम्मान करती हूं और न्यायालय ने जो आदेश दिए हैं मैं उसको स्वीकार भी करती हूं परंतु प्रशासन द्वारा इतनी निर्दयता से रातो रात गरीबों को उजाड़ दिया गया जिसकी मैं निंदा करती और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने में प्रयोग की गई गाड़ियों के नंबरप्लेट पर ग्रीस लगी थी सदर विधायक ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर रायबरेली सिविल लाइन से हटाए गए दुकानदारों के व्यवसाय के लिए उन्हें शहर के किसी अच्छी जगह पर स्थापित करने का आश्वासन मुख्यमंत्री जी ने दिया है सदर विधायक ने कहा कि जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा हमारी नगर पालिका अध्यक्ष को संसाधन ना देने के लिए बार-बार उन पर दबाव बनाया जा रहा है नगर पालिका अध्यक्ष जनप्रतिनिधि है उनको जनता ने चुना है जनता का हक सर्वोपरि है कोर्ट के दिए गए आदेश का सम्मान हम सभी लोग करते हैं लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अपनाए गए तरीके की हम निंदा करते हैं सदर विधायक का ने कहा कि सिविल सूट सत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था।

## तापमान में गिरावट के साथ तेजी से बढ़ रहा ठण्ड का असर

**सुलतानपुर।** ठंड का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से चल रही बर्फीली हवाएं तेज धूप में भी तन-बदन को ठिठुरने पर मजबूर कर दे रही है। न्यूनतम तापमान भी पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जिससे रात में गलन और बढ़ा जा रही है। ठंड से बचाव को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी नाकाफी साबित हो रही है। सर्दी से इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं।

शनिवार को सुबह मौसम साफ रहा। सूर्यादय के समय से ही बर्फीली हवाओं के चलने से दिन भर लोगों ने गलन महसूस किया। सरकारी कार्यालयों में भी ठंड का असर दिखा। कर्मचारी कार्यालय से बाहर धूप में खड़े नजर आए। ठंड बढ़ने से बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है।

## क्विक न्यूज

### एक ही परिवार के चार सदस्य कोरोना पॉजिटिव

**सुलतानपुर।** लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव में एक ही परिवार के चार सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। शनिवार को स्थानीय सीएचसी से भेजी गई टीम ने परिवार के सभी सदस्यों की जांच की थी। कोरोना संक्रमित पाए जाने से गांव में दहशत है। फिलहाल, सभी संक्रमित स्वजन को होम आइसोलेशन में रखा गया है। मालूम हो कि नागेश्वर पांडेय व उनके बेटे शिव शंकर पांडेय को सर्दी - जुकाम की शिकायत हुई। गुरुवार को बाप-बेटे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचे। मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने उनकी हालत देखकर कोरोना जांच की सलाह दी। फौरी तौर पर हुई जांच में दोनों कोरोना संक्रमित पाए गए तो उनके सैम्पल राजधानी की लैब में जांच के लिए भेजे गए। शनिवार को दोनों की जांच रिपोर्ट आयी तो कोरोना संक्रमण की फिर से पुष्टि हुई। रिपोर्ट आने के बाद स्थानीय सीएचसी से जांच टीम उनके घर भेजी गई। रैपिड जांच में रिंकी पांडेय व ज्ञानेश्वरी पांडेय भी संक्रमित पायी गयीं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसडी खान ने बताया कि फिलहाल सभी संक्रमित सदस्यों को अलग - अलग कमरों में होम आइसोलेट किया गया है। सभी एहतियात बरतने के लिए संक्रमितों को कहा गया है। बाकी स्वास्थ्य कर्मियों को निगरानी रखने के निर्देश गए हैं।

### बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे रिटायर्ड रेल कर्मी को मारी टक्कर मौत, एक गम्भीर

**ऊँचाहार,रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के उमरन बाजार में बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे रिटायर्ड रेल कर्मचारी को टक्कर मार दी। घटना में दोंनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने रिटायर्ड रेलकर्मचारी को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शनिवार की दोपहर क्षेत्र के पूरे कन्हैया मजरे रायपुर निवासी रिटायर्ड रेलकर्मचारी लालता प्रसाद 62 दवा लेने उमरन बाजार आये थे।तभी सड़क पार करते समय बाइक सवार जितेंद्र सिंह 28 निवासी पूरे चंदी सिंह मजरे रसूलपुर ने उन्हें टक्कर मार दी।घटना में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने लालता प्रसाद को मृत घोषित कर दिया और जितेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं लालता प्रसाद के परिजनों में घटना की सूचना से कोहराम मच गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ आर बी यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे। जिसमें एक बुजुर्ग को मृत अवस्था में लाया गया था। और घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक, मौत

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवलगंज मजरे पारा खुर्द गांव में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय युवक फंदे से लटकता मिलने से गांव हडकम्प मच गया। परिजनों ने युवक को फंदे से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महराजगंज पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया जिसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दे दिया है। जानकारी के मुताबिक नेवलगंज गांव में रात करीब 9रू30 पर जब 26 वर्षीय मृतक अमित कुमार मौर्य पत्नी पुष्पा दो माले पर गई तो कमरे की कुण्डी अन्दर से बंद थी। पत्नी ने जब खिड़की से कमरे के अन्दर देखा तो गमछे के फंदे से उसका पति लटक रहा था, जिसे देखकर वह चीख पड़ी। चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने दरवाजे की कुण्डी तोड़कर अमित को फंदे से उतारकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि मृतक कोरोना काल से पहले दिल्ली में रहता था जो अपने तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। अमित की शादी 2015 में हुई थी जिसके 4 वर्ष का एक बेटा भी है। अमित की मौत से पत्नी पुष्पा, बेटे अनुभव, पिता राममिलन, मां राजपती, भाई अमित और आशीष का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक पूरा परिवार संयुक्त रूप से रहता है। शुक्रवार को घटना वाले घर में केवल पत्नी पुष्पा और बेटा अनुभव था बाकी घर के सभी सदस्य दूसरे घर में थे। अमित लॉकडाउन में घर आया था तब से घर पर ही था उसने आत्महत्या क्यों की ? यह रहस्य बना हुआ है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि महराजगंज अस्पताल से रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी अस्पताल मेमो के आधार पर शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। उसने आत्महत्या क्यों की यह जांच का विषय है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी।

### स्वास्थ्य मंत्री कल करेंगे मलेरिया अभियान का शुभारम्भ

**सुलतानपुर।** 21 दिसंबर से 8 जनवरी तक प्रत्येक घर में टेबलेट डीईसी 100 एम जी एवं टेबलेट एल्बेंडाजोल खिलाया जाएगा। केंद्र सरकार ने तक देश को फाइलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए यूपी का स्वास्थ्य विभाग अब विशेष फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ कर रहा है। सोमवार 21 दिसम्बर को स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह जिले से अभियान का शुभारंभ करेंगे। सीएमओ डा. डीके त्रिपाठी ने कहा कि फाइलेरिया की दवा का सेवन सबको करना है। अगर कोई भी पहले फाइलेरिया से पीड़ित है तो उसे दवा अवश्य लेनी है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसका पता जल्दी से नहीं चलता है। इसका लक्षण बाहर आने में वर्षो लग जाता है। सीएमओ ने बताया कि डब्ल्यूएचओ एवं उत्तर प्रदेश सरकार विशेष रूप से अभियान चलाकर फाइलेरिया का समूल नाश करने को संकल्पित है। गर्भवती महिलाओं एवं 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को इस दवा का सेवन नहीं करना है। कार्यक्रम के संचालन एवं निगरानी के लिए जिले में 2342 टीम बनीं है। दवा वितरण कर्मियों की संख्या 4684 तथा 399 सुपरवाइजर चिकित्सा अधिकारी एवं डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर तैनात किए गए हैं।

## लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

**गोंडा।** तीन दिनों से लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ से लटकता मिला। उसके नाक से ताजा खून निकल रहा था था जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत संदिग्ध है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गढ़वारा बरगदी क्षेत्र के निवासी आदित्य प्रसाद तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र अरविंद तिवारी पिछले तीन दिनों से लापता था। वह मोटरसाइकिल से कहीं निकला था उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग रहा था। परिजनों ने उसके गायब होने की सूचना पुलिस को भी दी थी। शनिवार दोपहर बाद सरयू रेलवे स्टेशन के पीछे आदित्य प्रसाद तिवारी के खेत में लगे पेड़ से उसका शव लटकता हुआ मिला। उसकी मोटरसाइकिल खेत के बाहर मार्ग पर खड़ी मिली। मोबाइलए गमछा भी उसी जगह पर रखा मिला। ग्रामीणों का कहना है कि युवक की ग्रामीण एवं परिजनों द्वारा काफी तलाश की गई मगर उसका कोई पता नहीं चला और सुबह तक जहां उसका शव टंगा हुआ मिला उस जगह पर कुछ भी नहीं था। दोपहर बाद उसका शव पेड़ से लटकता मिला और ताजा खून उसके नाक से गिर रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विनय कुमार यादव का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पता चलेगी। कोतवाल ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि युवक मानसिक रूप से बीमार भी बताया जा रहा है।

## आरोपित को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** जमीन के मामले में कूटरचित अभिलेखों की मदद से एक ही भूमि का दो बार अलग अलग व्याक्तियों को बैनामा करने वाले आरोपित को पुलिस ने जेल भेजा है। सरेनी थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे भगला मजरे रामपुर कला निवासिनी बलरामा देवी पत्नी प्रेमनाथ यादव ने पूरे अम्बरवीर मजरे दतौली निवासी सुरेश यादव पर एक ही भूमि का धोखाधड़ी कर दो लोगों को बैनामा करने का आरोप लगाया था।

## जरूरतमंदों की सेवा पुनीत कार्य: सूर्यभान सिंह

**● डेढ़ सौ लोगों को बांटा गया कंबल**

संवाददाता। जयसिंहपुर, सुलतानपुर



गरीबों में कंबल वितरित करते विधायक सूर्यभान सिंह — पायनियर

**जरूरतमंदो** को इस कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए उन्हें कंबल वितरित कर उनकी मदद करना पुनीत कार्य है। शासन की मंशा के अनुरूप क्षेत्र के हर एक चिन्हित असहाय, जरूरमन्द लोगों तक सरकारी इमदाद पहुंचाई जा सके। यह हम सभी जनप्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है, उक्त बातें शनिवार को जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के राजापुर स्थित करन कान्वेंट स्कूल में सुल्तानपुर विधायक सूर्यभान सिंह ने कंबल वितरण के दौरान कही। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गांवो से चिन्हित जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर एक गांव के जरूरतमंदों को इस कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हम सभी जनप्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है कि सभी सक्षम लोग ऐसे पात्र लोगों का चयन कर इस कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हम सभी उनकी यथासम्भव मदद करें। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में लोगो को अवगत कराया,भाजपा विधायक ने क्षेत्र के दर्जनों गांव से आए कुल डेढ़ सौ असहाय व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चीनी मिल के पूर्व चेयरमैन उमेश प्रताप सिंह ने किया।कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डा0महिमा शंकर द्विवेदी ने भी सम्बोधित किया,इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डा0 महिमा शंकर द्विवेदी, नायब तहसीलदार दीपांकर, रजिस्ट्रार कानूनगो लालचन्द्र श्रीवास्तव,करन कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक राकेश प्रताप सिंह,प्राचार्य रीना सिंह,फतेहपुर संगत के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सिंह,प्रधान अशोक सिंह,अतुल पांडेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पत्नी की विदाई नहीं होने से पति ने तीन को किया लहूलुहान

**● ग्रामीणों ने दामाद को पेड़ में बांध की पिटाई**

संवाददाता। सुलतानपुर

**कूरेभार** क्षेत्र में ससुराल से पत्नी को विदा न करने पर पति ने खतरनाक निर्णय ले लिया। उसने पत्नी, ससुर और साली पर धारदार हथियार से हमला करके लहुलुहान कर दिया। शोर पर पहुंचे आसपास के लोगों ने पति को पकड़ कर पेड़ में बांधकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर युवक को गिरफ्तार कर धारदार हथियार बरामद कर लिया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। कूरेभार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चतुरी का पुरवा हरौरा बाजार में मिठाई लाल प्रजापति पुत्र आसाराम प्रजापति की लड़की अनीता प्रजापति की शादी चार वर्ष पूर्व मुकेश प्रजापति पुत्र रामनाथ प्रजापति निवासी जगन्नाथपुर थाना हलियापुर से हुई थी। शनिवार सुबह मुकेश प्रजापति अपनी पत्नी की विदाई के लिए, जो अपने मायके में चार वर्ष से रह रही थी, इनके घर आया। किसी बात पर वाद विवाद हुआ। मुकेश ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी अनीता के दाहिने हाथ, ससुर के सिर, साली मनीषा व अन्य परिजनों के ऊपर हमला किया। इससे उनको चोटें आईं। शोर होने पर आसपास के लोगों ने पिटाई कर मुकेश को पेड़ से बांध कर पिटाई कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार घायल सभी लोग खतरे से बाहर है। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कूरेभार लाया गया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त को हथियार सहित पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

## भीषड़ ठंड में नाबालिग बच्चों से मनरेगा के तहत कराया जा रहा है कार्य

संवाददाता। श्रावस्ती, गिलौला



**एक तरफ** जहां प्रदेश सरकार द्वारा बाल श्रम को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जारूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वही प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर बालश्रम रोकने के प्रयास किए जा रहे है। तो वहीं म दूसरी तरफग्राम पंचायतों के जिम्मेदार ग्राम प्रधान द्वारा नाबालिग बच्चों से भीसड ठंड में मनरेगा के तहत मजदूरी करवाकर शासन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम अभियान की मुहिम की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने भी मजदूरी करने वाले नाबालिगों की पहचान कर उन्हें काम से हटाकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मगर श्रावस्ती के एक गांव में ग्राम प्रधान द्वारा शासन प्रशासन और न्यायलय सभी के मंसूबों पर पानी फेर रहा है। उक्त मामला विकास खण्ड गिलौला के ग्राम पंचायत रामपुर त्रिभौना से प्रकाश में आया है। जहां पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे चक मार्ग पटाई कार्य में नाबालिक बच्चों से कार्य कराया जा रहा है। मगर इस मामले में स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी से लेकर कार्य स्थल पर काम कराने वाले मेट तक इस बात की अनदेखी कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यहां पर मनरेगा मजदूरों के जॉबकार्ड में उपस्थिति भरने में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। इस सन्दर्भ में जब मौके पर मौजूद मेट से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो बच्चे मनरेगा में काम कर रहे हैं इनके अभिभावक मनरेगा मजदूर हैं। जिनके अनुपस्थिति में उनके बच्चों को काम के लिए बुलाया गया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अभिभावक की गैर मौजूदगी में उनके मासूम बच्चों से मनरेगा के तहत मजदूरी कराना कहां का न्याय है। वहीं दूसरी तरफ मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों का कहना है कि महीनों पहले मनरेगा के तहत किए गए मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है।

## चार घरों में चोरी पुलिसिंग सुस्त

**करनैलगंज ( गोंडा )।** चोरों ने एक गांव के ही चार लोगों के घरों में चोरी किया। मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरौरी के मजरा अहिरन पुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी रामपाल यादवए राम छबीले यादवए गिरीश कुमार यादव व लालसिंह यादव ने संयुक्त रूप से कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि शुक्रवार की रात्रि चारो लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ भोजन करके सो गये। रात्रि में अज्ञात चोर बारी बारी से चारो लोगों के घर का ताला तोड़कर घर के अंदर पहुंच गये और नकदी व जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये। जिसमे रामपाल यादव का 3 हजार रुपये नकद कुछ कपड़े व एक साइकिलए राम छबीले यादव का 500 रुपये नकद दो जोड़ी पायलए एक जोड़ी गुंजहा व दो जोड़ी बिछियाए गिरीश कुमार यादव का गेहूंए चावल व लालसिंह यादव का 300 फिट प्लास्टिक का पाइप सामिल है। पीड़ितों ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# धान के कटोरे में पहली बार हुई काला गेहूं की खेती

● भभौरा गांव निवासी राजेश पटेल के 12 बिस्वा खेत में लहलहा रही काला गेहूं की फसल

संवाददाता। शेरवां मिर्जापुर



**किसानों** को मालामाल करने वाले काला गेहूं की खेती अब मिर्जापुर जिले में भी शुरू हो गई है। जिसके तहत प्रयोग के तौर पर जमालपुर ब्लॉक के भभौरा गांव निवासी किसान राजेश पटेल के 12 बिस्वा खेत में काला गेहूं की फसल लहलहा रही है। इसकी पहली सिंचाई हो चुकी है। आवश्यक पौष्टिक तत्व देने के बाद खतपतवार नाशक का भी छिड़काव कर दिया गया है। काला गेहूं की खेती आजकल आम गेहूं की खेती से चार गुना फायदेमंद है। पंजाब के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में किसान इसकी खेती कर मोटी कमाई कर रहे हैं। बाजार में यह चार से छह हजार रुपये प्रति कुंतल पर बिकता है। साथ ही वैज्ञानिकों का दावा है कि काला गेहूं साधारण गेहूं से ज्यादा पौष्टिक है। यह 12 बीमारियों में फायदेमंद है।

**नाबी ने तैयार किया है इसे:** विध्याचल मंडल के उप कृषि निदेशक अशोक उपाध्याय ने बताया कि नेशनल एग्री फूड बायो टेक्नॉलजी इंस्टीट्यूट नाबी मोहाली ने काला गेहूं तैयार किया है। इसका पेटेंट नाबी के ही नाम है। इसका नाम नाबी एमजी रखा गया है। यह कृषि वैज्ञानिक डॉण् मेनिका गर्ग की रिसर्च का परिणाम है।

**नेचुरल एंटी ऑक्सीडेंट का खजाना है यह:** अधिक एंथोसाएनिन की वजह से फ्लोंए सब्जियोंए अनाजों का रंग कालाए नीला या बैंगनी हो जाता है। एंथुसाएनिन नेचुरल एंटी ऑक्सीडेंट भी है। इसी वजह से यह सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। नाबी ने काले के अलावा नीले व जामुनी रंग के गेहूं की किस्म भी विकसित की है। इसमें सामान्य गेहूं से अधिक पोषक तत्व होते हैं। सामान्य गेहूं में पिगमेंट की मात्रा पांच से 15 पीपीएम के बीच होती है। काला गेहूं में पिगमेंट की मात्रा 100 से 200 पीपीएम तक होती है। इसमें सामान्य गेहूं के मुकाबले 60 फीसद आयरन ज्यादा होती है।

## गन्ना किसानों की समस्या को विधायक ने उठाया, डीएम को लिखा

संवाददाता। बस्ती

**रुधौली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने गन्ना किसानों की समस्या को उठाते हुए उसका निस्तारण करने के लिए डीएम को पत्र लिखा है। जिलाधिकारी को लिखे पत्र में रुधौली विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किसानों ने उन्हें बताया कि गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ने की सप्लाई टिकट नंबर को चार दिनों की समयवधि दी जा रही हैं, जबकि इस भीषण षीतलहर में किसानों के द्वारा मानव श्रम के जरिए चार दिनों में गन्ना क्रय केंद्रों तक पहुंचाना असम्भव हो रहा है। ऐसे में गन्ना तौल के लिए सप्लाई टिकट नंबर की अवधि बढ़ाया जाना अतिआवष्यक है। विधायक ने डीएम से किसानों के हित में सप्लाई टिकट नंबर की समयवधि दस दिन करने की मांग की है। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने विज्ञप्ति के जरिए दी।

## एडीएम ने रात में जांचा रैन बसेरा



जानकारी लेते अपर जिलाधिकारी — पायनियर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**अपर जिलाधिकारी** वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह शुक्रवार की देर रात शहर में भ्रमण कर नगर पालिका खलीलाबाद क्षेत्र के रैन बसेरा को जॉचा तथा सार्वजनिक स्थलो पर अलाव जलने की व्यवस्था हो देखा। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने तहसीलदार खलीलाबाद शशांक शेखर राय के साथ खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास सहित अन्य निर्धारित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरा में मौजूद निआश्रित व्यक्तियों का मिलान उपस्थिति पंजिका से किये डयूटी पर मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति को जॉचे। निरीक्षण में व्यवस्था ठीक पाया गया। उन्होने नगर पालिका एवं डूडा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरा निरीक्षण कार्य जारी रहे। अलाव जलता रहे, बाईपास एवं रेलवे स्टेशन पर रात्रि के समय आने वाले यात्रियों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करके रैन बसेरा में विश्राम के लिए स्थान दिया जाय। एडीएम एम0के0 सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक व अन्य स्थानो पर खुले आसमान के नीचे रात्रि के समय न रहें। रैन बसेरा में विश्राम करने की व्यवस्था है। रैन बसेरा स्थलो पर पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

## लाखों के गबन के आरोप में प्रधानाचार्य निलंबित

● 13.20 लाख रुपये के गबन सहित अन्य आरोप में हुई कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती

**...आखिरकार** श्रीदेशराज दयानंद इंटर कालेज वाल्टरगंज के प्रिंसिपल रमेशचंद्र सिंह के खिलाफ कार्रवाई हो ही गई। इन्हें लाखों के वित्तीय गबन सहित अन्य गंभीर अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई विद्यालय के प्रबंध संचालक सत्येंद्र कुमार पांडेय ने उप शिक्षा निदेशक डा. अनिल कुमार मिश्र के जांच रिपोर्ट पर की। यह जांच संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज द्विवेदी के आदेश पर की गई। जिन आरोपों में प्रधानाचार्य को निलंबित किया गया, उनमें प्रधानाचार्य पद पर रहते दो पदों का वित्तीय लाभ लेना 78121 रुपये का अनियमित तरीके से लाभ लिया गया, इसे गबन माना गया। मनमाने तरीके से स्कूल के विकास निधि व विभिन्न छात्र निधियों और नियम कानून को दरकिनार करके 13 लाख 20 हजार 489 रुपये निकाल लेना। गंभीर आरोप में एक आरोप यह भी है, जिसमें जेडीई का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अपने पक्ष में रिपोर्ट तैयार करना। अपने पुत्र विवेक कुमार सिंह के फर्जी हस्तानान्तरण पत्र के जरिए नियुक्ति पत्र तैयार करने/कराने का दोषी पाया गया। वर्ष 2014 में प्राइमरी अनुभाग में पांच शिक्षकों के अनियमित नियुक्ति और इन लोगों का बिना शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के सत्यापन कराए वेतन का भुगतान करना।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने ज्ञान को रखा, हुए पुरस्कृत

संवाददाता। संतकबीरनगर




प्रस्तुति करते विद्यार्थी — पायनियर

**सूर्या** इण्टरनेशनल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल परिसर में 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। 'ऑनलाइन शिक्षा सही है या गलत' विषय पर सीनियर ग्रुप में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने तर्को के माध्यम से अपना-अपना विचार रखा। जिसकी समीक्षा करते हुए विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव नें छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति में समय, विचार और प्रदर्शन की जांच करते हुए अंक देकर परिणाम घोषित किया। जिसमें रेड हाऊस ने प्रथम स्थान, ग्रीन हाऊस ने द्वितीय स्थान एवं यैलो हाऊस ने तृतीय स्थान तथा ब्लू हाऊस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया तथा अपने सम्बोधन में कहा कि वाद-विवाद विचारों को साझा करने और सूचनाओं का गंभीर रूप से विश्लेषण करने का महत्वपूर्ण तरीका है। विद्यार्थियों की बौद्विक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आज हर क्षेत्र में बदलाव जारी है। इसके अनुरूप विद्यार्थियों को अपना विशिष्ट स्थान बनाना है और उसमे सफ्लता पाने के लिए सकारात्मक सोच और कठिन परिश्रम ही एक मात्र साधन है। साथ ही साथ विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैचारिक प्रखरता बढ़ती है, भय दूर होने के साथ-साथ आत्मबल मिलता है।

आज 'ऑनलाइन शिक्षा गलत है या सही' विषय पर वाद-विवाद चर्चा हुई है। जिससे विद्यार्थियों के तार्किक सुसंगति, तथ्यात्मक शुद्वता एवं शिक्षा के प्रति भावात्मक जुड़ाव उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा।

## अपने संस्कारों को बचाये रखना बड़ी चुनौती : अनुराग

**घोरावल/सोनभद्र।** शनिवार को कार्यक्रम की शुरुवात भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता अशोक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में ब्राह्मण समाज के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्राह्मण स्वार्थी नही हो सकता वह तो समाज का हित चाहने वाला होता है। अहित होने पर सबसे पहले अपने हितों की अनदेखी कर मदत को खड़ा हो जाता रहा है। ब्राह्मण पूजनीय रहा लेकिन आज के पतन के लिए जहां तहां ब्राह्मण ही जिम्मेदार है। फिर से अपने संस्कारों की ओर लौटने की जरूरत है। मुख्य वक्ता गणेश देव पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण को अकारण ही समाज में द्वेष भाव से देखा जा रहा है। जबकि इस समाज ने जब कभी समय आया है सर्वहित की बात की है। ब्राह्मण को आज अपने संस्कारों को बचाये रखने की बड़ी चुनौती है। ब्राह्मण अपने संस्कारों के जाना जाता रहा है। राष्ट्र के हित के लिए ब्राह्मण पहले अपनी आवाज उठता है चाहे वह चाणक्य हों या मंगल पांडेय। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुराग कुमार पांडेय ने कहां कि ब्राह्मण समाज हर समाज के अशिक्षित असहायों लाचार और पीड़ित के लिए खड़ा होगा। अनादि काल से जो ब्राह्मण पहचान है उसे आगे भी बनाये रखने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार चौबे ने किया। सबका आभार ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक अरुण पांडेय ने किया। मौके पर प्रिंस कुमार मिश्र को आईआईटी में प्रवेश पाने पर उनको सम्मानित किया गया इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव सांझा किया साथ ही संस्था के प्रति आभार प्रकट किया।

## सड़क आंगनवाणी व सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

संवाददाता। सोनभद्र



**भारत** सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही आस पास के क्षेत्र के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है सामाजिक निगमित दायित्व के तहत एनसीएल निकटवर्ती क्षेत्रों में गाँव जोड़ो सब साक्षर सब स्वस्थ स्वच्छ जल कौशल आधार व खेल तरंग जैसी लोकोपयोगी मुहिम चला रही है इसी क्रम में एनसीएल जयंत क्षेत्र ने चितरंगी की कपूरदेई ग्राम पंचायत में लगभग 2.37 करोड़ की लागत से सलखन कला से खोखवा को जोड़ने वाले 6 किलोमीटर के संपर्क मार्ग का निर्माण करवाया है साथ ही कपूरदेई में लगभग 51 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन तथा लगभग 24 लाख की लागत से दो आंगनवाणी का निर्माण भी करवाया गया है क्षेत्रीय जनता के हितार्थ समर्पित इन तीनों परियोजनाओं का लोकार्पण सांसद सीधी रीति पाठक ने विधायक चितरंगी अमर सिंह की उपस्थिति में किया इस अवसर पर एनसीएल जयंत के उप-महाप्रबंधक सिविल पी के राय नोडल अधिकारी सीएसआर गौरव बाजपेई एनसीएल मुख्यालय के सीएसआर विभाग से कुंदन सिंह सहायक प्रबंधक श्वेता तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल जयंत क्षेत्र के द्वारा सीएसआर के तहत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

## आजादी के बाद से नहीं मिला दलितों को आरक्षण का लाभ

● गांव वालों ने सीएम को पत्र लिखकर एससी महिला या पुरुष सीट करने की मांग की

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खंड साउंघाट का ग्राम पंचायत परसा लाल षाही दलित बहुल्य गांव होने के बावजूद यहां के दलितों को अभी तक आरक्षण का लाभ नहीं मिला। आजादी के बाद से यह ग्राम कभी सामान्य तो कभी पिछड़ी जाति के लोग ही प्रधान होते आएं है। जबकि इस गांव में दलितों की आबादी तीन सौ से अधिक है। आरक्षण का लाभ न मिलने से इस ग्राम पंचायत के दलित और जनता काफी आहत और दुखी है। इसके लिए गांव की महिलाओं और पुरुषों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें अपनी पीड़ा बताते हुए इस बार के पंचायती चुनाव में गांव को अनुसूचित जाति की महिला या पुरुष के लिए आरक्षित करने की मार्मिक अपील की है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चंद्रेष प्रताप सिंह ने भी इस मामले में सीएम को पत्र लिखकर उनसे प्रधान पद को एससी के लिए आरक्षित करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में गांव के सुखराम, पूनम देवी, प्रभावती, राम नरायन, यमुना प्रसाद, रामलाल, दिलीप कुमार, अनिल कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने कहा कि हर बार जोड़तोड़ करके दंबग किस्म के लोग मनचाहा आरक्षण करवा लेते है। आरक्षण का लाभ न मिलने से अन्य वर्ग के प्रधान उनकी सुनते ही नहीं, योजना का लाभ उन्हें नहीं मिलता, अगर मिलता भी है तो उसके लिए सुविधा शुल्क देना पड़ता है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और आर्थिक समृद्धि आवश्यक : राजकुमार

● डीएवी रिहंद में आयोजित हुआ प्रशिक्षण शिविर

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र




**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रिहंदनगर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत एक लघु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में बीजपुर थाना के उप निरीक्षक नागेन्द्र नारायण सिंह एवं महिला पुलिसकर्मी बबीता एवं दीपा पासवान ने समाज में बढ़ रहे महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाओं से निपटने के तौर तरीकों से छात्राओं को अवगत कराया। दीपा पासवान ने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा बताया कि कानून आपके पक्ष में है और उत्तर प्रदेश पुलिस हमेशा आपके साथ है। दीपा पासवान ने विमेन हेल्पलाइन नंबर 1090 एवं 181का जरूरत के अनुसार छात्राओं को प्रयोग करने की भी सलाह दी। महिला हेल्प डेस्क से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। छात्रों को भी अपनी बहनों की रक्षा करने का पाठ पढ़ाया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने और शिक्षित होकर अपने पैरों पर खड़े होने के लिए आह्वान किया कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और आर्थिक समृद्धि दोनों आवश्यक है। शिक्षित बनो आगे बढ़ो के नारे के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा रानू ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। सामाजिक दूरी का विशेष ख्याल करते हुए इस कार्यक्रम में बी आर शर्मा अनन्त मोहन नरेश जायसवाल पुष्पा पाण्डेय प्रभा सिंह प्रेमलता समता सिंह रंजना सिंह आदि ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय की एवं शिक्षिकाएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन जिले में कल

**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से 21 दिसम्बर को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 44 प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 216 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जायेगा। इस अवसर पर नवदम्पत्ति को परिवार नियोजन के साधनों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पी0डी0 गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य व उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर पहली बार 21 नवम्बर को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार इस दिवस का आयोजन हर माह केन्द्रों पर किया जाना है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि शासन की ओर से मिले मुख्य चिकित्साधिकारी के पत्र के अनुसार पिछले माह के सापेक्ष लाभार्थियों की हिस्सेदारी को 10 फीसदी बढ़ाने का है। कहा कि खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन पिछले माह की अपेक्षा 10 फीसदी अधिक केन्द्रों पर भी आयोजित किये जा रहे है। यदि यह कम पड़ेगा तो निजी चिकित्सालयों को भी विभाग की ओर से इस अवसरों के लिए लिया जायेगा। विभाग की ओर से तैयार किये गये वीडियों को जिले में आयोजित होने वाले वीएचएनडी व स्वच्छता पोषण दिवस पर मौजूद आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नव दम्पत्ति को परिवार नियोजन सम्बन्धी तरीकों के विषय पर प्रोत्साहित कर इन अवसरों पर आने के लिए प्रेरित करने का काम करेगी। परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डाक्टर पी0के0 पाण्डेय के अनुसार खुशहाल परिवार दिवस में शामिल होने के लिए तीन समूह के लोगों को प्रोत्साहित किया जाना है। पहले समूह में उन महिलाओं को रखा गया जिनका प्रसव 1 जनवरी 2020 के बाद हुआ है। दूसरे समूह में 1 जनवरी 2020 के बाद विवाहित दम्पत्ति और तीसरे चरण में उन दम्पत्तियों को शामिल किया गया है।

## किसान बल को लेकर कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता। मिर्जापुर



**कांग्रेस** पार्टी द्वारा शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय के प्रांगण में कांग्रेस जनों ने किसान बिल को फाड़ने व जलाने का काम किया जिलाध्यक्ष ने कहा की पिछले 21 दिनों से देश के किसान दिल्ली में कड़ाके की ठंड में किसान बिल 2020 के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहा है मगर इस तानाशाह सरकार को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है क्योंकि इस सरकार ने अडानी और अंबानी के हाथों में अपने आप को गिरवी रख दिया है अब अडानी और अंबानी जो कहेंगे यह नरेंद्र मोदी की गिरवी सरकार वही करने के लिए तैयार है आज किसानों के धान को कोई खरीदने वाला नहीं है यह सरकार अडानी और अंबानी के प्लानिंग के हिसाब से किसानों को परेशान करने का काम कर रही है जिससे कि किसान मजबूर होकर अपने खेतों को अडानी और अंबानी के हाथों में सौंप दें मगर किसान ऐसा होने नहीं देगा मोदी जी होश में आ जाओ अगर आप नहीं जागोगे तो यह देश की जनता और किसान आप को जगाने का काम करेंगे और आपको इस कुर्सी पर रहने नहीं देंगे आज हम लोगों ने किसान बिल को फाड़ कर जलाया है अब इसके बाद पूरे देश में किसान किसान बिल की होलीका जलाएंगे भगवती प्रसाद चौधरी पूर्व विधायक ने कहा किसान बिल देश के लिए काला कानून है जिसके लिए बनाया गया है जब वही उसको मानने को तैयार तब ऐसे कानून का क्या मतलब हम लोग इसका घोर विरोध करते हैं और आगे भी करते रहेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाब सिंह पांडे सेवा दल एदयाराम पटेल जी सेत राम केशरी प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभागए शहीद तौफीकए प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यकए एआईसीसी के सदस्य सुधाकर जी शिव शंकर चौबेए कैलाश नाथ उपर दिया दीपचंद जैन, छोटे खान जिला प्रवक्ताए अशोक उपाध्याय सेवादल के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र शुक्ला राजधर दुबे अमिताभ पांडेए इश्तियाक अंसारीए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शिवराज शर्मा असंख्य के जिला अध्यक्ष कमर वसीम सिराज अहमद अहमद नाथ पांडे संतोष दुबे रमेश प्रजापति उर्फ पप्पू अखिलेश सिंह अश्वनी दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा राजेंद्र निषाद अंकित अग्रहरि कपिल यादव अशोक गुप्ता शेर अली अंकित दीक्षित अशोक पटेल रविंद्र भारती डाटा छवि राजपाल किस कुमार दुबे विजय दुबे पहाड़ी अशोक धड़कन दिग्विजय सिंह रौशन अंसारी मोनू पटेल गोविंद पटेल छोटू चौबे विनोद कुमार राजू अजय कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मॉजूद रहे।

## सांसद इं. प्रवीण ने नितिन गडकरी से किया भेंट



केन्द्रीय मंत्री से भेंट करते सांसद — पायनियर

**संतकबीरनगर।** सांसद इं0 प्रवीण निषाद केन्द्रीय मंत्री भूतल परिवहन विभाग नितिन गडकरी के आवास पर भेंट कर जिले के विकास कार्यो पर चर्चा किया। सांसद इं0 प्रवीण निषाद जनपद में चौमुखी विकास कार्यो के लिए नए प्रस्ताव को भी दिया है। श्री निषाद अपने मीडिया प्रभारी के माध्यम से बताया कि भेंट के दौरान जनपद में हो रहे सड़को के निर्माण कार्यो सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सड़को का प्रस्ताव दिया गया जिसमें जनपद की 16 सड़कों की स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें नाथनगर, पौली, हैंसर, मेहदावल, बघौली, बेलहर ब्लाक की दो-दो सड़कें, सांथा ब्लाक की एक और सेमरियावां ब्लाक की तीन सड़कें हैं। जिसका निर्माण आगामी जनवरी माह में शुरू हो जायेगा जिसकी लागत लगभग 101 करोड रूपए आयेगा। सांसद इं0 प्रवीण निषाद ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि इन प्रस्तावों की स्वीकृति भी जल्द हो जायेगी।

## शीतलहर को देखते हुए हुआ कंबल का वितरण

**चन्दौली।** नगर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बनारसी प्रसाद मौर्य द्वारा शंकर मोड़ स्थित दुल्हन वाटिका में शीतलहर से बचाव हेतु गरीबों मजलूमों में कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि दीनदयाल नगर की विधायक श्रीमती साधना सिंह एवम विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र नाथ गोंड़ रहे। अपने उद्बोधन में विधायक साधना सिंह ने कहा कि बनारसी मौर्य ने जो यह अतिप्रशंसीय कार्य किया है वह हमारे सम्पूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय है इसके लिये मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

## केराकत में चोरों का हौसला बुलन्द, दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**केराकत, जौनपुर।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरायबीरू में स्थित एक दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को हौसला बुलंद चोरों ने पार कर दिया। इसकी जानकारी होने पर वाहन स्वामी ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दे दिया है। भुक्तभोगी विनोद गुप्ता के अनुसार वह अपनी सुपर स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 62 ए-3154 सरायबीरू के पहलवान बाबा के बगल स्थित अपनी दुकार के बाहर खड़ी किये थे। कुछ देर बाद चोरों ने उड़ा दिया जिसकी जानकारी होने पर वह इधर-उधर बहुत खोजबीन किये लेकिन कुछ पता नहीं चला। हताश व निराश होकर भुक्तभोगी ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दे दिया है जिस पर पुलिसिया कार्यवाही शुरू हो गयी है। बता दें कि इस समय केराकत क्षेत्र में चोरों का हौसला काफी बढ़ा हुआ है जिसके चलते आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते चले जा रहे हैं।

## दीवानी में नीलामी 6 जनवरी को

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश के अनुमोदन पर जनपद न्यायालय में अनुपयोगी 37 पुराने लोहे के गार्डरों की नीलामी लोक विक्रय के माध्यम से आगामी 6 जनवरी 2021 को जनपद न्यायालय के प्रांगण में अपरान्ह 2 बजे से की जायेगी। इस आशय की जानकारी महेन्द्र सिंह चतुर्थ अध्यक्ष नीलामी समिति चतुर्थ जिला जज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## साइकिल से टकराई बाइक, बाइक व साइकिल सवार घायल

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जंघई रोड स्थित गोधुवां चौराहे पर शनिवार को दिन में लगभग दस बजे बाइक साइकिल से टकरा गयी जिसमें दोनो को काफी चोटें आयीं। बताते है कि स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर निवासी साहब लाल बिन्द पुत्र अमृतलाल बिन्द 30 वर्ष शनिवार को दिन में लगभग 10 बजे साइकिल से कहीं जा रहा था कि गोधुवां चौराहे पर सामने से आरही बाइक से टकरा गया जिससे साहब लाल व बाइक सवार संजय कुमार दोनों सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने दोनो घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत नाजुक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एएमयू के शताब्दी वर्ष पर जौनपुर में कार्यक्रम आज

**जौनपुर।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा 20 दिसम्बर दिन रविवार को विवि के शताब्दी वर्ष पर कार्यकम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। यह आयोजन नगर के शिया इण्टर कालेज के सभागार में सुबह 11 बजे से कोविड.19 को देखते हुये जारी सरकारी गाइडलाइन के तहत किया जायेगा।

# काकोरी कांड के शहीदों को किया याद,दी पुष्पांजलि

## बीजेपी ने किया नमन



संवाददाता। देवरिया

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गऊलपुर पार्टी कार्यालय पर काकोरी काण्ड के नायकों को पुष्पांजलि कर नमन। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये पंचायत चुनाव के संयोजक, पूर्व जिलामहामंत्री भाजपा कृष्णानाथ राय ने कहा कि काकोरी कांड के शहीदों पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह को उनके बलिदान दिवस पर समस्त कार्यकर्ताओं की तरफसे नमन करता हूँ। मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह का बलिदान आज भी हम सभी में देशभक्ति की भावना भरती है। कृतज्ञ राष्ट्र इनको सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण करेगा। इनकी राष्ट्र साधना युगों.युगों तक हमें प्रेरित करती रहेगी। जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने कहा कि देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी पं.रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, और रोशन सिंह का सर्वोच्च बलिदान हमें सदैव देश प्रेम की प्रेरणा देता रहेगा। हम सभी सदियोंसदियों तक इनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश के लिये सदैव सब कुछ समर्पित करने के लिये तत्पर रहेंगे। जिलाउपाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि आजादी के इन मतवालों ने हंसते,हंसते अपने प्राणों की आहुति आज ही के दिन दी थी। हम उनके बलिदान दिवस पर नमन करते हुये आप सभी से आग्रह करते है कि उनके जीवन से सीख ले हम सभी भी उनके रास्ते पर चलने का प्रयास करे। वही कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने ट्वीट कर बलिदान दिवस पर वीर सेनानियों को नमन किया। उन्होंने लिखा कि स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूत रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने नमन करते हुये लिखा कि देश के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने वालेए अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल जीए अशफ़ाक़ उल्ला खाँ जी व ठाकुर रोशन सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने नमन करते हुये कहा कि इनका बलिदान देशवासियो में सदैव देशभक्ति का भावना भरता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह,एनपाध्यक्ष अलका सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दूबे, पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडेय शाही,पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा और पूर्व विधायक प्रमोद सिंह आदि ने भी बलिदान दिवस पर इन वीरों को नमन किया।

## राम प्रसाद बिस्मिल की मनाई गई पुण्यतिथि



**देवरिया।** भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा आज भाजपा कार्यालय सलेमपुर में अमरशहीद राम प्रसाद बिस्मिल की पुण्यतिथि मनाई गयी। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि आज ही के दिन ब्रिटिशों ने भारत के रामप्रसाद बिस्मिल को काकोरी षड्यंत्र में शामिल होने के लिए गोरखपुर जेल में फांसी पर चढ़ा दिया था भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के लिए इनको आज भी याद किया जाता है। काकोरी षड्यंत्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महत्वपूर्ण घटनाओं में से है। इस षड्यंत्र को ब्रिटिश प्रशासन को हिलाने के उद्देश्य से किया गया था, इस योजना को सरकार से जुड़ा धन सुरक्षित करने और ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन का इस्तेमाल करने के लिए भी क्रियान्वित किया गया था। मण्डल महामंत्री अशोक तिवारी ने कहा कि 9 अगस्त 1925 की रात चंद्रशेखर आजाद,रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान,राजेन्द्र लाहिड़ी और रोशन सिंह सहित कई क्रांतिकारियों ने लखनऊ से कुछ दूरी पर काकोरी और आलमनगर के बीच ट्रेन में ले जाए जा रहे सरकारी खजाने को लूट लिया था। इस घटना को इतिहास में काकोरी कांड के नाम से जाना जाता है। देश इनकी शहादत को भुला नहीं सकता है। भारत को स्वतंत्र कराने में इनकी भूमिका अहम रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सहित 21 सदस्यों ने दिया त्यागपत्र

**सिद्धार्थनगर।** सत्ता पक्ष के क्रिया कलापों से विकास कार्य ठप पड़ जाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत व बीस सदस्यों ने त्यागपत्र दे दिया है। जिनमें सपाए कांग्रेस समर्थक व निर्दल सदस्य शामिल है। वर्तमान सदन में कुल 48 सदस्य हैंए इनमें दो की मृत्यु हो चुकी है। जिला पंचायत अध्यक्ष गरीब दास समाजवादी पार्टी के नेता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक की शुरूआत ही हंगामे से शुरू हुई। सदन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पारित बजट में भाजपा समर्थक सदस्यों के अलावा अन्य किसी सदस्य के क्षेत्र के लिए कोई धन आवंटित नहीं किया गया। यही नहीं जिला पंचायत अध्यक्ष का आरोप था कि उन पर विकास कार्य न करने का आरोप लगा कर उनका अधिकार सीज करा कर त्रिस्तरीय कमेटी बनाई गई। जिसने भ्रष्टाचार का रिकार्ड तोड़ दिया। सदन की बैठक में भाग ले रहे बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी और सपा नेता तौलेश्वर निषाद के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बेसिक शिक्षा मंत्री ने सपा नेता पर चकरोड कब्जा करने जैसा व्यक्तिगत आरोप तक लगा दियाए जो सदन के एजेंडे से अलग था। इस तरह का शोर शराबा सदन में काफी देर तक चलता रहा। इस प्रकार की अनेक तीखी बहसों के बीच अनेक सदस्यों ने कहा कि जब सदन में इनकी नहीं सुनी जी रही तो वे सदन से त्यागपत्र दे रहे। अब जनता ही सत्ता पक्ष को जवाब देगी। हलाकि उस समय बैठक में मौजूद भाजपा सांसद व सबसे वरिष्ठ नेता जगदम्बिका पाल सभी को मनाते रहेए लेकिन उनकी किसी ने न सुनी और तमाम लोग इस्तीफा देकर बाहर निकल आये। बाहर आकर उन लोगों ने मीडिया से कहा कि भाजपा नेताओं ने नियम कानून को ताक पर रख कर पूरी तरह से भ्रष्टाचार करके बदले की भावना से काम किया है।

## टीबी रोग के उन्मूलन में जन–प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

**सिद्धार्थनगर।** टीबी, क्षय रोग के उन्मूलन में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी के सहयोग से प्रदेश सरकार के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2023 तक प्रदेश को टीबी क्षय रोगद्ध से उन्मूलन का संकल्प लिया है। उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कही। वह शनिवार को अंबेडकर सभागार में आयोजित टीबी क्षय रोग, पर जनपद स्तरीय संवेदीकरण बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार, भारत सरकार के टीबी उन्मूलन के वर्ष 2025 के सापेक्ष, वर्ष 2023 तक टीबी के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इस सम्बन्ध में, प्रत्येक स्तर से सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बांसी और मिठवल विकास खण्डों के ग्राम प्रधानों से वर्चुअल माध्यम से संवाद करते हुए कहा कि टीबी रोग के उन्मूलन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और आप सबके सहयोग से ही इस सम्बन्ध में चलाये जा रहे कार्यक्रम को पूर्ण सफलता प्राप्त हो सकती है।

# विधायक लकी यादव व नवनिर्वाचित शिक्षक व स्नातक एमएलसी का सपा कार्यालय पर स्वागत

संवाददाता। जौनपुर



समाजवादी पार्टी के जनपद कार्यालय में समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक मल्हनी एवं शिक्षक एमएलसी वाराणसी खंड से नवनिर्वाचित लाल बिहारी यादव तथा स्नाकक एमएलसी वाराणसी खंड से आशुतोष सिन्हा का आज जौनपुर कार्यालय पर स्वागत कार्यक्रम जौनपुर सपा अध्यक्ष पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में किया गया।

विधायक मल्हनी लकी यादव ने कहा कि स्वागत के इस जोश को संघर्ष में बदलते हुये हमें 22 में बाइसिकल के लक्ष्य को पाना होगा। जब आदरणीय अखिलेश यादव फिर से यूपी के सुल्तान बनेंगे तभी स्वागत के मायने निकलेंगे लकी यादव ने साथ ही सभी का आभार प्रकट किया। स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा एवं शिक्षक एमएलसी लालबिहारी यादव ने स्वागत पर जौनपुर के संगठन एवं मतदाता का आभार जताते हुये 2022 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनता के बिच जाकर डबल इंजन की सरकार की नाकामियों को बताने पर जोर दिया।

सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने सभी का बुकें देकर स्वागत किया और कहा कि यह विजय 2022 का संकेत है। 2022 में सपा बहुमत की सरकार बनायेगी।

इस अवसर पर पूर्व सांसद तूफानी सरोज, विधायक मछलीशहर जगदीश सोनकर, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व विधायक राज नारायण बिंद, हिसामुद्दीन, सुशील श्रीवास्तव, जेपी यादव, आरबी यादव सहित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय मार्शल आर्ट व आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत

**मुग़लसराय,चन्दौली।** मिशन शक्ति अभियान के तहत रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में ताइक्कांडो एसोसिएशन चन्दौली की ओर से शनिवार को सात दिवसीय मार्शल आर्ट व आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एसपी सिंह ने किया। वही विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। अगर महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए तो वे स्वयं की सुरक्षा करने में सफल होंगी। कहा कि मार्शल आर्ट छात्राओं के लिए बहुत ही कारगर है। इससे वे अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सफल रहेगी। इसके लिए ताइक्कांडो एसोसिएशन की पहल बहुत ही सराहनीय है। वहीं एसोसिएशन के जिला प्रभारी साजू थामस ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से जनपद की बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिए मार्शल आर्ट प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। इसमें बालिकाएं बढ़चढ़ कर प्रतिभाग भी कर रही हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को इसमें प्रतिभाग कराने के लिए प्रेरित करने की अपील भी की। इस मौके पर कैलाश मिश्रा, एके सेठ, देबाशीष गोस्वामी, आजाद हुसैन, रिजवाना बेगम, सुषमा सिंहए अंजलि कुमारी, धीरज गुप्ता मौजूद रहे।

# रुद्रपुर में विद्युत वितरण केंद्र के प्रवेश द्वार पर नाली खोली लोगों को हो रही परेशानी



**रूद्रपुर, देवरिया।** दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के निकट स्थित विद्युत वितरण केंद्र का प्रवेश द्वार वर्षो से खराब हालत में हैए खुली नाली में हाइडिल में अपनी समस्याओं व जरूरतों को लेकर जाने वाले लोग प्रायः नाले में गिर कर नाले के गंदे पानी से स्नान करए घायल होते रहते हैं। आज भी अपने विद्युत कनेक्शन का विल लेने पहुँचेएगौरीशंकर जायसवाल भी मोटर सायकिल ले के गिर कर चोटिल हो गए। इस सम्बंध में जब विद्युत विभाग के जिम्मेदारों से बात करने पर बताया गया कि इस सम्बंध में सम्बंधित विभाग को सूचित करने के बावजूद इसकी दशा में कोई परिवर्तन नही हुआ। जबकि इस विद्युत वितरण केंद्र से हजारों उपभोक्ता जुड़े हैं और सैकड़ो उपभोक्ता रोज आते हैं।

फोटो नंबर तीन विद्युत केंद्र के पास खराब नाली की वजह से बाइक से गिरते हुए उपभोक्ता

## कानून व्यवस्था का सख्ती से हो पालन : एसपी

**सकलडीहा,चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार शनिवार को कोतवाली का मुआयना किया। इस दौरान विभिन्न अभिलेखए महिला हेल्प डेक्स और कर्मचारियों का आवास सहित भोजनालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने मातहतों को कानून का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। अंत में फरियादियों के मोबाइल पर बात कर समस्या के निस्तारण के बाबत जानकारी लिया। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्थ बनाने को लेकर गंभीर है। इस क्रम में शनिवार को दोपहर बाद पहुंचकर कोतवाली का सीसीटीएनएस प्रभारी अनुराग गुप्ता से जानकारी लिया। इसके बाद महिला डेक्स पर पहुंचकर फरियादियो के निस्तारण के बावत पूछताथ किया। इसके पूर्व भोजनालय व कर्मचारियों के आवास आदि के बारे में जानकारी के साथ विभिन्न अभिलेखों के बारे में गहनता से पड़ताल किया। इस दौरान मातहतों को कानून व्यवस्था और ओवर लोडिंग वाहनों पर प्रतिबंध के साथ रातों में बराबर गश्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान कार्यालय के कार्य बेहतर होने व निस्तारण पर कोतवाल सहित पुलिस कर्मियों को साबासी दिया। इस मौके पर सीओ भवनेश चिकाराए कोतवाल वंदना सिंहएपीआरओ सुनील कुमार यादवए कस्बा प्रभारी भुवनेश चन्द्र कुशवाहाए अच्छेलालए रमेश सिंहए निरंजनए कमलेश आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# गोंडवाना के गौरव वीर नारायण सोनाखान का मनाया गया शहीद दिवस



संवाददाता। मुग़लसराय,चन्दौली

भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक परशुरामपुर कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई सर्वप्रथम वीर नारायण सिंह सोनाखान के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया इस दौरान वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह का जन्म आंदोलन 1856 में जब सूखा पड़ रहा था व व्यापारीएकिसानएअंग्रेजों के शासनकाल में जनता भूख से पीड़ित थी तब हुआ था। जमाखोरों के अनाज को लूट कर जनता में बटवा दिया गया जन आंदोलन में उत्तर से दक्षिण पूरब से पश्चिम जन आंदोलन पूरे देश में फैल चुका था गोंड खरवार चेरो वेगा मुंडा संथाल हो आद आदिवासियों के साथ जनता को जन आंदोलन में भागीदारी निवाई 24 अक्टूबर 1856 की बात है रायपुर जेल में वीर नारायण सिंह को डिप्टी कमिश्नर एलियट द्वारा गिरफ्तार किया गया 10 दिसंबर 1857 को कोर्ट में पेश किया गया और फांसी की घोषणा की गई 10 दिसंबर 1857 को जय स्तंभ चौराहा रायपुर में फांसी पर लटका दिया गया 19 दिसंबर 1857 को तोप के गोले से उड़ा दिया गया अंत में छत विक्षत लाश को परिवार को सौंप दिया गया वीर नारायण सिंह की मृत्यु के बाद जनता में आक्रोश फैल गया पूरे देश में जन आंदोलन चल पड़ा। सभा की अध्यक्षता रविशंकर व संचालन राहुल गोंड़ ने किया। सभा में मुख्य रूप से प्यारेलाल,श्र कृष्ण,रविशंकर राहुल,सुरेश,संजय कुमार,अजय,विजय गोंड शामिल रहे।

# किसानों को जागरुक करने के लिए सपाइयों ने गांवों का किया भ्रमण

संवाददाता। मऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार किसान आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी जनपद इकाई द्वारा विधानसभा घोसी के अलीनगर ग्राम सभा में किसान पद यात्रा के दौरान पूरे ग्राम सभा का भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्रामवासियो को किसान बिल को वापस करने के लिए दिल्लीए हरियाणा व उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर सर्दी के मौसम में आन्दोलन कर रहे अन्नदाताओ के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए एकजुट व जागरुक किया गया। किसान पद यात्रा के दौरान किसानों एवम ग्रामवासियो से वार्ता करते हुए समाजवादी लोवा के जिलाध्यक्ष धीरज राजभर ने आरोप लगाया कि कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी है एवं कुछ पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने के लिए किसान बिल को जबरदस्ती अन्नदाताओं के ऊपर थोपने का काम कर रही है। इसी क्रम में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि किसान भाई किसान विरोधी नीतियों से सावधान एवं सतर्क रहते हुए किसानों के आंदोलन में समर्थन व सहयोग करने की अपील किया। छात्र सभा के निण्जिलाध्यक्ष, दिलीप पाण्डेय ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार को किसानों का विरोधी बताते हुए समाजवादी पार्टी के सरकार के समय किये गए किसानों के हितों के कार्यो को किसानों व ग्रामवासियो को बताया। इस अवसर पर मुख्य रुप से छात्र नेता दीपक यादव, प्रदुम्न तिवारी, मोनू डायमण्ड, मुलायम यादव, कलीम, आदिलए शादाब खान,अभिषेक, श्यामा यादवए मोहम्मद खालिद शाकिल रहे।

# श्रीराम चरितमानस पाठ का आयोजन सम्पन्न, प्रसाद वितरित



संवाददाता। जौनपुर

नगर के पुरानी बाजार स्थित प्राचीन पांचों शिवालय मंदिर में ऐतिहासिक धनुष यज्ञ एवं श्रीराम विवाह का स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अखिलेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि धनुष यज्ञ लीला के उपलक्ष्य में श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन हुआ। महामंत्री विशाल चौरसिया ने बताया कि कोविड.19 महामारी के कारण प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए श्रीराम बारात शोभायात्रा को स्थगित कर अखण्ड रामायण पाठ किया गया। जिसका समापन शनिवार को प्रसाद ग्रहण के बाद हुआ। इस दौरान उपस्थित भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शीतला प्रसाद चौरसिया, प्रवीण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्यारे लाल यादव, प्रशांत श्रीवास्तव, मंत्री विनय श्रीवास्तव, संचालक दिव्य नाथ चतुर्वेदी,सदस्य धीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, कपिल चतुर्वेदी, सुनील पाठक, नानक यादवए मूगा यादव आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक मृतक आश्रित संघ ने किया आयोजन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक मृतक आश्रित संघ द्वारा हिन्दी भवन में समारोह किया गया जहां बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जुबैर अहमद एवं विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री विनोद यादवए प्रांतीय महासचिव पंकज वाजपेई और प्रदेश संगठन वरिष्ठ उपाध्यक्ष साजिद खान उपस्थित हुये। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात तीन.तीन मृतक आश्रित कर्मी के विभागीय प्रशिक्षण के उपरांत तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कार्यालय सहायकों के उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष ने संघ की मूल मांगों के बारे में बताया। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। संघ के आयोजक चंद प्रकाश सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष रहे जहां संचालन योगेश कुमार ने किया। इस अवसर पर राम आसरे यादव जिलाध्यक्षए प्रेम शंकर पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्षए जिला मंत्री अजय सिंहए कूमैल हैदरए फरहान खान मीडिया प्रभारीए राजीव श्रीवास्तव सह मीडिया प्रभारी सहित तमाम लोग उस्थित रहे।

# सेंट जॉन्स स्कूल में क्रिसमस त्योहार की मची धूम

## फादर के गीत सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

**सिद्दीकपुर, जौनपुर।** सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में क्रिसमस त्योहार भव्य रुप में उमंग के साथ शनिवार को मनाया गया। इस वर्ष का अंतिम कार्यदिवस होने के कारण विद्यालय में क्रिसमस त्योहार बेहद ही जोश खरोश के बीच मनाया गया। कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष बच्चों की उपस्थिति बहुत कम रही इसलिए अध्यापक–अध्यापिकाओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीण कुमार उपाध्याय व जया सिंह ने मंच संचालन किया। रामजी तिवारी ने अपने उद्बोधन में क्रिसमस की भूमिका प्रस्तुत की। लिली पॉल एवं मंजू जायसवाल ने सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। अरविंद कुमार मिश्र की अगुवाई में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा प्यारी प्यारी रात न्यारी न्यारी रात, क्रिस मंगली गीत का गान किया गया। जिसकी रचना विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने किया था। समीना फारूकी ने क्रिसमस एवं जीसस क्राइस्ट के बारे में विस्तार से बताया। जया मिश्रा के नेतृत्व में अध्यापक वृन्द ने इंग्लिश क्रिसमंगली का गान किया। बीना श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षिकाओं ने समूह नृत्य किया। परवेज अहमद ने सांता क्लॉज के बारे में बताया। स्टेफी, श्रीया, आस्था एवं अभिषेक ने शांताक्लॉज के जीवन पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्रियंका सिंह के नेतृत्व में झूमो नाचो खुशी से आजष् गान पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। चंचल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। नीरज मिश्र के नेतृत्व में सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने शुभकामना गीत गाया।




## उप निरीक्षक सैफलाइन हाजिर, नौ उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने शनिवार को जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा किया। इस दौरान क्राइम कंट्रोल में फेल रहे 9 उप निरीक्षकों का तबादला किया। जबकि खेतासराय थाने के उपनिरीक्षक मोहम्मद सैफको कार्यों में लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से ठंड में भी लापरवाह उप निरीक्षकों को पसीने छूटने लगे। एसपी कार्यालय से जारी पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार खेतासराय थाना में तैनात उप निरीक्षक मोहम्मद सैफ को लाइन हाजिर कर दिया गया हैए उनके स्थान पर पुलिस लाइन में कार्यरत रहे शान मोहम्मद को खेतासराय थाने में उप निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलालपुर थाने में उपनिरीक्षक रहे अवधनाथ यादव को शकरमंडी पुलिस चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। जबकि यहां तैनात रहे नगर कोतवाली क्षेत्र के चौकी प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला को मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में कस्बा इंचार्ज बनाया गया है।

# अलाव जलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, नाराजगी

**सकलडीहा,चन्दौली।** कड़ाके की शीत लहर और ठंड को लेकर जिलाधिकारी से लेकर अधिकारी रातभर चक्रमण करके निगरानी कर रहे है। इसके बाद भी तहसील प्रशासन अलाव जलाने के नाम पर मौन है। शनिवार को ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर अलाव जलाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। चेताया शीध्र अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू नही किया गया तो सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। शासन की ओर से कड़ाके की ठंड को लेकर अलाव सहित कम्बल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा गरीबों की समस्या को लेकर मौन साधे हुए है। जबकि ठंड शुरू होते ही तहसील मुख्यालय एसकलडीहा कस्बाए चहनियाए धानापुरए कमलापुरए धीनाए बलुआ घाट एसीएचसीए रेलवे स्टेशनए तिराहा पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू हो जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन की उपेक्षा के कारण ग्रामीण ठंड में कंबल तो दूर अलाव जलाने की समस्या को लेकर परेशान है। आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। अलाव जलाने की मांग उठाया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में सपा नेता सेचन सिंह , उपेन्द्र नारायण सिंह, सोनू यादव, मनजीत बिंद, पंकज यादव, रधुनाथ,श्यामा कवि, सुनील दूबे, रामस्नेही, रामभरोश राजभर, गुलाब प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।



# सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित तीन की मौत



संवाददाता। बाराबंकी

शनिवार की देर शाम अयोध्या लखनऊ हाइवे पर हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी। वही कार सवार दो अन्य लोग भी बुरी तरह से जख्मी हो गये। जिन्हे स्थानीय लोगो को जिला अस्पताल पहुचाया गया, जहां से उन्हे ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया है। हादसे की शिकार महिलाओं के शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा है। प्राप्त विवरण के अनुसार टी यूवी 100 गाड़ी शनिवार शाम लखनऊ से गोरखपुर की ओर जा रही थी कि तभी अयोध्या हाइवे मार्ग पर स्थित ग्राम रसौली के पास असंतुलित होकर एक ट्रक में जा घुसी, जिससे उसमें सवार दो महिलाए व एक पुरुष की मौके पर मौत हो गयी। वही कार चालक गिरी प्रसाद तथा पूजा दोनो गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगो की भीड़ लग गई। इस बीच सूचना मिलने पर सफ्दरगंज पुलिस भी पहुची और गाड़ी में फ्से लोगो को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुचाया वही भीषण हादसे की शिकार मृतको के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजा है। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी सदर आरएस सोनकर सहित भारी पुलिस महकमा अस्पताल पहुचा और मृतको के शिनाख्त कराने में जुट गया है। वही घायलो की नाजुक स्थिति देखते हुए उन्हे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया है। बताया जाता है कि घायल महिला पूजा ब्रहमकुमारी ईश्वरी संस्था से ताल्लुक रखती है।

### एक की मौत, चार घायल

बाराबंकी। कोहरे के चलते रामनगर और टिकैतनगर थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में डीसीएम के खलासी की मौत हो गई।वहीं4 लोग घायल हुए,जिन्हेजिला अस्पताल व सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्रके अंतर्गत बाराबंकी बहराइच हाईवे पर दुर्गा मोड़ के पास घने कोहरा के चलते शनिवार की भोर ट्रक और डीसीएम आमने-सामने टकरा गए। डीसीएम करनैलगंज की ओर जा रही थी। दुर्घटना में डीसीएम के खलासी भूरे उर्फ लियाकत (20)निवासी अमोली कला थाना रामनगर की मौके पर मौत हो गई। डीसीएम चालक इमरान उर्फ मुन्ना (40)निवासी अमोली कला व ट्रक चालक प्रद्युम्न कुमार (35)निवासी बसंतपुर थाना मसौली गंभीर घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी रामनगर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर जाम लग गया पुलिस ने मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

दूसरी घटना थाना टिकैतनगर क्षेत्र अंतर्गत टिकैतनगर भेलसर मार्ग पर शुक्रवार की रात घना कोहरा होने के कारणघटी, जहां एक मारुति वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में चालक जमील अख्तर (35)पुत्र कमरूद्दीन अंसारी निवासी मोहल्ला पनियरा फ्तेहपुर व संदीप (34)पुत्र बसंत लाल निवासी मोहल्ला दोघरा फ्तेहपुर चोटिल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती कराया गया। घायलों ने बताया कि वह बिहार से अपने घर फ्तेहपुर लौट रहे थे। टिकैतनगर कोतवाल नारदमुनि सिंह ने बताया कि घायलों को सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती कराया गया है। दोनों ने शराब पी रखी थी।

### बाइक सवार को रौंदा

बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर माती चौकी क्षेत्र में अज्ञात बस की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवा थाना क्षेत्र कुसुम्भा गांव निवासी महेश प्रसाद का 22 वर्षीय बेटा लाल जी जो पेशे से बिजली मिस्त्री है। जो कार्यवश लखनऊ गया हुआ था शुक्रवार की शाम माती चौकी क्षेत्र में उसकी बाइक को अज्ञात बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।वही मृत बाइक सवार के परिवार मे मातम मे पसरा हुआ है सभी परिजन स्तब्ध है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, एक घायल

संवाददाता। अमेठी

जिले में अलग अलग हादसे में दो की मौत हो गई है। पहली घटना बाइक के अनियंत्रित जाने से युवक बुरी तरह घायल होने से मौत हो गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत जामों.जगदीशपुर मार्ग पर आदित्य शुक्ला 27 वर्ष पुत्र मुन्ना शुक्ला बीती शाम जामों बाजार से वापस आ रहा था भटपुरवा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी ।जिससे बाइक सवार आदित्य गम्भीररूप से घायल हो गया ।जिसे अस्पताल ले जाया गयाए जहाँ उसे डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया है। मृतक बेंगलुरु में इंजीनियर था। ये अपने माँ,बाप का इकलौता बेटा था।घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। वहीं दूसरी घटना अमेठी 19 दिसंबर 2020 जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के सैठा रोड पर तेज रफ्तार बेलोरो की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो

### ● अलग-अलग क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाएं

गयी जब की एक की हालत गंभीर है जिसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया है

एप्रभारी निरीक्षक गौरीगंज अरूण कुमार दूबे ने बताया कि अमरेश कुमार उम्र 16 वर्ष व विक्रम उम्र 15 वर्ष जो गांव वांदिराय मेरे सैठा के रहने वाले थे। आज सुबह बाइक से सैठा बाजार से घर जा रहे थे कि सामने से आ रही बेलोरो ने गांव पूरे लोहारन के पास बाइक को टक्कर मार दी जिससे अमरेश कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जब कि घायल युवक विक्रम को गंभीर हालत मे जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टरो ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रिफ्र कर दिया पुलिस ने बेलोरो को कब्जे मे ले लिया है।

# सीडीओ ने जागरूकता वैन को दिखाई हरी झण्डी

संवाददाता। अमेठी

किसानों को अपनी फ्सल को पैदा करने से लेकर अनाज घर ले जाने तक तरह तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शासन ने किसान हित मे बड़ी योजनाएं चलायी है। उसी का एक हिस्सा फ्सल बीमा योजना है। जिसमें किसान की फ्सल के बुआई के बाद फ्सल का बीमा हो जाता है। जिससे किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदाए बाढ़ए आगए तूफान आदि विपदा के समय बीमा कम्पनी किसान को उसकी फ्सल का मुआवजा उपलब्ध कराती है।किसानों में जागरूकता लाने के तहत रबी फ्सल में बीमा के बारे में जानकारी देने के लिए प्रचार वाहन गांव.गांव जाकर किसानों को जानकारी देगा। विकास भवन में प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो जिले के सभी तहसीलए ब्लाक मुख्यालयए राजकीय कृषि बीज भण्डार और जनसुविधा केन्द्र में जाकर किसानों को फ्सल बीमा से होने वाले फायदे के बारे में जागरूक करेंगी। जिले में प्रधानमंत्री बीमा योजना के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी आफइंडिया को नामित किया गया है। रबि की फ्सल के लिए बीमा कराने का अंतिम समय 31 दिसंबर निर्धारित किया गया है। फ्सल बीमा के लिए फ्सल भी शासन की ओर से अधिसूचित ग्राम पंचायतें गेहूं की फ्सल का चयन किया गया है। जिसकी बीमित धनराशि के अनुसार बीमा की धन राशि निर्धारित की गई है। किसानों को प्रधानमंत्री फ्सल बीमा के बारे में जानकारी देने के लिए बीमा कंपनी की ओर से प्रचार वाहन बाहर निकाला गया है। प्रचार वाहन को आज मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया।

# क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर जारी रहेंगी विकास परियोजनाएं: मोना

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़



क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ विधानसभा क्षेत्र मे दो पिच मार्गो की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। कोविड प्रोटोकॉल के मानक के तहत विधायक मोना ने सांगीपुर विकासखण्ड के पूरे भगवत-वीरगढ़-पूरे चौहान के लिए दो किलोमीटर लंबे एक करोड़ से अधिक की लागत की सड़क परियोजना की सौगात सौंपी। वहीं तीस लाख की लागत से बेदुआन का पुरवा के लिए बनने वाली पिच मार्ग का भी विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी ने भूमिपूजन किया। वीरगढ़ मे भारी तादात मे जुटे लोगों के बीच हुई जनसभा को संबोधित करते हुए सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुरखास में सड़क संसाधनों की मजबूती का सिलसिला निरंतर जारी रखने का उद्देश्य इस क्षेत्र को रोजगार के अवसर के प्रति आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होने कहा कि विकास तभी बहुमुखी हुआ करता है जहां सड़क तथा बिजली व पीने के पानी तथा शुद्ध पेयजल के बहुतायत संसाधन नजर आया करते है। छोटे कल-कारखानों की स्थापना के लिए भी क्षेत्र मे राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण परियोजना से पुरवें तथा मजरे तक को विद्युतीकृत किया गया है। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच तथा को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास मे क्षेत्रीय विधायक मोना के प्रयास से हर वह जरूरी संसाधन उपलब्ध होगें जिससे यह क्षेत्र प्रदेश मे विकास का मॉडल क्षेत्र का दबदबा बनाए रखे।

# अधिकारी कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों की निगरानी करें: डीएम

संवाददाता। ललितपुर

जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि आज 1199 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल 04 धनात्मक केस पाया गया है, साथ ही 08 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3117 तथा कुल 68 एक्टिव केस हैं। जनपद में अब तक कुल 229190 सैम्पल लिए गए हैंए जिनमे से 1241 रिजेक्ट हुए हैं। अब तक कुल 226625 रिपोर्ट प्राप्त हुईं, जिनमे 223491 ऋणात्मक, 3134 धनात्मक, 97 जनपद के बाहर की लैब से प्राप्त, कुल धनात्मक मरीज 3231, 46 मृतक तथा 1324 परिणाम लंबित हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 96.47, सीएफ्आर 1.42 तथा धनात्मकता रेट 1.40 प्रतिशत है। मरीजों का कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग अनुपात 1.37प्र84 है

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि अस्पतालों में सर्दी को देखते हुए मरीजों के बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

### पुलिस अधीक्षक ने टोल प्लाजा का किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के द्वारा थाना जखौरा चौकी बासी चौकी दैलवारा पीआरवी 2598 का निरीक्षण किया गया। जिसमें एसपी द्वारा समाधान दिवस रजिस्टरए अपराध रजिस्टरए महिला संबंधी शिकायतों को तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सीसीटीएनएस कार्यालयए मैसएआवास का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने टोल प्लाजा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



# किसान संघ ने किया सांसद उपेन्द्र रावत का अभिनन्दन व स्वागत

बाराबंकी। भारतीय किसान संघ बाराबंकी उ0प्र0 इकाई द्वारा शनिवार को सांसद उपेन्द्र सिंह रावत का लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर अभिनंदन स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई भी दी भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी सुरेश चन्द्र वानप्रस्थी ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा बाराबंकी क्षेत्र के अपने कर्मठ सेवाभावी लोकप्रिय सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी पर गर्व है इसलिए संगठन आपका हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई देता है,लोगों से वार्ता करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी ने कहा कि योगी सरकार द्वारा जनहित के कार्यों का लाभ आम जन तक सुगमता पूर्वक पहुचाने में अवरोध बनें बेलगाम व भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर अंकुश लगाया जायेगाऔर सरकार के द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों का पूर्ण लाभ मिलेगा इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के निम्न पदाधिकारी सतीश कुमार वर्मा महामंत्री,डॉ शिवकुमार रावत कोषाध्यक्ष,राम शंकर मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष,शम्भु शरण अनुरागी,चौधरी योगेन्द्र वर्मा,काशी राम वर्मा ब्लाक मंत्री हरख,सियाराम विश्वकर्मा,ज्वाला प्रसाद ज्ञानी जिला जैविक प्रमुख,शिवकुमार शर्मा,प्रेम रावत,दिनेश चन्द्र रावत अनुरागी,चौधरी योगेन्द्र वर्मा,काशी राम वर्मा ब्लाक मंत्री हरख,सियाराम विश्वकर्मा,ज्वाला प्रसाद ज्ञानी जिला जैविक प्रमुख,शिवकुमार शर्मा,प्रेम रावतनिजी सचिव सांसद बाराबंकी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहें ।

# बुंदेलखंड में औद्यानिक पौधशाला स्थापना पर हुआ प्रशिक्षण

संवाददाता। ललितपुर

कृषि विज्ञान केंद्र ललितपुर द्वारा बागवानी पौधशाला स्थापना पर पांच दिवसीय ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ अर्चना दीक्षित ने उन्हें पौधशाला की संरचनाए उसमें इस्तेमाल होनेवाले उपकरण एवं लागत लाभ अनुपात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष भर सब्जियों की पौध तैयार कर बुंदेलखंड के किसानों को गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री प्रदान की जा सकती है। दिसंबर माह में लो टनल में कद्दूवर्गीय सब्जियों की पौध तैयार कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। युवाओं को फ्लों में वानस्पतिक प्रवर्धन की विभिन्न विधियों जैसे कटिंग ए बडिंग ए ग्राफ्टिंग एवं एयर लेयरिंग की प्रायोगिक शिक्षा प्रदान की गई। इन विधियों से वे फ्ल वृक्षों जैसे आंवला अमरूदए बेर बेल आम नीबू आदि के हजारों पौध सामग्री तैयार कर सकते हैं एवं किसानों को समय पर उपलब्ध करा सकते हैं। नर्सरी उत्पादन करने के लिए खरीफ्ए रबी एवं जायद के अनुसार रेन्डए फ्लैट बेड बनाने की सलाह दी।

फूलों एवं सब्जी की बेमौसम पौध तैयार करने के लिए शेड नेट के अंदर बेड बनाकर तापमान नियंत्रण कर अधिक आय अर्जन किया जा सकता है। पौलीबेगए प्रोट्रे में कोकोपीटए या गोबर की खादए मृदाए रेतका 2रू1रू1 अनुपात बना कर बीज को बाविस्टिन ;2 ग्रामध्लीटरद्ध से शोधित कर बुवाई करनी चाहिए।नर्सरी में जिले के अनुसार टमाटरए बैंगनए मिर्चए प्याजए गोभीए पत्तागोभीए पपीतेए नींबूए कचलए आंवलाए बेरएअमरूद आदि की पौध सामग्री तैयार कर किसानो को उपलब्ध करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्नब्लॉक के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्हें सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान केंद्र के समस्त वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# रामकथा को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा, मगन श्रद्धालु

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी मे नौ दिवसीय रामकथा को लेकर शनिवार को शोभा यात्रा निकाली गई। मानव सेवा कल्याण संस्थान के बैनरतले निकली शोभा यात्रा मे विश्व शांति का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा वैदिक मंत्रो के बीच कथास्थल से सगरा सुंदरपुर, तिना होते हुए बूढे बाबा मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा मे श्रद्धालुओं ने ध्वजपताका के साथ अबीर व गुलाल उड़ाते श्रीराम के जयघोष मे दिखे। भक्तों ने भजन पर शोभा यात्रा के बीच मंगल उदघोष करते नाचते गाते भी दिखे। शोभा यात्रा की अगुवाई पं. श्यामशंकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर कथाव्यास गोविंद भाई जी महराज, कृष्णदेव शुक्ल, रमेश पाण्डेय, संजय शुक्ल, रामराज पाण्डेय, उमाकांत मिश्र, सरसज तिवारी, बड़े लाल शुक्ल, कृष्णचंद्र पाण्डेय व सतीश पाण्डेय आदि रहे।

# स्मृति ईरानी के ड्रीम प्रोजेक्ट को किसानों ने दिया झटका

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बहुप्रतिक्षित ड्रीम प्रोजेक्ट को अमेठी के किसानों ने झटका दे दिया है। विदित हो कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार प्रदेश के सभी विकास खंडों को जिला मुख्यालय से दो लेन से जोड़ने की है। जिसमें प्रदेश के सभी जिले सभी ब्लाक दो लेन से जुड़ चुके है। लेकिन विकास खण्ड शाहगढ़ मे यह योजना रुकती नजर आ रही है। भुसियावा शाहगढ़ रामगंज मार्ग की लम्बाई जो 10प्र00 किमी है पर अब ग्रहणता लगाता दिख रहा है। सड़क बनने पर यहाँ के किसानों ने जमीन के मुआवजे को लेकर जगह जगह भुसियावाए नोहरेपुरए बरइन का पुरवा व बीरनामपुर के पास सड़क बनाने का विरोध चालू कर दिया है। इस वजह से सड़क का डमरीकरण नही हो रहा है। जबकि ठेकेदार व विभाग ने अपना कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है सिर्फ डमरीकरण होना अवशेष है। यदि इसका निस्तारण न हुआ तो लोक निर्माण विभाग को काफी नुकसान भी हो सकता है। किसान इन जगहों पर मुआवजा न मिलने का कोर्ट से स्टे ऑर्डर ला लिये है। जबकि यह सड़क लगभग 40 वर्ष पूर्व में बनी हुई है। जर्जर सड़क को केन्द्रीय मन्त्री के प्रयास से शासन से 1600 लाख की सड़क यहाँ के लोगो को सौगात मिली थी। शासन से धनराशि जारी होते ही लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरु कर दिया। क्षेत्रीय लोगों की उम्मीदे अब केंद्रीय मंत्री और प्रदेश सरकार पर की ओर टिक गई हैं। क्योंकि किसानों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर रोकी जा रही सड़क की वजह से जिला मुख्यालय तथा अमेठी आने जाने के दोनों रास्ते अब उनके लिए बाधित हो गये हैं। क्षेत्रीय लोगों ने अमेठी सांसद व प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस सड़क के निर्माण के अवरोध का निस्तारण करा कर सड़क को दोनो ओर पक्के मार्ग से जोड़ा जाय। जिससे उनका आवागमन बाधित ना हों।

### ● भुसियावा शाहगढ़ रामगंज मार्ग को बनाने को लेकर किसानों ने किया विरोध, मुआवजे को लेकर शुरू हुआ किसानों का विरोध

# डीएम से मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत

गौरीगंज अमेठी। राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु अधिगृहीत भूमि की भूस्वामी ने अब तक मुआवजे का भुगतान न होने की शिकायत डीएम से करते हुए प्रतिकर राशि के भुगतान की मांग की है ।तहसील मुसाफिरखाना अन्तर्गत विकास खंड जगदीशपुर के गांव मंगौली निवासी प्रतिमा पाठक पत्नी गंगेश पाठक ने जिलाधिकारी अरुण कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि गत 24 नवम्बर 2020 को राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु अधिगृहीत भूमि के प्रतिकर निर्धारित कर आदेश पारित किया गया था । भूस्वामी सम्बन्धित लेखपाल को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद भी प्रतिकर का भुगतान न होने की शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि दिए गए साक्ष्यों में उसकी भूमि पर मौजूद पेड़ो के प्रतिकर का उल्लेख किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि स्वीकृत धनराशि का वितरण कुछ खाताधारकों को किया जा चुका है किन्तु शिकायतकर्ता की भूमि व उस पर मौजूद पेड़ो का मूल्यांकन कर प्रतिकर के भुगतान का अनुरोध किया जा चुका है।

# मरीजों की देखरेख की जाए: डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़



जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने शनिवार को एल-2 जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन मरीजों से समय-समय पर फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी लेते रहे और यदि किसी गम्भीर बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें कोविड चिकित्सालय में भर्ती किया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरआरटी टीम द्वारा होम आइसोलेशन में रखे गये मरीजों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी एवं औषधियां प्रदान की जाती है कि नही के सम्बन्ध में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर से जानकारी प्रतिदिन प्राप्त की जाये और किसी भी मरीज द्वारा कोई शिकायत की जाती है तो उसका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि कोविड चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी निरन्तर की जाये और उनके खान-पान, साफ-सफाई एवं दवाओं के वितरण आदि की भी देखरेख की जाये। कोविड चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि कान्टैक्ट टेªसिंग सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित की जाये, कान्टैक्ट टेªसिंग के समय मरीज की बैकग्राउण्ड हिस्ट्री, भ्रमण विवरण की जानकारी अवश्य की जाये। पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों का आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कन्ट्रोल सेन्टर पर व्यक्तियों द्वारा कोविड-19 के सम्बन्ध में जानकारी, ईलाज, स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण बाते एवं अन्य पूछे गये प्रश्नों का सन्तोषजनक उत्तर दिया जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश राधे श्याम यादव ने हत्या सम्बन्धी एक मुकदमे का फैसला सुनाते हुये आरोपी को आजीवन कारावास व 30 हजाररुपये अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया।जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश पाण्डेय ने बतायाकि थाना देवा के गांव माती निवासी वादी मो0 इसहाक का भाई मो0 इश्तियाक 16 मार्च 2016 को शाम सायकिल से अपनी सरसों की फ्सल तैयार कराने गया था रात को वापस नहीं हुवा तो अगलेदिन वादी घर वालों के साथ ढूंढने निकले तो रास्ते मे लाशमिली सर पर गंभीर चोटें थीवादी ने अज्ञात में एफ्आईआरदर्ज कराई थी।पुलिस ने विवेचना में सत्येन्द्र रावत निवासी जमुवासी का नाम उजागर किया था। मुलजिम सत्येंद्र रावत मृतक इश्तियाक से रंजिस मानता था क्योंकि सत्येन्द्र के अवैध सम्बन्ध एक युवतीसे थेएउसकी शिकायत करने की बात वादी ने कही थी। आरोपी को आजीवनकारावास व 30 हजार रुपये अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया।

# पूंजीपतियों को फायदा देने का कार्य कर रही है भाजपा सरकार: किदवई

संवाददाता। बाराबंकी




किसानों के आर्थिक हित को कुचलने में भाजपा सरकार लगी है। किसान बिल किसानों के लिए अहितकारी है। किसानों के आत्मसम्मान को खत्म कर देना चाहती है केंद्र व भाजपा सरकार । उक्त विचारशनिवार को विधानसभा कुर्सी में किसान संदेश यात्रा के दौरान सपा कार्यकर्ताओं व किसानों के बीच पूर्व मंत्री हाजी फ्रीद महफूज किदवई ने व्यक्त किए। श्री किदवई ने कहा कि सरकार किसान बिल के माध्यम से पूंजीपतियों को फायदा देने का कार्य कर रही हैं। अंबानी और अडानी को देश के विभिन्न उपक्रम बेचकर अब किसानों को भी कमजोर बनाने के प्रयास में लगे हैं उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी देश के किसानों के साथ खड़ी है,सिंधु बॉर्डर पर किसानों पर हो रहे अत्याचार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि किसान अपने हितों की रक्षा के लिए लड़ रहा है और भाजपा के लोग व सरकार उन्हें कमजोर करने में लगी है। पूर्व मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि किसान बिल के तीन कानून किसानों को सड़क पर ला देंगे। जमाखोरी,व्यापारियों और पूंजीपतियों को ही इसका फायदा मिलेगा । किसान बिल के खिलाफ सपा के कार्यकर्ता लामबंद होकर लड़ाई लड़ने का कार्य करें । श्री किदवई ने बढ़ती महंगाई पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि डीजल,गैस सहित जरूरी सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं। कानून व्यवस्था प्रदेश व देश की पंगु हो चुकी है। गरीब,नौजवानए किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। सम्बोधन के पश्चात सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा जागरण रैली निकाल कर तहसीलदार को 3 सूत्री ज्ञापन सौंपा। सपा विधानसभा अध्यक्ष डॉ लवकुश यादव के संचालन में इस संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में सपा विधानसभा प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष मो सबाह,नगर अध्यक्ष फ्तेहपुर नसीम गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# एजेण्डा



थेल्मा और लुइस जैसी महिलाओं के परिप्रेक्ष्य से दुनिया को देखने वाली फिल्में बनाना इतना कठिन क्यों है ?
- सोन ये जिन




# जलमग्न शहरों का ऐतिहासिक पहलू

**विश्वनाथन वेंकटरमन लिखते हैं कि निकास संबंधी समस्याओं में भारतीय शहरों की अक्षमता के कारण आर्थिक हैं, न कि इंजीनियरिंग से संबंधित। वह इस समस्या के ऐतिहासिक आयामों से परिचित कराते हैं।**

हैदराबाद और बैंगलुरू जैसे शहरों में विध्वंसक बाढ़ की हालिया घटनाओं ने एक बार फिर से शहरी भारत द्वारा झेली जा रही ड्रेनेज समस्याओं को सुर्खियों में ला दिया है। नयी दिल्ली स्थित सेंटर फार साइंस एंड इनवायरनमेंट की व्हाई इंडिया फ्लड्स नामक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ आना सबसे भीषण आपदाओं में से एक है जिनका वर्तमान में भारत सामना कर रहा है। विशेषज्ञों व टिप्पणीकारों, जिन्होंने इस समस्या का अध्ययन किया है, ने इस समस्या के पीछे योजना रहित शहरी विकास से लेकर तमाम प्रमुख कारणों की पहचान की है, जिन्होंने शहरी नदियों के प्राकृतिक निकास मार्गों के अतिक्रमण पर पहुंचाया है, साथ में ड्रेनेज ढांचे की कमियों ने समस्या को और गंभीर बना दिया हैं।

हालांकि इन तमाम चर्चाओं में जो चीज गायब है, वो है इस समस्या के ऐतिहासिक आयाम। इन आयामों का अवलोकन दो बातों की ओर इशारा करता है: पहली बात, शहरी बाढ़ और भारतीय शहरों की आज के दौर की आवश्यकताओं के अनुसार ड्रेनेज व्यवस्थाओं को नवीनीकृत करने की अक्षमता है। ये व्यवस्थाएं अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही हैं। दूसरी बात, इस अवधि में इन समस्याओं को हल करने में भारतीय शहरों की अयोग्यता का कारण आर्थिक है न कि अभियांत्रिक। जब इन समस्याओं के व्यापक इंजीनियरिंग समाधान उपलब्ध भी थे, तो उस समय वे स्थानीय नगर निगम सरकारों की अपने स्तर पर ऐसी व्यापक योजनाओं को वित्तीय सहायता देने की अयोग्यताओं के कारण अटक अटक कर लागू होते थे। भारतीय शहरों में इस कमजोरी को तथा सांस्थानिक ढांचे को व्यापक स्तर पर देखते हुए , आवश्यकता है कि भविष्य में मजबूत शहरी ढांचे का निर्माण करने के लिए स्थानीय सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा सुरक्षित वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाए।

## ब्रिटिश भारत में आधुनिक शहरी निकास व्यवस्थाओं का परिचय

आधुनिक निकास व्यवस्थाएं दुनिया के प्रमुख शहरों में, कालरा जैसी महामारियां उभरने के प्रतिउत्तर के रूप में , लगभग 1850 के बाद अस्तित्व में आईं। भारतीय शहर इस रूझान के कोई अपवाद नहीं थे जब कलकत्ता, बाम्बे और मद्रास (वर्तमान में कोलकाता, मुंबई और चेन्नई) शहर जैसे ब्रिटिश भारत के तीन सबसे बड़े शहरों में पहली बार इन व्यवस्थाओं को लागू किया गया था। कोलकाता में इस व्यवस्था को 1858 में लागू किया गया, जबकि मुंबई और चेन्नई में इस व्यवस्था को विगत 1870 में आरंभ किया गया। जिसमें इन व्यवस्थाओं के वित्तपोषण, निर्माणन, संचालन एवं रखरखाव की प्रमुख जिम्मेदारियां स्थानीय नगर निगम संस्थाओं को दी गयीं।

शहरों की निकासी व्यवस्थाओं के विशिष्ट अभियांत्रिकी इंतजाम अलग अलग होते हैं, जो आमतौर पर स्थानीय स्थितियों के मुताबिक बनाए गए थे। इस दौर का डिजाइन विकल्प निकासी की दो पद्धतियों के इर्दगिर्द घूमता था – निकासी की 'साझा' एवं 'पृथक' व्यवस्था। 'साझा' व्यवस्था जलभंडार एवं एकल भूमिगत सीवर में सीवेज दोनों से आयी थी, जबकि 'पृथक' व्यवस्था जलभंडार को एकत्रित एवं निस्तारित करती थी और अलग पाइपों के जरिए गंदे पानी को बहाती थी।

हालांकि कोलकाता ने अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण साझा प्रणाली को अपनाया, जबकि मुंबई और चेन्नई शहर ने शहर में सालाना बारिश पद्धतियों के आधार पर पृथक प्रणाली का चुनाव किया। चूंकि बाद के दोनों शहरों में बारिश, साल में केवल कुछ महीने ही हुआ करती थी, तो यह महसूस किया गया कि बरसाती जल का अलग ढंग से अधिक प्रभावी रूप में प्रबंधन किया जा सकता है। उसी आधार पर, हालांकि कोलकाता ने अपने बरसाती जल को निकटस्थ बिद्याधरी नामक ज्वारीय संकरी खाड़ी में बहाने का विकल्प चुना, जबकि चेन्नई और मुंबई ने अपने बरसाती जल को खुले नालों व मार्गों के जरिए समुद्र में बहाने का विकल्प चुना।

## अमल में कैसी हैं जलनिकास प्रणालियां

अपनी शुरूआत से, इन जलनिकास प्रणालियों ने निश्चित रूप से सुचारू ढंग से काम नहीं किया और इनमें ऐसी अनेक समस्याएं सामने आने लगीं जो तत्कालीन भारतीय शहरों में उभरने वाली जलनिकास समस्याओं से ज्यादा भिन्न नहीं थीं। प्रत्येक मामले में समस्याओं की प्रकृति, अपने डिजाइन प्रारूपों से गहरे प्रभावित थी। उदाहरण के लिए, जिन शहरों ने पृथक प्रणाली को अपनाया, वहां बरसाती जल को सीवेज के पानी से अलग रखने में या सीवर के पानी केबरसाती पानी में मिलने की समस्याएं सामने आईं।

यह समस्या 1901 में सामने आई, जब शहर के बरसाती जल स्रोत के हिस्से सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन गए थे। जब घरेलू सीवर कनेक्शनों के कम उपयोग के कारण इन नालों में कूड़ा बहाया जाने लगा। चेन्नई शहर में, 1920 में, इसके विपरीत रूप में समस्या सामने आई, जब बरसाती पानी ने सीवेज पाइपों में अपने निकास का रास्ता प्राप्त किया जिसके कारण इस व्यवस्था के सीवेज निस्तारण इंतजामों को फैलाया गया।

हालांकि कोलकाता की साझा प्रणाली उपरोक्त समस्याओं से बचकर आगे बढ़ती रही, मगर फिर भी इसे 1910 के मध्य बिद्याधरी नदी के तल स्तर में वृद्धि तथा जलभराव के कारण अपने बरसाती जल हेतु नए निस्तारण व्यवस्थाओं की खोज करनी पड़ी क्योंकि इसकी वजह से नाले जाम हो जाते थे। इसके अलावा, इन सभी शहरों में बरसाती नालों की वहन क्षमता कमजोर पड़ने लगी थी जिसके कारण 1920 और 1930 दशक के दौरान मानसून बाढ़ों का सामना करना पड़ा था। उदाहरण के लिए, अगस्त 1923 के एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार की रिपोर्ट ने कोलकाता के बारे में शिकायत दर्ज कराई कि बाढ़ आना रोजमर्रा घटनाएं हैं....और इसमें संदेह है यह कभी बीते दिनों की बात होगी, जबकि 1937 में मुंबई में बाढ़ संबंधी रिपोर्ट ने पाया कि मानसून के दौरान बाम्बे की बाढ़ में डूबी सड़कें एक आम नजारा हैं..... ' इन दोनों मामलों में, शहर में बारिशों के जवाब में इसके जलनिकासी ढांचे की अपर्याप्त क्षमता की सबसे महत्वपूर्ण कारक के रूप में पहचान की गयी, यह हमें पुराने जमाने के शहरी भारत में मानसून बाढ़ संबंधी दिलचस्प समानताओं से रूबरू कराती है।

> अपनी शुरुआत से, इन जलनिकास प्रणालियों ने निश्चित रूप से सुचारू ढंग से काम नहीं किया और इनमें ऐसी अनेक समस्याएं सामने आने लगीं जो तत्कालीन भारतीय शहरों में उभरने वाली जलनिकास समस्याओं से ज्यादा भिन्न नहीं थीं। प्रत्येक मामले में समस्याओं की प्रकृति, अपने डिजाइन प्रारूपों से गहरे प्रभावित थी। उदाहरण के लिए, जिन शहरों ने पृथक प्रणाली को अपनाया, वहां बरसाती जल को सीवेज के पानी से अलग रखने में या सीवर के पानी के बरसाती पानी में मिलने की समस्याएं सामने आईं।

## रोकथाम समाधान...

उस काल की शहरी सरकारें निश्चित रूप से मूक दर्शक नहीं रहीं जब इन समस्याओं ने उनके सामने उभरना शुरू किया। वे तथ्यगत रूप से अपनी अपनी जलनिकासी प्रणालियों को नवीनीक़ृत करने की आवश्यकता के प्रति सजग थे। उदाहरणार्थ, मुंबई शहर के कार्पोरेशन ने 1924 में शहर के बरसाती जन निकासी प्रणाली में व्यापक स्तर पर सुधारने लाने के लिए लगभग 1 .36 करोड़ की लागत वाली परियोजना बनाई थी, जबकि कोलकाता ने 1930 तक अपने निस्तारण कार्यों को बिद्याधरी नदी से लेकर कुल्टी नदी को हंस्तारित करने की योजना निर्धारित की थी। लेकिन इस अवधि में स्थानीय सरकारों द्वारा वित्तीय संकट का सामना करने से इन योजनाओं में या तो देरी हुई या ये स्थगित हो गयीं या आंशिक तौर पर ही क्रियान्वित हुईं।

हालांकि कलकत्ता की योजना का क्रियान्वयन कालांतर में 1935 में जाकर ही संपन्न हो पाया, मगर बरसाती जल संबंधी बाम्बे योजना 1933 तक भी क्रियान्वित नहीं हुई। सख्त वित्तीय समस्याओं के कारण, म्युनिसिपल संस्थाएं वर्तमान बाढ़ को रोकने के लिए मौजूदा व्यवस्था में थोड़े बहुत मरम्मत कार्य से आगे नहीं बढ़ पाईं। मुंबई में, म्युनिसिपल कार्पोरेशन ने मानसून की अवधि के दौरान बरसाती जल को सीवेज पाइपों के जरिए बहाने की अनुमति देना शुरू किया, ताकि 1930 दशक में शहर की सड़कों पर बाढ़ के पानी का जमाव कम किया जा सके।

नगर निकायों की वित्तीय कमजोरी की यह स्थिति ओ .जे . विल्किन्सन के निम्न कथन में बहुत स्पष्टता से नजर आई है, जिन्होंने 1920 के दशक के मध्य में कोलकाता के जलनिकासी इंजीनियर के रूप में काम किया था। उन्होंने लिखा कि: 'कलकत्ता (आज के कोलकाता)में, हमने जबरदस्त बारिशों, बेहद जटिल जलनिकासी समस्या, एक भारी सफाई समस्या का सामना किया है.... फिर भी जनसंख्या की प्रतिव्यक्ति आय लंदन या अन्य महान यूरोपीय शहरों के मुकाबले नगण्य है। जबकि लंदन में, करयोग्य मूल्य इतना है कि समुदाय की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अपार योजनाएं नगर निगम फंड को बिना किसी बड़ी समस्या के वित्तपोषित हो सकती हैं, लेकिन कलकत्ता में यह स्वाभाविक कारणों से नितांत असंभव है। जलनिकासी का प्रश्न ही इतनी निर्णायक महत्ता का है और इस स्तर तक महत्वपूर्ण है कि उपचारक उपायों की लागत कार्पोरेशन के संसाधनों से कहीं ज्यादा हो सकती है। '

अगर कोलकाता में स्थिति ऐसी थी जो कि देश के ततकालीन सर्वाधिक धनी नगर निगमों में से एक था, तो लखनऊ और बनारस जैसे अन्य ज्यादा गरीब मगर भारी आबादी वाले शहरों में जलनिकासी प्रणालियों की स्थिति का अंदाजा लगाना निश्चित रूप से ज्यादा कठिन नहीं होगा। सचमुच, 1937 तक बंगाल, मुंबई, चेन्नई, यूपी और पंजाब के पांच प्रांतों की 517 नगरनिगमों में से केवल 3 फीसदी नगर निगमों में आधुनिक सीवेज निस्तारण प्रणालियां लगाई गयी थी भले ही उनके पीछे की अभियांत्रिकी गतिविधियां भारत में कहीं अधिक जड़ जमा चुकी थीं। इस तरह, यह अभियांत्रिकी समाधानों की इच्छा नहीं थी कि जलनिकासी प्रणालियां अपर्याप्त रहें, यह मुख्यतया घोर आर्थिक स्थितियां थीं जिनमें स्थानीय निकायों ने खुद को पाया था, और जिन्होंने भारत में शहरी जल निकास की कार्यात्मक एवं संतोषजनक प्रणाली के उभार को रोक रखा था।

आज जबकि लगभग नब्बे साल हो गए हैं जब उपरोक्त उल्लिखित घटनाएं घटी थीं। हालांकि आज का भारत जिन चुनौतियों का सामना करता है और औपनिवेशिक काल के उनके पुरखे जिन चुनौतियों को सामना करते थे, उन चुनौतियों में महत्वपूर्ण गुणात्मक बदलाव आ गए हैं। इस आलेख ने कुछ महत्वपूर्ण स्थायी मसलों को इंगित किया है। उन मुख्य बिन्दुओं में मुख्य है महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने हेतु मजबूत सार्वजनिक ढांचा निर्मित करने में भारत के स्थानीय निकायों की आर्थिक अयोग्यता– चाहे वो पानी हो, स्वच्छता या जल निकासी हो।

शोध संस्थान आईसीआईईआर की हालिया रिपोर्ट जिसका शीर्षक –फाइनेंसेज आफ म्युनिसिपल कार्पोरेशन इन मेट्रोपोलिटन इंडिया – है। यह रिपोर्ट हमें आगाह करती है कि इन निकायों की नितांत कमजोर आर्थिक स्थिति शहरी ढांचे के नवीनीकरण कार्य में निरंतर एक प्रमुख बाधा बनती है। हालांकि किसी स्पष्ट समाधान के साथ सामने आना कठिन है कि भारत में शहरी जीवन स्थितियों को कैसे सुधारा जाए लेकिन कम से कम ऐतिहासिक काम के आधार पर, एक शुरूआती बिन्दू निश्चित रूप से यह हो सकता है कि केन्द्र व राज्य सरकारें अपना हस्तक्षेप सुनिश्चित करें ताकि इन स्थानीय निकायों के लिए आर्थिक सहयोग मिलना सुरक्षित किया जा सके जिससे कि हमारे शहरों में मजबूत सार्वजनिक सेवाओं का ढांचा खड़ा हो सके।

– लेखक एक इंजीनियर हैं जो किंग्स कालेज, लंदन में सेंटर फार द हिस्ट्री आफ साइंस, टेक्नोलाजी एंड मेडिसिन में शोध छात्र हैं और जो औपनिवेशिक काल के मद्रास शहर में स्वच्छता ढाचों के इतिहास पर शोध कर रहे हैं।



विश्वास वो चिड़िया है
जो अंधेरे में भी भोर
के प्रकाश को महसूस
करती है
- रबीन्द्र नाथ टैगोर





जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

# जीवन की शुरुआत से आदतें सुधारें

आदतें मुश्किल से बदलती हैं। आप उन्हें दबा सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक उन पर काबू नहीं पा सकते जब तक कि आप बुनियादी स्तर पर सुधार नहीं करते हैं। याद रखें, अनुवांशिक स्वभाव प्रवृत्तियों की जड़ उन विचार बीजों में होती है जो मन के गहन दायरों में पैठ जमाए होते हैं। जब भी उन्हें अनुकूल स्थिति मिलती है, वे सक्रिय हो उठते हैं। कुछ कुछ गेहूं के बीच की तरह, जो यदि मेज पर पड़ा होता है तो निष्क्रीय रहता है। यदि यह किसी तरह से धरती में पहुंच जाता है तो यह पौधे में फूट पडेगा जब इसे पानी हासिल होता है।

तीन साल पहले एक अंतर्राष्ट्रीय संस्थान में उच्च पद पर आसीन व्यक्ति ने नौकरी खो जाने के डर के कारण आकर पूछा: '' काम में मेरा प्रदर्शन बहुत शानदार है और मुझे अधिकारियों द्वारा उचित सम्मान भी मिलता है। फिर भी, मैं ऐसे डर में क्यों रहता हूं कि क्या मैं अपनी स्थिति बनाए रख पाऊंगा?''

मैंने पाया, कि ''खैर, कारण आपके गलत कार्यों में मौजूद होता है। आप मुख्यतया पलायनवादी हैं। जब भी आप किन्हीं भी कारणों से नकारात्मक सोच का शिकार होते हैं आपमें अंतर्निहित भय और असुरक्षा की भावना आपके चिंतन पर भारी पड़ती है। उसे भूलने के लिए, आप आत्मलिप्तता में जाते हैं जो आपको अतिरेकों तक ले जाती है। इस कारण, आप खुद समस्याओं को न्यौता देते हैं। लेकिन मौजूदा ज्योतिषीय संकेतों को देखते हुए, फिलहाल आपकी नौकरी सुरक्षित है।'' उन महाशय ने फिर सवाल किया, '' मैं मानता हूं महोदय। लेकिन आप इतनी स्पष्टता से मेरी समस्या को कैसे चिन्हित कर सकते हैं? ''

मैंने उत्तर दिया, '' राशिफल व्यक्ति के स्वभाव की बुनियादी बुनावट के बारे में बताता है जो आपके गुणों व विशेषताओं, साथ ही साथ आदतों व नजरियों पर प्रकाश डालता है। पूर्वजन्म से चले आ रहे कर्मफलों के परिणामस्वरूप, वे विचार बीजों के रूप में आपके मन के आंतरिक दायरों में अंकित रहते हैं। जो अनुकूल प्रोत्साहन मिलने पर सक्रिय हो जाते हैं। '' अपनी रोजगार सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होकर उसने सवाल किया: '' कृपया कोई उपचारक- मणि या पूजा-उपाय बताएं जो भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने में मेरी सहायता कर सके। ''

उसे एक प्रक्रिया बताई गयी जिसमें अपनी विचारशैलियों पर आत्मचिंतन करना शामिल था ताकि प्रासंगिक शैक्षणिक जानकारियों के जरिए उन्हें हल किया जा सके जिससे कि पुरानी आशंकाओं से उबरने में सहायता मिले। साथ ही, वर्तमान में समझदारी के साथ जीने के लिए मन को प्रशिक्षित किया जा सके।

फिर उसने कहा, '' इस प्रक्रिया की मुझे



आवश्यकता क्यों है? मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं अपने आत्ममुग्धताओं पर काबू पा लूंगा। मैं अपना वचन निभाने में पर्याप्त सक्षम हूं।'' मैंने बताया, '' वैसे, वो काफी नहीं होगा। आपको बुनियादी स्तर पर उन्हें हल करना होगा, वर्ना, यह भविष्य में फिर सामने आएंगी।'' उसने मेरी सलाह पर ध्यान नहीं दिया। आश्चर्य नहीं कि उसने गाहे बगाए उन्हीं समस्याओं का शिकार हुए।

आइए अब उनके ज्योतिष संकेतकों पर नजर डालते हैं। वह वृष लग्न, अड़ियल राशि, में जन्मा है जो उसे एक अड़ियल स्वभाव वाला बनाती है। लग्नस्वामी शनि का सूर्य के साथ संजाग उसमें अड़ियल रवैया रखनी वाली भय और असुरक्षा की भावना लाता है। चन्द्रमा का शनि के विपरीत होना उसमें निराशावादी सोच जगाता है। विपरीत परिस्थितियों में वह आत्म-दयावान बन सकता है। सूर्य की नटखट वरूण के विपरीत अवस्था उसे स्वभाव से भगोड़ा बनाती है जो अपनी खयाली दुनिया में खोया रहता है। वह सच्चाई को प्रथम दृष्टतया स्वीकार नहीं कर पाता, बल्कि अपनी खुद की मान्यताओं के पीछे भागना बेहतर समझता है जब कि पूर्णतया नकार नहीं दिया जाता।

चन्द्रमा की स्थिति इन्द्रीय सुखों के परिचायक वीनस के समक्ष दुर्बल है, वीनस का राहु के साथ संजोग है। वीनस मंगल के साथ भी परस्पर सहयोग में है जो कि पशुवत सहजबोधों का परिचायक ग्रह है। यह संयोग, सबसे पहले, आत्ममोह वाली प्रवृत्तियां लाता है। दूसरा, वह अप्रत्याशित मानसिक आवेगों का शिकार हो सकता है। तीसरा, वह अत्यधिक भावुक व संवेदनशील है जिसके कारण वह मामूली बातों पर भी अति सक्रिय हो जाता है और उसमें लंबे समय तक उलझा रहता है।

बुद्धि संकेतक बुध मंगल के विरूद्ध कमजोर अवस्था में है, जो उसे बेचैन, चिड़चिड़ा और गुस्सैल बनाता है। इस कारण, विपरीत स्थिति आने पर, वह समझदारीपूर्ण जीवन जीने के लिए उपयोगी, अपना सजगता बोध खो देता है। बुध की बृहस्पति के विपरीत स्थिति उसकी नासमझ तार्किकता व निर्णयन के लिए जिम्मेदार है। उसकी समस्या को जो चीज और बढ़ा देती है वो है उसका भयंकर अहंकार, जोकि मंगल की बृहस्पति के विपरीत अवस्था में होने के कारण हो सकता है। जो उसे स्वपरिभाषित मान्यताओं व अवधारणाओं में कैद करता है, उसे वास्तविक जांचने के लिए परे देखने की अनुमति नहीं प्रदान करता है। वह सुनने या समझने का विरोधी है। वह कुछ भी ऐसा स्वीकार नहीं कर सकता जो उसकी अपनी सोच से मेल नहीं खाता है। काश इतना ही पर्याप्त होता, मगर नहीं। चन्द्रमा का धनु राशि में होना और शनि के भी विरूद्ध होना दर्शाता है कि वह अपने किए गए वादों को निभाने में सक्षम नहीं होगा।

बृहस्पति और चन्द्रमा के शीर्ष पर अग्रसित होने से, उसमें सकारात्मक गुण भी पर्याप्त हैं जो उसे एक अच्छा पेशेवर बनाते हैं। लेकिन उस पर भारी पड़ती कमियां उसे मुक्त भाव से आगे नहीं बढ़ने देंगी जब तब कि वह समस्याओं का मूल स्तर पर समाधान नहीं करता है। परिणाम सबके सामने है।

# खोलो ज्ञान के द्वार

## राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि हमें बेहतर लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तथा इस अहंकार व मिथ्या अवधारणा को दूर करने के लिए कि हम सबकुछ जानते हैं, हर रोज कुछ सीखना चाहिए

अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, ''जब हम सीखना बंद करते हैं, हम मरने लगते हैं।' सजग व्यक्ति के रूप में, हमारे पास पांच ज्ञानेन्द्रियां होती हैं, जो ' ज्ञान के द्वार ' के रूप में जानी जाती हैं। इसलिए, यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वभाव के कारण, हम लगातार सीखते रहते हैं। उदाहरणार्थ, अपने कानों द्वारा, हम सदैव नयी चीजों को सुनते व समझते हैं। शब्द, जो हमारे कानों के जरिए हमारे दिमाग तक पहुंचते हैं, उपदेश की तरह होते हैं जिन्हें हम निरंतर ग्रहण करते हैं। इसी प्रकार, अपनी आंखों के जरिए, हम नयी चीजें देखते हैं और उनसे सीखते हैं। फिर आती है जीव्हा। त्वरित बोध जो हम अपनी त्वचा या स्वाद के जरिए प्राप्त करते हैं, वो दिमाग तक पहुंचता है और नए प्रकार की समझ जागृत करता है।



हालांकि, व्यक्ति को यह बात समझनी होगी कि उपरोक्त उल्लिखित सभी शिक्षण प्रक्रियाएं उस स्वजागरूकता व चेतना के गुण से हासिल होती है जो हमारे दिमाग में मौजूद होती है। इन सभी प्रक्रियाओं के बिना, शिक्षण लगभग असंभव है। इस परिप्रेक्ष्य में, हमें जानना चाहिए कि हमारी ज्ञानेन्द्रियां केवल द्वार हैं। सीखना असलियत में एक प्रक्रिया है जो चेतना से होकर गुजरती है। इसे मन की भावना, बुद्धि व स्मृति कहा जा सकता है या सरल शब्दों में, आत्मा कह सकते हैं क्योंकि प्रत्येक संदेश या सूचना जो हम प्राप्त करते हैं, आत्मा को प्रभावित करती है। और फिर यह तय करती है कि उक्त संदेश अच्छा था या बुरा अनुभव था।

हमें जानना चाहिए कि हमें दो प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता होती है- भौतिक वस्तुएं, आत्मा जैसी आध्यात्मिक वस्तुएं तथा कर्म। परवर्ती किस्म का ज्ञान जब कार्रवाइयों में बदलता है तो वह व्यक्तित्व गुणों व संस्कारों में बदलता है। हमारे अधिकांश कार्य जो संस्कार के प्रभाव के तहत बार बार प्रदर्शित होते हैं, दुख या सुख का अनुभव कराते हैं। जीवन की समूची यात्रा में, हम लगातार ऐसी शिक्षाएं सीखते हैं जो हमारे कर्म के मुताबिक संस्कारों का रूप ले लेती हैं। इसलिए, हमें जानना चाहिए कि किस प्रकार सीखने से बचा नहीं जा सकता है और यह कि हम हमेशा अच्छी या बुरी चीजें सीख रहे है। इसी प्रकार, यदि हम जानते हैं कि हमारे संस्कार जीवन दर जीवन में हमारे साथ चलते हैं, तो हम ज्यादा सजग रहेंगे और खासतौर पर जीवन में अच्छी चीजें सीखने के मद्देनजर, क्योंकि शिक्षा एक पारसमणि सी नजर आती है जो स्थायी व फलदायी जीवन के साथ साथ एक स्वस्थ मन व शरीर बनने में हमारी सहायता कर सकती है। हम सभी जानते हें कि आज के दौर में, कोई भी सर्वगुणी नहीं है जहां तक अच्छाई व सद्गुणों का प्रश्न है। इसलिए, इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि हम सभी को जागृत होने की आवश्यकता है और हमें तत्काल चाहिए कि अपने विचारों, वचनों व कर्मों की गुणवत्ता सुधारें। चूंकि हम चाह कर भी, सीखने से बच नहीं सकते, तो फिर हमें अपने भीतर नैतिक मूल्यों, सद्गुणों व अच्छे गुणों को जगाना सीखना चाहिए ताकि हम शुद्धि की ओर प्रगति कर सकें? हम क्यों अपने सिरों पर कूड़े का भारी बोझ लेकर चलना चाहते हैं? हम अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के अपने अभियान को लंबित करना क्यों चाहते हैं? टालू बहाने बनाने में हम क्या हासिल करते हैं, यह कहते हुए कि हमारे पास समय नहीं है या हमारी दिलचस्पी नहीं है? हमें क्यों नहीं तलाशना चाहिए कि हमारी वास्तविक रूचि किसमें हैं? क्या अपने पतन, बर्बादी या ठूह बनने में हमारी रूचि है ? हम अपने आपको बुराई और पतन की दलदल में गहरे क्यों डूबने दे रहे हैं?

याद रखें हम जितनी ज्यादा देर करेंगे हमारी हालत उतनी ही बदतर होगी और अपने तरीकों को सुधारना उतना ही कठिन हो जाएगा। सीखने की प्रक्रिया, जैसा कि पहले कहा गया है, निर्बाध व निरंतर होती है इसलिए, यह सही कहा गया है, '' हमें हर रोज सीखना चाहिए और इस अहंकार व मिथ्या अवधारणा को मिटाना चाहिए कि हम सबकुछ जानते हैं। '' वैसे, हम सजग क्यों नहीं रहते और खुद को त्रासद, सदमे, तनाव या उथलपुथल से खुद को बचाने की सही राह पर क्यों नहीं चलते हैं ?

# सही खुराक

## बहुत ज्यादा काढ़ा पीने के दुष्परिणाम भी हो सकते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि हम अपनी खुराक की निरंतरता तथा प्रत्येक सामग्री की क्षमता को समझना चाहिए

जैसा कि दुनिया कोविड-19 के टीके के लिए प्रतीक्षारत है, अप्रत्याशित नोवल कोरोना वायरस लगातार वृद्धि पर है। हालांकि अधिकांश तालाबंदी पाबंदियां हटा दी गयी हैं और देश लगभग सामान्य स्थिति में आ गया है, वायरस के संक्रमण का मुकाबला करने संबंधी प्रचुर जानकारी, संभावित संक्रमण को रोकना, और खास प्रतिरक्षण संबंधी घोल को पीने के जरिए खुद को सुरक्षित रखने संबंधी सामग्रियां सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। हालांकि, विशेषज्ञ उन लोगों में दुष्प्रभाव भी बढ़ता देख रहे हैं जो इन घरेलू काढ़ों को पी रहे हैं, समस्या के दुबारा उभर रही है और इन घरेलू उपचारों की खुराक भी बढ़ती दिख रही है।

कोविड-19 के खौफने इकाढ़ा (हर्बल मिश्रण) की खपत को जबरदस्त बढ़ा दिया है जिसमें आम तौर पर अदरक, नींबू, लहसुन, हल्दी, काली मिर्च, अलूवेरा या बेरी शामिल होते हैं।

घरेलू काढ़े के अत्यधिक खपत के प्रभाव की चर्चा करते हुए, फोर्टिस हास्पिटल, मुलुंड में जनरल फिजीशियन, डा संजय शाह एक खास मामले को याद करते हुए बताते हैं, '' एक युवा मरीज में, आपरेशन के बाद रक्तस्राव होता देखा गया। मामले की जांच करने और उसकी चिकित्सा पृष्ठभूमि का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद, हमने पाया कि मरीज भारी मात्रा में घरेलू काढ़ा पी रहा था। इससे आंतरिक रक्तस्राव शुरू हो गया था।'' एक और मरीज को जबरदस्त सांस फूलने वाली समस्या के साथ ईआर लाया गया था, वह जर्द पीला पड़ गया था और उसका हीमोग्लोबिन स्तर बहुत कम था। जांच करने पर , यह पाया गया कि वह पिछले पांच महीने से, रोज चार से पांच गिलास काढ़ा पी रहा था। डा संजय आगे बताते हैं, '' मरीज ने बताया कि पिछले दो महीनों से उसे गहरे काले रंग में पखाना हो रहा था और यह कि उसे लगता था कि काढ़े को पीने के कारण, विषाक्त तत्व बाहर निकल रहे हैं। इस कारण मरीज को अस्पताल में आने में इतनी देर हो गयी, जब तक कि उसे अत्यधिक पस्ती महसूस नहीं होने लगी। ''

हालांकि लोग लगातार घरेलू नुस्खों या विटामिन की पैरवी करने वाले सप्लीमेंट विक्रेताओं तथा अन्य प्रतिरक्षण प्रोत्साहन विकल्पों से संबंधित सोशल मीडिया संदेशों से घिरे हुए हैं लेकिन यहां पर याद दिला दूं कि ऐसा कोई चमत्कारी गोली या खुराक नहीं है। अधिकांशतया ये कोविड के खिलाफ उनकी सुरक्षा के मद्देनजर परिवार को दिए जाते हैं लेकिन यह समझने की आवश्यकता है कि लोगों पर इसका अलग अलग असर होता है। प्रकृति के नियम के बतौर, उचित ढंग व मात्रा में खाया गया कोई भी आहार लाभ प्रदान करेगा। हालांकि, अगर मनमाने ढंग से खाया जाएगा तो यह खतरनाक भी हो सकता है।



अत्यधिक उपयोग, खासतौर पर उन लोगों के द्वारा जिन्हें कुछ बिमारियां भी हों, वे मरीज जो जटिल बिमारियों के लिए खून को पतला करने की दवाएं लेते हैं, यह खतरनाक हो सकता है, उनमें रक्तस्राव समस्या का खतरा बढ़ सकता है। रक्तस्राव स्थान के आधार पर, चाहे वो मस्तिष्क हो या आंत, रोग- संवेदनशीलता सामान्य से लेकर जीवन के लिए घातक तक हो सकती है।

अत्यधिक गर्म घोल पीने के कारण अल्सर या मुंह से खून निकलने जैसे दुष्परिणाम भी सामने आ सकते हैं। घरेलू घोलों में सामग्रियां शरीर में अत्यधिक गर्मी पैदा करती हैं और जिससे नाक से खून निकल सकता है, यह ग्रासनली बिगाड़ देते हैं जिससे ग्रसिका क्षरण हो सकता हे, यह गेस्ट्रो-ऐसोफेगस भी हो सकता है जो पाचन तंत्र प्रभावित कर सकता है जब पाचनतंत्र प्रभाविता होता है तो इसे व्यक्ति का प्रतिरक्षण भी प्रभावित हो सकता है।

हल्दी और ऐलोवेरा जैसे तत्वों को यदि अत्यधिक मात्रा में उपयोग किया जाता है तो उससे लीवर को नुकसान हो सकता है जिससे पीलिया की बिमारी की संभावना बढ़ सकती है। यह अंगों में रक्तस्राव का कारण भी बन सकता है जिसके लीवर चोटिल होने या निष्क्रीय होने का जानलेवा खतरा पैदा हो सकता है। आर्सेनिक अल्बम एक और सामान्य रूप से उपयोग होने वाला प्रतिरक्षण बूस्टर है। यदि इसका सीमित एवं निगरानीयुक्त मात्रा में उपयोग होता है तो यह व्यक्ति के लाभ के लिए लाभकारी हो सकता है, मगर यदि इसका अत्यधिक इस्तेमाल किया जाता है तो यह किडनी, लीवर या मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है, कभी कभी मरीज आर्सेनिक विषाक्तता के कारण बेहोश कर देता है और उसे अस्पताल ले जाना पड़ता है। अत्यधिक विटामिन डी शरीर में कैल्शियम की मात्रा बढ़ा देती है जिससे व्यक्ति चिड़चिड़ा व कभी कभी बेहोश हो जाता है।

उच्च विटामिन -डी स्तरों के कारण खून और पेशाब में कैल्शियम की मात्रा बढ़ जाने से तमाम असहजताओं समेत मिचली, निर्जलन की समस्या महसूस हो सकती है। यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ये औषधियां जब कम मात्रा में तथा अपने डाक्टर के चिकित्सा मार्गदर्शन के तहत खाई जाती हैं तो ये हानिरहित हैं। यदि इन्हें असंतुलित मात्रा में खाया जाता है तो इसके दुष्परिणाम झेलने पड़ते हैं, इसलिए सुरक्षित रहें, जागरूक हों। घरेलू काढ़ा पीने की दिनचर्या शुरू करने से पहले अपने फिजीशियन से बात कर लें, प्रत्येक तत्व की भूमिका को समझें और यह भी जानें कि कितनी बार इसे खाना चाहिए। इनके साथ लापरवाही न बरतें।



# इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**




### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह आप शारीरिक गतिविधि करने के लिए तैयार व उत्साहित रहेंगे। आप लक्ष्य केन्द्रित एवं स्पष्ट है कि आपकी क्या उम्मीदें व सपने हैं और आपको उन्हें हासिल करने के लिए क्या करना चाहिए। आपका उत्साह और जादुई व्यक्तित्व दूसरों को प्रभावित करेंगे। आप भविष्य के प्रति आशान्वित हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। करियर मोर्चे पर, आप अपने अधिकारियों की निगाह में अच्छा बनने के लिए अपना भरपूर प्रयास कर रहे हैं। आपकी दृढ़ता और महत्वाकांक्षा आपको आगे बढ़ाते रहेंगे।

**शुभ अंक:** 2 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** रविवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आप अपने स्वास्थ्य से ज्यादा, अपने पारिवारिक सदस्यों , खासतौर पर बच्चों, जीवनसाथी और परिवार में बुजुर्गों पर ध्यान देंगे, उन्हें वरीयता देंगे। जो हानिकारक खुराक के आदती हैं उनके लिए चेतावनी का समय है। विटामिन और प्रोटीन का बदतर स्तर आपको थकान व चिड़चिड़ा महसूस कराएगा। स्वास्थ्य के मामले में यह समय शुभ नहीं है, आपको अपनी प्रतिरक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए स्वस्थ खाना चाहिए और अपना खयाल रखना चाहिए। बेरोजगारों को नौकरी का प्रस्ताव आ सकता है।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** गुरूवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



उन निहित मसलों एवं अन्य अवचेतन खयालों को पहचानने पर ध्यान दें जो आपको सच्चाई देखने से रोक रहे हैं। आपमें से कुछ लोग भावनात्मक समस्या को पहचानने व उसे लेकर क्या किया जा सकता है, के लिए महिला से भावनात्मक सहयोग चाह सकते हैं। इस समय ध्यान लाभकारी है। चीजें न होने को लेकर दुखी मत हों क्योंकि इससे आपका दिन या संभवत: सप्ताह बर्बाद हो सकता है। करियर मोर्चे पर, वेबिनार में भाग लेने या किसी आनलाइन कौशल विकास सत्र में समय देना फायदेमंद रहेगा।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** शुक्रवार

### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



जैसे ही आप खास स्वास्थ्य समस्याओं से उबरते हैं आप ऊर्जा व क्षमता से भरपूर महसूस करते हैं। आप स्वस्थ आत्मविश्वास प्राप्त करेंगे। और यह आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि है, वो उपलब्धि जिसने दिशा की आंतरिक समझ पुन: हासिल करने में आपकी सहायता की है। आपको उन समस्त नेमतों के लिए कृतज्ञ होना चाहिए जो आपके चौतफा हैं। इस सप्ताह आप सकारात्मक प्रभाव प्रदर्शित करेंगे और दूसरों के लिए प्रेरणादायी साबित होंगे। करियर स्तरपर, आप गतिरोध महसूस करेंगे। मौजूदा परिदृश्य उज्जवल नहीं है।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** गुरूवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



जब स्वस्थ खुराक अपनाने की बात आती है तो आप पुरानी गलती-लापरवाही करते हैं। अपनी खुराक पर अतिरिक्त ध्यान दें और कम से कम आधा घंटा व्ययाम करें ताकि आप अपनी बेहतर देखभाल कर सकें। करियर मोर्चे पर, यह फैसला करने और कुछ सख्त चुनाव करने का समय है। आपको अपने संवाद में स्पष्ट व सटीक होने की जरूरत है। यह जीवन के कुछ खास मामले में संतोषजनक बदलाव व सुधार लेकर आएगा। आप संतुष्टि में आनंद प्राप्त करेंगे। व्यक्तिगत मोर्चे पर, इस सप्ताह आपमें बहुत जबरदस्त ऊर्जा है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** शनिवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह आपको कुछ संदेह दूर करने व तनावमुक्त जीवन जीने के लिए चिकित्सा जांच कराने की आवश्यकता पड़ सकती है। आप किसी भ्रम का सामना कर सकते हैं और इससे आप निराश महसूस करेंगे। यह समय खुद को प्रेरित करने व अपने जीवन में बदलाव लाने का है। यह महत्वपूर्ण समय है जब आपको खुद के प्रति ईमानदार होना होगा और फैसला करना होगा कि आपको चुनौतियों से निपटने तथा उत्तम जीवन हासिल करने के लिए कौन सा उत्तम कदम उठाना चाहिए। करियर स्तर पर यह सप्ताह आपके अनुकूल रहेगा।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** मंगलवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



आप खुद को लेकर अच्छा महसूस करेंगे। स्वास्थ्य कुल मिलाकर आपके लिए अच्छा है। यह सप्ताह अपार उत्पादकता का समय है। आप पूर्णता व आत्मविश्वास का भाव हासिल करेंगे, जो आपको महसूस कराएगा कि आपको अंतत: अपना मूल हासिल हो गया है। यह समय आपके जीवन में सबसे बड़ा परिवर्तनकारी मोड़ है इसलिए चीजों को लेकर गतिरोध का शिकार होना तथा आक्रामक हो जाना आपके लिए हितकर नहीं रहेगा। ऐसे में जीवन को भरपूर ढंग से जीने के लिए मध्य मार्ग चुनने की सलाह है।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** मटमैला **शुभ दिन:** रविवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी लेकर आता है। आप अपने जीवन के संतुलन में बदलाव लेकर आएंगे और काम से ज्यादा सामाजिक गतिविधियों की ओर मुड़ेंगे। इससे आपका स्वास्थ्य बेहतर होगा और आपको ज्यादा ऊर्जा प्रदान करेगा। इस प्रकार आप अपने परिवार समेत अपने समाज की भी सहायता करने का प्रयास कर रहे हैं। करियर मोर्चे पर, आप अपने करियर को लेकर थोड़ा संशयग्रस्त महसूस कर सकते हैं। प्रयास करें कि बहुत ज्यादा कार्यबोझ न हो। इस समय को अपने योग्यता निखार में लगाने का प्रयास करें।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** बैगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



यह सप्ताह आपकी नेमतें आंकता है और उन अच्छी चीजों का आनंद लेता है जो जीवन को पेश करनी हैं। जो भी आप करें, उसे सरल रखें और आनंद लें। सुरक्षित रहें और परिवार के साथ अच्छे भोजन का आनंद लें। आपमें से कुछ प्रकृति के साथ जुड़े रहना चाहेंगे। आप बागबानी में समय बिता सकते हैं। महिलाएं अपने आसपास की चीजों को लेकर संवेदनशील होंगी, पोषित होंगी और जीवन को अर्थपूर्ण बनाने का प्रयास करेंगी। पेशेवर स्तर पर, अच्छे समय की संभावना है। आर्थिक स्तर पर सप्ताह संतोषजनक है।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** मंगलवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



आप शांति व आंतरिक सूकून पाने के लिए आध्यात्मिक कार्यों में अपना समय बिताने वाले हैं। किसी भी तनाव से लड़ने हेतु संतुलन व क्षमता प्राप्ति के लिए ध्यान, योग व प्राणायाम आदि करें। आप जीवन की अधिकांश समस्याओं के समाधान पाने में सक्षम होंगे। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। खुद को प्रेरित करने पर ध्यान लगाएं। ईश्वरीय जुड़ाव आपको सही मार्ग दिखाएगा। इस सप्ताह वित्तीय चिंताओं के संकेतक हैं। पेशेवर स्तर पर, आप प्रसन्न नहीं है और आपमें से कुछ लोग निराश महसूस करते हैं। प्रेरणा के लिए लोगों से मिलें जुलें।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** सोमवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



आप योजना के मुताबिक इस सप्ताह का आनंद लेंगे। आपका स्वास्थ्य, संपदा व खुशी परस्पर संबंधित हैं। सलाह है कि आप स्वस्थ रहने, तनावमुक्त रहने के लिए कुछ तरीके सीखें। प्राकृतिक वातावरण में टहलने के लिए थोड़ा समय निकालें। इससे आपको अत्यंत ऊर्जा व तरोताजगी प्राप्त हो सकती है। करियर स्तर पर, आपको अपनी उम्मीदों को सहज बनाना चाहिए। व्यवसायियों को वित्तीय मामलों में अच्छा प्रतिउत्तर व उछाल मिल सकता है। व्यक्तिगत में आप अपने इर्दगिर्द तनाव महसूस कर सकते हैं जो परस्पर समझदारी की कमी के कारण है।


**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** रजत **शुभ दिन:** बुधवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



आपके भावनात्मक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए यह अच्छा सप्ताह है। आपका सकारात्मक नजरिया अपार सहायता करेगा। जो लोग स्वास्थ्य संबंधी जांच परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, परेशान न हों नतीजे अच्छे होंगे। आप अपनी आध्यात्मिक खोज में नए दायरों में प्रवेश करने वाले हैं। आप स्वास्थ्य उपचार हेतु हर्बल एवं घरेलू उपचारों की ओर आकर्षित हो सकते हैं और कुछ पाठयक्रमों में भागीदारी कर सकते हैं। खुदरा व्यापारी इस सप्ताह सर्वाधिक लाभकारी होंगे। घर से काम करने वालों को इस समय को आराम में नहीं बिताना चाहिए।

**शुभ अंक:** 7 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शनिवार



जब हम गरीब में निवेश करते हैं तो हम भविष्य को टिकाऊ बनाते हैं, न कि तब जब हम उनकी पीड़ा पर जोर देते हैं
- बिल गेट्स





# तोड़ो उत्पीड़न का चक्र

**तालाबंदी के दौरान भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में तीखी वृद्धि दिखी। दूरदराज इलाकों में स्थिति बदतर है क्योंकि महिलाओं को अपने अधिकारों के संबंध में न तो कोई जानकारी होती है, न ही अनिवार्य संसाधनों तक उनकी पहुंच होती है। रमा शर्मा की रिपोर्ट**

पिछले महीने, 25 नवंबर को, दुनिया भर के लोगों ने अंतरराष्ट्रीय महिला विरोधी हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर महिला विरोधी हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन किया। मौजूदा महामारी के परिप्रेक्ष्य में, संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं व लड़कियों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा, खासतौर पर घरेलू हिंसा, बढ़ी है। दुनिया भर के अनेक महिला अधिकार संगठन अपनी अपनी सरकारों से हिंसा के चक्र में फंसी महिलाओं व युवा लड़कियों की सुरक्षा हेतु प्रभावी उपाय करने की मांग कर रहे हैं।

कोविड-19 संकट के बीच बढ़ रही 'शेडा पेंडेमिक ' को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इसे रोकने के लिए वैश्विक सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। यूएन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ने रेखांकित किया, '' जिस प्रकार कोविड -19 मामलों से लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं, घरेलू हिंसा आसरे व हेल्पलाइन जैसी अत्यावश्यक सेवाएं भी खस्ताहाल हो गयी हैं। कोविड-19 प्रतिरोध एवं सुधार प्रयासों में महिला विरोधी हिंसा के समाधान को प्राथमिकता दिए जाने की ज्यादा आवश्यकता है। ''

भारत, जहां नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक 2018-2019 के बलात्कार मामलों में 7.3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है, ने वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लागू देशव्यापी तालाबंदी के दौरान महिला विरोधी हिंसा की घटनाओं में जबरदस्त तेजी देखी है। विभिन्न समाचार खबरों के मुताबिक, भारतीय महिला आयोग ने मार्च से सितंबर 2020 के बीच 13, 410 महिला विरोधी अपराधों की शिकायतें प्राप्त कीं, जिनमें से 4350 शिकायतें घरेलू हिंसा से संबंधित थीं। उन शिकायतों में से एक तिहाई शिकायतें सिर्फ मार्च से मई के बीच की तिमाही के दौरान ही दर्ज हुई थीं। ग्रामीण एवं दूरदराज इलाकों में स्थिति ज्यादा बदतर थी।

राजस्थान में जयपुर जिले से 40 किमी दूर स्थित, चाक्सू म्यूनिसिपेलिटी से अनेक महिलाओं ने लेखक के साथ अपनी मुसीबतें साझा कीं जिनसे आंकड़ों को प्रमाणिकता प्राप्त हुई। सुजाता शर्मा ने बताया, '' मेरे पति ने अपनी खुद की तालाबंदी हम पर थोप दी है। वह मुझे या हमारे बच्चों को घर से बाहर निकलने नहीं देता है और यदि हम उससे आर्थिक सहयोग करने के लिए कहते हैं तो मारपीट करता है। वहघर से बाहर जाकर मेरे काम करने के विचार के सख्त खिलाफहै। टोंक जिले की एक और महिला, सीमवती स्वामी ने बताया कि किस तरह उसका पति शराब के नशे में उसके साथ शारीरिक हिंसा करता है और उसे किसी से बात तक नहीं करने देता है। ''

राजस्थान में, साल की शुरूआत की तुलना में, मई में महिलाओं के खिलाफ अपराध मामलों में सौ फीसदी से अधिक का उछाल देखा गया जबकि औसत उछाल लगभग 25 फीसदी था। अप्रैल में महिला विरोधी हिंसा की विभिन्न श्रेणियों के तहत पंजीकृत मामलों की कुल संख्या 879 थी जो इस साल मई में बढ़कर 1960 हो गयी।

**यूएन द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ने रेखांकित किया, ''जिस प्रकार कोविड -19 मामलों से लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं, घरेलू हिंसा आसरे व हेल्पलाइन जैसी अत्यावश्यक सेवाएं भी खस्ताहाल हो गयी हैं। कोविड-19 प्रतिरोध एवं सुधार प्रयासों में महिला विरोधी हिंसा के समाधान को प्राथमिकता दिए जाने की ज्यादा आवश्यकता है।''**

एक 40 वर्षीय महिला, जो तालाबंदी के दौरान तीस दिनों तक सवाई माधोपुर जिले में फंस गयी थी, ने पैदल जयपुर लौटने का फैसला किया। रास्ते में, वह बर्राखंडी गांव में पहुंची और सरकारी स्कूल में ठहरी थी, जो कि स्थानीय हेड कांस्टेबल द्वारा क्वारंटीन सेंटर में बदल दिया गया था, जहां करीबी गांव के रहने वाले, तीन आदमियों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।

मनीषा कक्कड, जो राजस्थान में एक एनजीओ से संबंधित हैं, नाराजगी व्यक्त करते हुए कहती हैं, '' यह मेरी समझ से परे है कि प्रशासन ने एक महिला को अकेले क्वारंटीन सेंटर में रहने की अनुमति क्यों दी। तालाबंदी के दौरान हर कहीं पुलिस की बढ़ी हुई उपस्थिति के बावजूद, महिला विरोधी अपराधों में जबरदस्त तेजी आई।''

राजस्थान में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता कविता श्रीवास्तव के अनुसार, पुलिस को या महिला आयोग के पास जितने मामले दर्ज होते हैं, वो सिर्फ एक मिसाल मात्र हैं जबकि असलियत में संख्या कहीं अधिक है। अनेक मामले हैं जो दर्ज नहीं होते हैं, खासतौर पर दूरदराज इलाकों के जहां महिलाओं को न तो अपने अधिकारों से संबंधित कोई जानकारी है न ही उनके पास संसाधनों तक पहुंच है। कविता कहती हैं, '' नागरिक समाज संगठन के बतौर, हमने राज्य में महिलाओं के खिलाफयौनिक व शारीरिक हिंसा के विरूद्ध सामूहिक स्तर पर अनेक अभियान चलाएं हैं। इसके सफलता पाने के लिए, पुलिस और प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ''

संबंधित अधिकारियों के अलावा, अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं ने स्थिति में हस्तक्षेप किया था जिसमें उन्होंने स्थिति से प्रभावित हुई महिलाओं को आनलाइन कौंसिलिंग की सुविधा प्रदान की। हालांकि, जिन महिलाओं को बिलकुल भी कोई जानकारी नहीं होती है कि कैसे इस प्रकार के मंचों तक पहुंचा जाए, वे असुरक्षित व गुमनाम रह जाती हैं। महिला विरोधी व्यवस्थागत हिंसा, जिसे हमारे पितृसत्तात्मक समाज के बुनियादी ढांचे से प्रोत्साहन मिला हुआ है, मुख्य कारण है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन स्थितियों में भी होती है जब इंसानों के अत्यधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता होती है। इसका दोष शराब पर, घरेलू कामों व अन्य कारकों पर डाल देना एक बात है लेकिन समस्या के मूल कारण का समाधान करना समय की आवश्यकता है। लिंग-आधारित हिंसा (जीवीएम) विरोधी मौजूदा ' 16दिवसीय सक्रियता' अभियान, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला विरोधी हिंसा उन्मूलन दिवस का हिस्सा था जो विगत 10 दिसंबर को संपन्न हुआ ,अधिक समानता आधारित भविष्य हेतु हमारी रणनीतियों व कार्रवाइयों पर पुनर्विचार करने का सचमुच एक अवसर रहा।

**- चरखा फीचर्स**

# स्वस्थ खाएं, स्वस्थ रहें

**शोधकर्ताओं का कहना है कि ग्रीन टी, अंगूरों व डार्क चाकलेट जैसे पेय कोविड -19 वायरस के खिलाफ लड़ सकते हैं**



एक अनोखे अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि ग्रीन टी, अंगूरों व डार्क चाकलेट जैसे पेय पदार्थों व भोजनों में मौजूद केमिकल तत्व एक विशेष एंजाइम या प्रोटीज या कोविड -19 के लिए जिम्मेदार वायरस सार्स-कोव-2 की क्रिया को बाधित व सीमित कर सकते हैं।

**अमरीका में नार्थ केरोलिना स्टेट युनिवर्सिटी में अध्ययन लेखक डे-यू-झाई ने कहा, '' प्रोटीज स्वास्थ्य तथा कोशिकाओं व वायरसों की उपयोगिता के लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि प्रोटीज मौजूद रहते हैं तो कोशिकाएं प्रतिउत्तर जैसी अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं कर पाती हैं।''**

अमरीका में नार्थ केरोलिना स्टेट युनिवर्सिटी में अध्ययन लेखक डे-यू-झाई ने कहा, '' प्रोटीज स्वास्थ्य तथा कोशिकाओं व वायरसों की उपयोगिता के लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि प्रोटीज मौजूद रहते हैं तो कोशिकाएं प्रतिउत्तर जैसी अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं कर पाती हैं।'' श्री झाई ने आगे बताया कि हमारा प्रयोग का मुख्य मकसद भोजन या औषधीय पौधों में उन न्यूट्रासियुटिकल्स का पता लगाना है जो बाधक बनते हैं वायरस किस तरह मानव कोशिकाओं से जुड़ता है या मानव कोशिकाओं में वायरस की प्रोत्साहन मिलता है।

फ्रंटियर इन प्लांट साइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोध टीम ने कंप्यूटर प्रोत्साहनों तथा लैब अध्ययनों पर काम किया और दिखाया कि किस प्रकार सार्स-कोव-2 वायरस में तथाकथित '' प्रमुख प्रोटीज (एम्प्रो)'' ने प्रतिक्रिया की जब उसका अनेक विभिन्न प्लांट रासायनिक तत्वों से सामना हुआ जो पहले से अपनी संभावित एंटी-इनफ्लेमेटरी एवं एंटीआक्सीडेंट खूबियों के लिए विख्यात हैं।

झाई ने कहा, '' सार्स-कोव-2 में एम्प्रो को वायरस हेतु प्रतिउत्तर देने तथा खुद को एकत्रित करने की आवश्यकता होती है। यदि हम इस प्रोटीज को निष्क्रीय या बाधित कर पाएं तो वायरस मर जाएगा। ''

कंप्यूटर अनुकरणों ने दिखाया कि ग्रीन टी, अंगूरों की दो प्रजातियों ककोआ पाऊडर तथा डार्क चाकलेट पर अध्ययन किए गए रासायनिक तत्व एम्प्रो के विभिन्न हिस्सों को रोकने में सक्षम थे।

झाई ने स्पष्ट किया, '' एम्प्रो में एक हिस्सा होता है जो पाकेट की तरह होता है जो केमिकल कम्पाऊंड से भरा था। जब यह पाकेट भरा था, प्रोटीज अपना महत्वपूर्ण कामकाज छोड़ देता है। ''

लैब प्रयोगों ने भी यही नतीजे दिखाए। ग्रीट टी और अंगूरों में मौजूद केमिकल रसायन एम्प्रो के काम को रोकने में बहुत सफल रहें, ककोआ पाऊडर और डार्क चाकलेट में केमिकल कम्पाऊंड ने एम्प्रो सक्रियता को लगभग आधा घट दिया था।

झाई के मुताबिक, ''ग्रीन टी में पांच प्रमाणित केमिकल कम्पाऊंड होते हैं जो एम्प्रो पर पाकेट में विभिन्न हिस्सों से रोक लगाते हैं, मूलत: उसके कामकाज को निष्क्रीय बना देते हैं। ''

लेखक ने गौर किया, '' अंगूरों में ये बाधाकारी केमिकल उनकी त्वचा व बीजों में होते हैं। पौधे इन तत्वों को अपनी सुरक्षा में उपयोग करते हैं, इसलिए यह आश्चर्यजनक नहीं है कि पौधे की पत्तियां और त्वचा इन लाभकारी तत्वों को लिए होते हैं। ''

# सफलता का संतुष्टि से करें मूल्यांकन


**महेन्द्र पाल**

दोस्तों, इस साल आई कोरोना महामारी ने एक बार फिर से दिखा दिया है कि आखिर जीवन में सफलता का पैमाना क्या है ? कैसे कहा जाए कि फलां व्यक्ति या समाज सफल है ? क्या व्यक्ति की सफलता को ऊंचे पदों, अधिकारों व सामाजिक -आर्थिक हैसियत से तथा समाज की सफलता को सिर्फ उसकी आर्थिक -तकनीकी बुलंदी से आंका जा सकता है कि वो समाज एक संपन्न व सुरक्षित समाज है ? हालांकि मौजूदा वैश्विक महामारी ने स्पेन, अमरीका और जर्मनी जैसे देशों के इस कथित विकासशील मॉडल को दिखा दिया है कि वे सिर्फ ऊपरी रंग-रोगन से सजे विकास मॉडल हैं जहां की स्वास्थ्य सुविधा तक किसी बड़ी महामारी का मुकाबला करते हुए ध्वस्त व पस्त नजर आई है। आलम यह कि अमरीका जैसा कथित विकसित देश अभी भी महामारी की सबसे बुरी मार से उबरता नहीं दिख रहा है।

आज ऊंचे ऊंचे पदों पर आसीन व्यक्तियों, व समाज में आम तौर पर सर्व सुविधा संपन्न व्यक्तियों को ही सुखी व कामयाब व्यक्ति माना जाता है। गौर करें तो हम सभी को कई ऐसे वाकए याद आएंगे, जिसमें व्यक्ति को उसके ब्रांडेड कपड़ों, वस्तुओं व ऊपरी तामझाम के जरिए सफल या कामयाब समझने का भ्रम पाला गया है। विचित्र तो यह कि अक्सर ऐसे व्यक्तियों से यह तक नहीं पूछा जाता कि इस उपलब्धि के संसाधन कितने वैध या अवैध रहे हैं। विडंबना यह भी, कि कहीं न कहीं समाज ने भी आर्थिक हैसियत को ही कामयाबी का पैमाने के बतौर स्वीकार कर लिया गया है।

यह आम स्वीकृत सोच है कि व्यक्ति येनकेन प्रकारेण खूब सारा पैसा कमाने वाला होना चाहिए। अब यह कमाई उचित तरीकों से हो रही है या नहीं, यह सवाल व्यक्ति विशेष से नहीं पूछा जाता। बल्कि यह जरूर पूछा जाता है कि कुछ ऊपर की कमाई का जुगाड़ होता है या नहीं ? आखिर, सिर्फ तनख्वाह से कैसे काम होगा ! और अगर नहीं, तो ऐसे व्यक्ति का, या ऐसे किसी औसत दर्जे पर जीवनयापन करने वाला व्यक्ति को, आम तौर पर सफल नहीं माना जाता। उसे जीवन काटने वाले व्यक्ति के बतौर समझ लिया जाता है, और उसी हैसियत से उसकी सामाजिक औकात तक को मूल्यांकित लिया जाता है।

लेकिन यह गहराई से विचार करने का प्रश्न है कि क्या सचमुच सिर्फ आर्थिक संपन्नता के आधार पर किसी व्यक्ति पर कामयाब होने की मुहर लग सकती है ? मेरे खयाल से नहीं। हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं कि आर्थिक सुरक्षा जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। लेकिन इसमें भी संदेह है कि सिर्फ आर्थिक सुरक्षा हासिल करके ही व्यक्ति जीवन से खुश व संतुष्ट रह सकता है। इसके उदाहरण पुराने जमाने में मिल सकते हैं और मौजूदा नए जमाने में भी। पुराने जमाने में अक्सर अमीर व धनाढ्य परिवारों की संतानों द्वारा अपना शाही वैभव छोड़कर आम जिंदगी जीने के उदाहरण मिलते हैं। लेव तोल्स्तोय जमींदार परिवार के थे मगर उन्होंने अपने जीवन को अपने लेखन के जरिए अधिक सफल बनाया, यहां तक कि अपनी जमींदारी की जमीनें उन लोगों को दे दीं जो इसे जोतते थे व उन पर अपनी जीविका चलाते थे। इस महान लेखक ने अपनी कामयाबी का आधार अपने मन की खुशी को बनाया और अपने समय व अपने पुरखों की तमाम अनुचित परंपराओं को तोड़ा



**आज ऊंचे ऊंचे पदों पर आसीन व्यक्तियों, व समाज में आम तौर पर सर्व सुविधा संपन्न व्यक्तियों को ही सुखी व कामयाब व्यक्ति माना जाता है। गौर करें तो हम सभी को कई ऐसे वाकए याद आएंगे, जिसमें व्यक्ति को उसके ब्रांडेड कपड़ों, वस्तुओं व ऊपरी तामझाम के जरिए सफल या कामयाब समझने का भ्रम पाला गया है। विचित्र तो यह कि अक्सर ऐसे व्यक्तियों से यह तक नहीं पूछा जाता कि इस उपलब्धि के संसाधन कितने वैध या अवैध रहे हैं। विडंबना यह भी, कि कहीं न कहीं समाज ने भी आर्थिक हैसियत को ही कामयाबी का पैमाने के बतौर स्वीकार कर लिया गया है।**

और समानता व संवेदना पर आधारित मूल्यों की स्थापना की। राक फेलर जैसे दुनिया के कई अमीरों की संतानों को सड़कों पर पागलपन का शिकार होकर निर्वस्त्र भटकने के किस्से मौजूद हैं। सवाल उठता है कि आखिर क्यों सबकुछ होकर भी इंसान पागलों की तरह भटकता है। उसे आखिर ऐसी कौन सी चीज की तलाश है जो उसे अपने आलीशान घरों में भी सुकून से नहीं रहने देती। दरअसल, इसका कारण जितना ज्यादा सरल है, मगर उतना ही अपाच्य है। सरल इस रूप में कि इंसान स्वयं रुचियों व अरुचियों का मिश्रण होता है। और यह एक सहज स्वाभाविक, मगर विशिष्ट, इंसानी गुण है कि हर इंसान की अपनी रुचियां- अरुचियां होती हैं। और जो व्यक्ति अपनी रुचियों-अरुचियों से जितना ज्यादा परिचित होता है और उनके अनुरूप अपने जीवन को रूपांतरित करता है, वो उतना ही कामयाब होता जाता है। क्योंकि रुचियों-अरुचियों से परिचित होकर ही हम अपने सच्चे व्यक्तित्व व अपनी वास्तविक प्रसन्नता व संतुष्टि से परिचित होते हैं। और जब हमें अपनी संतुष्टि व खुशी का वास्तविक स्रोत पता चलता है, तो हमारे लिए उसके मुताबिक ढलना व एक कामयाब जीवन जीना अधिक संभव हो जाता है।

इसके अलावा, यहां हमें विकास को मानव प्रगति की दृष्टि से देखने की भी आवश्यकता है। क्योंकि अगर विकास सिर्फ इमारतों संसाधनों तक सीमित रहता है उसका इंसानी चेतना को विकसित करने से संबंधित कोई सरोकार नहीं होता, तो यह सिर्फ दिखावटी विकास ही माना जा सकता है। यह विकास का मॉडल सिर्फ संसाधनों व संसाधनयुक्त वर्ग तक सीमित रहता है, उसकी चिंता व्यापक समाज व जनसंख्या के हितों व सुविधाओं तक नहीं पहुंचती है। हालांकि वे समाज बुलेट ट्रेन से लेकर तमाम अत्याधुनिक संसाधनों से संपन्न हैं मगर वे सुविधाएं व्यापक समाज की आवश्यकता या हैसियत के दायरे में नहीं आती, मगर स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन जैसी आवश्यकताएं समूचे जीवन का अनिवार्य हिस्सा हैं जिन पर ध्यान देने के लिए विकास और प्रगति के नजरिए को व्यापक समाज के हितों व आवश्यकताओं के मददेनजर विकसित करना होता है। इसमें देश विशेष को व्यक्ति की बुनियादी सुविधाओं को सुलभ व उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देनी पड़ती है, ताकि देश में रहने वाला आम नागरिक, जो महात्मा गांधी के शब्दों में कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति होता है, सुविध संपन्न हो सके। मगर आज दुनिया को देखें तो एकाध देशों को छोड़कर आम नजारा इसके बिलकुल विपरीत है। उदाहरण के रूप में कहें तो क्यूबा जैसा देश जो भले ही परमाणु शक्ति व बुलेट ट्रेनों जैसी सुविधाओं से संपन्न नहीं है लेकिन उसने अपने देश की जनता के सुख को ध्यान में रखकर अपने स्वास्थ्य ढांचे को इतना सक्षम बनाया है कि इस महामारी के काल में वो अकेला देश बनता है जो अपने डाक्टरों को जर्मनी,इटली समेत 15 देशों में भेजता है और वहां इंसानी जानों को बचाता है जबकि महाशक्ति संपन्न देश असहाय नजर आए हैं। ऐसे में जरूरी है कि समाज के विकास के मॉडल पर पुनर्विचार किया जाए।

क्योंकि माइक डिट्का जैसी नामचीन शख्सियत ने भी यही कहा है कि सफलता को पैसे या सत्ता या सामाजिक प्रतिष्ठा से नहीं आंका जा सकता। सफलता को आपके अनुशासन और आंतरिक संतुष्टि से आंका जाता है।



चाहे प्यार हो या युद्ध, मस्तानी को उसके जुनून ने भर दिया था, अपनी किस्मत को लिखने के लिए बेखौफ, चाहे रास्ता कितना भी खतरनाक क्यों न हो।
- दीपिका पादुकोण



अंतरिक्ष के रहस्यों का पता लगाने वाली दूरबीन का सपना पूरा होने में 20 साल का समय लगा था। अब इसके 30 सालों के बाद संसार की सबसे जटिल मशीनों में से एक के बारे में अनजाने तथ्यों की पड़ताल करती एक फिल्म। हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने अब तक 1.3 मिलियन प्रेक्षण किये हैं और लगभग 15000 वैज्ञानिक प्रपत्र प्रस्तुत किये जाने में सहायता की है। इसका इतिहास भी अत्यंत नाटकीय रहा है। इसकी लॉन्च भी एक दुर्घटना बन गई थी। इसके बाद कई अंतरिक्ष यात्री अपने जीवन को जोखिम में डाल कर इसकी मरम्मत करने अंतरिक्ष में गए थे। लेकिन अंतत: ये एक ऐसा अन्वेषण था जिसके कारण ब्रम्हांड के रहस्यों को समझना अविश्वसनीय ढंग से सरल कर दिया है। इस दूरबीन की वर्षगांठ पर बनी ये फिल्म 'हबल: वंडर्स ऑफ स्पेस रिवील्ड, में आप इस आश्चर्यजनक दूरबीन की पूरी कहानी देख सकेंगे। इसमें आप उन वैज्ञानिकों तथा अंतरिक्षयात्रियों से भी मिल सकेंगे जो दिनप्रतिदिन हबल का प्रयोग करते हैं और उन अंतरिक्ष यात्रियों से भी जिन्होंने इसे सही स्थिति में बनाए रखने के लिए अपने जीवन को जोखिम में डालकर इसकी आवश्यक मरम्मत की। प्रस्तुत हैं इस फिल्म 'हबल: वंडर्स ऑफ स्पेस रिवील्ड' के निर्देशक स्टीव क्रैबट्री से बातचीत के प्रमुख अंश–





# ब्रम्हांड के रहस्यों को समझाती एक फिल्म
# 'हबल: वंडर्स ऑफ स्पेस रिवील्ड'

**हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने अब तक 1.3 मिलियन प्रेक्षण किये हैं और लगभग 15000 वैज्ञानिक प्रपत्र प्रस्तुत किये जाने में सहायता की है। ये एक ऐसा अन्वेषण था जिसके कारण ब्रम्हांड के रहस्यों को समझना अविश्वसनीय ढंग से सरल कर दिया है। प्रस्तुत है टीम पायनियर की इस फिल्म के कार्यकारी निर्देशक स्टीव क्रैबट्री के साथ इस फिल्म के बारे में एक गहन बातचीत के अंश -**

**❐ 'हबल: वंडर्स ऑफस्पेस रिवील्ड' जैसी फिल्म बनाने को विचार आपको कैसे आया ?**

इस फिल्म के माध्यम से हबल दूरबीन की 30वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहे हैं। संयोगवश फिल्म बनने के समय ही हबल अंतरिक्ष में अपने 30 वर्ष भी पूरे कर रही है। हमारे लिए ये कारण पर्याप्त था। हमें विचार आया कि क्यों न हम इस बार की वर्षगांठ पर हबल की पूरी कहानी सुनाएं। इस दूरबीन को कई बार अब तक का सर्वाधिक रचनात्मक वैज्ञानिक उपकरण कहा जा चुका है।

**❐ आपने फिल्म में उन अंतरिक्षयात्रियों को दिखाया है जो प्रतिदिन हबल पर काम करते हैं। उनके साथ मिलकर फिल्म बनाने का आपका अनुभव कैसा रहा ?**

मैं इस फिल्म का कार्यकारी निर्देशक हूं। तो इस बार तो मैं उन अंतरिक्ष यात्रियों से मिल नहीं पाई लेकिन हमारे निर्देशक डेविड ब्रिग्स उनसे मिले थे। वे बहुत मित्रवत और सहयोग करने वाले लोग हैं। मैंने पहले भी अंतरिक्ष यात्रियों से बात की है और उनमें मुझे जो बात सर्वाधिक प्रिय है वो ये कि आप उनसे जो भी पूछेंगे वे उसकी सटीक और संक्षिप्त उत्तर देते हैं। आप उन्हें अंतरिक्ष पत्रकार कह सकते हैं। वे बहुत ही अद्भुत प्राणी होते हैं और मित्रवत व्यवहार तो कोई उनसे सीखे। उनके साथ काम करना किसी के लिए भी सौभाग्य का विषय हो सकता है। लेकिन अब वे कम संख्या में हैं।

**❐ आपने इसकी कहानी को किस प्रकार चुना और इसके लिए जरूरी कास्टिंग के बारे में भी कुछ बताइये...**

हम निर्देशक के साथ बहुत लंबे समय तक बैठे और इस प्रकार के कार्यक्रम के क्रियान्वयन की रूपरेखा तय करने के बारे में विस्तार से बात की और फिर हमने हर मिशन के बारे में अलग से कहानी प्रस्तुत करने का निर्णय किया। हम पांच सर्विस मिशन के बारे में इसमें बात कर रहे हैं। हर सर्विस मिशन में नई खोजें सामने आईं क्योंकि हर मिशन वास्तव में पिछले मिशन का अपग्रेड ही था जिसके कारण नई खोज सामने आई। अत: हमें पता लग गया कि हमें कहानी को कैसे प्रस्तुत करना होगा। पहले हमें ये सुनिश्चित करना था कि हमारे पास हर सर्विस मिशन के अंतरिक्ष यात्री उपलब्ध हों। नहीं तो हम उसकी पूरी कहानी नहीं दिखा पाएंगे। सौभाग्य से उन्होंने अपना बहुमूल्य समय हमे देने की कृपा की। जब हमारे पास अंतरिक्ष यात्रा आ गए तो हमने पूरा ध्यान उस मिशन में की गई खोज पर लगाया। इसी से हमें उस विज्ञान के चयन के बारे में जानकारी हो गई। मेरा आशय है कि वैसे तो हमारे पास हजारों खोजें हैं लेकिन एक घंटे के कार्यक्रम में आप कुछ के बारे में ही बता सकते हैं। यही कारण था कि हमने उन्हें चुना जो हमारे अनुसार अच्छी और महत्वपूर्ण थीं। यदि आप पहले मिशन को देखेंगे तो वास्तव में जब फिल्म प्रारंभ होती है तो फिल्म के अंत तक हर जानकारी हमें अंतरिक्ष में और गहरे ले जाती है। ये वो बिंदु है जिसके आगे हबल देख नहीं सकती। यही बात हमें एक रोचक कहानी बताने के लिए प्रेरित करती है।



**❐ फिल्म बनाते समय आपको किस प्रकार की चुनौतियों को सामना करना पड़ा ?**

हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती ये थी कि हम हबल की 30 वर्षगांठ से फिल्म को जोड़ना चाहते थे। वैसे इसकी हर वर्षगांठ पर नासा उसके द्वारा लिए गए अंतरिक्ष के एक फोटो को लोगों से साझा करता है लेकिन हमने वो पिक्चर हमनें पहले से ही चाहिये थी क्योंकि हम उसपर एक टीवी प्रोग्राम बना रहे थे। हमें वो फोटो मिल गया और वो हमें सभी लोगों के साथ ही देखने को मिला। वो समय था बीबीसी द्वारा हमारे कार्यक्रम को दिखाए जाने से 6 से 8 घंटे पहले। ऐसे में मैं और हमारे संपादक एडिटिंग सूट में साथ बैठे थे और इस फोटो के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही हमें वो चित्र मिला हमनें तुरंत पिक्चर को काटा और पूरी फिल्म को दुबारा से फिनिश किया और बीबीसी को प्रसारित किये जाने के लिए दे दिया। इसका ये भी अर्थ है कि फिल्म का एक दूसरा संस्करण भी है जिसमें वो फोटो नहीं था जिसे किसी के द्वारा देखा नहीं गया था। हमने इसके अंत में उस फोटो को रख दिया था। कहा जा सकता है कि ये चुनौती मेरे लिए खासी बड़ी थी। ऐसा मैंने अपने अब तक के जीवन में कभी नहीं किया था। मेरा मानना है कि लाइव टीवी अधिक महत्वपूर्ण होता है। लेकिन मैं लाइव टीवी सामान्यत: नहीं करता। लेकिन इस बार तो ये बहुत ही रोचक लगा।



**❐ आप एक और शो '250 मिलियन पाउंड कैंसर क्योर' का भी केन्द्रीय हिस्सा रह चुके हैं। क्या आप बताएंगे कि ये शो किस बारे में है ?**

ये शो मेरे अस्तित्व के काफी निकट था। हमने जब इसे प्रारंभ किया था उस समय होराइज़न का एडिटर हुआ करता था। लेकिन इसके पूरा होते होते मैं इसे छोड़ चुका था क्योंकि इस शो को पूरा होने में पूरा दो साल का सयम लग गया था। प्रारंभ में मैं इसे बनाने में शामिल था और इसकी तकनीक में इंजीनियर का काम देखता था। इसके बाद मैंने इसे छोड़ दिया और फिर हमारी टीम ने ही इसे पूरा किया। 2014 में आश्या किंग के माता-पिता को बंदी बना लिया गया था। वे विश्वास ही नहीं कर पा रहे थे कि उनके बेटे का ट्यूमर ठीक नहीं होगा। वे उसे प्रोटॉन बीम थेरेपी के लिए यूरोप लेकर गए जबकि डॉक्टर ने मना किया था। इस उपचार में उच्चऊर्जा वाले प्रोटॉन प्रकाश की दो तिहाई गति से रोगी के शरीर में चलते हैं। इसके माध्यम से बच्चों में ऐसे कैंसर के ऐसे ऑपरेशनों में पूरी तरह से बदलाव आ सकता है जिनमें ऑपरेशन से बचा जाता है। लेकिन इसे यूके लाने के लिए 250 मिलियन के निवेश तथा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं की आवश्यकता होती है। इसके लिए एक न्यूक्लियर बंकर की आवश्यकता होती है जिसकी दीवारें छ:मीटर मोटी दीवारों से घिरा होता है। होराइज़न में हम इस महत्वपूर्ण और बड़ी इंजीनियरिंग चुनौती के पीछे जाकर इसके बारे में समझने का प्रयास करते हैं। ये तकनीक अद्भुत है और इसमें प्रयुक्त हर इंजीनियरिंग अद्भुत बताई जाती है।

**❐ भारत में प्रोटॉन बीम तकनीक का क्या भविष्य है?**


भारत में क्या होगा इसका तो मुझे पता नहीं है। लेकिन जो मुझे पता है वो ये है कि ये यूके में बहुत सफल है। अब वे इसके सहारे कई उपचार भी कर रहे हैं। तो इससे आप समझ ही सकते हैं कि ये तकनीक काफी उपयोगी होगी। लेकिन इसका भारत में क्या भविष्य होगा, मुझे नहीं पता।

**❐ भारतीय दर्शकों के लिए क्या कोई संदेश देना चाहेंगे ?**

मैं तो बस यही कह सकता हूं कि ये दोनों ही कार्यक्रम, चाहे अलग अलग क्यों न हों, ये हमें न केवल ये बताते हैं कि विज्ञान, तकनीकी तथा इंजीनियरिंग कितने महत्वपूर्ण विषय हैं बल्कि इनसे ये भी पता चलता है कि इनके द्वारा लोगों को भी साथ लाया जा सकता है। क्योंकि हबल फिल्म में इसके द्वारा संभव बनाए गए ब्रम्हांड के सुंदर चित्रों से हमारे विज्ञान, तकनीकी तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं को बहुत सीमा तक प्रेरित किया जा सकता है। मेरा आशय है कि यदि आप दोनों ही फिल्मों को उनकी मूल सामग्री के दृष्टिकोण से देखें तो हम केवल अद्भुत वैज्ञानिक तथा इंजीनियर्स के बारे में ही बात कर रहे हैं जिन्होंने मानवता की मदद के लिए इतनी अविश्वसनीय मशीनें बनाईं। इससे हमें भी वैसा ही बनने की प्रेरणा मिल सकती है। इससे इस सकारात्मक संदेश को प्रसारित किया जा सकता है कि देखो जब हम किसी अद्भुत चीज की खोज करते हैं तो हम साथ मिलकर बहुत कुछ और भी कर सकते हैं।

**( ये फिल्म सोनी बीबीसी अर्थ चैनल पर रात 9 बजे उपलब्ध है )**

# अब मुझे हीरो के किरदार मिलने लगे हैं: सोनू सूद



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों के लिए काम करने के बाद फिल्म निर्माता अब अपनी फिल्मों में उन्हें नायक के रोल दे रहे हैं। शुक्रवार को वी द वुमेन के ऑनलाइन सत्र में सूद ने यह खुलासा किया कि कैसे 2020 ने उनके व्यक्तिगत और व्यवसायिक जीवन, विशेषकर एक अभिनेता के तौर पर उनकी छवि को बदल कर रख दिया है। सूद ने इसके पहले सिंबा, आर..राजकुमार और अरुंधति जैसी फिल्मों में खलनायकों की भूमिका में हैं। अभिनेता ने कहा, अब मुझे हर तरह के रोल मिल रहे हैं। मुझे चार-पांच बेहतरीन पटकथाएं मिली हैं। आशा करता हूं....यह एक नई शुरुआत है और इसमें बहुत मजा आएगा।

लॉकडाउन के दौरान सूद ने देश के विभिन्न हिस्सों से आकर मुंबई में फंसे प्रवासी कामगारों को उनके परिवार से मिलाने में मदद करने के लिए एक पहल शुरू की थी। उन्होंने और उनकी टीम ने श्रमिकों से जुड़ने के लिए एक टोल-फ्री नंबर और एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन शुरू की और फिर प्रवासियों के लिए परिवहन के तौर पर बसों, ट्रेनों और यहां तक कि चार्टर्ड उड़ानों के साथ-साथ भोजन की भी व्यवस्था की।

# कंगना के खिलाफ अख्तर की मानहानि की शिकायत पर पुलिस को जांच के आदेश



**मुंबई।** मुंबई के एक अदालत ने शनिवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ गीतकार जावेद अख्तर की मानहानि की शिकायत की जांच करे और 16 जनवरी तक रिपोर्ट सौंपे।

अख्तर ने टीवी साक्षात्कारों में उनके बारे में अपमानजनक और निराधार आरोप लगाने पर पिछले महीने अंधेरी मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट की अदालत में रनौत के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत अभिनेत्री के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी।

अख्तर के वकील निरंजन मुंदारगी ने कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने शनिवार को जुहू पुलिस से मामले की जांच करने और 16 जनवरी तक रिपोर्ट जमा कराने को कहा है।

सुनवाई के दौरान गीतकार अदालत में मौजूद थे। उनके वकील ने दलील दी कि पिछले 55 सालों में अख्तर ने अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। उन्होंने कहा कि रनौत ने टीवी और सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ निराधार टिप्पणियां कीं जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।

अख्तर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि इस साल जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में मौजूद एक मंडली का संदर्भ देते हुए रनौत ने उनका नाम भी घसीटा था।

इसमें कहा गया कि रनौत ने यह दावा भी किया कि अख्तर ने उन्हें अभिनेता रितिक रोशन के साथ अपने कथित रिश्ते के बारे में न बोलने को लेकर भी धमकी दी थी।

शिकायत में कहा गया कि रनौत द्वारा दिए गए इन सभी बयानों को लाखों लोगों ने देखा और इससे अख्तर की प्रतिष्ठा धूमिल हुई।


# सीमा पहवा की फिल्म रामप्रसाद की तेरहवीं एक जनवरी को होगी रिलीज



**मुंबई।** दिग्गज अभिनेत्री सीमा पहवा के निर्देशन में बन रही पहली फिल्म रामप्रसाद की तेरहवीं एक जनवरी को रिलीज होगी। फिल्मनिर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जियो स्टूडियो और दृश्यम फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोनावायरस महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

बरेली की बर्फी, शुभ मंगल सावधान और बाला जैसी फिल्मों के लिए मशहूर पहवा ने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि उनकी फिल्म 2021 की पहली रिलीज होगी। पहवा ने अपने बयान में कहा, फिल्म की कहानी मेरा व्यक्तिगत अनुभव है। जब मेरे पिताजी का देहांत हुआ था तब मेरा पूरा परिवार एक हो गया था। और तब से ही यह कहानी मेरे दिमाग में थी। उन्होंने कहा, मैं शुक्रगुजार हूं कि जियो स्टूडियो और दृश्यम फिल्म्स ने मेरे विचारों पर भरोसा किया। अब यह फिल्म दर्शकों के हवाले है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक, कोंकणा सेन शर्मा, परमब्रत चटर्जी, विनय पाठक, विक्रांत मैसी और मनोज पहवा नजर आएंगे। रामप्रसाद की तेरहवीं का प्रीमियर 2019 में जियो एमएएमआई मुंबई फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।



# कृति सैनन की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति सैनन ने शनिवार को कहा कि उनकी जांच में कोरोना वायरस की पुष्टि नहीं हुई है। पिछले सप्ताह, सैनन की जांच में संक्रमण की पुष्टि हुई थी और वह पृथक-वास में थीं। राजकुमार राव के साथ चंडीगढ़ में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग का काम समाप्त कर के वह हाल ही में मुंबई लौटी थीं। सैनन ने ट्वीट कर डॉक्टरों, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। अभिनेत्री ने ट्वीट किया, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अंतत: मेरी जांच में कोविड-19 की पुष्टि नहीं हुई। बीएमसी अधिकारियों को धन्यवाद। माननीय सहायक आयुक्त विश्वास मोटे और मेरे डॉक्टर को धन्यवाद। सभी को उनकी दुआओं के लिए धन्यवाद। इससे पहले सैनन ने कहा था कि ठीक होते ही वह काम पर लौटेंगी।